UNIVERSAL LIBRARY
OU_220017
UNIVERSAL LIBRARY

OSMANIA UNIVERSITY LIBRARY

Call No. 891.43 Accession No. 11375
S62S
Author Lala Sita Ram.

Title Selections from Hindi Literature.

This book should be returned on or before the date last marked below.

SELECTIONS FROM HINDI LITERATURE

ALLAHABAD :

PRINTED AT THE RAJPALI PRESS.

Selections from Hindi Literature

BOOK II

Krishna Cult of Vraja

Compiled by

LALA SITA RAM B.A., Sahityaratna,

Hony. Fellow of the University of Allahabad, Member of the Royal Asiatic Society of Great Britain and Ireland, Member of the Asiatic Society of Bengal, etc., etc.

Published by the

University of Calcutta

1921

CONTENTS

		Pages
THE KRISHNA CULT (English)	...	1—4
THE ASHTACHHAP „	...	4—6
SURDAS „	...	7-10
Sur Sagar—		
Badhai	...	11-29
Balalila	...	29—51
Gobardhanlila ...	...	51-93
Brindaban Pravesh Shobha	...	93—98
Kalidamanlila ...	...	99-127
Davanal Pan Lila ...	...	127—133
Mathuragaman Lila ...	...	133—187
Bhramaragit ...	...	188—194
Vinai Patrika ...	...	195—217
Drishtakut	...	217—238
NANDDAS (English) ...	...	239
Raspanchadhyai—		
Sri Brindaban ...	...	240—241
Bhanwargit... ...	...	241—254
Phutkar Bhajan ...	...	255—257
KRISHNADAS (English) ...	...	258
KRISHNADAS PAYHARI ...	...	259—263
PARMANANDDAS (English) ...	...	264
PARMANANDDAS	...	265—273
KUMBHANDAS (English) ...	...	274

KUMBHANDAS	...	...	...	275—282
CHATURBHUJDAS	*(English)*	...	...	283
CHATURBHUJDAS	...	...	...	281—289
CHHITSWAMI	***(English)***	...	...	290
CHHITSWAMI	...	...	...	291—293
GOVINDDAS	***(English)***	...	...	294
GotlNDDAS	...	...	...	295-300
AGRADAS	***(English)***	...	...	301
Kundaliyd	...	...	...	302—306
NABHAJI PRIYADAS	*(English)*	...	...	307
Bhaktmal—				
Jayadeva	...	...	...	308—314
Kabir	...	...	...	314—318
Pipd	...	...	...	319—326
Bilvamangal		...	...	320—330
Sri Narsi Mehtaji		...	...	330-338
Mirabai	...	...	...	338—341
GOKULNATH GOSWAMI	*(English)*		...	342
Surdas Ki Barta	...	...	...	343—357
DHRUVADAS	*(English)*	...	...	358
Brindaban Shatak		...	...	359—362
Shringar Shatak	...	...	...	363—369
Bavanbrihat Puran hi Bhasha...			...	369—373
Bhaktanamavali	...	...	...	374-381

Book II

THE KRISHNA CULT

"This cult, 'beautiful in itself...and rendered more beautiful by the magic poetry of Mira Bai in the west, and of Vidyapati Thakur in the east', naturally took its strongest root in Braja, 'the country of cowpens and the scene of the childhood of Krishna, and of his early amours with the herdmaidens of Gokula'. During the 16th century, this Braja was the home of a school of poets devoted to the worship of that god, founded by the great apostle Ballabhácharj and his son Bitthal Nath. Both father and son had four disciples each, grouped under the name Ashtaohhap. "Ballabhacharj (Vallabhácharya) was the celeberated founder of the Radhaballabhi sect. According to Harish Chandr' his father's name was Lakshman Bhatta (a Tailinga Brahman of Madras) and his mother's name was Illamgaru. His father had three sons—Ramkrishna, Ballabhacharj and Ramchandr'. Both his brothers were Vaishnava authors of repute. Lakshman Bhatta lived at Ajodhya and was paying a visit to Banaras when on the way near the village of Chaura, in the vicinity of Bettia, in the district of Champaran, in, Bihar, on Sunday, the 11th of the dark half of Baisákh, Sambat 1635 (A. D. 1478) Ballabhácharj was born. At Banaras he commenced studying under the celeberated "Madhiwacharj at the age of five years, and remained there till the death of his father, after which he led a wandering life and visited the court of Krishna Deb,'

King of Bijainagar, apparently the same as Krishna Rayalu who reigned about the year 1520 A. D. Here he overcame the Smarta Brahmans in controversy. According to Harish Chandr', however this took place before Sambat 1548 (A. D. 1491), when he was only thirteen years of age. In this year, he made a tour to Braj, where he studied the *Bhagavata Purana*, and subsequently returned to Banare3, preaching Vaish-iiava doctrines as he went along. From Banaras be went to Gaya, Jagannath, and the Deckan, sprexding his doctrines everywhere. He finished his first tour (technically called his Digbijai, or conquest of the world) in Sambat 1554 (A. D. 1497) at the age of nine-teen. He then made Braj his head-quarters and estab-lished an image of Sari Nath at Gobardhan. From this as his head-quarters he made his second mission-ary tour throughout India. He died in Banaras in Sambat 1587 (A. D. 1530) at the age of fifty-two years, leaving two sons—Gopi Náth and Bitthal Náth, He was a voluminous author. His most admired works are a commentary on the *Bhagavata Purana,* entitled *Subo-dhant,* the *Anubhasya,* and the *Jaiminiya Sutra Bhasya.* The two latter are in Sanskrit. Harish Chandr' gives a complete list of his works. The authorship of a verna-cular work of considerable authority, the *Blshnu Pad,* or stanzas in honour of Visnu, is also attributed to him. Many verses by him are included in the anthology en-titled *"Rag-Sagarodbhab* of Krishnanand By as Deb."*

" Bitthaleswara or Swami Vitthala Natha, son and successor of the famous Swami Ballabhacharya, flour-ished in 1650 A. D. He is of course a well-known personage but no body knew he was also an author. We have therefore been agreeably surprised to come

Modern Vernaeular Litereture of Hindustan .p. 20.

across his work, शृङ्गार रस मंडन which to our greater Satisfaction, is in prose. We have plenty of poetical literature of the period hut very little of prose. As already stated under Gorakha Natha, he is the first known prose-writer in Hindi and Bitthala Natha now comes forward as the second, superseding his own son, Gokula Natha, the author of the *Discourses on 84 and 252 vaisnavas* (८४ व २५२ वैष्णवों की वार्ता). The present work extends over 52 pages and is of course written in the Braja dialect. Its subject matter is the comradeship of Krisna and Radha (श्री राधाकृष्ण का विहार), but I must sound a note of Warning before proceeding further. The subject just mentioned is a very delicate one and superficial critical readers may easily run away with the impression that all the writers who have dealt with it are indecent or undesirable people; while the easy-going ultra-religiously disposed persons may bow in reverence before the pranks of sensual writers indulging in the most shameful descriptions behind the mask of 'Krisna Lila.' It must be clearly borne in mind that saintly writers like Sir Disa, Hita Haribansa, Vithala Natha and others were so much absorbed in religious fervour and their devotion to Lord Krisna that their minds remained absolutely unsullied with anything temporal even while they were engaged in singing upon topics that appear to us to be not only improper but positively obscene. I may be excused for mentioning that Sura Dasa has, for instance, gone to the length of describing the "rati" of Radha and Krisna, but even then the whole tone and spirit of his descriptions are so thoroughly untainted with sensuality, so free from any tinge of worldly pleasures, so stoically austere in nature, indeed so refreshingly divine, that it is im-

possible for any sympathetic and dissiminating **reader** to suspect any thing improper in them. At any **rate** there can be no doubt whatever that at least those saintly authors had their own minds absolutely free from any impure ideas and were singing what they honestly believed to be divine acts and "lila," Those noble writers have invested their apparently grossest writings with such ennobling tone of their undoubted piety and sincerity that it would be idle for the most fastidious critic to denounce them. But the later successors of those great masters, with no inherent devotional spirit to inspire their muse, entered whole heartedly into undesirable developments of those topics, openly giving out that

आगे के सुकवि रीझि हैं तो कविताई
न तो राधिका कन्हाई सुमिरन को बहानो है।

(their productions would rank as poetry if later poets were to be pleased with them, otherwise they would in any case afford a pretext for contemplation of Radha and Krisna...)"-Second Triennial Report on the Search for Hindi Manuscripts by Pandit Shyambihari Misra and Shukdeva Bihari Misra (p. 8-9),

THE ASHTACHHAP.

Pour disciples of Vallabhacharya, namely : Krishnadds Payahari, Surdas, Parmananddas, and Kumbhandas and four of Bithalnath namely : Chaturbhujdas, Chhitswami, Nanddas and Gobinddas comprise the Ashtachhap. They lived in Braj and wrote in Brajbluikhd.

Of these the most famous is Surdas a detailed notice of whom will be given later on, **Othera ean**

hardly be said to have been great poets, though they wrote love songs.

As the Krishna-cult has exercised considerable influence on the vernacular literature of the country, a brief account of its teachings will not be out of place here. "Its essence is a soul-absorbing, nay all absorbing individual love cast at the feet of Him who is Love itself. The special feature of the sect is the adoption of Radhakrishna as objects of worship. The most commendable attitude of the soul to God was represented by the position of the beloved to her lover. Married love was considered of a lower form, being interested and love towards the gallant, subversive of worldly duty and propriety as it was, was considered the highest kind of sentiment that the soul can entertain towards the Almighty. The ardent longing of the Gopis for Krishna was considered typical of the soul's longing for God and sages and poets who cannot be suspected of favouring moral lapses have agreed to regard the Krishna idylls as symbolical of the highest devotion that is possible to man. This inner meaning is too esoteric for the Spirits of the common herd of disciples and its passionate adoration has in many cases degenerated into a poetry worthy of only the baser sorts of Tantrik Siva worshippers." "The chief popularity of this cult arose from the full play it gave to the amorous side of the human nature. In the earlier stages and in the case of those adherents who were morally strong, there is no doubt it led to no excess or abuse. But human nature of the yielding type, which it generally is, can hardly resist long the insinuations to moral fall which such excessive hankerings are bound to produce." Kesavadas was the first

to write two books on the *are poetica.* But the *ar poetica* was not confined to a classification of such heroes and heroines as have been actually painted by great poets. Each succeeding writer invented new species of Nayikas and coined a verse to illustrate it. The consequence was that the Krishna cult is now responsible for much that is obscene or demoralising in Hindi. This will be shown more clearly in the book on *are poetica.* The present book deals with the Ashtachb&p and a few others who were either of the same cult or belonged at least to Brindaban. Gokul Nath was a grandson of Ballabhaoharya and wrote the *Chaurasi varta* and *Dosau Bawan vaishnavon hi varta* in prose, and Dhruvadas though belonging to the next century is another well known poet of the same cult.

SURDAS.

"According to a tradition preserved in the glosses of the *Bhakt Mala* and to the *Chaurasi Barta,* he was a Saraswat Brahman, and his father and mother were beggars who lived at Gau Ghat or at Dilli.

The fact that books of the authority of these two works countenance this theory is typical of the tendency of mediaeval Indian authors to trust to tradition instead of to independent research. Subsequent writers, English and foreign, have followed the B*hakt Mala,* and have all been led wrong in consequence, for we have the very best authority, that of Sur Das himself, that he was not a Saraswat Brahman, and that his father was not a beggar and did not live at Gau Ghat,

Surdas wrote a collection of emblematic verses *(drist kut)* with the accompanying necessary commentary, and in the latter the author gives the follow* ing account of himself :—

'The founder of my family was Brahm Rao, first of the Jagat (or of the Prath Jagdt) clan. In his famous family was born the handsome famous Chand. To him Prithwi Raj (Fl. 1190 A.D.) gave the country of Jwala. He had four sons, of whom the eldest succeeded him as king (NARES). The second was Gun Chandr', Whose son was SU Chandr', whose son was Bir Chandr', This last used to sport with Hammir, king of Rantbambhor. In his family was born Hari Chandr', who dwelt at Agra. Hari Chandra heroic son dwelt in Gopchal and had seven sons, viz. (1) Krish'n Chand, (2) Udar Chand, (3) Jurup Chand, (or possibly

RupChand),(4)Budhi Chand, (5) Deb Chand, (6) (?) San-srit Chand, and (7) myself Suraj Chand. My six brothers were killed in battle with the Musalmans; I alone, Suraj Chand, blind and worthless, remained alive. I was fallen into a well, and though I called for help no one saved me. On the seventh day Jadupati (Krish'n) came and pulled me out and, making himself visible to me (or giving me my eyesight) said, 'Son, ask what thou desirest as a boon.' I said, 'Lord, I ask for the boon of perfect devotion, for the destruction of the enemy, and that now that I have seen the form of my God, mine eyes may never see aught else.' As the Ocean of Compassion heard me, He said, 'So let it be. Thine enemy will be destroyed by a mighty Brahman of the Deckan.' Then named he me, Suraj Das, Sur, and Sur Syam, and disappeared, and thereafter all was darkness to me. I then went to live in Braj where the holy master (Bitthal Nath) entered my name in the Ashta Chhap."

We thus get the following genealogy :—

Brahm Ráo, the Jagát.
|
Chandr' (Fl. 1190 A.D.)
|
Second son, Gún Chandr'
|
Síl Chandr'
|
Bír Chandr', (Fl. 1300 A. D.)
|
Harí Chandr' (of Agra).
|
Descendants unknown.
|
Rám Chandr' (of Gopchal).
|
Súraj Chand (Fl. 1550) and six others.

It is evident that he was not of a Brahman, but of a royal stock. According to tradition he was horn about Sambat 1540 (1483 A. D), and was instructed by his father at Agra in singing, in Persian, and the vernacular. On his father's death he took to writing hymns (bhajans), and gained many disciples. At this time he signed his verses, Súr Swámi, and under that title wrote a poem dealing with the story of Nala and Damayanti. He was then in the prime of his youth, and is said to have lived at Gau Ghat, a village nine kos from Agra on the road to Mathura. About this time, he himself became a disciple of Ballabhacharji, and signed his poems with the name of Sur Das, Sir, Suraj Das, or, as before Sur Syam. At this time he translated the *Bhayavata Parana* into verse in the vernacular, and he also collected his hymns into the compilation entitled the *Sur Sagar*. In his old age, his fame reached the ears of the emperor Akbar, who summoned him to his court. He died in Gokul about Sambat 1620 (1563 A.D.). The above tradition is certainly wrong so far as regards dates and as regards Súr Dás's father, for the Ain-i-Akbari, which was completed in 1590-97 A. D., mentions both Sar Das and Baba Ram Das as (apparently) then alive. Abu'l Fazl says that 11am Das came from Gwaliyar, but Badaoni (ii, 42) says he came from Lakh-nau."*

M. Deviprasad the well known historian of Marwar in his *Surdas ka jivan charita* gives further details of the great poet's life. Misra Brothers are however of opinion that Sardas was a Brahman, not a bhat. They have also shown that he was born in 1483

* **Modern Vernacular Literature *of* Hindustan—p. 22.24.**

and died in 1563. He was known to have written three works only, the *Sur Sagar,* the *Sarsarwali* and **the** *Sahityalahari,* though two other works, the *Byahlo* and *Naladamayanti* are also ascribed to him, "A new work by him the *Sursagar-sar* has now been unearthed, which appears to be his genuine production. It covers 54 pages of about 370 slokas in extent.....The discovery of the present work is a most welcome addition to Sura's work's"—Second Triennial Report on the search for Hindi Manuscripts, by Pandit Shyam **Bihari** Misra and Shukdeva Bihári Misra, p. 8.—

सूरसागर

बधाई

चरणकमल बन्दिय हरिराई।
जाकी कृपा पंगु गिरि लंघै,
अँधरे को सब कछु दरसाई॥
बहिरो सुनै गूँग पुनि बोलै,
रंक चलै सिर छत्र धराई।
सूरदास स्वामी करुणामय,
बारंबार नमो पद पाई॥ १॥
बालबिनोद भावती लीला
अति पुनीत मुनि भाषी हो।
सावधान ह्वै सुनो परीछित,
सकल देव मुनि साखी हो॥
कालिन्दी के तीर बसत है,
मधुपुर नगर रसाला हो।
कालनेमिउग्रसेनबंस ते
उपजे कंस भुपाला हो॥
आदि-ब्रह्म-जननी सुरदेवी
नाम देवकी बाला हो।
दई बियाहि कंस बसुदेवहि
अघभंजन उरसाला हो॥
हय गज रतन हेम पाटम्बर
आनँद मंगलचारा हो।
समुदित भई अनाहद बानी
कंस कान भनकारा हो॥

"याके गर्भ अवतरै जो सुत
करिहै प्राणप्रहारा हो ।"
रथ ते उतरि केश गहि राजा
कियो खड्ग पहतारा हो ॥
तब वसुदेव दीन ह्वै भाखे,
"पुरुष न त्रियवध करई हो ।"
"मो को भई अनाहद बानी
"ताते सोच न टरई हो ॥
"आगे वृक्ष फलै जो विषफल
"वृक्ष विनिक निसरई हो ।
"याहि मारि तोहि और विथाहूँ
."अग्र सोच को मरई हो ॥"
"बालक काज धर्म जिनि छांड़ो
"राय न ऐसो कीजै हो ।
"याके गर्भ अवतरैं जे सुत
"सावधान ह्वै लीजै हो ॥"
बाचाबन्ध कंस करि छाँडे
तब वसुदेव पतीजे हो ।
मानहुं मृगी चरत गहबन में
नयननीर उर भीजे हो ॥
पहिलो पुत्र देवकी जायो
लै वसुदेव दिखायो हो ।
बालक देखि कंस हँसि दीन्हो
सब अपराध छमायो हो ॥
"कंस कहा लरिकाई कीनी"
कहि नारद समुझायो हो ।
"जाको भरम करतु हो राजा
"मति पहिले सो आयो हो ॥"

यह सुनि कंस पुत्र फिरि मांग्यो,
यहि विधि सबन सँघारेउ हो।
तब देवकी भई तनु व्याकुल
"कहँ लौं प्रान प्रहारेउ हो॥
"कंस बंस को नास करत है
"कहँ लौं जीव उबारौं हो।
"यह दुख कबहिँ मेटिहौ श्रीपति
"अरु हौं काहि सम्हारौं हो॥"
धेनुरूप धरि पुहमि पुकारी
शिव विरंचि के द्वारा हो।
सब मिलि गये जहां पुरुषोत्तम
सोवत अगम अपारा हो॥
छीरसमुद्र मध्य ते यों कहि
दीरघ बचन उचारा हो।
"उधरौ धरनि असुरकुल मारौं
"धरि नरतनअवतारा हो॥
"छूछो मूसक पवन पानि ज्यों
"तैसोइ जनम बिकारी हो।
"पाखंड धरम करत है पांवर
"नाहिन चलत तुम्हारी हो॥
"मारग छांड़ि अमारग सों रति
"बुध विपरीत बिचारी हो।
'अमृत छाँड़ि विषै विष अँचवत
"देत अधमपति गारी हो॥"
सुर नर नाग तथा पशु पच्छी,
सब को आयसु दीनो हो।
"गोकुल जनम लेउ संग मेरे
"जो चाहत सुख कीनो हो॥

"जेहि माया बिरंचि शिव मोहे,
"सोइ ब्रह्म कर चीन्हो हो।"
देवी गर्भ अकर्षि रोहिणी,
आपु बास हरि लीन्हो हो॥
हरि के गर्भबास जननी को,
बदन उजारो लाग्यो हो।
मानहुँ शरदचन्द्रमा प्रगट्यो,
शोचतिमिर तन भाग्यो हो॥
तिहि खन कंस आनि भयो ठाढ़ो,
देखि महातम जाग्यो हो।
"अब की बेर मेरो अरि आयो"
आपु अपनपौ त्याग्यो हो॥
दिन दस गये देवकी अपनो,
बदन निहारन लागी हो।
कंसकाल जिय जानि गर्भ में
अति आनन्द सभागी हो॥
सुर नर देव बन्दना आये
सोवत ते उठि जागी हो।
अबिनाशी को आगम जान्यो
सकल देव अनुरागी हो॥
कछु दिन गये गर्भ को आगम,
उर देवकी जनायो हो।
कासों कहौं सखी कोउ नाहीं
चाहत गर्भ दुरायो हो॥
बुध रोहिणी अष्टमी संगम,
बसुदेव निकट बोलायो हो।
सकललोकनायक सुखदायक
अजन जन्म धरि आयो हो॥

माथे मुकुट, सुभग, पीताम्बर
उर सोहत भृगुरेखा हो ।
शंख चक्र भुज चारि बिराजत
अति प्रताप शिशुभेषा हो ॥
जननी निरखि भई तनु व्याकुल
यह न चरित कहुं देख्यो हो ।
बैठी सकुच निकट पति बोले
दुहुन पुत्र मुख पेख्यो हो ॥
"सुनो देव यक आन जनम की
"तो सों कथा चलाऊँ हो ।
"तुम मांग्यो मैं दियो नाथ हूँ
"तुम सो बालक पाऊं हो ॥
"शिव सनकादि आदि ब्रह्मादिक
"योग जपहु नहि आऊं हो ।
"भक्तबछल मेरो है बानो
"बिरदहि कहा लजाऊं हो ॥"
यह कहि मया मोह अरुझाये
शिशु ह्वै रोवन लागे हो ।
"अहो वसुदेव जाउ लै गोकुल
"तुम हो परम सभागे हो ॥"
घन दामिनि धरनी मिल गरजे
महा कठिन दुख भारे हो ।
आगे जानु जमुन जल बूड़ो
पाछे सिंह दहाड़े हो ॥
लै बसुदेव धसे दधिसामहि
तीनि-लोक-उजियारे हो ।
जानु जंघ कटि ग्रीव नासिका
बसुदेव मनहिं बिचारे हो ॥

चरण पसारि परसि कालिन्दी
तरवा नीर ते आगे हो ।
शेष सहसफन ऊपर छायो
गोकुल को अति भागे हो ॥
पहुंचे जाय महरिमंदिर में
मनहिं न शंका कीनी हो ।
देखि प्रयंक योगमाया वसु–
देव गोद करि लीन्ही हो ॥
तुरतहि बेग मधुपुरी पहुंचे
सकल प्रगट पुर कीनी हो ।
देखिगरभ जाई है कन्या
राय न बात पतीनी हो ॥
यह सुनि कंस खड़ग लै धायो
तब देखि आधीनी हो ।
"यह कन्या मोहिं बकसि बन्धु तू
"दासि जानि कर दीनी हो ॥"
"क्रूर कंस मम बंसबिनाशन
"समझे बिन रिस कीनी हो ।"
"नहिं जानिये होय छल कीनो
"अबिगतिगति किमि चीन्ही हो ॥"
पकरत कन्या गई अकासहि
दोउ भुज चरण लगाई हो ।
गगन गई बोली, सुरदेवो
"कंस मृत्यु नियराई हो ॥
"जैसे मीन जाल में क्रीड़त
"गने न आप लखाई हो ।
"तैसोइ कंसकाल उपयो है
"ब्रज में यादवराई हो ॥

"जैसे व्याल बेंग को टूके
"बेंग पखोरी ताके हो।
"जैसे सिंह आपु मुख निरखे
"परे कूप में डाके हो॥
"तैसेइ कंस परम अभिनायक
"भूल्यो राजसभा के हो।
"गति की गति पति तेरी जाके
"हाथ मृत्यु है ताके हो॥"
यह सुनि कंस देवकी आगे
रहे चरण सिर नाये हो।
बहु अपराध करे शिशु मारे,
लिखो न मेट्यो जाये हो॥
काको शत्रु जन्म लीनो है,
बूझहु मतो बुझाई हो।
चारि पहर सुखसेज परे निशि
नेकहु नींद न आई हो॥
जागी महरि पुत्र मुख देख्यो
आनन्दतूर बजाई हो।
कंचन कलश होम द्विजपूजा
चन्दन भवन लिपाई हो॥
बरन बरन रँग ग्वाल बने मिलि
गोपिन मंगल गायो हो।
बहु बिधि व्योम कुसुम सुर बरषत
फूलन मंडप छायो हो॥
आनँद भरि भरि करत कुतूहल
प्रेममगन नर नारी हो।
अभयं नृभय निशान बजावत
देत महरि को गारी हो॥

नाचत महरि मुदित मन कीने
ग्वाल बजावत तारी हो।
सूरदास प्रभु गोकुल प्रगटे
मथुरा कंसप्रहारी हो ॥ २ ॥
आनन्दे आनन्द बढ़्यो अति।
देवन दिवि दुन्दभी बजाई,
सुनि मधुपुरि प्रगट्यो यादवपति ॥
विद्याधर किन्नरी कंठधर
उपजावत. अनुराग अमित अति।
गावत गगन धरनि धुनि सुनियत,
गरजत घन तेहि काल जतन अति ॥
बरषत सुमन सुदेश सूर सुर
जय जयकार करत मानत रति।
शिव विरंचि इन्द्रादि सनक मुनि
फूले सुख न समात मुदितमति ॥ ३ ॥
अहो पति कछु उपाव सो कीजै।
जेहि उपाव यह बालक अपनो
राखि कंस सों लीजै ॥
मनसा बाचा करमना नरपति
नाहीं कहेउ पतीजै ।
बुधि बल छल करि यतन युगति यह
काढ़ि अनत ही दीजै ॥
नाहिन इतनो भाग सु यह रस
नित लोचन पुट पीजै।
बालक गये कहा तुम करिहौ
तब बहुतै दुख भीजै ॥
कंस दुष्ट नहिं बूझै दुख सुख
दूत कोऊ जु पतीजै।

तातें कहति पुकारि अबहिं तें
पाछे कहा धौं कीजै ॥
सुनहु जो पिय ऐसे सुत को मुख
निरखि निरखि सुख लीजै ।
सूरदासप्रभु मोहनमूरति
कैसे जाने दीजै ॥ ४ ॥
भादों राति अँधियारी ।
द्वार कपाट कोटि भट रोके,
दह दिशि, कन्त, कंसभयभारी ॥
गरजत मेघ महा डर लागत,
बीच बड़ो जमुना जल कारी ।
तब ते इहै शोच जिय मेरे
क्यों दुरिहै शशिबदनउज्यारी ॥
कत पिय बोल बचन करि राखी
बरु ताही दिन जिय नहिं मारी ।
कहि जाको ऐसो सुत बिछुरै
सो कैसे जीवै महतारी ॥
कठिन बिलाप देवकी को सुनि
दीनदयाल भक्त भयहारी ।
छुटि गये निगड़ तबहिं गये गोकुल
सूर सुमति दै बिपति निवारी ॥ ५ ॥
हरि मुख देखिहो वसुदेव ।
कोटि काम स्वरूप बालक
कोउ न पायो भेव ॥
झरे ताला परे पहरू
नींद आई गेह ।
दामिनी चहुं ओर चमकै
सघन बरषै मेह ॥

चारि भुज के चारि आयुध
निरखि कै न पत्याउ।
अजहुं मन परतीत नांही
नन्दघर लै जाउ॥
सिंह आगे शेष पाछे
नदी है भर पूरि।
नासिका लौं नीर आयौ
पार पै लौं दूरि॥
गोद ते हुंकार कीनो
यमुन जान्यो भेव।
पुलकि के हरिचरण परसी
तरि गये बसुदेव॥
महरि ढिग मन आनि राखे
अमर अति आनन्द।
सूरदास हुलास ब्रजहित
प्रगट आनन्दकन्द॥ ६॥
गौरी गणेश सुर विनऊं हो
देवी शारद तोहिं।
गाऊं हरिजी को सोहिलो
मन आनंद आवै मोहिं॥
बधावो हरिजी को मन रहिबो
रानी जायो हैं मोहन पूत।
घर आंगन बाहेर सब मांगै
ठाढ़े मागध सूत॥
आठ मास चन्दनै पियो हो
नवमे पियो कपूर।
दशये मास मोहन भये मेरे
अँगना री बाजे तूर॥

हरषी पार परोसिनि
भये हरष नगर के लोग।
हरषी सखिय सहेलरि सब
आनन्द भयो शुभ जोग॥
बाजन बाजैं गहगहे मिलि
बाजैं मन्दिर भेरि।
मालिनी बांधै तोरनो
मेरे अंगना गोपै आछे केरि॥
अनगढ़ सोनो ढोलना
गढ़ि ल्यायो चतुर सोनार।
बीच बीच हीरा लगे
नंदलाल गरे को हार॥
यशुमति भागसुहागिनी
जिन जायो हरि सो पूत।
करहु ललन की आरती री
अर दधिकादोंसूत॥
नाउनि बोलहु नवरँगी
लै आव महावर बेग।
लाख टका अरु झूमक सारी
देउ दाई को नेग॥
अगर चंदन को पालनो गढ़ि
ईंगुर ढार सुढार।
लै आयो गढ़ि ढोलनी
विश्वकर्मा सो सुतार॥
धन्य सुदिन धन्य सुघरी धनि
धन्य सु जोतिष जाग *।

* जोतिक जाग

धन्य धन्य मथुरा पुरी हो
धनि धनि महरि के भाग ॥
धनि धनि माता देवकी
धन्य वसुदेव सुजान।
धनि धनि भादौं अष्टमी धनि
जन्म लियो जब कान्ह ॥
काढ़हु कोरे कापरा हो
काढ़ौ घी की मौनि।
जाति पांति पहिराय के सब
समदि छत्तिसो पौनि ॥
काजर रोरी आनौ री मिलि
करहु छठी को चार।
ऐपन की सी पूतली सब
सखियन कियो है सिंगार ॥
कीट मुकुट शोभा बनी शुभ,
अंग बनी बनमाल।
सूरदास प्रभु गोकुल जनमें
मोहन मदन गोपाल ॥ ७ ॥
ब्रज भयो महरि के पूत,
जब यह बात सुनी।
आनन्दे सब लोग,
गोकुल गुनत गुनी ॥
अति पूरब पूरे पुराय,
रूप कुलअटलथुनी।
ग्रह लगन नक्षत्र बल सोधि,
कीन्ही वेदधुनी ॥
धुनि सुनि धाईं ब्रजनारि
सहज सिंगार किये।

तनु पहिर नूतन चीर,
कज्जल नयन दिये।
कसि कंचुकी तिलक लिलार,
शोभित हार हिये॥
कर कंकण कंचन पाद,
मंगल साज लिये।
शुभ श्रवणनि तरल तरेवना,
बेनी शिथिल गुही।
सुर बरषत सुमन सुदेश।
मानौं मेघ फुही॥
उर अंचल उड़त न आने
सारी सुरंग सुही।
मुख मंडित रोरी रंग
सेंदुर मांग छुही॥
ते अपने अपने मेर
निकसी भाँति भली।
मानो लालमुनिन की पांति
पिंजरा दूरि चली॥
गुन गावहिं मंगल गीत,
मिलि दश पांच अली।
मानो भोर भये रवि देखि
फूली कदमकली॥
पिय पहिलेहि पहुंची आइ
अति आनंदभरी।
लई भीतर भुवन बुलाय,
सबै शिशु पांय परी॥
एक बदन उघारि निहारि,
देत असीस खरी।

चिरजीवो यशोदानंदु,
पूरणकाम करी ॥
धनि धन्य महरि की कोखि,
मांग सुहाग भरी ।
जिन जायो ऐसो पूत,
सब सुख फलनि फरी ॥
थिर थाप्यो है परिवार
मनकी शूल हरी ॥
सुनि ग्वालिनि गाय बहोरि
बालक बोलि लये ।
गुहि गुंजा घसि बनधातु
अंगनि चित्र ठये ॥
शिर दधि माखन के माट
गावत गीत नये ।
कर झाँझ मृदंग बजाय,
सब नंदके भौन गये ॥
मिलि नाचत करत कलोल,
छिड़कत हरदि दही ॥
मानों बरषत भादों मास
नदी घृत दूध बही ॥
जहँ जहां चित्त तब जाइ
कौतुक तहीं तहीं ।
सब आनँदमगन गोपाल,
काहू बदत नहीं ॥
इक धाइ नंद पै जांहिं
पुनि पुनि पांय परैं ।
एक आपु आपुहीं मांझ
हँसि हँसि अंक भरैं ॥

एक अम्बर सकल उतारि
देत नहिं शंक करैं।
एक दधि अक्षत अरु दूध
सबनि के शीश धरैं॥
तब न्हाइ नन्द भये ठाढ़े
अरु कुश हाथ लिये।
घसि चन्दन चारु मँगाइ
बिप्रन तिलक किये॥
नांदीमुख पितृ पुजाय
अंतरशोच हरैं।
गुरजन द्विज पहिराय
सबनिके पांय परैं॥
गइयां गनी न जाहिं
तरुनि सब बच्छ बढ़ी।
ते चरहिं यमुन के कच्छ
दूने दूध चढ़ी॥
खुर तांबे, रूपे पीठ
सोने सींग मढ़ी।
ते दीन्ही द्विजन अनेक
हरषि आसीस पढ़ी॥
तब अपने मित्र सुबंधु
हँसि हँसि बोलि लये।
मथि मृगमद मलय कपूर
सबनि के तिलक दये॥
उर मणिमाला पहिराय
बसन विचित्र दये।
दान मान परिधान
पूरणकाम किये॥

बर मागध बन्दी सूत
आंगन भवन भरे ।
ते बोलहिं लै लै नाम
कोऊ न बिसरि परे ॥
जिनि जो जो याचेउ जाय
रस नंदराय ढरैं ।
मानों बरषत मास अषाढ़
दादुर मोर ररैं ॥
तब अम्बर और मँगाय
सारी सुरंग घनी ।
ते दीन्ही बधुनि बुलाइ
जैसी जाहि बनी ॥
ते बहुरीं अति आनन्द
निज गृह गोप धनी ।
ते निकसी देत असीष
रुचि अपनी अपनी ॥
घर घर भेरि मृदंग
पटह निशान बजे ।
तब बांध्यो बन्दनवार
अरु ध्वज कलश सजे ॥
ता दिन ते वै सब लोग
सुख संपति न तजे ।
कहि सूर सबनि की यहि गति
जे हरिचरण भजे ॥ ८ ॥
गोकुल प्रगट भये हरि आय ।
अमरउधारन असुरसँहारन
अंतरयामी त्रिभुवनराय ॥
माथे पर धरि बसुदेव ल्याये

नन्द महर घर गये पहुँचाय ।
आगी महरि पुत्रमुख देखत
पुलक अंग उर में न समाय ॥
गद गद कंठ बोलि नहि आवै
हरखवंति ह्वै नन्द बुलाय ।
आवहु कन्त देव परसन भये
पुत्र भयो मुख देख्यो आय ॥
दौरि नन्द गे सुतमुख देख्यो
सो शोभा मो पै बरनि न जाय ।
सूरदास पहिलेहि यह मांग्यो
दूध पियावन यशुमति माय ॥ ६ ॥
आजु बन कोऊ बेग न जाइ ।
सौ गैया बछुरा समेत सब
आवहु चित्र बनाइ ॥
ढोटा ह्वै रे भयो महरकें
कहत सुनाय सुनाइ ।
अपने अपने मनको चीत्यौ,
नैननि देखैं आइ ॥
एक फिरत दधि दूध बँधावत
एक चलत उठि धाइ ॥
एक परसपर कहत बधाई
आनँद उर न समाइ ॥
तरुन किशोर वृद्ध अरु बालक
बढ़े चौगुने चाइ ।
सूरदास प्रभु गोकुल जनमें,
गनत न राना राय ॥
सखी री काहे को गहरु लगावति ।
सुत को जन्म यशोदा के गृह

ता लगि तुमहिं बुलावति ॥
कनकथार भरि लै दधि रोचन
बेगि चलौ लै गावति ।
सांचहु सुत भयो नँदनायक को
हौं नाहिन बौरावति ॥
आनँद उर अंचल न सम्हारति
शीश सुमन बरषावति ।
सूर सदा शोभा तेहि अवसर
जहां तहां ते आवति ॥ १० ॥
आज बधायो नन्दराय के
गोपी गावहिं मंगलचार ।
आई मंगलकलस साज के
ता ऊपर फल डार ।
अछत रोचन दुब लै चलीं
बहु बिधि फल भरे थार ॥
घरन घरन ते गावत चलीं
ब्रजबधू झुंड अपार ।
चलीं सब मिलि महरि के घर
देखन नन्दकुमार ॥
देखि मोहन आस पुरी
सबै देत असीस ।
नन्द महरि के लाडिले हो
जीवहु कोटि बरीस ॥
महरि दान जु बहुत दीनो
अरु दियो नन्दराय ।
ऐसो सुख देख्यो सखीजन
सूरदास कहैं गाय ॥ ११ ॥
धन्य यशोदा भाग तिहारो

जिन ऐसो सुत आयो हो।
जाके दरश परस सुख तन मन
कुल को तिमिरि नशायो हो॥
विप्र सुजन बन्दी औ चारन
सबै नन्दगृह आये हो।
करि तन सुभग हरदि दधि छिरके
हरष अशीष बधाये हो॥
* गरग निरूप कहेउ सब लच्छन
अविगत हैं अविनासी हो।
सूरदास प्रभु लगन सुनि सुनि
आनन्दित ब्रजबासी हो॥ १२॥

बाललीला

यशोदा हरि पालने झुलावै।
हलरावै दुलराय मल्हावै,
जोई सोइ सोई कछु गावै॥
मेरे लाल को आवरी निंदिया
काहे न आनि सुवावै।
तू काहे न बेग री आवै
तो को कान्ह बुलावै॥
कबहुँ पलक हरि मूंद लेत हैं
कबहुं अधर फरकावै।
सोवत जानि मौन ह्वै कै रही
करि करि सैन बतावै॥
यहि अंतर अकुलाय उठे हरि,
यशुमति मधुरे गावै।

---

*गर्ग The family priest of Yadavas.

जो सुख सूर देवमुनिदुर्लभ
सो नित यशुमति पावै ॥ १ ॥
प्रथम कंस पूतना पठाई ।
नन्दघरनि सुत लिये जंह बैठी,
चली चली निज धामहिं आई ॥
अति मोहनीरूप धरि लीन्हों,
देखत सबही के मन भाई ।
यशुमति देखि रही वाको मुख
काकी बधू कौन धौं आई ॥
नन्दसुवन तबहीं पहिचानो,
असुरघरनि असुरन की जाई ।
आपुन बज्र समान भये हरि,
माता दुखित भई भर पाई ॥
अहो महरि पालागन मेरी
हौं तुम्हरो सुत देखन आई ।
यह कहि गोद लियो अपने तब
त्रिभुवनपति मन मन मुसुकाई ॥
मुख चूम्यो गहि कंठ लगायो,
विललपत्यो असतन मुख नाई ।
पय संग प्राण अबैं हरि लीन्हों,
योजन एक गिरी मुरझाई ॥
त्राहि त्राहि करि ब्रजजन धाये
अति बालक क्यों बचै कन्हाई ।
अति आनंद सहित सुत पाये
हिरदय मांझ रहे लिपटाई ॥
करबर बड़ी टरी मेरे की
घर घर करत अनन्द बधाई ।
सूर श्याम पूतना पछारी

यह सुनि जिय डरप्यो नृपराई ॥ २ ॥
देखहु यह विपरीत भई ।
अद्भुतरूप नारि यक आई
कपट हेत क्यों सही दई ॥
कान्हहि लै यशुमतिकोरा ते
रुचि करि कंठ लगाई ।
तब वहि देह धरी योजन लौं
श्याम रहे लपटाई ॥
बड़े भाग हैं नन्द महरके
बड़ भागिनि नंदरानी ।
सूर श्याम उर ऊपर उबरे ,
यह सब घर घर जानी ॥ ३ ॥
नेक गोपालहि मोको दे री ।
देखौं कमलबदन नीके करि ,
ता पीछे तू कनियां ले री ॥
अति कोमल कर चरण सरोरुह ,
अधर दशन नाशा सोहै री ।
लटकनि शीश कंठ मणि भ्राजित
मनमथ कोटि बार नेगे री ॥
घोसहु निशा समान बिलोकत
यह छबि कबहुं न पाई मैं री ।
निगम न अगम सुनात न बालक
बड़े भाग पाये हैं तैंरो ॥
जिनको रूप जगत के लोचन
कोटि चन्द रबि लाजत है री ।
सूरदास बलि जाय यशोदा ।
गोकुलनाथ पूतनाबैरी ॥ ४ ॥
रूप मोहिनी धरि ब्रज आई ।

अद्भुत साजि सिंगार मनोहर
असुर कंस दै पान पठाई ॥
कुच विष बांटि लगाइ कपट करि
बालघातिनी परम सोहाई ।
बैठी हुती यशोदा मंदिर ।
दुलरावति सुत श्याम कन्हाई ॥
प्रगट भई तहँ आनि पूतना
प्रेरित काल अवधि नियराई ।
आवति पीठ बैठनो दीनौं
कुशल पूंछि अति निकट बोलाई ॥
पौढ़ाये हरि सुभग पालने
नँदरानी कछु काम सिधाई ।
बालक लियो उछंग दुष्टमति
हरषित अस्तन पान कराई ॥
बदन निहारि प्राण हरि लीन्हे
परी दैतनो योजन ताई ।
सूरजप्रभु गति ताको दीन्हीं
मातु मानि सुखधाम पठाई ॥ ५ ॥
जब से मैं खेलत देख्यौ
आँगन यशुदा के पूत री ।
तब ते गृह सों नातो टूटो
जैसे काचौ सूत री ॥
अति विशाल वारिजलोचन
पर शोभित काजर रेख री ।
राखे हैं मकरन्द पालि मनौं
अलि कोकिल के वेष री ॥
राजत दैाध दूध की दतियां
जगमग जगमग होत री ।

मनहुं मनोहर बिधुमंडल मैं
सीपरतन की ज्योति री ॥
श्रवण सुनति उतकंठा जब ते
बोलत है तुतराय री ।
सूरश्याम सुन्दर मुख निरखत
आनँद उर न समाय री ॥ ६ ॥
अद्भुत एक चितये हौं सजनी
नन्दमहर के आंगन री ।
सो मैं निरखि अपनुपौ खोयो
गई मथानी मांगन री ॥
बालदशा मुखकमल बिलोकत
कछु जननी सों बोलै री ।
प्रगटत हाँसत दतियां मानो
सीप दुरै दल बोलै री ॥
सुन्दर भालतिलक गोरोचन
मिलि मसि बुंदका लाग्यो री ।
मनो मकरन्द अचै रुचि कै
अलि शावक सोइ न जाग्यो री ॥
कुंडल लोल कपोलनि झलकत
मनों दर्पन में झांई री ।
रही बिलोकि बिचारि चारु छबि
परिमित कतहुं न पाई री ॥
मंजुल तारेन की चपलाई
चित चतुरानन करषे री ।
मनो शरासन समर धरे कर
भौंह चढ़ो शर बरषे री ॥
जलधि थकित जनु काग कपोत ज्यों
कूल न कबहूँ आयो री ।

ना जानो केहि अंग मगन मन
चाहि रहो नहि पायो री ॥
कहँ लगि कहौं बनाय बरणि
जितनी छबि निरखत हारी री ।
सूरश्याम के एक रोम पर
देउँ प्राण बलिहारी री ॥ ७ ॥
खेलत नन्दआँगन गोविंद ।
निरखि निरखि यशुमति सुख पावति
बदन मनोहर चन्द ॥
कटि किंकिणी कंठमनि की द्युति
मुक्तावलि भलि भाल ।
परम सुदेश कंठ केहरिनख
बिच बिच बज्र प्रबाल ॥
कर पहुंचियाँ पायन पैजनी
तनु रंजित रज पीत ।
घुटुरुन चलत अजिर महँ बिहरत
मुख मंडित नवनीत ॥
सूर विचित्र कान्ह की बानिक
बानी कहत न आवैं ।
बालदशा अवलोकि सनकमुनि
योग विरति बिसरावैं ॥ ८ ॥
घुटुरुन चलत श्याम मनिआंगन
मात पिता दोउ देखत री ।
कबहुंक किलकिलात मुख हेरत
कबहुं जननि मुख पेखत री ॥
लटकन लटकत ललित भाल पर
काजर बिंदु भ्रूव ऊपर री।
यह शोभा नयननि देखै जो

नहि उपमा तिहुं भूपर री ॥
कबहुंक दैारि घुटुरुवनि लटकत
गिरत उठत फिरि धावति री ।
इनते नन्द बुलाय लेन हैं
उतते जननि बुलावति री ॥
दम्पति होड़ करत आपुस में
श्याम खेलौना कीन्हों री ।
सूरदास प्रभु ब्रह्म सनातन,
सुनहित करि दोउ लीन्हो री ॥ ६ ॥
आंगन खेलत घुटुरुनि धाये ।
नील जलद तनु श्याम राम मुख
निरखि जननि दोउ निकट बुलाये ॥
बंधुक सुमन अरुण पदपंकज
अंकुश प्रमुख चिन्ह बनि आये ।
नूपुर कलरव मनो हंससुत
रचे नीड़ दै बांह बसाये ॥
कटि किंकिणिवर हार ग्रीव दर
रुचिर बाहु भूषण पहिराये ।
सुभग चिबुक द्विज अधर नासिका
श्रवण कपोल मांहि सुठि भाये ॥
भ्रू सुन्दर करुणा रस पूरण
लोचन मनहुं युगुल जलजाये ।
भाल विशाल ललित लटकनमणि
बाल दशा के चिकुर सुहाये ॥
मानहुं गुरु सनि कुज आगे करि
शशिहि मिलन तमके गण आये ।
उपमा अद्भुत एक भई तब
जब जननी पट पीत उढ़ाये ॥

नील जलद ऊपर ये निरखत
तजि सुभाव मनु तड़ित छपाये।
अंग अंग प्रति मारनिकर मिलि
छबि समूह लै लै मनु छाये॥
सूरदास सो क्यों करि बरणै
जो छबि निगम नेति करि गाये॥ १०॥
आदर सहित बिलोकि श्यामसुख
नन्द अनंदरूप लिये कनियाँ।
सुन्दर श्यामसरोजनील तनु
अँग अँग सुभग सकल सुख दनियाँ॥
अरुण तरणि नखज्योति जगमगति
रुनु झुनु करत पायं पैंजनियां।
कनक रतन मणि जड़ित रचित कटि
किंकिणि कुनित पीट कटभनियां॥
पहुंची करनि पदिक उर हरिनख,
कठुला कंठ मंजु गजमनियाँ।
कुटिल भृकुटि सुख की निधि आनन
कल कपोल की छबि न उपनियाँ॥
रुचिर चिबुक द्विज अधर नासिका
अति सुन्दर राजत सो बनियाँ।
भाल तिलक मसि बिन्दु बिराजत
शोभित शीश लाल चौतनियाँ॥
मनमोहन की तोतरि बोलनि
मुनिमन हरत सहस मुसकनियाँ।
बाल सुभाव बिलोकि बिलोचन
चोरत चितहिं चारु चितवनियाँ॥
निरखति ब्रज युवती सब ठाढ़ी
नन्द सुवन छबि चन्द्रबदनियाँ।

सूरदास अब निरखि मगन भये ,
प्रेम विवस कछु सुधि न अपनियाँ ॥ ११ ॥
कहाँ लगि बरणौं सुन्दरताइ ।
खेलत कुंवर कनकआँगन में ,
नैन निरखि छवि छाइ ॥
कुलहि लसत शिर श्याम सुभग अति
बहु विधि रंग बनाइ ।
मॉनहु नवघन ऊपर राजत
मघवा धनुष चढ़ाइ ॥
अति सुदेश मृदु हरत चिकुर ,
मनमोहन मुख बगराइ ।
मॉनहु मंजुल प्रगट कंज पर
अलिअवली फिरि आइ ॥
नील श्वेत पर पीत लालमणि
लटकत भाल रुराइ ।
शनि गुरुअसुर देवगुरु मिलि
मानौं भौम सहित समुदाइ ॥
दूध दन्त द्युति कहि न आय अति
अद्भुत एक उपमाइ ।
किलकत हँसत दुरत प्रगटत
मानौं घन में बिज्जुछटाइ ॥
खण्डित बचन देत पूरन सुख
अलप अलप जलपाइ ।
घुटुरुन चलत रेणुतनुमण्डित ,
सूरदास बलि जाइ ॥ १२ ॥
जब मोहन कर गही मथानी ।
परसति कर दधि माट लेत चित
उदधि शैल बासुकि भय मानी ॥

कबहुंक अहुंब परग करि बसुधा
कबहुँ देहरि उलँघि न जानी ।
कबहुंक सुरमुनि ध्यान न पावत
कबहुं खेलावति नन्द की रानी ॥
कबहुंक अखिल उदर नहिं तरपति
कबहुंक दल माखन रुचि सानो ।
सूरदास प्रभु की यहि लीला
परत न महिमा शेष बखानो ॥ १३ ॥
गहे अँगुरियाँ सुवन की
नन्द चलन सिखावत ॥
अरबराय गिरि परत हैं
कर टेकि उठावत ।
बार बार बकि श्याम सों
कछु बोल बुलावत ॥
दुहुँघां द्वै दँतुली भई
अति मुख छबि पावत ।
कबहुं कान्ह कर छाड़ि नन्द
पग द्वैक रिंगावत ॥
कबहुंक उलटि चले धाम को,
घुटुरुन करि धावत ।
सूर श्याम मुख देखि, महरि
मन हरष बढ़ावत ॥ १४ ॥
चलत देखि यशुमति सुख पावै ।
ठुमुक ठुमुक धरनी धर रेंगत
जननी देखि दिखावै ॥
देहरि लौं चलि जात बहुरि फिरि,
फिरि इतही को आवै ॥
गिरि गिरि परत बनत नहिं नाघत

सुरमुनि शोच करावै ।
कोटि ब्रह्मांड करत छिन भीतर
हरत बिलंब न लावै ।
ताको लिये नन्द की रानी
नाना रूप खेलावै ॥
तब यशुमति कर टेकि श्याम को,
क्रम क्रम करि उतरावै ।
सूरदास प्रभु देखि देखि सुर
मुनिमन बुधिहि बंधावै ॥ १५ ॥
नन्दजू के बारे कान्हा
छोड़ि दे मथनियां ।
बार बार कहत मात
यशोमति रनियां ॥
नीके रहौ माखन ल्यौ
मेरे प्राणधनियां ।
आरि जिनि करो बलि
निधनी के धनियां ॥
सुर नर जाको ध्यान धरैं
गावैं मुनि जनियां ।
ताको नन्दरानी मुख
चूंबि लीन्हों कनियां ॥
सहसानन गुण गाने
गनत न बनियां ।
सूरश्याम देखि सब
भूलीं गोपधनियां ॥ १६ ॥
प्रात समय दधि मथति यशोदा
अति सुख कमलनयन गुण गावति ।
नील वसन तनु सजल जलद मनों

दामिनि दिवि भुज दण्ड चलावति ॥
चन्द्रवदन लट लटकि छबीली
मनहुं अमृत रस राहु चोरावति ॥
गोरस मथति नाद यक उपजत
किंकिनि धुनि सुनि श्रवन रमावति ॥
सूरश्याम अँचरा धरि ठाढ़े ।
कामकसोटी कसि दिखरावति ॥ १७ ॥
मैया कब बढ़िहै मेरी चोटी ।
किती बेर मोहि दूध पियत भई ,
यह अजहुं है छोटी ॥
तू जो कहति बल की बेनी ज्यों
ह्वै है लांबी मोटी ।
काढ़त गुहत न्हवावत जै हैं
नागिनिसी भुंइलोटी ॥
काचो दूध पिवावत मोहन,
देती माखन रोटी ।
सूर मैया याही रस रिझयो,
हरि हलधर की जोटी ॥ १८ ॥
कान्ह बलि गई आरि न कीजै हो ।
जोई जोई भावै सोई लीजै हो ॥
कहति यशोदा रानी हो ।
को खिझवे सारँगपानी हो ॥
जो मेरो लाल खिझावै हो ।
सो अपने कियो भलो पावै हो ॥
तेहि देहौं देशनिकारो हो ।
ताको व्रज नाहिन गारो हो ॥
अति रिस से तनु छीजै हो ।
सुठि कोमल अंग पसीजै हो ॥

बरजत बरजत बिरुझाने हो ।
करि क्रोध मनहिं अकुलाने हो ॥
धरत धरत भुइँ लोटै हो ।
माता को चीरि नखोटै हो ॥
अंग आभूषण सब तोरै हो ।
नवनी दधिभाजन फोरै हो ॥
देखि तृन जल तरसे हो ।
यशुदा के पायन परसे हो ॥
महरि बाँह गहि आने हो ।
तब तेल उबटनो साने हो ॥
तब गिरत परत उठि भागे हो ।
कहुं नेक निकट नहि लागे हो ॥
तब नन्दघरनि चुचुकारे हो ।
आवहु बलि जाउं तुम्हारे हो ॥
नहि आवहु तौ भले लाला हो ।
पुनि जानौगे मदनगोपाला हो ॥
तुम मेरी रिस नहिं जानत हो ।
मोको तुम नहि पहिँचानत हो ॥
मैं आजु तुमहिं गहि बाँधों हो ।
हाहा करिकरि अनुरोधों हो ॥
बाबा नन्द उतहिंते आये हो ।
कौने हरि अतिहिं खिझाये हो ॥
मुख चूंबि हरषि लै आये हो ।
लै यशुमति पै पहुंचाये हो ॥
मोहन कत खिझति अयानी हो ।
हिय लाय लिये नन्दरानी हो ॥
क्यों हूँ यतन करि पाये हो ।
तन उबटन तेल लगाये हो ॥

तातो जल आनि समोई हो ।
अन्हवाइ दियो अँग धोई हो ॥
अति सरस बसन तनु पोंछी हो ।
लैकर मुख कमल अगोछी हो ॥
अंजन दोउ दृग भरि दीन्हों हो ।
भ्रुव चारु चखोटा कीन्हों हो ॥
अंग आभूषण जे बनाये हो ।
लालहिं क्रम क्रम पहिराये हो ॥
ऐसी रिस न करो मेरे कान्हा हो ।
अब खाहु कुंवर कछु नान्हा हो ॥
तुतरात कहेउ का है री हो ।
जो मोहिं भावै सो दै री हो ॥
जोइ जोइ भावै मेरे प्यारे हो ।
सोइ सोइ दैहों मैं ललारे हो ॥
कह्यो है सिरावति सीरा हो ।
कछु हठ न करो यदुबीरा हो ॥
सद दधि माखन को आनो हो ।
तापर मधु मिश्री सानी हो ॥
खोवा मैं मधुर मिठाई हो ।
सो देखत अति रुचि पाई हो ॥
कछु बलदाऊ को दीजै हो ।
अरु दूध अधोटा पीजै हो ॥
सब हेरि धरी है साढ़ी हो ।
लै उधर उपरते काढ़ी हो ॥
अति प्यौसरि सरस सनाई हो ।
तेहि सोंठि मिरच रुचि नाई हो ॥
दूध बरा दहिरौरी हो ॥
जो खात अमृत यक कौरी हो ॥

सुठि सुरस जलेबी बोरी हो ।
जेहि जेवँत नहिँ रुचि थोरी हो ॥
अरु खुरमा नरम सँवारे हो ।
जे मुख मेलत सुकुमारे हो ॥
मोती लड्डू सुठि मीठे हो ।
यह खात न कबहुं उबीठे हो ॥
सित लड्डू लँवगन नाये हो ।
ते करि बहु यतन बनाये हो ॥
गुंझा बहु पूरणपूरे हो ।
भरि भरि कपूर रस चूरे हो ॥
अरु तैखिय दाल मसूरी हो ।
जो चाखत मुख दुख दूरी हो ॥
अरु हेसमि * सुरस सँवारे हो ।
अति स्वाद परम सुखकारे हो ॥
पापर बरने नहिं जाई हो ।
जेहि देखत अति सुख पाई हो ॥
मालपुवा मधुसाने हो ।
धै तत्त तुरत करि आने हो ॥
सुन्दर अति सरस अँदरसे हो ।
ते घृत दधि मधु मिलि सरसे हो ॥
घेवर अति घिरत चभोरे हो ।
ले खाँड़ डार तरबोरे हो ॥
माधुनि अतिशय रस जूरी हो ।
सब परसि घृतपूरी हो ॥
जब पूरी सुनी हरि हरष्यो हो ।
तब भोजन पर मन करष्यो हो ॥
सुनि तुरत यशोदा ल्याई हो ।

* A sweetmeat commonly known as पेठे की मिठाई ।

अति रुचि समेत हरि खाई हो ॥
बलदाउहिं टेरि बुलाये हो ।
यह सुनि हलधर तहँ आये हो ॥
षटरस परकार मँगाये हो ।
जे बरणि यशोदा गाये हो ॥
मनमोहन हलधर बीरा हो ।
जेवँत रुचि राख्यो सीरा हो ॥
शीतल जल लियो मँगाई हो ।
भरि झारी यशुमति ल्याई हो ।
अँचवत नँदनयन जुड़ाने हो ॥
दोउ हरषि हरषि मुसकाने हो ॥
हँसि जननी चुरू भराये हो ।
तब कछु कछु मुख पखराये हो ॥
बीरी तनक तनक मुख नाये हो ।
अति लाल अधर हूँ आये हो ॥
छबि सूरदास बलिहारी हो ।
माँगत कछु जूठनि थारी हो ॥
हरि तनक तनक षटरस खायो हो ।
जूठनि सब भक्तनि पायो हो ॥ १९ ॥

खेलनि दूरि जात कत कान्हा ।
आजु सुन्यो मैं हाऊ आयो
तुम नहिं जानत नान्हा ॥
यक लरिका अबहीं भजि आयो
रोवत देख्यो ताहि ।
कान तोरि वह लेत सबनि को
लरिका जानत आहि ॥
चलो न बेगि सवेरे जैये
भाजि आपने धाम ।

सूरश्याम यह बात सुनत ही
बोलि लिये बलराम ॥ २० ॥
दूरि खेलन जनि जाउ ललन
मेरे हाऊ आये हैं ।
तब हँसि बोले कान्ह रि मैया ।
इनको किन्हे पठाये हैं ॥
यमुना के तट धेनु चरावत,
जहाँ सघन बन झाऊ ।
पैठि पताल ब्याल गहि नाथ्यो
तहाँ न देखे हाऊ ॥
अब डरपत सुनि सुनि ये बातें
कहत हँसत बलदाऊ ।
सप्त रसातल शेषासन रहि
तब की सुरत भुलाऊ ॥
चार बेद लै गयो शंखसुर
जल में रहेउ लुकाऊ ।
मीनरूप धरिकै जब मारेउ
तबहिं रहे कहँ हाऊ ॥
मथि समुद्र सुर असुरन के हित
मन्दर जलहि खसाऊ ।
कमठरूप धरि धरनि पीठ पर
सुख पायो सुरराऊ ॥
जब हरणाक्ष युद्ध अभिलाषे
मन में अति गरबाऊ ।
धरि बाराहरूप रिपु मारेउ
लै छिति दन्त अगाऊ ॥
बिकट रूप अवतार धरेउ जब
सो प्रहलाद बताऊ ।

धरि नृसिंह जब असुर विदारेउ
तहाँ न देख्यो हाऊ ॥
बामन रूप धरेउ बलि छलि कर
तीन परग बसुधा ऊ ।
श्रम जल ब्रह्मकमंडल राख्यो,
दरशि चरण परसाऊ ॥
मारेउ मुनि बिनही अपराधहिं
कामधेनु लै आऊ ।
इकइस बार करी नित्तक्षि छिति
तहाँ न देख्यो हाऊ ॥
रामरूप रावण जब मारेउ
दशशिर बीस भुजाऊ
लंक जराय छार जब कीनों
तहाँ रहे कहँ हाऊ ॥
माटी के मिस बदन बिकास्यो
जब जननी डरपाऊ ।
मुख भीतर त्रयलोक देखाये
तब हुं प्रतीति न आऊ ॥
नृपति भीम सो युद्ध परस्पर
तहँ यह भाव बताऊ ।
तुरत चीर दुइ टूक कियो धरि,
ऐसे त्रिभुवनराऊ ॥
भक्त हेत अवतार धरेउ सब
असुरनि मारि बहाऊ ।
सूरदास प्रभु की यह लीला
निगम नेति कहि गाऊ ॥ २१ ॥
यशुमति कान्हहिं यह समुझावति ।
सुनहु श्याम तुम बड़े भये अब ,

यह कहि स्तनन छुड़ावति ॥
ब्रजलरिका तोहिँ पीवत देखैं
हँसत लाज नहिं आवति ।
औहैं बिगरि दांत हैं आछे
ताते कहि समुझावति ॥
अजहूँ छाड़ि कहेउ करि मेरो
ऐसी बात न भावति ।
सूरश्याम यह सुनि मुसकाने,
अंचल मुखहिं लुकावति ॥ २२ ॥
दे मैया भँवरा चक डोरी ॥
जाय लेहु आरे पर राख्यौं,
काल्हि मोल लै राख्यो कोरी ॥
लै आये श्याम हँसि तुरतही,
देखि रहे रँग रँग बहु ठोरी ।
मैया बिना को और को ल्यावै,
बार बार हरि करत निहोरी ॥
बोलि लिये सब सखा संग के
खेलत कान्ह नन्द की पोरी ।
तैसेइ हरि तैसेइ ब्रज बालक
कर भँवरा चकरिन की जोरी ॥
देखति जननि यशोदा यह सुख,
बिहँसति बार बार मुख मोरी ।
सूरदास प्रभु हँसि हँसि खेलत,
ब्रजबनिता डारति तृन तोरी ॥ २३ ॥
खेलत हरि निकसे ब्रज खोरि॥
कटि काछनी पितांबर ओढ़े
हाथ लिये भँवरा चक डोरि ॥
मोर मुकट कुंडल श्रवणनिवर,

दशनदमक दामिनि छबि थोरि।
गये श्याम रबितनया के तट
अंग लसत चंदन की खोरि॥
औचकहीं देखी तहँ राधा
नयन बिशाल भाल दिये रोरि।
नील बसन फरिया कटि पहिरे
बेणी पीठि रुरति झक झोरि॥
संग लड़िकनी चली इत आवति,
दिन थोरी अति छबि तन गोरि॥
सूरश्याम देखतहीं रीझे
नयननि मिलि शिर परी ठगोरि॥ २४॥
बूझत श्याम कौन तू गोरी।
कहाँ रहति का की है बेटी।
देखी नहीं कबहूँ ब्रज खोरी॥
काहे को हम ब्रजतन आवति
खेलति रहति आपनी पोरी।
सुनति रहति श्रवणनि नंदढोटा,
करत रहत माखन दधि चोरी॥
तुम्हरो कहा चोरि हम लैहैं,
खेलन चलो संग मिलि जोरी।
सूरदास प्रभु रसिकशिरोमणि,
बातनि भुरै राधिका भोरी॥ २५॥
नाम कहा तेरो री प्यारी।
बेटी कौन महर की है तू,
कहि मोंसो को तेरी महतारी॥
धन्य कोख जेहि तोको राखो
धन्य घरी जेहि तू अवतारी।
धन्य पिता माता धनि तेरी

छबि निरखत हरि की महतारी ॥
मैं बेटी वृषभान महर की
मैया तुमको जानति ।
यमुनातट बहु बेर मिलन भयो
तुम नाहिन पहिचानति ॥
ऐसी कहि वाको मैं जान्यों
वह तो बडुभरतारि ।
महर बड़ो लंगर सब दिन को
हँसत देत मुख गारि ॥
राधा बोलि उठी बाबा कुछ
तुम सो ढोठ्यो कीनो ।
ऐसे समरथ कब मैं देखे
हँसि प्यारी उर लीनो ॥
महरि कुंवरि सों यह करि भाषति
आउ करौं तेरी चोटी ।
सूरदास हरषित नँदरानी
कहति महरि हम जोटी ॥ २६ ॥
यशुमति राधाकुंवर सँवारति ॥
बड़े बार श्रीमन्त शीश के ।
प्रेम सहित लै लै निरवारति ॥
मांग पारि बेनीहि संवारति
गूँथी सुन्दर भांति ।
गोरे भाल बिन्दु बन्दन मानों
इन्दुप्रान्त रविकान्ति ॥
सारी चीर नई फरिया लै
अपने हाथ बनाई ।
अंचल सो मुख पोंछि अंग सब
आपुहि लै पहिराई ॥

तिल चांवरी बतासे मेवा
दिये कुंवरि की गोद ।
सूरश्याम राधा तन चितवत,
यशुमतिमन मनमोद ॥ २७ ॥
बूझति जननि कहां हुती प्यारी ।
कौन तेरे भाल तिलकु रचि दीन्हों,
किन कच गूंथि मांग सिर पारी ॥
खेलत रही नन्द के आँगन,
यशुमति कहेउ कुंवरि ह्याँ आ री ।
तिल चांवरी गोद दिखरावति,
फरिया दई फारि नई सारी ॥
मेरो नाम बूझि बाबा को,
तेरो नाम बूझि दई गारी ।
मो तन चितै चितै ढोटा तन,
कछु सविता तन गोद पसारी ॥
यह सुनि सुनि वृषभान मुदितचित,
हँसि हँसि बूझत बात दुलारी ।
सूर सुनत रससिंधु बढ़्यो अति,
दम्पति मन मन यहै बिचारी ॥ २८ ॥
मेरे आगे महरि यशोदा,
मैया री तोहिं गारी दीन्हीं ।
वाकी घात सबै तू जानति
वे जैसी मैं चीन्हीं ॥
तोको कहि पुनि कहेउ बबा को,
बड़ो धूत वृषभान ।
तब मैं कहाउं ठग्यो कहुं तुम को
हँसि लागी लिपटान ॥
भली कही तू मेरी बेटी

लियो आपनो दाव ।
जो मोंहि कहेउ सबै गुण उनके,
हँसि हँसि कहत सुभाव ॥
फेरि फेरि बूझति राधा सों
सुनति हँसति सब नारि ।
सूरदास बृषभानघरनि,
यशुमति को गावत गारि ॥

गोबर्द्धन लीला ।

नन्द महर सों कहति यशोदा ,
सुरपति की पूजा बिसराई ।
जाकी कृपा बसत ब्रज भीतर
जाको दीन्ही भई बड़ाई ॥
जाकी कृपा अन्न धन मेरे
जाकी कृपा नवौ निधि आई ।
जाकी कृपा दूध दधि पूरन
सहस मथानी मथत सदाई ॥
जिनकी कृपा पुत्र भयो मेरे
कुशल रहैं बलराम कन्हाई ।
सूर नन्द सों कहति यशोमति
दिन आयो अब करो चँड़ाई ॥ १ ॥
येई हैं कुलदेव हमारे ।
काहू नहीं और मैं जानति
गोधन हैं ब्रज के रखवारे ॥
दीपमालिका के दिन पांचेक
गोपनि कहो बुलाई ।
बलि सामग्री करहिं चँड़ाई ,

अबहीं कहौं सुनाई ॥
लई बुलाइ महर महरानी ,
सुनतहिं आईं धाई ।
नन्दघरनि तब कहति सखिन सो
कत ह्वै रही भुलाई ॥
भूली कहा कहौ सो हम सों
कहति कहा डरपाई ।
सूरदास सुरपति की पूजा
तुम सबहिन बिसराई ॥ २ ॥
चौंकि परीं सब गोकुल नारि ।
भली कही सबहीं सुधि भूलीं,
तुमहीं करी सुधि भारि ॥
कहेउ महरि सों करौ चँड़ाई
हम अपने घर जाति ।
तुमहूं करौ भोग सामग्री
कुलदेवता अमाति ॥
यशुमति कहेउ अकेली हौं मैं
तुमहूँ संग मोहिं दीजौ ।
सूर हँसत ब्रजनारि महरि सों
ऐहैं सांचु पतीजौ ॥ ३ ॥
कहि मोंहि भली कीन्ही महरि ।
राजकाजहि रहेउ डोलत
लोभही के लहरि ॥
क्षमा कीजै मोहि हो प्रभु
तुमहिं गयो भुलाय ।
ग्वाल सो कहि तुरत पठयो
ल्याउ महर बुलाय ॥
नन्द कहेउ उपनन्द वृज के

अरु महर वृषभान ।
अबहि जाय बुलाय ल्यावहिं
करत दिन अनुमान ॥
आय गये दिन अबहिं नेरे
करत मन यह ज्ञान ।
सूर नन्द विनय करत कर
जोरि सुरपतिध्यान ॥ ४ ॥
नन्द महर उपनन्द बुलाये ।
बहु आदर करि बैठक दीन्ही
महर महरि मिलि शीश नवाये ॥
मनही मन सब सोच करत हैं
कंस नृपति कछु मांगि पठाये ।
राजअंश धन जो कछु उन के
बिनु मांगे सो दै हम आये ॥
बूझत महर बात नँद महरहि,
कौन काज हम सबनि बुलाये ।
सूर नंद यह कहि गोपन सों,
सुरपति पूजा के दिन आये ॥ ५ ॥
हंसत गोप कहि नन्द महर सो
भली भई यह बात सुनाई ।
हमहिं सबनि तुम बोलि पठाये
अपने हिय सब गये डराई ॥
काहे को डरपौ हम बोलत
हँसि तब बात कहत नँदराई ।
बड़ो संदेह कियो हम तुम को,
ब्रजबासी हम तुम सब भाई ॥
करौ विचार इन्द्रपूजा को
जो चाहौ सो लेहु मंगाई ।

बरषघोस को घोस हमारो
घर घर नेवज करहु चंडाई ॥
अन्नकूट विधि करत लोग सब
नेम सहित करि करि पकवान्ह ।
महरि विनय कर जोर इन्द्र सों
सूर अमर कर दीजै कान्ह ॥ ६ ॥
गावत मंगलचार महर घर ।
यशुमति भोजन करत चंडाई
नेवज करि करि धरत श्यामडर ॥
देखो रहौ छुवै न कन्हैया ,
कहा जाने वह देवकाज पर ।
और नहीं कुलदेव हमारे ,
कै गोधन कै वे सुरपति बर ॥
करति विनय कर जोरि यशोदा
कान्हहिं कृपा करौ करुणाकर ।
और देव तुम सम कोउ नाहीं ,
सूर करौं सेवा चरणनि तर ॥ ७ ॥
बाजत नन्द अवास बधाई ।
बैठे खेलत द्वार आपने ,
सात बरष के कुंवर कन्हाई ॥
बैठे नन्द सहित वृषभानहिं
और गोप बैठे सब आई ।
थापे देत घरनि के द्वारे ,
गावत मंगल नारि बधाई ॥
पूजा करत इन्द्र की जान्यो
आये श्याम तहाँ अतुराई ।
बार बार पूछहिं हरि नन्दहिं
कौन देव की करत पुजाई ॥

इन्द्र बड़े कुलदेव हमारे,
उनते यह सब होत बड़ाई।
सूरश्याम तुम्हरे हित कारण
यह पूजा मैं करत सदाई" ॥ ८ ॥
नन्द कहेउ घर जाहु कन्हाई।
ऐसे मैं तुम जाहु जिनि कहूं,
अहो महरि सुत लेहु बुलाई ॥
सोय रहो मेरे पलिका पर
कहत महरि हरि सों समुझाई।
बरषधोस को महामहोत्सव
को आवै कौने मिसु भाई ॥
और महर ढिग श्याम बैठि के
कीन्हो एक विचार बनाई।
सपनो आजु मिल्यो मो को एक
बड़ो पुरुष अवतार जनाई ॥
कहन लगो मो सों ये बातें,
पूजत हौ तुम काहि मनाई।
गिरि गोवर्द्धन देवनि को पति
सेवहु ताको भोग चढ़ाई ॥
भोजन करै सबनि के आगे
कहत श्याम मन यह उपजाई।
सूरदास प्रभु गोपनि आगे
यह लीला कहि प्रकट सुनाई ॥ ९ ॥
सुनो ग्वाल यह कहत कन्हाई।
सुरपति की पूजा को मेटत,
गोवर्द्धन को करत बड़ाई ॥
फैलि गई यह बात घरनि घर,
हरि कह जानै देव पुजाई।

हलधर कहत सुनहु ब्रजबासी,
यहि महिमा तुम काहु न पाई ॥
कोउ कोउ कहत करी ऐसोई,
कोउ यह कहत कहै को भाई ।
सूरदास कोइ सुनि सुख पावत,
कोउ बरजत सुरपतिहिं डेराई ॥ १० ॥
मेरो कह्यो सत्य कै जानो ।
जो चाहौ ब्रज की कुशलाई,
तो तुम गिरि गोबर्धन मानो ॥
दूध दही तुम कितनो लेहो,
गोसुत बढ़ै अनेक ।
कहा पूजि सुरपति सों पायो,
छांड़ि देव यह टेक ॥
मुंह माँगे फल जो तुम पावहु
तो तुम मानो मोहिं ।
सूरदास प्रभु कहत ग्वाल सों
सत्य वचन करि दोहिं ॥ ११ ॥
छांडि देहु सुरपति की पूजा ।
कान्ह कह्यो गिरि गोवर्धन ते
और देव नहिं दूजा ॥
गोपनि सत्य मानि यह लीनौं
बड़ो देव गिरिराजा ।
मोहिं छाँडि ए पर्वत पूजत
गर्व कियो सुरराजा ॥
पर्वत सहित धोय ब्रज डारौं
देहुं समुद्र बहाय ।
मेरी बलि औरहिं लै अर्पत,
इनकी करौं सजाय ॥

राखो नहीं इन्हैं भूतल में,
गोकुल देउँ बहाय ।
सूरदासप्रभु याके रक्षक,
संगहि संग रहाय ॥ १२ ॥
गोकुल को कुलदेवता,
श्री गिरधारीलाल ।
कमलनयन घनसाँवरो,
वपु अति बाहु विशाल ॥
हलधर ठाढ़े कहत हैं,
एहैं हरि के ख्याल ।
कर्ता हर्ता आपुही
आपुहि हैं प्रतिपाल ॥
वेगि करो मेरे कहे
रचि पकवान रसाल ।
यह मघवा बलि लेत है
करत करत गलगाल ॥
गिरि गोबर्द्धन पूजिये
ब्रजजीवन गोपाल ।
जाके दीने होत है
धन गैयांगनजाल ॥
सँग मिलि भोजन करत हैं
जैसे पशु के पाल ।
सूरदास डरपत रहैं
जाते यम अरु काल ॥ १३ ॥
ब्रज घर घर अति होत कुलाहल ।
ग्वाल फिरत उँमगे जहँ तहँ सब
अति आनन्द भरे जु उमाहल ॥
मिलत परस्पर अंकम दै दै

सकटनि भोजन साजत ।
दधि लवनौ मधुमाट धरत लै
राम श्याम सँग राजत ॥
मन्दिर ते लै धरत अजिर पर
षटरस के जेवनार ।
डालनि भरि अरु कलश लये भरि
जोरत हैं परकार ॥
सहस सकट मिष्ठान अन्न बहु
नन्द महर घरही को ।
सूर चले सब लै गृह गृह तें
संग सुवन नँद जी को ॥ १४ ॥
अति आनन्द ब्रजबासी लोग ।
भाँति भाँति पकवान सकट भरि
लै लै चलै छहों रस भोग ॥
तीन लोक को ठाकुर संगहि
तासों कहत सखा हम जोग ।
आवत जात डगर नहिं पावत
गोवर्द्धनपूजा संयोग ॥
कोउ पहुँचे कोउ मग में रेंगत
कोउ घर ते निकसे कोउ नाहिं ।
कोउ पहुँचाय सकट लै आवत
कोउ घर ते भोजन लै जाहिं
मारग में कोउ निर्त्तत आवत
कोउ अपने रस गावत जाय ।
सूरश्याम को यशुमति टेरत
बहुत भोर है हरि न भुलाय ॥ १५ ॥
सकट साजि सब ग्वाल चले गिरि
गोवर्द्धनपूजा के काज ।

घर घर ते मिष्ठान चले लै
भाँति भाँति बहु बाजन बाज ॥
अति आनन्द भरे गुण गावत
उमड़े फिरत अहीर ।
पैड़ो नहीं पावत तहँ कोउ
ब्रजबासिन की भीर ॥
एक चले आवत ब्रज तन को
एक ब्रज तें बन काज ।
सूरदास तहँ श्याम सबनि में
देखतु हैं सिरताज ॥ १६ ॥
चलीं घर घरनि ते ब्रजनारि ।
मनहुँ इन्द्रबधूनिपंगति,
लगति शोभा भारि ॥
पहिरि सारी सुरँग पचरँग,
षष्टदश श्रृंगारि ।
रहै इच्छा सबनि के चित,
श्यामरूप निहारि ॥
ललिता चन्द्रावलि सहित राधा
सँग कीरति महतारि ।
चले पूजा करन गिरि की
सूर सँग नर नारि ॥ १७ ॥
बहुत जुरे ब्रजबासी लोग ।
सुरपति पूजा मेटि गोबर्द्धन
पूजा के संयोग ॥
योजन बीस एक अरु अगरो
डेरा यहि अनुमान ।
ब्रजबासी नर नारि अंत नहि
मानो सिंधु समान ॥

एक आवत ब्रजही तें इतही
एक इतते ब्रज जात ।
नन्द लिये सब ग्वाल सूरप्रभु
आय गए तहँ प्रात ॥ १८ ॥
नन्द करत गिरिपूजा की बिधि ।
भोजन लै सब धरे छहो रस,
कान्ह सङ्ग अष्टौ सिधि ॥
लै लै आवत ग्वाल घरनि तें
भोजन बहुत प्रकार ।
व्यञ्जन देखि नन्द सुख पावत,
तुरत करौ जेंवनार ॥
जोइ जोइ हरि कहत करत सोइ ,
पूजा की बहु भाँति ।
माखन दधि पै तक्र धरत लै
जोरि जोरि सब पाँति ॥
को बरनै नाना बिधि व्यंजन
जे बनये नन्दनारी ।
सूरश्याम की लीला अद्भुत
कह बरनै मुखचारी ॥ १९ ॥
बिप्र बुलाय लिये नन्दराय ।
प्रथमारम्भ यज्ञ को कीनो
उठी बेद धुनि गाय ॥
गोवर्द्धन शिर तिलक बंदियो
मेटि इन्द्रठकुराई ।
अन्नकूट ऐसो रचि राख्यो
गिरि की उपमा पाई ॥
भाँति भाँति व्यंजन परुसाये
का पै बरन्यो जाय ।

सूर श्याम सों कहत ग्वाल, गिरि
ऐसहिं कहूँ बुझाय ॥ २० ॥
इन्द्र शोच करि मनहिं आपने,
चकित होत पुनि बुद्धि बिचारत ।
कहा करत देखौं मैं इनको,
मोंको बिलँब लगत नहिं मारत ॥
अब ये करैं आपने मनसुख,
मोको अब न संभारे ॥
तब लौं रहौं पूजि निधरे ये,
बँचिहि न बैर हमारे ॥
इतनो सुख इनके करि रहिहै,
दुख है बहुत अगाध ॥
सूरदास सुरपति की बानी,
मनही मन की साध ॥ २१ ॥
चढ़ि बिमान सुरगन नभ देखत ।
लीला करत श्याम नूतन यह
फिरि फिरि गिरि गोबर्द्धन पेखत ॥
थकित भए सब जहँ तहँ मुनिगन
ठौर ठौर नर नारी ।
चितवत हैं सब श्यामबदन तन,
गति मति सुरत बिसारी ॥
पूजा मेटि इन्द्र की पूजत,
गिरि गोबर्द्धनराज ।
सूरदास सुरपति गर्बित भयो ।
मैं देवन सिरताज ॥ २२ ॥
कहत कान्ह नन्द बाबा आवहु ।
भोजन धरो परसि सब आगे
प्रेम सहित गिरिराज मनावहु ॥

और नन्द उपनन्द बुलाए
कहेउ सबन सों भोग लगावहु।
स्वपने में देख्यो मेरी मूरति
यहै रूप धरि ध्यान मनावहु॥
यक मन यक चित कै अर्पन करो
प्रगट देव तुम दर्शन पावहु।
सूरदास प्रभु कहत सबन सों
अपने कर लै लै जु जिमावहु॥ २३॥
विनती करत सकल अहीर।
कलस भरि भरि ग्वाल लै लै
शिखर ढारत छीर॥
चल्यो बहि चहुँपास तें पय
सुरसरी जल ढारि।
बसन भूषण लै चढ़ाये
भीर अति नर नारि॥
मूंदि लोचन भोग अर्प्यो
प्रेम सों रुचि भारि।
सबनि देख्यो प्रगट मूरति
सहस भुजा पसारि॥
रुचि सहित गिरि सबनि आगे
करनि लै लै खाय।
नन्दसुतमहिमा अगोचर
सूर क्योंकर गाय॥ २४॥
गिरिवर श्याम की अनुहारि।
करत भोजन अति अधिकई
सहस भुजा पसारि।
नन्द को कर गहे ठाढ़ो
यहै गिरि को रूप।

सखी ललिता राधिका सों
कहति देखि स्वरूप ॥
यहै कुंडल यहै माला
यहै पीत पिछोरि ।
शिखर शोभा श्याम की छबि
श्याम छबि गिरि जोरि ॥
नारि बदरौला रही
बृषभान घर रखवारि ।
तहाँ ते वह भोग अर्पत
लियो भुजा पसारि ॥
राधिका छबि देखि भूली
श्याम निरखी ताहि ।
सूर प्रभुवश भई प्यारी
कोर लोचन चाहि ॥ २५ ॥
देखौ री हरि भोजन खात ।
सहस भुजा धरि उत जेंवत हैं
इतिहिं कहत गोपिन सों बात ॥
ललिता कहति देखिहौ, राधा,
जो तेरे मन बात समाय ।
धन्य सबै गोकुल के बासी
संग रहत त्रिभुवन के राय ॥
जेंवत देखि नन्द सुख पायो
अति आनँद गोकुलनर नारि ।
सूरदास स्वामी सुख सागर
गुणआगर नागर दै तारि ॥ २६ ॥
यह लीला सब करत कन्हाई ।
उत जेंवत गिरि गोवर्द्धन संग
इत राधा सँग प्रीति लगाई ॥

इत गोपन सों कहत जिंवावहु
उत आपुन जेंवत मन लाई ।
आगे धरे छहो रस व्यंजन
बदरौला को लियो मँगाई ॥
अमर बिमान चढ़े सब देखत
जै धुनि करि सुमननि बरषाई ॥
सूरश्याम सब के सुखदाता
भक्त हेत अवतार सदाई ॥ २७ ॥
गोपन सों यह कहत कन्हाई ।
जो मैं कहत रहत भयो सोई
सपनान्तर की प्रगट बताई ॥
जो मांग्यो चाहौ सो मांगौ
पाओगे जो जो मन आई ।
कहत नन्द सब तुमही दीनो
मांगत हौं हरि की कुशलाई ॥
कर जोरे नँद आगे ठाढ़े
गोवर्द्धन की करत बड़ाई ।
ऐसो देव नाहिं कहुं देख्यो
सहस भुजा धरि खात मिठाई ॥
सदा तुम्हारी सेवा करिहौं
और देव नहिं करौं पुजाई ।
सूरश्याम को नीके राखो
कहति महरि ए हलधर भाई ॥ २८ ॥
श्याम कहत पूजा गिरि मानो ।
जो तुम भाव भगति सो अर्प्यो
देव राजसुर जानी ॥
तुम देखत भोजन सब कीन्हें
अब तुम मोहि पत्याने ।

बड़ो देव गिरिराज गोवर्द्धन
इनहिं रहौ तुम जाने ॥
सेवा भली करी तुम मेरी
देव कही यह बानी।
सूर नन्द मुख चूँबत हरि को
यह पूजा तुम ठानी ॥ २६ ॥
और कछु माँगहु नन्द मन सों।
जो चाहो सो देहुं तुरत ही
कहत सबै गोपन सों ॥
बल मोहन दोऊ सुत तेरे
कुशल सदाये रैहैं।
बाढ़ै सुरभी बच्छ घनेरे
चरि तृण बहुत अथै हैं ॥
इनके कहे करी मेरी पूजा
अब तुम सब घर जाहु ।
भोग प्रसाद लेहु कछु मेरो
गोप सबे मिलि खाहु ॥
सपने में ही कहेउँ श्याम सों
करहु हमारी पूजा।
सुरपति कौन बापुरो मो ते
देव नहीं अरु दूजा ॥
इन्द्र आय बर्षे जो ब्रज पर
तुम जिनि आहु डराई।
सुनहु सूर सुत कान्ह तुम्हारे
कहि के मोंहि सुनाई ॥ ३० ॥
भली करी पूजा तुम मेरी।
बहुत भाव करि भोजन अर्प्यो
यह सब मानि लई मैं तेरी ॥

सहसभुजा धरि भोजन कीन्हों
तुम देखत विद्यमान।
मोहिं जानत यह कुंवर कन्हैया
यहै नहीं कोउ आन॥
पूजा सब की मानि लई मैं
जाहु घरन ब्रजलोग।
सूरश्याम अपने कर लीन्हे
बाँटन जूठो भोग॥ ३१॥
बिनती करत नन्द कर जोरे
पूजा हम कह जाने नाथ।
हम हैं दास आस माया के
दरस दियो मोहिं कियो सनाथ।
महापतित मैं तुम पावन प्रभु
दरसन तुम्हरे पायौं तात।
तुमते देव और नहिं दूजा
कोटि ब्रह्माण्ड रोम प्रति गात।
तुम दाता तुमहीं हो मँगुता
हर्ता कर्ता तुमहीं सार।
सूर कहा हम भोग लगावैं
तुमही लै दीयो संसार॥ ३२॥
यह पूजा मोहिं कान्ह बताई।
भूल्यो फिरत द्वार देवनि के
त्रिभुवनपति तुम को बिसराई॥
आपुहि कृपा करी सपनांतर
श्यामहिं दरस दियो तुम आई।
ऐसे प्रभु कृपाल करुणामय
बालक को अति करी बड़ाई॥
गिरि पायन हरि को लै पारत

हलधर को पायन तर माई।
सूरश्याम बलराम तुम्हारे
इन पर कृपा करो गिरिराई ॥ ३३ ॥
ग्वाल कहत धनि धन्य कन्हैया।
बड़ो देवता प्रकट बतायो
यह कहि कहि सब लेत बलैया ॥
धन्य धन्य गिरि के राजन की
तुम सम और न दूजो।
तुम लायक कछु नाहिं हमारे
को जानै तुमपूजा ॥
गोप सबै मिलि कहत श्याम सों
जो कछु कहेउ सो कीन्हो।
सूरश्याम कहि कहि यह बानी
देव मानि सुख लीन्हो ॥ ३४ ॥
गोप उपनन्द वृषभान आये।
विनय सब करत गिरिराज सों जोरि कर
गये तन पाप तुव दरस पाये ॥
देव देवी बड़े प्रकट दर्शन दियो,
प्रगट भोजन कियो सबनि देख्यो।
प्रकट बाणी कही गिरिराज तुम सही
और नहिं तिहुं भुवन कहुँ पेख्यो ॥
हँसत हरि मनहिं मन तकत गिरिराज तन
देव परसन भये करो काजै।
सूरप्रभु प्रकट लीला कहीं सबनि सों
चले घर घरनि अपने समाजै ॥ ३५ ॥
देखि थकित गण गँधरब सुर मुनि।
धन्य नन्द को सुकृत पुरातन
धन्य धन्य कहि कहि जय जय धुनि ॥

धनि धनि श्री गोबर्द्धन पर्वत
करत प्रशंसा सुरमुख मुनि पुनि ।
आयुहिं खात कहत हैं गिरि को
यह महिमा देखी न कहुं सुनि ॥
इहै कहति अपने ओकन धनि
ब्रजबासी सब कीन्हे उनि उनि ।
सूरश्याम धनि धनि ब्रज बिहरत
धन्य धन्य सब कहत जु गुनि गुनि ॥ ३६ ॥
चले ब्रज घरनि को नर नारि ।
इन्द्र की पूजा मिटाई
तिलक गिरि को सारि ॥
पुलक अङ्ग न मात उर में
महर महरि समाज ।
अब बड़ो हम देव पायो
गिरि गोबर्द्धनराज ॥
इनहिं ते ब्रज चैन रैहैं
मांगि भोजन खात ।
यहै घेरा चलत ब्रज अन
सबनि मुख यह बात ॥
सबै सदननि आय पहुंचे
करत केलि बिलास ।
सूरप्रभु यह करी लीला ।
इन्द्र रिसि परकास ॥३७॥
ब्रजबासिन मों को बिसरायो ।
भली करी मेरी बलि जो कछु
सो सब लै पर्वतहि चढ़ायो ॥
मो सों गर्ब कियो लघु प्राणी
ना जानिये कहा मन आयो ॥

त्रिदशकोटि अमरन को नायक
आनि बूझि इन मोंहि भुलायो ॥
अब गोपन भूतल नहि राखौं
मेरी बलि मो को न चढ़ायो।
सुनहु सूर मेरे मारत धौं
पर्वत कैसे होत सहायो ॥ ३८ ॥
प्रथमहिं देउं गिरिहि बहाय ।
बज्रघातनि करौं चूरन
देउँ धरनि मिलाय ॥
मेरि इन महिमा न जानी
प्रगट देउं दिखाय ।
जल बरषि ब्रज धोइ डारौं
लोग देउं बहाय ॥
खात खेलत रहे नीके
करि उपाधि बनाय ।
बरषदिन मोहि देत पूजा
दई सोउ मिटाय ॥
कोप करि सुरराज लीन्हे
प्रबल मेघ बुलाय ।
रिस सहित सुरपति कहत पुनि
परौ ब्रज पर धाय ।
सुनहु सूर कहत है मघवा
बेगि परौ भहराय ॥ ३९ ॥
सुनत मेघवर्त साजि सेन आये ।
जलवर्त धारि तब पवनवर्त बज्रवर्त
अगिनवर्त जलद सब संग लाये ॥
घहरात गररात दररात थहरात
तररात भहरात माथ नवाये ।

कौन ऐसो काज हमैं बोले सुरराज
प्रलय के साज हमको बुलाये ॥
बरषदिन संयोग देत मोको भोग
क्षुद्र अति ब्रजलोग गर्व कीन्हों ।
मोहिं दियो बिसराय पूज्यो गिरिवर जाय
पारो बज्र धाय आयसु दीन्हों ॥
कितिक ब्रज के लोग रिसि करत केहि योग
गिरि लियो भोग फल तुरत पै हैं ।
सूर सुरपति सुन्यो बयो जैसे लुन्यौ
प्रभु कहा गुनो गिरि सहित बैहैं ॥ ४० ॥
बिनती सुनहु देव मघवापति ।
कितिक बात गोकुल ब्रजबासी
बार बार रिसि करत जाहि अति ॥
आपुन बैठि देखिये कौतुक
बहुते आयसु दीन्हों ।
छिन में बरषि प्रलय जल पौढ़े
खोज रहे नहिं चीन्हों ॥
महाप्रलय हमरे जल बरषे
गगन रहे भरि छाई ।
अछैवृक्ष बट बच न निरंतर
कहा ब्रज गोकुल गाई ॥
चले मेघ माथे कर धरि के
मन में क्रोध बढ़ायो ।
उमड़त चले इन्द्र के पायक
सूर गगन रहे छायो ॥ ४१ ॥
मेघबल प्रबल ब्रज लोग देखे ।
चकित जहँ तहँ भये निरखि बादर नये
ग्वाल गोपाल डरि गगन पेखे ॥

ऐसे बादर सजल करत अति महाबल
घहरात करि चहल दशों दिश अंधकाल ।
चकित भये नन्द सब महर चकित भये
चकित नर नारि हरि करत ख्याल ॥
घटा घन घोर घहरात अररात गर—
रात दररात ब्रज लोग डरपे ।
तड़ित आघात तररात उतपात सुनि
नारि नर सकुच तन प्राण अरपे ॥
कहा चाहत हौं न भई न कबहुं ओ न
कबहुँ आँगन मौन बिकल डोलै ।
मेटि पूजा इन्द्र नन्दसुत गोबिन्द
सूरप्रभु अनन्द करै कलोलै ॥ ४३ ॥
सैन साजि ब्रज पर चढ़ि धावहिं ।
प्रथम बहाय देहिं गोबर्द्धन
ता पाछे ब्रज खोदि बहावहिं ॥
अहिरनि करी अवज्ञा प्रभु की
सो फल उन को तुरत दिखावहिं ।
इन्द्रहिं पेलि करी गिरिपूजा
सलिल बरषि ब्रजनाम मिटावहिं ॥
बल समेत निशि बासर बरषहु
गोकुल बोरि पताल पठावहिं ।
सूरदास सुरपतिआज्ञा यह
भूतल कतहुं रहन नहिं पावहिं ॥ ४४ ॥
बादर घुमड़ि उमडि आये ब्रज पर बरसन
कारे धूमरे घटा अतिही जल ॥
चपला अति चमचमात ब्रज जन सब डरत गात
टेरत शिशु पिता मात, ब्रज गल बल ॥
गरजत धुनि प्रलय काल गोकुल भयो अंधकाल

चकित भये ग्वाल बाल घहरात नभ करत चहल ।
पूजा मेटी गोपाल इन्द्र करत यह हाल
सूरश्याम राखहु अब गिरवर बल ॥ ४५ ॥
गिरि पर बरषन लागे बादर ।
मेघवर्त्त जलवर्त्त सेन सजि
आय लै लै आदर ॥
सलिल अखंड धार ढूँढ़त है
किये इन्द्रमन सादर ।
मेघ परस्पर यहै कहत हैं
धोइ करौ गिरि खादर ॥
देखि देखि डरपत ब्रजबासी
अतिहि भए मन कादर ।
यहै कहत ब्रज कौन उबारै
सुरपति कियो निरादर ॥
मन मन शोच करत नरनारी
कहा भई रहगादर ।
सूरश्याम देखे गिरि अपने
मेघन कीन्हों दाँदर ॥ ४६ ॥
गये बिललाय ब्रज नरनारि ।
धरत सँतत धाम बासन
नहीं सुरति सम्हारि ॥
पूजि आये गिरि गोवर्द्धन
देत पुरुषनि गारि ।
आपनो कुलदेव सुरपति
धरेउ ताहि बिसारि ॥
दियो फल यह गिरि गोवर्द्धन
लेहु गोद पसारि ।
सूर कौन उबारि लै है

इन्द्र चढ़ेउ प्रचारि ॥ ४७ ॥
ब्रज के लोग फिरत बिललाने ।
गैयन्नि लै बन ग्वाल गये ते
धावत आवत ब्रजहिं पराने ।
कोउ चितवत नभ तन चकित रहि
कोउ गिर परत धरनि अकुलाने ।
कोउ लै रहत ओट वृच्छन की
अंधधुन्ध दिशि विदिशि भुलाने ।
कोउ पहुंचे जैसे तैसे घर
कोउ ढूढ़त गृह नहिं पहिचाने ।
सूरदास गोवर्द्धनपूजा
कीनो करि फल लहेउ बिहाने ॥ ४८ ॥
तरपत नभ डरपत सब लोग ।
सुरपति की पूजा बिसराई
लै दोनो पर्वत को भोग ॥
नंदसुवन यह सुधि उपजाई
कौन देव कहे पर्बत योग ।
सूरदास गिरि बड़ो देवता
प्रगट होंहिं ऐसो संयोग ॥ ४९ ॥
ब्रज नर नारि नन्द यशुमति सों
कहत श्याम ए काज करे ।
कुल देवता हमारो सुरपति
तिनकों सब मिलि मेटि धरे ॥
इन्द्रहिं मेटि गोबर्द्धन थाप्यो
उनकी पूजा कहा सरे ।
सैंतति धरत जहाँ तहँ बासन
लरकनि लै लै गोद करे ॥
को करि लेय सहाय हमारो

प्रलयकाल के मेघ अरे ।
सूरदास सब कहत नारि नर
क्यों सुरपति पूजा बिसरे ॥ ५० ॥
राखि लेहु गोकुल के नायक ।
भीजत ग्वाल गाय गोसुत सब
बिषय बूंद लागत जनु सायक ।
बर्षत मुशलधार सेनापति
महा मेघ मघवा के पायक ।
तुम बिन ऐसो कौन नन्दसुत
यह दुख दुसह मेटिबे लायक ॥
अघमर्दन बकबदनबिदारन
बकीबिनाशन सुरसुखदायक ।
सूरदास तिन को का को डर
जिन के तुम से सदा सहायक ॥ ५१ ॥
सरन राखि ले नन्दताता ।
घटा आई गरजि, युवति गई मन लरजि
बिज्जु चमकति तरजि डरत गाता ॥
और कोउ नहीं तुम त्रिभुवनधनी
जहाँ तहाँ बिकल ह्वै के कही तुमहिं नाता ।
सूरप्रभु सुनि हँसत, प्रीति उर में बसत
इन्द्र को कसत हरि जगतधाता ॥ ५२ ॥
राखि लेहु अब नन्दकिशोर ।
तुम जो इन्द्र की पूजा मेटी
बरषत है अति जोर ॥
ब्रजबासी सब यों चितवत हैं
ज्यों करि चन्द्र चकोर ।
जिनि जिय डरहु नयन जिनि मूँदहुँ
धरिहौं नख की कोर ॥

करि अभिमान इन्द्र चढ़ि आयो
करत घटा घनघोर।
सूरश्याम कहि तुम सब राखे
बूँद न आवै ओर ॥ ५३ ॥
गगन मेघ घहरात थहरात गात।
चपला चमचमात चमकि नभ भहरात
राखि ले क्यों न ब्रज नन्दतात ॥
सुनत करुणा बैन उठे हरि बलपैन
नयन की सैन गिरि तन निहारेउ।
सबनि धीरज दियो उचकि मंदर लियो
कह्यो गिरिराज तुम को उबारेउ ॥
करज के अग्र भुजबाम गिरिवर धरेउ
नाम गिरिधर परेउ भक्त काजे।
सूरप्रभु कहत ब्रजवासिन सों तुम्हें
राखि लियो गिरिराज राजे ॥ ५४ ॥
श्याम लियो गिरिराज उठाय।
घरी घरी हरि कहत सबनि सों
गिरि गोबर्द्धन कियो सहाय ॥
नन्द गोप ग्वालनि के आगे
देव कहेउ यह प्रगट सुनाय।
काहे को व्याकुल भए डोलत
रक्षा करी देवता आय ॥
सत्य बचन गिरि देव कहत हैं
कान्ह मोहि कर ले उचकाय।
सूरदास नारी नर ब्रज के
कहत धन्य तुम कुंवर कन्हाय ॥ ५५ ॥
बाम कर जु टेक्यो ब्रजराज।
गोपी ग्वाल गाय गोसुत को

दुख बिसरेउ सुख करत समाज ॥
आनन्द करत सबै गिरवरतर
दुख डारेउ सबही बिसराय ।
चकित भए देखत यह लीला
परसत सब हरिचरणन धाय ॥
गिरवर टेकि रहे बायें कर
दक्षिण कर लिये सखनि उठाय ।
कान्ह कहत ऐसो गोवर्द्धन
देखो कैसो कियो सहाय ॥
गोप ग्वाल नन्दादिक जहँ लौ
नन्दसुवन लिये निकट बुलाय ।
सूरदास प्रभु कहत सबनि सों
तुमहूँ मिलि टेको गिरि आय ॥ ५६ ॥
नीके धरो नंदनन्दन बलबीर ।
गिरि जिनि परै टरै न खेत
जिनि कौन सहै गो पीर ॥
चहुँ दिशि पवन झकोरत घोरत
मेघ घटा गंभीर ।
बनै बनै बरषत गिरि ऊपर
धार अखंडित नीर ॥
अन्धधुन्ध अम्बर ते गिरि पर
धारत ब्रज के तीर ।
चमकि चमकि चपला चकचौंधति
श्याम कहत मन धीर ॥
कर जोरत कुलदेव मनावत
ब्रज के लोग अहीर ।
पय पकवान बिहानि पूजि हैं
लै दधि मधु घृत छीर ।

गोपी ग्वाल गाय गोसुत सब
रहे सुख सहित शरीर।
सूरश्याम गिरि धरेऊ बाम कर
मेघ भये अति भीर ॥ ५७ ॥
गिरिवर नीके धरो कन्हैया।
देखो रहो टरै जिनि नख ते
भुजा तनक सी भैया ॥
जबहीं गाढ़ परतै ब्रजलोगनि
तब करि लेत सहैया।
जननि यशोदा कर लै चापत
अति श्रम होत कन्हैया ॥
देखत प्रकट धरे गोबर्द्धन
चकित भये नँदरैया।
पिता देखि व्याकुल मनमोहन
तब एक बुद्धि उपैया ॥
आवहु तात गहौ गोबर्द्धन
गोपन संग लेवैया।
जहां तहाँ सबहिन गिरि टेक्यो
कान्हहि बोल दिवैया।
श्याम कहत सब नंद गोप सौं
भले लयो उचकैया।
सूरदास प्रभु अन्तर्य्यामी
नन्दहि हरष बढ़ैया ॥ ५८ ॥
गिरिधर धरो सखा सब कर ते।
भैया ग्वाल लकुटियनि टेकौ
अपने भुजन के बर ते ॥
सात दिवस मूशल जलधारा
बरषत है निशिदिन अंबर ते।

अंतरिक्ष जल जात कहां यक
क्रोध सहित फिर बरषत झरते ॥
गाय गोप नन्दादिक राख्यो
वृथा बूंद सब नेक न थरते ।
सूर गोपाल राखि गिरिवर तर
गोकुल ब्रज नारी नर घर ते ॥ ५८ ॥
बर्षत मेघवर्त्त धरणी पर ।
मूशलधार सलिल बर्षत हैं
बूँद न आवत भू पर ॥
चपला चमकि चमकि चकचौंधत
करति शब्द आघात ।
अन्धाधुन्ध पवनवर्त्तत घन
करत फिरत उत्पात ॥
निशि सम भयो गगन अच्छादित
बरषि बरषि झर इन्द्र ।
ब्रजबासी सुख चैन करत कर
गिरिवर धरि गोविन्द ॥
मेघ बरषि जल सबै बुढ़ाने
विवि गुन गये सिराय ।
वैसइ गिरि वैसइ ब्रजबासी
दूनों हरष बढ़ाय ॥
सात दिवस जल बरषि निशा दिन
ब्रज घर घर आनन्द ।
सूरदास ब्रज राखि लियो हरि
गिरिवर कर नँदनन्द ॥ ६० ॥
बरषि बरषि घन ब्रज तन हेरत ।
मेघवर्त्त अपनी सेना को
खोजत हैं फिरि टेरत ॥

कहा बरषि अब लौं तुम कीने
राखत जलहिं छिपाय।
मूशलधार बरषि ब्रज पाँड़ौ
सात दिवस भये आय॥
रिसि करि करि गरजत नभ तरपत
चाहत ब्रजहिं बहाय।
सूरश्याम गिरि गोवर्द्धन धरि
ब्रज जन को सुखदाय॥ ६१॥
बरषि बरषि सब हारे बादर।
ब्रज के लोगनि धोय बहावहु
इन्द्र हमहिं करि आदर॥
कहा जाय कहैं प्रभु आगे
करि हैं बहुत निरादर।
हम बर्षत बर्षत जल सोखत
ब्रजबासी सब सादर॥
पुनि रिसि करत प्रलय जल बर्षत
कहत भये सब कादर।
सूर गाय गोसुत सब राख्यो।
गिरिवरधर ब्रजनागर॥ ६२॥
कहा होत जलमह प्रलयन को।
राख्यो सैंति सैंति जेहि कारज
बचत नहीं बहुतन को॥
भुव पर एक बूँद नहिं पहुंच्यो
निझरि गये सब मेह।
बासर सात अखंडित धारा
वर्षत हारे देह॥
बरुन भयो बिनु नीर सबनि को
नाम रहेउ है बादर।

सूर चले फिरि अमरराज पै
ब्रज ते भयो निरादर ॥ ६३ ॥
मेघनि हारि मानि मुख फेरेउ ।
नीको घोष बड़ो गोवर्द्धन
जब नीके ब्रज हेरेउ ॥
नीकी गाय बच्छ सब नीके
नीके बाल गोपाल ।
नीको बन वँसीयेमुना
मन मन भये बिहाल ॥
गोकुल ब्रज बृन्दाबन मारग
नेक नहीं जलधार ।
सूरदास प्रभु अगणित महिमा
कहा भयो जलसार ॥ ६४ ॥
मेघन जाय कही पुकारि ।
दीन ह्वै सुरराज आगे
अस्त्र दीन्हें डारि ॥
सात दिन भरि बरषि ब्रज पर
गई नेक न झारि ।
अखंड धारा सलिल निझरेउ
मिटी नहीं लगारि ।
धरणि नेक न बूंद पहुंच्यो
हरष ब्रज नरनारि ।
सूर मेघनि इन्द्र आगे
करी यहै गोहारि ॥ ६५ ॥
तुम बर्षत ब्रज कुशल परेउ ।
तुम वर्षत जल महाप्रलय को
यह कहि मन मन शोच करेउ ॥
एक घरी जाके बर्षे ते

गगन आच्छादित होय ।
ते मघवा बिह्वल मो आगे
बात कहत हैं रोय ॥
सात दिवस भरि बरषि सिराने
तातें भयो निरास ।
सूरदास सुरपति शंकित भये
सुरनि बुलाये पास ॥ ६६ ॥
अमरराज सब अमर बुलाये ।
आज्ञा सुनत सकल घर घर ते
आय गये कछु बिलँब न लाये ॥
कौन काज सुरराज हँकारे
हमको आयसु होय ।
देखहु मेघवर्त्तकनिकी गति
ब्रज ते आये रोय ॥
गोवर्द्धन की करी पुजाई
मोहिं डारेउ बिसराय ।
मेघवर्त्तजलवर्त्त पठाये
आवो ब्रजहिं बहाय ।
धार अखंडित बर्षि सात दिन
ब्रज पहुँच्यो नहिं बुन्द ।
सुरन कही गोकुल प्रगटे हैं
पूरणब्रह्म मुकुन्द ॥
मो सों क्यों न कही तुम तबहीं
गोकुल हैं ब्रजराज ।
सूरदास प्रभु कृपा करहिंगे
शरण चलौ दिघराज ॥ ६७ ॥
शरणैं गए जो होय सु हीय ।
वे कर्ता वेई हैं हर्ता

अब न रहौं मुख गोय ॥
ब्रजअवतार कहेउ हो श्रीमुख
तेई करत विहार ।
पूरणब्रह्म सनातन पैंही
मैं भूल्यो संसार ॥
उनके आगे चाहूं पूजा
ज्यों मणिदीप प्रकाश ।
रवि आगे खद्योत उजारी
चन्दन संग कुवास ॥
कोटि इन्द्र छिनही में राचै
छिन में करै बिनास ।
सूर रच्यो उनहीं को सुरपति
मैं भूल्यों तिहि आस ॥ ६८ ॥
प्रकट भये ब्रज त्रिभुवनराई ।
युग गुण बीति त्रिगुण बुधि व्यापी
शरण चल्यो सुरपति अकुलाई ॥
स्वपने को धन जागि परे ज्यों
त्यों जानी अपनी ठकुराई ।
कहत चल्यो यह कहा कियो मैं
जगत पिता सों करी ढिठाई ॥
शिव बिरंचि रवि चन्द्र वरुण यम
लियो अमर सब संग लगाई ।
बार बार शिर धुनत जात मग
कैहों कहा वदन दिखराई ॥
वे हैं परम कृपाल महाप्रभु
रैहों शीश चरण पर नाई ।
सूरदास प्रभु पितु माता, मैं
ओछी बुद्धि करी लरिकाई ॥ ६९ ॥

सुरगण सहित इन्द्र ब्रज आवत ।
धौल बरण ऐरावत देख्यो
उतरि गगन से धरणि धसावत ॥
अमरा शिव रवि शशि चतुरानन
हय गय बसह हंस मृग यावत ।
धर्म्म राज धनराज अनल दिव
शारद नारद शिवसुत भावत ।
मेढ़ा मढो मगर गुडरारौ
मोर आषु भनबाह गनावत ।
ब्रजके लोग देखि डरपे मन
हरि आगे कहि कहिजु सुनावत ॥
सात धोस जल बरषि बुढ़ानो
आवत चल्यो ब्रजहि आआवत ।
घेरा करत जहाँ तँह ठाढ़े
ब्रज बासिन को नहीं बचावत ॥
दूरिहि ते बाहन ते उतरेउ
देवन सहित चले सिर नावत ।
आय परेउ चरणनि तर आतुर
सूरदास प्रभु शीश उठावत ॥ ७० ॥
सुरपति चरण परो गहि धाय ।
युग गुण छोड़ि शेष गुण जान्यौ,
आयो शरण राखि शरणाय ॥
तुम बिसरेउ तुमरी ही माया
मो तुम बिन नहिँ और सहाय ।
शरण शरण पुनि पुनि कहि कहि
मोहि राखु त्रिभुवनपति राय ॥
मोते चूक परी बिनु जाने
मैं कीन्हो अपराध बनाय ।

तुम माता तुमही जग त्राता
तुम भ्राता अपराध छमाय ॥
बालक जननी सों खिझै ज्यों,
माता ताको लेत मनाय ।
ऐसेहि मोहिं करौ करुणामय
सूरश्याम ज्यों सुत हित माय ॥ ७१ ॥
व्याकुल देखि इन्द्र को श्रीपति
उभय भुजा भरि लियो उठाय ।
अभै निभै कर माथे दीनों
श्री मुखबचन कहेउ मुसकाय ॥
कहा भयो करि क्रोध चढ़े ब्रज
मैं तुरतहि कर लियो सहाय ।
हमको जानि नहीं तुम कीनीं
बिन जाने यह करी ढिठाय ॥
अब अपने जिय शोच करौ जिनि
यह मेरी दीनी ठकुराय ।
सूरश्याम गिरिधर सब लायक
इन्द्रहिं कहेउ करो सुख जाय ॥ ७२ ॥
सुरगन करत अस्तुति सुखनि ।
दरश तें तन ताप खोये
मिटे अघ के दुखनि ॥
अंग पुलकित रोम गद्गद
कहत बानी मुखनि
बाम भुज गिरि टेक राख्यो
करज लघु के नखनि ॥
प्रेम के बश तुमहिं कीनो
ग्वाल बालक सखनि ।
योगिजन बन तपत जप ते

नाहिं पावत मखनि ॥
धन्य नँद धनि मात यशुमति
चलत जाके रुखनि ।
सूर प्रभु महिमा अगोचर
जात कापै लखनि ॥ ७२ ॥
जै गोविन्द माधव मुकुन्द हरि ।
कृपासिंधु कल्याण कंस अरि ॥
कृपिनपाल केशव कमलापति ।
कृष्ण कमल लोचन अगतिनगति ॥
रामचन्द्र राजीव नयन वर ।
शरणसाधु श्रीपति शारँगधर ॥
बनमाली वावन विट्ठल बल ।
वासुदेव वासोभ्रज भूतल ॥
खरदूषणत्रिशिराशिरखंडन ।
चरणचिन्ह दंडकभुवमंडन ॥
बकीदवन बकबदनविदारन ।
वरुणविषाद नन्दनिस्तारन ॥
ऋषिमखत्रान ताडकातारक ।
वन बसि तातबचन प्रतिपारक ॥
गोकुलपति गिरिधर गुण सागर ।
गोपीरमण रासरतिनागर ॥
रघुपति प्रबल पिनाकविभंजन ।
जनहित जनकसुतामनरंजन ॥
कालीदमन केशिकरपातन ।
अघ अरिष्ट धेनुक अनुघातन ॥
करुणामय कपिकुलहितकारी ।
बालिविरोध कपटमृगहारी ॥
गुप्त गोप-कन्या ब्रजपूरण ।

द्विजनारीदरशन दुखचूरण ॥
रावण कुम्भकरण शिरछेदन ।
तरवर सात एक शर भेदन ॥
शंख चूड़ चाणूर संहारन ।
शक्र कहैं मेरी रक्षाकारन ॥
उत्तर कृपा गीध हितकारी
दरशन दै सेवरी उधारी ॥
जे पद सदा शम्भु हितकारी ।
जे पद परसि सुरसरी गारी ॥
जे पद रमा हृदय नहिं टारी ।
जिन पद ते तिहुं भुवन तियारी ॥
जे पद वृन्दावनहिं बिहारी ।
जे पद पाण्डवग्रह पगुधारी ॥
जिन पद शकटासुर संहारी ।
जे पद अहिफन फन प्रति धारी ॥
जे पद भक्तन के सुखकारी ।
जिन पदरज गौतमतिय तारी ॥
सूरदास सो याचत वे पद ।
करहु कृपा अपने जन पर सद ॥ ७३ ॥
अस्तुति करि सुर घरनि चले ।
यहै कहत सब जात परस्पर
सुकृत हमारे प्रकट फले ॥
शिव विरंचि सुरपति यह भाषत
पूरणब्रह्महिं प्रकट मिले ।
धन्य धन्य यह दिवस आजु को
जात है मारग करत गिले ॥
पहुँचे जाय आपने ओकनि
अमरनारि अति हरष भरे ।

सूरश्याम की लीला सुनि सुनि
अति हित मंगल गान करे ॥ ७४ ॥
देखियत द्वै घन हूँ उनये ।
उत मघवावस भक्तवश्य
इत अति रोषमये ॥
उत सुरचाप कलाप चन्द्र इत,
तड़ित पट्ट पीत नये ।
उत सेनापति बरषत ये इत,
अमृतधार चितये ॥
अति उतंग गिरिराज बिराजत
करज उठाय लए ।
मनों बिम्ब मरकत बिच महानग
चतुर नारि बनये ॥
लुठत शक्र को शीश चरण तर
जुगल करन समये ।
मानहुं कनकपुरीपति को शिर
रघुपति फेरि दिये ॥
भये प्रसन्न सकल सुरपुर के
प्रमुदित फेरि दिये ।
सूरदास गिरिधर करुणामय
इन्द्र थापि पठये ॥ ७५ ॥
देखो माई बादर की बरिआई ।
मदनगोपाल धरो कर गिरिवर
इन्द्र ढीठ भर लाई ॥
जाके राज सदा सुख कीन्हो
ताको सब निबड़ाई ।
सेवक करै स्वामि सो सरबर
इन बातन पति जाई ॥

इन्द्र ढीठ बलि खात हमारी
देखो अँखिलगवाई ।
सूरदास तिन को काको डर
जेहि बन सिंह कन्हाई ॥ ७६ ॥
जहँा तहँा तुम हमहिं उबारो ॥
ग्वाल सखा सब कहत श्याम सों
धनि यशुमति अवतारो ॥
तृणावर्त व्रज पर चढ़ि आयो
लागो देन उड़ाय ।
अति शिशुतामें ताहि सँहारो
गिरो शिला पर आय ॥
फल जमाय बालक संग खेलत
केशी आयो साथ ।
ताहि मारि तुम हमहिं उबारो
ऐसे त्रिभुवननाथ ॥
कागासुर शकटासुर मारो
पय पीवत दनुनारि ।
अघाउदर ते हमहिं बचाये
बकावदन धरि फारि ॥
कालीदह जल अचै गये भरि
तब तुम लियो जिवाय ।
सूरश्याम सुरपति ते राख्यो ॥
देतो सबनि बहाय ॥ ७७ ॥
व्रजयुवती व्रजनर व्रजबासी
कहत श्याम करि कौन करै ।
व्रज मारत व्रजनाथहि आगे
वज्रायुध मन कोप करै ॥
बल समेत बर्ष्यो व्रज ऊपर

बल मोहन की सुधि न करै।
हारि मानि हहरो हरिचरनन
हरषि हरषि अब हेतु करै॥
गरजि गरजि घहराय गुसा करि
गिरि बोरो कहि पयज करै।
सूरश्याम गिरिधर करुणामय
तुम बिन प्रभु को क्षमा करै॥ ७८॥
जब कर ते गिरि धरेउ उतारि।
श्याम कहेउ बहुरो गिरि पूजहु
ब्रजजन इन सब लये उबारि॥
यह सुनतहि मन हरष बढ़ायो
किये पकवान सँवारि।
बहु मिष्ठान बहुत बिधि भोजन
बहु व्यंजन अनुहारि॥
परूसि धरो गोबर्द्धन आगे
जेंवत अति रुचि भारि।
सूरश्याम गिरिधर बर मांगत
रबि सों घोषकुमारि॥ ७९॥
कर तें धरो धरनीधरन।
देखि ब्रजजन थकित ह्वै रहे
रूप रतिपतिहरन॥
लेत बेर न धरत जान्यो
कहत ब्रजनरघरन।
तनु ललित भुज अतिहि कोमल
कियो अति बल करन॥
मोर मुकुट बिशाल लोचन
श्रवण कुंडलरवन।
नव जलद सुरचाप कीछबि

जुगुल कंजनि तरन ॥
बरषि निभरे मेघ पायक
बहुत कीन्हीं अरन ।
सूर सुरपति हारि मान्यो
परो तब हरिचरन ॥ ८० ॥
नोके धरणि धरो गोपाल ।
प्रलयजल घन बरषि
सुरपति चरण परो बेहाल ॥
करत अस्तुति नारि नर
ब्रज नन्द अरु सब बाल ।
जहाँ तहाँ सहाय हम को
होत हैं नँदलाल ॥
जात पूजति डरत मन में
ताहि देख्यो दीन ।
त्रिदशपति जो सुरनिनायक
सो तुमहिं आधीन ॥
सूर प्रभु कर ते गोवर्द्धन
धरणि धरेउ उतारि ।
देखि अति छबि नन्दसुत की
नारि तन मन वारि ॥ ८१ ॥
मेरे मोहन जलप्रवाह क्यों टारेउ ।
मेघवर्त्त जल बरषि सात दिन
नेक न नयन उघारेउ ॥
बूझत मुदित यशोदा जननी
इन्द्र कोप करि हारेउ ।
बार बार यह कहत कान्ह सों
कैसे गिरि नख धारेउ ॥
सुरपति आय परो गहि पायन

ताको शरण उबारेउ।
सूरश्याम जन को सुखदाता
करते धरणि उतारेउ ॥ ८२ ॥
मेरे साँवरे मैं बलि बलि गई प भुजा की।
क्यों गिरि सबल धरेउ कोमल कर
बूझति हौं गति ताकी ॥
इन्द्र कोपि बरष्यो ब्रज ऊपर
यह सब हैं हठमारे।
गोपी ग्वाल कहत "नँदढोटा,
"तैं हम सबनि उबारे ॥"
थारन भरे दूध दधि रोचन
हरषि यशोदा लाई ॥
करि सिर तिलक चरणरज वन्दित
मनो रंक निधि पाई ॥
सब ब्रजनारि चलीं गोकुल ते
मांझ मांझ मुसकानी।
फिरि फिरि दरश करत येही मिस
प्रेमतृषा न बुझानी ॥
सूरदास सुरपति शङ्कित ह्वै
सुरनि लिये संग आयो।
हौं अज्ञान तुम हौ अविनाशी
प्रभु मैं तेरो मरम न पायो ॥८३॥
गिरि कर क्यों राख्यो दिन सात।
अति ही कोमल भुजा तुम्हारी
चापति यशुमति मात ॥
ऊँचो अति विस्तार भार बहु
यह कहि कहि पछितात।
वह अगाध तेरे तनक तनक कर

कैसे राखो तात ॥
मुख चूमति हरि कंठ लगावत
देखि हँसत बल भ्रात ।
यह जननी जोरति है नातो
सूरश्याम की केतिक बात ॥ ८४ ॥
पिता मात इनके नहिं कोई ।
आपुहि कर्ता आपुहि हर्ता
त्रिगुण गये ते रहत हैं जोई ॥
कितिक बार अवतार लियो
ब्रज ऐहैं वैसे वोई ॥
जल थल कीट ब्रह्म के व्यापक
और न इन सर होई ।
वसुधाभार उतारन कारन
आपु रहत तन गोई ॥
सूरश्याम माताहितकारी
भोजन मांगत रोई ॥ ८५ ॥
जननी चापति भुजा श्याम की
ठाढ़े देखि हँसत बलराम ।
चौदह भुवन उदर जाके कहुँ
गिरिवर धरेउ बहुत कर वाम ॥
कोटि ब्रह्माण्ड रोम रोमनि प्रति
तहाँ तहाँ निशिवासर धाम ।
जो आवत सो देखि चकित ह्वै
कहत करे हरि ऐसे काम ॥
नाभिकमल ब्रह्मा प्रकटायो
देखि जनावत जो बिश्राम ।
आवत जात बीचही भटक्यो
दुखित भयो खोजत निज धाम ॥

तिन सों कहत सकल ब्रजबासी
कैसे गिरि राख्यो कर श्याम ।
सूरदास प्रभु जलथलव्यापक
फिरि फिरि जन्म लेत नँदग्राम ॥ ८६ ॥

वृंदावनप्रवेशशोभा

वे मुरली की टेर सुनावत ।
वृंदावन बसि सब बासर निशि
आगम जानि चले ब्रज आवत ॥
सुबल सुदामा अरु श्रीदामा
सखा मध्य मोहन छबि पावत ।
सुरभीगन सब लै आगे करि
कोउ टेरत कोउ बेनु बजावत ॥
केकीपच्छ मुकुट सिर भ्राजत
गौरीराग मिले रस गावत ।
सूरश्याम के ललित बदन पर
गोरज छबि कहुँ चंद छपावत ॥ १ ॥
हरि आवत गाइन के पाछे ।
मोर मुकुट मकराकृतिकुण्डल
नयन बिशाल कमल ते आछे ॥
मुरली अधर धरन सीखत हैं
बनमाला पीतांबर काछे ।
ग्वाल बाल सब बरन बरन के
कोटि मदन की छबि किये पाछे ।
पहुँचे आइ श्याम ब्रजपुर में
घरहि चले मोहन बल आछे ।

सूरदास प्रभु दोउ जननी मिलि
लेति बलाइ बोलि दुख पाछे ॥ २ ॥
आनँद सहित सबै घर आए।
धन्य यशोदा तेरो बारो
हम सब मरत जिवाए ॥
नरबपु धरे देव यह कोऊ
आइ लियो अवतार।
गोकुल ग्वाल गाइ गोसुत के
भई राखनहार ॥
पय पीवत पूतना निपाती
तृणावर्त इहि भाँत।
वृषभासुर बत्सासुर मारयो
राम कृष्ण दोउ भ्रात ॥
जब ते जन्म लयो ब्रज भीतर
तब ते इहैं उपाइ।
सूरश्याम के बल प्रताप ते
बन बन चारत गाइ ॥ ३ ॥
तुम कत गाइ चरावन जात।
पिता तुम्हारो नन्द महर सो
जाके यशुमति सी है मात ॥
खेलत रहो आपने घर में
माखन दधि भावै सब खात।
अमृत बचन कहो मुख अपने
रोम रोम पुलकित सब गात ॥
अब काहू के जाहु कहूं जनि
आवति हैं युवती इतरात।
सूरश्याम मेरे नैनन आगे
काहे कहूं जात हो तात ॥ ४ ॥

मैया हौं न चरैहौं गाइ ।
सिगरे ग्वाल घिरावत मो सों
मेरो पाँइ पिराय ॥
जौ न पत्याहि पूछि बलदाऊ
अपनी सौंह दिवाइ ।
यह सुनि सुनि यशुमति
ग्वालन को गारी देत रिसाय ॥
मैं पठवत अपने लरिका को
आवै मन बहराइ ।
सूरश्याम मेरो अति बालक
मारत ताहि रिगाइ ॥ ५ ॥
अंग अभूषण जननि उतारति ।
दुलरी ग्रीवमाल मोतिन की
केउर लै भुज श्याम निहारति ॥
क्षुद्रावली उतारति कटि ते
सैंति धरति मनहीं मन वारति ।
रोहिणि भोजन करहु चँडाई
बार बार कहि कहि करि आरति ॥
भूखे भये श्याम हलधर ए
यह कहि अंतर प्रेम विचारति ।
सूरदास प्रभु मातु यशोदा
पट लै दुहुँनि अंग रज झारति ॥ ६ ॥
ए दोऊ मेरे गाइचरैया ।
मोल बिसाहि लये मैं तुम कों
तब दोउ रहे नन्हैया ॥
तुम सों टहल करावति निशि दिन
और न टहलकरैया ।
यह सुनि श्याम हँसे कहि दोऊ

झूठहि कहति है मैया ॥
जानि परत नहिं साँच झुठाई
धेनु चरावत रहे रैया।
सूरदास प्रभु कहति यशोदा
मैं चेरी कहि लेति बलैया ॥ ७ ॥
यह कहि जननि दुहुनि उर लावति।
सुतन अंग लै परसि तरनिजल,
बलि बलि गइ कहि कहि अन्हवावति ॥
सरस बसन तनु,पोंछि गई लै
षटरस के जेवनार जेवावति।
शीतल जल कपूर रस राच्यो
झारी कनक लए अँचवावति ॥
भरयो चरू मुख धोइ तुरत ही
पोरे पान बीरो मुख नावति।
सूरश्याम सुख जानि मुदित मन
सेज्या पर संग लै पौढ़ावति ॥ ८ ॥
सोवत नींद आइ गई श्यामहि।
महरि उठी पौढ़ाइ दुहुन को
आपु लगी गृह कामहिं ॥
बरजति है घर के सब लोगनि
हरुये लै लै नामहिं।
गाढ़े बोल न पावत कोऊ
डर मोहन बलरामहिं ॥
शिव सनकादि अंत नहिं पावत
ध्यावत है निशिजामहि।
सूरदास प्रभु आदि सनातन
सो सोवत नँदधामहि ॥ ९ ॥
देखत नंद कान्ह अति सोवत।

भूखे भये आजु बन भीतर
यह कहि कहि मुख जोवत ॥
कह्यो नहीं मानत काहू को
आप हठी दोउ बीर ।
बार बार तनु पौंछत कर सौं
अतिहि प्रेम की पीर
सेज मँगाय लई तहँ अपनी
जहाँ श्याम बलराम ।
सूरदास प्रभु के ढिग सोये
सँग पौढ़ी नंदवाम ॥ १० ॥
जागि उठे तब कुंवर कन्हाई ।
मैया कहां गई मो ढिगते
संग सोवत जान्यो बलभाई ॥
जागे नंद यशोदा जागी
बोलि लिये हरि पास ।
सोवत झिझकि उठ्यो काहे ते
दीपक दियो प्रकास ॥
सपने कूदि पर्यो यमुनादह
काहू दियो गिराइ ॥
सूरश्याम सो कहति यशोदा
जिनि ही लाल डराइ ॥ ११ ॥
मैं बरजो यमुनातट आत ।
सो सुधि रही न्हात की तेरे
जनि डरपो मेरे तात ॥
नंद उठाइ लियो कोरा करि
अपने संग पौढाइ ।
वृन्दावन में फिरत जहाँ तहँ
केहि कारन तू जाइ ॥

अब जनि जैहौ गाइ चरावन।
कहाँ को रहत बलाइ।
सूरश्याम दंपति बिच सोये
नींद गई तब आइ॥ १२॥
सपनो सुनि जननी अकुलानो।
दंपति बात कहत आपुस में
सोवत सारंगपानो॥
या ब्रज को जीवनि या ढोटा
देख्यो कह यह आजु।
गाइ चरावन जान न दीजै
याको है कह काजु॥
गृहसंपति ह्वै तनक ढोटौना
इनहीं लौं सुख भोग।
सूरश्याम बन जात चरावन
हँसी करत सब लोग॥ १३॥
यहि अंतर भिनुसार भयो।
तारागण सब गगन छुपाने
अरुन उदित अँधकार गयो॥
जागी महरि काज गृह लागीं
निशि को सब दुख भूलि गयो।
प्रातस्नान करत यमुना को
नंदहि तुरत उठाय दयो॥
मथनिहारि सब ग्वालि बोलाई
भोर भयो उठि मथोदह्यो।
सूर नंदरानी आपुनहू
मथति मथनी नेति गह्यो॥ १४॥

कालीदमनलीला

कंस बुलाइ दूत एक लीन्हो ।
कालीदह के फूल मंगाये,
पत्र लिखाइ ताहि कर दीन्हो ॥
यह कहियो ब्रज जाइ नंद सों
कंस राज अति काज मँगाये ।
तुरत पठाइ दिये ही बनि है
भली भांति कहि कहि समुझाये ॥
यह अंतरयामी जानो जिय
आपु रहे बन ग्वाल पठाये ।
सूरश्याम ब्रजजनसुखदायक
कंसकाल जिय हरष बढ़ाये ॥ १५ ॥
खेलन चले नंदकुमार ।
दूत आवत जानि ब्रज में
आपु दीन्ह्यो टार ॥
नंद यमुना न्हाइ आए
महरि ठाढ़ी द्वार ।
नृपति दूत पठाइ दीन्ह्यो
चल्यो ब्रज अहँकार ॥
महर पैठत सदन भीतर
छींक बाईं धार ।
सूर नंद कहत महरि सों
आजु कहा बिचार ॥ १६ ॥
यह सुनि कंस मुदित मन कीन्हों ।
दूतहि प्रगटि कही यह बानी
पत्र लिखाइ नंद को दीन्हो ॥
कालीदह के कमल मँगावहु

तुरत देखि यह पाती।
जैसे कालिह कमल ह्यां पहुंचै
तू कहियो यहि भांती ॥
यह सुनि दूत तुरत ही धायो
तब पहुँच्यो ब्रज जाइ।
सूर नंदकर पाती दीन्ही
दूत कह्यौ समुझाइ ॥ १७ ॥
पाती बांचत नंद डेराने।
कालीदह के फूल मँगाए
सुनी सबनि ब्रज लोगघराने ॥
जो मो को नहिं फूल पठावहु
तौ ब्रज करौं उजारी।
महरि गोप उपनंद न राखौं
सबहिन डारौं मारी ॥
पुहुप देहु तौ बनै तुम्हारी
ना तरु गए बिलाइ।
सूरश्याम बल मोहन तेरे
मांगौं उनहिं धराइ ॥ १८ ॥
नंद सुनत मुरझाइ गए।
पाती बाँचो सुनी दूतमुख
यह बानी सुनि चकित भए ॥
बल मोहन खटकत वाके मन
आजु कही यह बात।
कालीदह के फूल कहाँ धौं
को आनै पछितात ॥
और गोप सब नंद बुलाए
कहत सुनौ यह बात।
सुनहु सूर नृप सँग यह आयो

बल मोहन पर घात ॥ १६ ॥
आपु चढ़े ब्रज ऊपर काली ।
कहां निकसि जैये को राखै
नंद कहत बेहाली ॥
मोहिं नहीं जिय को डर नेकहु
दोउ सुत को डर पाऊँ ।
गाउँ तजौं कहुं जाउँ निकसि,
लै इनही काज पराऊँ ।
अब उबार नहिं देखत कतहूँ
शरण राखि को लेइ ।
सूरश्याम को बरजति माता
बाहर जान न देइ ॥ २० ॥
नंदघरनि ब्रज नारि विचारति
ब्रजहि बसत सब जनम सिराने
ऐसे कंस करो नहिं आरति ।
कालीदह के फूल मँगावत
को आनै धौं जाई ।
ब्रजबासी नातरु सब मारौं
बांधौं बल रु कन्हाई ॥
यह कहतहिं दोउ नयन ढराने
नंदघरनि दुख पाई ।
सूर श्याम चितवतमाता मुख
बूझत बात बनाई ॥ २१ ॥
बूझहु जाय तात सों बात ।
मैं बलि जाउँ मुखारविंद की
तुमही काज कंस अकुलात ॥
आये श्याम नन्द पै धाये
जान्यो मात पिता अकुलात ।

अबहीं दूरि करौं दुख इनको
कंसहिं पठै देउं जलजात ॥
मो सों कहो बात बाबा यह
बहुत करत तुम सोच बिचार।
कहा कहों तुमसों मेरे प्यारे
कंस करत कछु तुमसों झार ॥
जब ते जनम भयो हरि तेरो
कितने करवर टरे कन्हाई।
सूरश्याम कुलदेवनि तोको
जहाँ तहाँ करि लिये सहाई ॥ २२ ॥
तुमहि कहत जो करै सहाई।
सो देवता संग ही मेरे
ब्रज ते अनत कहूं नहिं जाई ॥
यह देवता कंस मारैगो
केश धरे धरणी घिसिआई।
यह देवता मनावहु सब मिलि
तुरत कमल जो देइ पठाई ॥
बाबा नंद झखत केहि कारण
यह कहि माया मोह अरुझाई।
सूरदास प्रभु मात पिता को
तुरतहि दुख डार्‌यो बिसराई ॥ २३ ॥
खेलत चले कुँवर कन्हाई।
कहत घोषनिकास, जैये तहाँ खेलें धाई।
गेंद खेलत बहुत बनि है आनो कोई जाइ।
घरहीं गये सखा श्री दामा गेंद तुरतै ल्याइ ॥
अपने करलै श्याम देख्यो अतिहि हरष बढ़ाइ।
सूर के प्रभु सखा लीन्हे करत खेल बनाइ ॥ २४ ॥
खेलत श्याम सखा लिये संग।

इक मागत इक रोकत गेंदहि
इक भागत करि नाना रंग ॥
मारु परस्पर करत आपु में
अति आनंद भये मन माहिं ।
खेलत ही में श्याम सबनि को
यमुनातट को लीन्हे जाहिं ॥
मारि भजत जो जाहि ताहि सो
मारत लेत आपनो दाव ।
सूरश्याम के गुन को जाने
कहत और कछु और उपाव ॥ २५ ॥
लै गए हारि यमुनतट ग्वालनि ।
आपुन जात कमल के काजहि
सखा लिये संग ग्वालिन ॥
जोरी मारि भजत उतही को
जात यमुन के तीर ।
इक धावत पाछे उनहीं के
पावत नाहिं अधीर ।
रोगदि करत तुम खेलत ही में
परी कहा यह बानि ।
सूरश्याम सों कहत ग्वाल सब
तुमहिं भले करि जानि ॥ २६ ॥
श्याम सखा को गेंद चलाई ।
श्रीदामा मुरि अंग बचायो
गेंद परयो कालीदह जाई ॥
धाइ गह्यो तब फेंट श्याम की
देहु न मेरो गेंद मँगाई ।
और सखा जिनि मोको जानो
मोसों जिनि तुम करहु ढिठाई ॥

जानि बूझि तुम गेंद गिरायो
अब दीन्हे ही बनै कन्हाई ।
सूर सखा सब हँसत परस्पर
भलो करी हरि गेंद गिराई ॥ २७ ॥
फेंट छाड़ि देहु मेरो श्रीदामा ।
काहे को तुम रारि बढ़ावत
तनक बात के कामा ॥
मेरो गेंद लेहु ता बदले
बाँह गहत हौ धाइ ।
छोटो बड़ो न जानत काहू
करत बराबरि आइ ॥
हम काहे के तुमहिं बराबरि
बड़े नंद के पूत ।
सूरश्याम दीन्हे ही बनि है
बहुत कहावत धूत ॥ २८ ॥
तो सों कहा धुताई करि हौं ।
जहाँ करी तहँ देखी नाहीं
कहा तोसों में लरिहौं ॥
मुंह सँभारि तू बोलत नाहीं
कहत बराबरि बात ।
पावहुगे आपनो कियो तुम,
अबहीं रिसन कपावत गात ॥
सुनहु श्याम तुमहूँ सरि नाहीं
ऐसे गये बिलाइ ।
हमसो सतर होत सूरजप्रभु
कमल देहु अब जाइ ॥ २९ ॥
हमहीं पर सतरात कन्हाई ।
प्रथमहि कमल कंस को दीजै

डारहु हमहिं मराई ॥
सांच कहौं मैं तुमहिं श्रीदामा
कमलकाज मैं आयौ ।
कहा कंस बपुरो केहि लायक
जाको मोहि डरायो ॥
अघा बका केशी शकटासुर
तृणाशिला पर डारयो ।
बकी कपट करि प्यावन आई
ताको तुरत पछारयो ॥
कालीदहजल छुवत मरे सब
सोइ काली धरि ल्याऊँ ।
सूरदास प्रभु देहधरे को
गुण प्रगटो यहि ठाऊँ ॥ ३० ॥
रिस करि लीन्ही फेंट छुड़ाई ।
सखा सबै देखत हैं ठाढ़े
आपुन चढ़े कदम पर धाई ॥
तारी दै दै हँसत सबै मिलि
श्याम गये तुम भाजि डराई ।
रोवत चले श्रीदामा घर को
यशुमति आगे कहिहौं जाई ॥
सखा सखा कहि श्याम पुकारयो
गेंद आपनो लेहु न आई ।
सूरश्याम पीताम्बर काछे
कूदि परे दह में भहराई ॥ ३१ ॥
हाइ हाइ करि सखनि पुकारयो ।
गेंद काज यह करी श्रीदामा
नंद महर को ढोटा मारयो ॥
यशुमति चली रसोई भीतर

तबहिं ग्वालि इक छींकी ।
ठठकि रही द्वारे पर ठाढ़ी,
बात नहीं कछु नीकी ॥
आइ अजिर निकसी नँदरानी
बहुरो दोष मिटाई ।
मंजारी आगे है निकसी
पुनि फिरि आँगन आई ॥
व्याकुल भई निकसि गई बाहिर
कहँ धौं गयो कन्हाई ॥
बांयें काग दहिनो खर शूकर
व्याकुल घर फिरि आई ॥
खन भीतर खन बाहिर आवति
खन आंगन केहि भांति ।
सूरश्याम को टेरत जननी
नेक नहीं मनशांति ॥ ३२ ॥
देखे नंद चले घर आवत ।
पैठति पौरि छींक भई बायें
रोइ दाहिने धाइ सुनावत ॥
फटकत श्रवन स्वान द्वारे पर
गररी करत लराई ।
माथे पर है काग उडानो
कुसगुन बहुतक पाई ॥
आये नंद घरहि मन मारे
व्याकुल देखो नारी ।
सूर नंद युवती सो बूझत
बिनछवि बदन निहारी ॥ ३३ ॥
नंद घरनि सो बूझत बात ।
बदन झुराय गयो क्यों तेरो

कहाँ गये बल मोहन लाल॥
भीतर चली रसोई कारन
छींक परी तब आँगन आई।
पुनि आगे ह्वै गई मजारी
और बहुत कुसगुन मैं पाई॥
मोहि भये कुसगुन घर पैठत
आजु कहा यह समुझि न जाई।
सूरश्याम गये आजु कहांधौं
बार बार बूझत नँदराई॥ ३४॥
महरि महर मन गये जनाइ।
खन भीतर खन आंगन ठाढ़े
खन बाहर देखत हैं जाइ।
यहि अंतर सब सखा पुकारत
रोवत आये ब्रज को धाइ।
आतुर गये नंदघर ही को
महरि महर सों बात सुनाइ॥
चकित भई दोउ बूझन लागे
कहौ बात हम सब समुझाइ।
सूरश्याम खेलतहिं कदम चढ़ि
कूदि परे कालीद्रह जाइ॥ ३५॥
सपनो परकट कियो कन्हाई।
सोवत ही निशि आज डराने
हमसों यह कहि बात जनाई॥
धरणि परी मुरझाइ यशोदा
नंद गये यमुना तट धाई।
बालक सब नंदहि संग धाये
ब्रजघर जहँ तहँ सोर मचाई॥
त्राहि त्राहि करि नंद पुकारत

देखत ठौर गिरे महराई ।
लोटत धरणि परे जल भीतर
सूरश्याम दुख दियो बुढ़ाई ॥ ३६ ॥
ब्रजबासी यह सुनि सब आये ।
कहां परयो गिरि कुँवर कन्हाई
बालक लै सो ठौर दिखाये ॥
सूनो गोकुल कियो श्याम तुम
यह कहि लोग उठे सब रोइ ।
नंद गिरत सबहिन धरि राख्यो
पोंछत बदन नीर लै धोइ ॥
ब्रजबासी तब कहत नँद सों
मरन भयो सबही को आई ।
सूरश्याम बिनु को बसिहै ब्रज
धृग जीवन तिहुं भुवन कन्हाई ॥ ३७ ॥
महरि पुकारत कुंवर कन्हाई ।
माखन धरयो तिहारेहि कारन
आजु कहां अवसेर लगाई ।
अति कोमल तुम्हरे मुखलायक
तुम जेंवहु मेरे नैन जुड़ाइ ।
धोरीदूध औटि है राख्यो
अपने कर दुहि गये बनाइ ॥
बरजति ग्वारि यशोदा को सब
यह कहि कहि नीके यदुराइ ।
सूरश्याम सुतबिरह मात के
यह बियोग बरन्यो नहिं जाइ ॥ ३८ ॥
माखन खाहु लाल मेरे आई ।
खेलत आजु अबार लगाई ॥
बैठहु आइ संग दोउ भाई ।

तुम अँचहु मैया बलि जाई ॥
सद माखन अति हित मैं राख्यो ।
आजु नहीं नेकहु तैं चाख्यो ॥
प्रातहि ते मैं लियो जगाई ।
दतवनि करि जु गये दोउ भाई ॥
मैं बैठो तुव पंथ निहारौं ।
आवहु तुम पर तनु मनु वारौं ॥
ब्रजयुवती सब सुनि ए बानी ।
रोवत धरनि परी अकुलानी ॥
सोकसिंधु बैठी नँदरानी ।
सुधि बुधि तन की सबै भुलानी ।
सूरश्यान लीला यह कीन्हो
सुख के हेत जननि दुख दीन्हो ॥ ३९ ॥
चौंकि परी तन की सुधि आई ।
आज कहा ब्रज सोर मचायो
तब जान्यो दह गिरो कन्हाई ॥
धुत्र पुत्र कहि कै उठि दौरी
व्याकुल यमुनातीरहि धाई ।
ब्रजबनिता सब संगहि लागीं
आइ गये बल अग्रज भाई ॥
जननी व्याकुल देखि प्रबोधत
"धीरज करि, नीके यदुराई ।
सूरश्याम के नेक नहीं डर
जिनि तू रोवै यशुमति माई" ॥ ४० ॥
ब्रजबासी सब उठे पुकारी ।
जल भीतर कहा करत मुरारी ॥
संकट में तुम करत सहाय ।
अब क्यों नहीं बचावत आय ॥

माता पिता अतिहि दुख पावत
रोइ रोइ सब कृष्ण बुलावत ॥
हलधर कहत सुनहु ब्रजबासी ।
वे अंतर्यामी अबिनासी ॥
सूरदास प्रभु आनंदरासी ।
रमा सहित जल ही के बासी ॥ १४ ॥
अति कोमल तनु धरयो कन्हाई ।
गये तहां जंह कालो सोवत
उरगनारि देखत अकुलाई ॥
कह्यो कौन को बालक है तू
बार बार कहि भाग न जाई ।
छिनकहि में जरि भस्म होयगो
जब देखे उठि जागि जँभाई ॥
उरगनारि को बानी सुनि कै
आप हँसे मन में मुसकाई.
मो को कंस पठायो देखन
तू याको अब देहि जगाई ॥
कहा कंस दिखरावत इनको
एक फूँकि ही में जरि जाई ।
पुनि पुनि कहत सूर के प्रभु को
तू अब काहे न जाइ पराई ॥ ४२ ॥
कहा डर करौं यहि फनिग को बावरी ।
कह्यो मेरो मानि छाँड़ि अपनी बानि
अबहीं परी है जानि टेक सब रावरी ॥
तोहिं को देखि मोहि मया अति ही भई
कौन को सुवन तू कहां आयो ।
मरो वह कंस निबंस वाको होइ
कहां यह कंस तोको पठायो ॥

कंस को मारिहौं धरनि निर्वारिहौं
अमर उद्धारिहौं उरगघरनो ।
सूर प्रभु के बचन सुनत उरगिनि
कह्यो "जाहि अब क्यों न मति भई मरनो" ॥ ४३ ॥
झिरकि कै नारि दै गारि गिरधारि तब
पूँछ पर लात दै अहि जगायो ।
उठ्यो अकुलाय डरपाइ खगराज को,
देखि बालक गर्व अति बढ़ायो ॥
पूछ राखी चापि रसनि काली कांपि
देखि सब साँप औसान भूले ।
पूँछ लीन्हों झटकि धरनि सों गहि पटकि
फूँ कह्यो लटकि करि क्रोध फूले ।
करत फन घात विषजात अतुरात अति
नीर जरि जात नहिं गात परसै
सूर के प्रभु श्याम लोकअभिराम बिन
जानि अहिराज विषज्वाल परसै ॥ ५५ ॥
इनको लै ब्रजलोग दिखाऊँ ।
कमलभार इनहीं पर लादौं
इन को आपु जनाऊँ ॥
मात पिता अति ही दुख पावत
दरशन दै मन हरष कराऊँ ।
कमल पठाइ देउँ नृप राजहि
कालि चढ्यो ब्रज ऊपर धाऊँ ॥
मन मन करत बिचार श्याम यह
अब काली को दाँव दिखाऊँ ।
सूरदास प्रभु की यह बानी
ब्रजवासिन को दुख बिसराऊँ ॥ ४५ ॥
उरगनारि सब कहत परस्पर

देखहु यह बालक की बात।
बिषज्वाला जल जरत यमुन को
याके तन लागत नहिं तात॥
यह कछु यंत्र मंत्र है जानत
अतिही सुन्दर कोमल गात।
यह अहिराज महाबिष ज्वाला
कितने करत सहसफन घात॥
छुवत नहीं तनु याको बिष कहुं
अब लौं बच्यो पुण्य पितु मात।
सूरश्याम सों दाँव बतायो
काली अंग लपेटत जात॥ ४६॥
उरग लियो हरि को लपटाइ।
गर्ब बचन कहि कहि मुख भाषत
मोको नहिं जानत अहिराइ॥
लियो लपेटि चरण ते शिख लौं
अति यहि मोसों करी ढिठाइ।
चांपी पूंछ लुकावत अपनी
युवतिन को नहिं सकत दिखाइ॥
प्रभु अंतर्यामी सब जानत
अब डारौं यह सकुच मिटाइ।
सूरदास प्रभु तनु बिस्तार्‍यो।
काली बिकल भयो तब आइ॥ ४७॥
जबहिं श्याम तन अति बिस्तार्‍यौ।
पट पटात टूटत अँग जान्यो
शरण शरण अहिराज पुकार्‍यो॥
यह बानी सुनतहि करुणामय
तबहिं गये सकुचाई।
यहै बचन सुनि द्रुपदसुतामुख

दीन्हो बसन बढ़ाई ॥
यहै बचन गजराज सुनायो
गरुड़ छांड़ि तहँ धाये ।
यहै बचन सुनि लाखागृह में
पांडव जरत बचाये ॥
यह बानी सहि जात न प्रभु सों
ऐसे परम कृपाल ।
सूरदास प्रभु अंग सिकोरयो
व्याकुल देख्यो व्याल ॥ ४८ ॥
नाथत व्याल बिलंब न कीन्हो ।
पगसों चापि घींच बल तोरयो
फोरि नाक करसों गहि लीन्हो ॥
कूदि चढ़े ताके माथे पर
काली करत बिचार ।
अवनन सुनी रही यह बानी
ब्रज ह्वै है अवतार ॥
तेइ अवतरे आइ गोकुल में
मैं जानी यह बात ।
अस्तुति करन लग्यो सहसौ फन
धन्य धन्य जगतात ॥
बार बार कहि शरण पुकारयौ
राखि राखि गोपाल ।
सूरदास प्रभु कहत सकुचि गये
शरण कहत तब व्याल ॥ ४८ ॥
देखि दरश मन हरष भयो ।
पूरण ब्रह्म सनातन तुमहीं
ब्रज कृष्ण अवतार लयौ ॥
श्रीमुख कहयो नहीं जौं लौं तुम

जान ब्रह्मअवतार ।
और कौन जो तुम सों बाधै
सहस फननि की भार ॥
अनजानत अपराध किये बहु
राखि शरण मोहि लेहु ।
सूरदास धनि धनि मेरे फन
चरणकमल जहँ देहु ॥ ५० ॥
अब कीन्हों प्रभु मोहि सनाथ ।
कोटि कोटि कीटहु सम नाहीं
दरशन दिये जगत के नाथ ॥
असरनसरन कहावत हौ तुम
कहत सुनी भक्तनिमुख बात ।
ये अपराध क्षमा सब कीजै
भृग मेरी बुधि कहत डरात ॥
दीन वचन सुनि कालीमुखते
चरण धरे फन फन पर आप ।
सूरश्याम देख्यो अहि व्याकुल
सुख दीनो मेटे भवताप ॥ ५१ ॥
यशुमति टेरति कुंवर कन्हैया ।
आगे देखि कहति बलरामहिं
कहां रह्यो तुम भैया ॥
मेरे भैया आवत अबहीं
तोहिं दिखाऊँ मैया ।
धीरज करहु नेकु तुम देखहु
यह सुनि लेत बलैया ॥
पुनि यह कहति मोहिं परबोधत
धरणि गिरी मुरझैया ॥
सूर बिना सुत भइ अति व्याकुल

मेरो बाल कन्हैया ॥ ५२ ॥

भरोसो कान्ह को है मोहि ।
सुन यशुदा कालो के भय ते
तू जनि व्याकुल होहि ॥
पहिले पूतना कपट के आई
अस्तन पर विष थोहि ।
यह वैसी ह्वै दिन के बालक
मारि दिखायो तोहिं ॥
अघा बका धेनुक तृणावरत
केसी को बल जोहि ।
सात दिवस गोवर्द्धन राख्यो
इंद्र गयो दपु छोहि ॥
सुनि सुनि कथा नंदनंदन की
मन आयो अवरोहि ।
सूरदास प्रभु जो कहिये कछु
सो आवै अब सोहि ॥ ५३ ॥

यमुना तोहि बहो क्यों भावै ।
तो में कृष्ण हेलुवा खेले
सो सुरतो नहिं आवै ॥
तेरे नीर शुची अब लों है
खारपनार कहावै ॥
हरिवियोग कोउ पाँउ न दै है
को तट बेणु बजावै ॥
भरि भाद्रौं जो राति अष्टमी
सो दिन क्यों न जनावै ।
सूरदास के ऐसे ठाकुर
कमलफूल लै आवै ॥ ५४ ॥

ब्रजबासी सब भये बिहाल ।

कान्ह कान्ह कहि कहि टेरत हैं
ब्याकुल गोपी ग्वाल ॥
अब को बसै आइ ब्रज हरि बिनु
धृग जीवन नर नारी ।
तुम बिन यह गति भई सबनि की
कहां गये बनवारी ॥
प्रातहि ते जल भीतर पैठे
होन लग्यो युग याम ।
कमल लिये सूरजप्रभु आवत
सब सों कहि बलराम ॥ ५५॥
आवत उरग नाथे श्याम ।
नँद यशोदा गोप गोपिनि
कहत हैं बलराम ॥
मोर मुकुट विशाल लोचन
श्रवन कुंडल लोल ।
कटि पीतांबर वेष नटवर
निर्त फन अति डोल ॥
देव दिवि दुंदुभि बजावत
सुमन सब बरषाइ ।
सूर श्याम बिलोकि ब्रजजन ।
मात पित सुख पाइ ॥ ५६ ॥
मात पिता मन हरष बढ़ायो ।
मोर मुकुट पीतांबर काछे
देख्यो अतिहि निकट अब आयो ॥
देव दुंदुभी बजावत गावत ,
फन पर निर्तत श्याम ।
ब्रजबासी सब मरत जिवाये
हरषि उठीं सब बाम ॥

सोकसिंधु बहि गयो तुरत ही
सुख को सिंधु बढायो ।
सूरदास प्रभु कंसनिकंदन
कमल उरग पर ल्यायो ॥ ५७ ॥
फन फन प्रति निर्तत नंदनंदन ।
जल भीतर युग याम रहे कहुँ
मिट्यो नहीं तनु चंदन ॥
बहै काछनी कटि पीतांबर
शीश मुकुट अति सोहत ।
मनो गिरि ऊपर मोर अनंदित
देखत व्रज जन मोहत ॥
थाके अमर अमरललना सँग
जय जय ध्वनि तिहुँ लोक ।
सूरश्याम काली पर निर्तत
आवत व्रज की वोक ॥ ५८ ॥
गोपालराय निर्तत फन प्रति ऐसे ।
मनो गिरिवर पर बादर देखत
मोर अनंदत जैसे ॥
डोलत मुकुट सीस पर हरि के
कुंडल मंडित गंड ।
पीत बसन दामिनि तनु घन पर
ता पर सुरकोदंड ॥
उरगनारि आगे सब ठाढ़ीं
मुख मुख अस्तुति गावैं ।
सूरश्याम अपराध क्षमहु अब
हम माँग्यो पति पावैं ॥ ५८ ॥
बहुत कृपा अहि करी गुसाईं ।
इतनी कृपा करी नहिं काहू

जितने लिये राखि शिर मांई ॥
कृपा करी प्रहलाद भक्त
द्रुपदसुतापति राखो ।
ग्रहमुख ते गजराज छुड़ायो
बेद पुराणन भाषी ॥
जो कछु कृपा करी काली को
सो काहू नहिं कीन्हो ।
कोटि ब्रह्मांड रोम प्रति अंगनि ॥
ते पग फन प्रति दीन्हो ॥
धरणि सीस धरि शेष गर्व करि
यहि भर अधिक संभारयो ।
पूरण कृपा करी सूरजप्रभु
पग फन फन प्रति धारयो ॥ ६० ॥
ठाढे देखत हैं ब्रजबासी ।
कर जोरे अहिनारि बिनय करैं
कहत धन्य अविनासी ॥
जे पद कमल रमा उर राजति
परसि सुरसरी आई ।
जो पद कमल शंभु की सम्पति
फन प्रति धरे कन्हाई ॥
जे पद परसि शिला उद्धारी
पांडवगृह फिर आये ।
जे पदकमल भजन महिमा ते
जन प्रहलाद बचाये ॥
जे पद ब्रजयुवतिन सुखदायक
तिहूँ भुवन धारे बावन ।
सूरश्याम ते पद फन फन प्रति
निर्तत अहि कियो पावन ॥ ६१ ॥

ऐसी कृपा करी नहिं काहू ।
खंभ प्रगटि प्रहलाद बचायो
ऐसी कृपा न ताहू ॥
ऐसी कृपा करी नहिं गज को
पायँ पयादे धाये ।
ऐसी कृपा तबहुं नहिं कीन्ही
नृप बंदि ते छुड़ाये ॥
ऐसी कृपा करी नहिं तब तिथ
नगनसमय पति राखी ।
ऐसी कृपा करी नहिं भीष्म
परतिज्ञा सत भाषी ॥
पूरण कृपा नंद यशुमति को
सो पूरण यहि पायो ।
सूरदास प्रभु धन्य कंस
जिन तुम सों कमल मँगायो ॥ ६२ ॥
सुनहु कृपानिधि जैसी कृपा तुम
या काली पै कीन्ही ।
इती बड़ाई कबहुं न कैसो
नहिं काहू को दीन्ही ॥
जिन पद कमल सुकृत जल परस्यो
अजहुं धरे शिवशीश ।
ते पद प्रगट धरे फन फन प्रति
धन्य कृपा जगदीश ॥
एक अंड को भार बहुत है
गर्व धरयो जिय शेष ।
येही भार अधिक सह्यो निज शिर
अमित अंडमय भेष ॥
सुर नर असुर कीट पशु पंछी

सब सेवक प्रभु तेरे ।
सूरश्याम अपराध क्षमहु
अब या अपने जन केरे ॥ ६३ ॥
चरण कमल बंदौ जगदीश,
जे गोधन के संग धाए ।
जे पद्कमल धूरि लपटानो
कर गहि गोपी उर लाए ॥
जे पद कमल युधिष्ठिर पूजे
राजसूइ पै चलि आए ।
जे पद कमल पितामह भीषम
भारत में देखन पाये ॥
जे पद्कमल शंभु चतुरानन
हृदयकमल अंतर राखे ।
जे पद्कमल रमाउरभूषण
श्रुति भागवत मुनिन भाखे ॥
जे पद्कमल लोक पावन त्रय
बलि राजा की पीठ धरे ।
ते पद कमल सूर के स्वामी
कालीफन पर निर्त करे ॥ ६४ ॥
गिरिधर ब्रजधर मुरलीधर ।
धरनीधर पीतांबरधर मुकुटधर
गोपधर उरगधर शंखधर सारँगधर ॥
चक्रधर गदाधर रसधरैं अधर सुधाधर
कंबुकंठधर कौस्तुभमणिधर बनमालाधर ।
धर मोती माला कालीफन प्रति चरणधर,
सूरदास के प्रभु जगतधर
भक्तधर दुष्ट कंस के धर ॥ ६५ ॥
गरुड़ त्रास ते जो ह्यां आयो ।

सौ प्रभु चरणकमल फन फन प्रति
अपने सीस धरायो ॥
धनि ऋषि श्राप दियो खगपति को
ह्यां तब रह्यो छिपाइ ।
प्रभुवाहन डर भाजि बच्यो
अहि नातर लेतो खाइ ॥
यह सुनि कृपा करी नँदनंदन
चरणचिन्ह प्रगटाये ।
सूरदास प्रभु अभय ताहि करि
उरगद्वीप पहुंचाये ॥ ६६ ॥
अति बल करि करि काली हारयो ।
लपट गयो सब अंग अंग प्रति
निर्विष कियो सकल मल झारयो ॥
निर्तत पद पटकत फन फन प्रति
बमत रुधिर नहिं जात सँभारयो ।
अति बलहीन छीन भये तेहि छन
देखियत ही रज्वा सम डारयो ॥
तियबिनती करुणा उपजी जिय
राख्यो श्याम नहीं तेहि मारयो ।
सूरदास प्रभु प्राणदान कियो
पठयो सिंधु यहां ते टारयो ॥ ६७ ॥
जय जय ध्वनि अमरन नभ कीन्हो ।
धन्य धन्य जगदीश गुसांई
अपनो करि अहि लीन्हो ॥
अभय कियो फन चिन्ह चरण धरि
जानि आपनो दास ।
जलते काढ़ि कृपा करि पठयो
मेटि गरुड़ को त्रास ॥

अस्तुति करत अमरगण बहुरे
गये आपने लोक।
सूरश्याम मिलि माता पितु को
दूरि कियो तनुसोक ॥६८॥
लीन्हो जननी कंठ लगाइ।
अंग पुलकित रोम गद् गद्
सुखद आंसु बहाइ॥
मैं तुमहिं बरजति रहौं
हरि यमुनतट जिनि जाइ।
कह्यो मेरो कियो कान्ह नहिं
गये खेलन धाइ॥
कंस कमल मँगाइ पठये।
तात गये डराइ।
मैं कह्यो निशि स्वप्न तोसों
प्रगट भई सो आइ॥
ग्वाल सँग मिलि गेंद खेलत
आये यमुना तीर।
काहू लै मोहिं डारि दीन्ह्यो
कालियाद्रह नीर॥
यह कही तब उरग मो सों
किन पठायो तोहिं।
मैं कही नृप कंस पठयो
कमल कारण मोहिं॥
यह सुनत डरि कमल दीन्हों
लियो पीठ चढ़ाइ।
सूर यह कहि जननि बोधी
देखो तुमही आइ॥ ९०॥
ब्रजबासिन सों कहत कन्हाई।

यमुनातीर आजु सुख कीजै
यह मेरे मन आई ॥
गोपन सुनि अति हर्ष बढ़ायो
सुख पायो नँदराई ।
घर घर ते पकवान मँगाये
ग्वालन दिये पठाई ॥
दधि माखन षटरस के भोजन
तुरतहि ल्याए जाई ।
मात पिता गोपी ग्वालन को
सूरजप्रभु सुखदाई ॥ ७०॥
तुरत कमल अब देहु पठाइ ।
सुनहु तात अब बिलम न कीजै
कंस चढ़ै ब्रज ऊपर आइ ॥
कमल मँगाइ लिये नट ऊपर
कोटि कमल तब दिये पठाइ ।
बहुत बिनय करि पाती पठई
नृप लीजै सब पुहुप गनाइ ॥
तैसी मोको आज्ञा दीजै
बहुत धरे जल मांझ सजाइ ।
सूरदास नृप तुव प्रताप तें
काली आप गयो पहुँचाइ ॥ ७२ ॥
सहस शकट भरि कमल चलाये ।
अपनी सम सरि और गोप जे
तिनको साथ पठाये ॥
और बहुत कांवरि माखन दधि
अहिरन कांधे जोरि ।
बहुतै बिनती मेरी कहियो
और धरे जलजामल* तोरि ॥

* Lotus

नृप के हाथ पत्र यह दीजो
श्याम कमल लै आयो ।
कोटि कमल आपुन नृप मागे
तीनि कोटि है पायो ॥
नृपति हमहिं अपनो करि जानैं
तुम लायक हम नाहीं ।
सूरदास कहियो नृप आगे
तुमहिं छाँड़ि कहँ जाहीं ॥ ७२ ॥
कमल के भार दधिभार माखनभार
लिये सब ग्वार नृपद्वार आये ।
तुरत ही टेरि गनि कोटि शकटनि जोरि
भये ठाढ़े पौरि तब सीस नाये ॥
सुनत वह बात अतुरात औ डरात मन
महल ते निकसि नृप आपु आये ।
देखि दरबार सब ग्वार नहिं कहुंपार
कमल के भार शकटनि सजाये ।
अतिहि चकित भयो ज्ञान हरि हरि लयो
सोच मन में ठयो कहा कीनो ।
गोप सिर ढोरि नृप बोरि करि जोरिकै
पुष्प के काज प्रभु पत्र दीनो ॥
... ... ॥ ७३ ॥...
ग्वालन हरि की बात चलाई ।
यह सुनि कंस गयो अकुलाई ॥
तब मनही मन करत बिचार ।
यह कोउ भलो नहीं अवतार ॥
या सों मेरो नहीं उबार ।
मोहिं मारत मारै परिवार ॥
दैत्य गये ते बहुरि न आये ।

काली ते ये क्यों बचि आये ॥
ताही पर धरि कमल लदाये ॥
सहस शकट भरि ब्याल पठाये ।
एक ब्याल मैं उनहिं बताये ।
कोटि ब्याल मम सदन चलाये ॥
ग्वालन देखि मनहिं रिस कांपै ।
पुनि मन में यह अटकर नापै ॥
आपहि आप नृपति तन त्याग्यो ।
सूर देखि कमलन उठि भाग्यो ॥ ८५ ॥
भीतर लये गोप गुलाय ।
हृदय दुख मुख हलभजी करि
ब्रजहिं दिये पठाय ॥
नंद को सिरोपाव दीन्हो
गोप सब पहिराइ ।
यह कह्यो बलराम श्यामहिं
देखिहौं दोउ भाइ ॥
अतिहि पुरुषारथ करे उन
कमल उनके ही ल्याइ ।
सूरप्रभु को देखिहौं मैं
एक दिवस बुलाइ ॥ ७५ ॥
कमल शकटनि भरे ब्याल मानो ।
श्याम के बचन सुनि मनहि मन रह्यो गुनि
काठ ज्यों गयो घुनि तन भुलानो ॥
भयो बेहाल नँदलाल के ब्याल यह
उरग ते बांचि फिरि ब्रजहि आयो ।
कह्यो दावानलहि देखौं तेरे बलहि
भस्म करि ब्रजहि यह कहि पठायो ॥
चल्यो रिस पाइ अतुराइ तब धाइ के

ब्रजजनन बन सहित मैं जारि आऊं ॥
नृपति के ले पान मन कियो अभिमान
करत अनुमान चहुँ पास धाऊं ।
वृंदावन आदि ब्रज आदि गोकुल आदि
बुन्यादि सहित सब अहिर जारौं ॥
चल्यो मग जात कहि बात इतरात अति
सूरप्रभु सहित संहारि डारौं ॥ ७८ ॥
कमल पहुँचाइ सब गोप आये ।
गये यमुना तीर भई अतिही भीर
देखि नंद तीर तुरतहि बोलाये ॥
दियो सिरपाउ नृप राउ ने महर को
आप पहरावनो सब दिखाये ।
अतिहि सुख पाइ कै लियो शिरनाय कै
हरष नंदराइ कै मन बढ़ाये ।
श्याम बलराम को नाम जब हम लियो
सुनत सुख कियो उन कमल ल्याये ।
सूर नँदसुवन दोऊ इक दिवस देखि हौं
पुहुप लिये सुख पाये इनि बोलाये ॥
यह सुनि नंद बहुत सुख पाये ॥
कमल पठाइ दये नृप लीन्हे ।
देखन को दोउ सुतन बुलाये ॥
सेवा बहुत मानि है लीन्ही
ब्रजनारिन मन हरष बढ़ाये ।
बड़ी बात भइ कमल पठाये
आनहु आपुन जलते ल्याये ॥
आनँद करत यमुनतट ब्रजजन
खेलत खातहि दिवस बिहाये ।
यक सुख श्याम बचे काली ते

यक सुख कंसहि कमल चलाये ॥
हँसत कान्ह बलराम सुनत यह
हमको देखन नृपति मँगाये ।
सूरदासप्रभु मात पिता हित
कमल कोटि दै ब्रजहि बचाये ॥ ७८ ॥

दावानल पान लीला

दावानल ब्रजजन पर धायो ।
गोकुल ब्रज बृंदावन तृण द्रुम
चाहत है चहुँ पास जरायो ।
घेरत आवत दशहुँ दिशाते
अति कीने तनु क्रोध ।
नर नारी सब देखि चकित भए
दवा लायो चहुँ कोध ॥
बहु तौ असुर घात किये आवत
धावत पवनसमाजु ।
सूरदास ब्रज लोग कहत इह
उठ्यो दवा अति आजु ॥ १ ॥
आइ गई दव अतिहि निकटही ।
यह जानत अब ब्रज न बांचि है
कहत सबै चलिये जल तटही ।
करि विचार उठि चलन चहत हैं
जो देखैं चहुँ पास ।
चक्रत भये नर नारि जहाँ तहँ
भरि भरि लेत उसास ॥
झर झरात भहरात लपट अति

देखिअत नहीं उबार ।
देखत सूर अग्नि अधिकानी
नभ लौं पहुँची झार ॥ २ ॥
दशहुँ दिशा ते बरत दवानल
आवत है ब्रजजन पर धायो ।
ज्वाला उठी अकास बराबरि
घात आपने करि सब पायो ॥
बीरा लै आयो सनमुख ते
आदर करि नृप कंस पठायो ।
जारि करौं परलय छण भीतर
ब्रज बपुरो केतिक कहवायो ॥
धरणि अकाश भयो परिपूरण
नेक नहीं कहुँ संधि बचायो ।
सूरश्याम बलरामहिं मारन
गर्व सहित आतुर ह्वै आयो ॥ ३ ॥
ब्रज के लोग उठे अकुलाइ ।
ज्वाला देखि अकास बराबरि
दशहुँ दिशा कहुँ पारु न पाइ ॥
हरहरात बन पात गिरत तरु
धरणी तड़कि तड़ाकि सुनाइ ।
जल बरषत गिरिवर तर बाँचे
अब कैसे गिरि होतु सहाइ ॥
लटकि जात जरि जरि द्रुम बेली,
पटकत बांस कांस कुश ताल ।
उचटत कर अंगार गगन लौं
सूर निरखि ब्रजजन बेहाल ॥ ४ ॥
नंदघरनि यह कहति पुकारै ।
कोउ बरषत कोउ अगिनि जरावत

कहँ परयो है खोज हमारे ॥
तब गिरधर कर धरयो कन्हैया
अब न बाँचि हैं मारत जारे।
जेंवन करन चली जब भीतर
छींक परी तिय आजु सवारे ॥
ताको फल तुरतहि एक पायो
सो उबरयो भये धर्म सहारे।
अब सब को संहार होत है
छींक किये ए काज बिचारे ॥
कैसेहु ए बालक दोउ उबरे
पुनि पुनि सोचति परी सँभारे।
सूर श्याम यह कहत जननि सों
रहि री मां धीरज उर धारे ॥ ५ ॥
भहरात हहरात दावानल आयो।
घेरि चहुं ओर करि सोर अंधेर वन
धरणि आकाश चहुँ पास छायो ॥
बरत वन बाँस थरहरत कुश काँस
जरि उड़त है भाँस अति प्रबल धायो।
झपटि तलपट पटकि फटि चटक
फल फुटत लट लटकि द्रुम नवायो।
अति अगिनि भार अति भार धुंधार करि
उचटि अंगार झंझार छायो।
बरत बन पात भहरात झहरात
अररात तरु महा धरणी गिरायो ॥
भए बेहाल सब ग्वाल ब्रजबाल
तब शरन गोपाल कहि कै पुकारयो।
तृणा केशी शकट बकी बका अघासुर
बाम कर गिरि राखि ज्यों उबारयो ॥

नेक धीरज करौ जियहि कोऊ जिनि डरौ
कहा यह सखौ लोचन मुदायो ।
मुठी भरि लियो सब नाइ मुखही दयो
सूर प्रभु पयो दावा ब्रजजन बचायो ॥ ६ ॥
अब कै राखि लेहु गोपाल ।
दशहुं दिशाते दुसह दवागिनि
उपजी है यहि काल ॥
पटकत बांस कास कुश चटकत
लटकत ताल तमाल ।
उचटत अति अंगार फुटत फर
झपटत लपट कराल ॥
धूम धुंध बाढ़ी धर अंमर
चमकत बिच बिच जाल ।
हरिण वराह मोर चातक पिक
जरत जीव बेहाल ॥
जिनि जिय डरहु नयन मूँदहु सब
हँसि बोले गोपाल ।
सूर अनल सब वदन समानो
अभय करे ब्रजबाल ॥ ७ ॥
दावानल अचै ब्रजजन बचायो ।
धरणि आकाश लौं ज्वालमाला प्रबल,
घेरि चहुं पास ब्रजबास आयो ॥
भये बेहाल सब देखि नंदलाल
तब हँसत ही ख्याल तत्काल कीन्हो ।
सबनि मूँदे नयन नाहि चितये सयन
तृषा ज्यों नीर त्व अचै लीन्हो॥
देखो अब नैन भरि बुझि गई अग्निझरि

चितै नर नारि आनंद भारी।
सूरप्रभु सुख दियो दवानल पी लियो
कहत सब ग्वाल धनि धनि मुरारी॥ ८॥
चकित देखि यह कहि नर नारी।
धरणि अकास बराबरि ज्वाला
झपटत लपट करारी॥
नहिं बरष्यो नहिं छिरक्यो काहू
कहँ धौ गयो बिलाइ।
अति आघात करत बन भीतर
कैसे गयो बुझाइ॥
तृण की आगि बरतही बुझि गई
हँसि हँसि कहत गोपाल।
सुनहु सूर वह करनी कहनी
ऐसे प्रभु के ख्याल॥ ९॥
जाके सदा सहाइ कन्हाई।
ताहि कहो काको डर भाई॥
बन घर जहाँ तहाँ सँग डोलैं।
खेलत खात सबनि सों बोलैं॥
जाको ध्यान न पावैं योगी।
सो ब्रज में माखन को भोगी॥
जाकी माया त्रिभुवन छावै।
सो यशुमति के प्रेम बँधावै॥
मुनिजन जाको ध्यान न पावैं।
ब्रजजन लै लै नाम बुलावैं॥
सूर ताहि सुर अंमर देखैं।
जीवन जन्म ब्रजहि को लेखैं॥ १०॥
ब्रजवनिता सब कहत परस्पर,
नंद महर को सुत बड़ बीर।

देखहु धौं पुरुषारथ इनको
अति कोमल तनु श्यामशरीर ॥
गयो पताल उरग गहि आन्यो
ल्यायो ता पर कमल लदाइ ।
कमल काज नृप ब्रज मारत हौ
कोटि जलज तेहि दिये पठाइ ॥
दावागिनि नभ धरणि बराबरि
दशहूं दिशिते लीन्हो घेरि ।
नयन मुंदाय कहा तेहि कीन्हो
कहूं नहीं जो देखै हेरि ॥
ए उत्पाति मिटत इनही पै
कंस कहा बपुरो है छार ।
सूरश्याम अवतार बड़ो ब्रज
येई हैं करता संसार ॥ ११ ॥
अति सुंदर नँदमहरढोटौना ।
निरखि निरखि ब्रजनारि कहति सब
ये जानत कछु टोना ॥
कपटरूप की त्रिया निपाती
तबहिं रहे अति छौना ।
छार शिला पर पटकि तृणा को
ह्वै आयौ वह पौना ॥
अघा बकासुर तबहिं सँहारयो
प्रथम किये बनगौना ।
सूर प्रगट गिरि धरयो बाम कर
मैं जानति बलि बौना ॥ १२ ॥
दवाते जरत ब्रजजन उबारे ।
पैठि जल गयो तहँ उरग आन्यो नाथि
प्रगट फन फनलि प्रति चरण धारे ॥

देखै मुनिलोक सुरलोक शिवलोक के
नंद यशुमति हेतु बस मुरारी,।
जहाँ तहाँ करत अस्तुति मुखनि देव
नरधन्य शब्द तिहुं जय भुवनधारी ॥
सुख कियो यमुनतट एक बासर रयनि
प्रातही गये गोप नारी।
सूरप्रभु श्याम बलराम नंदधाम
गये मात पित ब्रजजनहि सुखदकारी ॥ १३ ॥
हरि ब्रजजन के दुखबिसराधन ॥
कहा कंस करि कमल मँगाये
कह दावानल दावन।
जब कब गिरे उरग कब नाथ्यो
नहिं जानत ब्रजलोग।
कहां बसे यक रैनि दिवस भरि
कबहिं भयो यह सोग ॥
यह जानत हम ऐसेहि ब्रज में
वैसहि करत बिहार।
सूरश्याम जननी सो मांगत
माखन बारंबार ॥ १४ ॥

मथुरागमनलीला।

अरुण उदय अतिही अक्रूर बुलाए।
आप कहेउ प्रतिहार एक सुनि के सब धाये ॥
सोवत आय जगाय कै कहि बात प्रकासा।
आयसु माथे मानि कै उठि चले उदासा ॥

नृपतिद्वार पर खड़ो देखत शिर नायो।
कहि खवासनसों सैन दै शिर पाग मँगायो॥
अपने कर करि कै दियो सुफलकसुत लीन्हो।
हाथ जोरि कै नृपति को प्रणाम जू कीन्हो॥
मुख अक्रूर हर्षित भयो हिर्दय बिलखानो।
असुरत्रास जिय अति परेउ कहा कहे सयानो॥
तुरतहि रथ पलनाय के अक्रूरहि दीन्हो।
आयसु शिर पर मानि कै आतुर ह्वै लीन्हो॥
बिलंम करहु जिन नेकहु अबहीं ब्रज जाहु।
सबै काज करि आवहु जिन रैन बसाहु॥ १॥
सुनहु देव तुमसों एक बात जनाऊं।
आयसु भयो तुरत लै आवहु
ताते फेरि सुनाऊँ॥
बल मोहन बन जात प्रातही
ओ उनको नहि पाऊँ।
रैहों आज नन्दगृह बसिकै
कालिह प्रात लै आऊँ॥
यह कहि चले नृपति हूँ मान्यो
सुफलकसुत रथ हाँक्यो।
सूरदासप्रभु ध्यान हृदय धरि
गोकुल तन को ताक्यो॥ २॥
सुफलकसुत मन करथ बिचारा।
कंस बिधंश होय हत्यारा॥
नगर मांझ रथ कीन्हो ठाढ़ो।
शोच परेउ मन महँ अति गाढ़ो॥
मंत्र कियो निशि मेरे साथ।
ल्यावन कहेऊ बल।रु ब्रजनाथ॥
गज मुष्टिक चाणूर निहारेऊ।

व्याकुल नीर नैन दोउ ढारेऊ ॥
अति बालक बलराम कन्हाई ।
कहा करौं कछु नाहिं बसाई ॥
कैसे आनि देउँ मैं जाई ।
मो देखत मारैं दोउ भाई ॥
मारैं मोहिं बांधि लै मेलै ।
आगे को रथ नेक न ठेलै ॥
सूरदास प्रभु अन्तर्य्यामी ।
सुफलकसुतमन पूरणकामी ॥ ३ ॥
सुफलकसुत हृदय ध्यान कीन्हो अविनासी ।
हरन करन समरथ सब घट घट के बासी ॥
धन्य धन्य धन्य कंस मोहि जिन पठायो ।
मेरो करि काज मृत्यु आप को बुलायो ॥
यह गुनि रथ हांकि दियो नगर परेउ पाछे ।
कुछ हर्षत कुछ सकुचत चल्यो लागि काछे ॥
बहुरि शोच परेउ दरश दच्छिण मृगमाला ।
हर्ष्यो अक्रूर सूर मिलि हौं गोपाला ॥ ४ ॥
दच्छिण दरश देत मृगमाला ।
अति आनन्द भयो तेहि काला ॥
याही बन मिलिहौं गोपाला ।
श्याम जलद तन अंग रसाला ॥
ता दर्शन ते होउँ निहाला ।
बहु दिन के मेटौ जंजाला ॥
मुखशशि नयनचकोर बिहाला ।
तनु त्रिभंग सुन्दर नँदलाला ॥
विविध सुमन हिरदय शुभ माला ।
सारस* हु ते नैन विशाला ॥

* कमल Lotus

निश्चय भयो कंस को काला ।
सूरज प्रभु त्रिभुवनप्रतिपाला ॥ ५ ॥
दाहिनी हों देखत मृगन की मालहि ।
मनो यह शकुन अबहि ये बन इनि
भुज भरि के भेटौं गोपालहि ॥
निरखि तनु त्रिभंग पुलकित सकल अंग,
अंग धरणिअंकुर जैसे पाय पावसकालहि ॥
परिहौं पायन जाय, भेटिहौं अंकमलाय,
मूल ते जमी ज्यों बेलि, चढ़ति तमालहि ॥
परसि प्रेम आनन्द सींचि कै कामनाकन्द,
करि हैं प्रकट प्रेमप्रबालहि ॥
बचन रचन हास सुखद सुखनिवास,
कंस फल फलित फल अमल रसालहि ॥
स्फुरति सुबाहु शुभ लोचन मन उछाहु,
फलि के सुकृत फल फल तेहि कालहि ॥
निगम कहत नेति शिव न सकत बेति
सूर सुहृदय लगाय लेहौ तादयालहि ॥ ६ ॥
आज जाय देखिहौं ये चरण ।
शीतल सुभग सकलसुखदाता
दुसह दवन दुखहरण ॥
अंकुश कुलिश कमल ध्वज चिन्हित
अरुण कंज के रंग ।
गो चारत बन जात पाइहौं
गोप सखन के संग ॥
जाको ध्यान धरत सुर मुनिजन
शिव बिरंचि सब ईश ।
तेई चरण प्रकट करि परसौं
इन कर अपने शीश ॥

निरखि स्वरूप रहैं नहिं सकिहौं
रथ ते उतरिहौं धाय।
सूरदास प्रभु उभय भुजा भरि
हँसि भेटिहैं उठाय ॥ ७ ॥
जब शिर चरणन धीरहौं आय।
कृपा करि मोहिं टेकि लैहैं
करनि हृदय लगाय ॥
अंग पुलकित बचन गदगद
मनहिं मन सुख पाय।
प्रेमघट उच्छलित ह्वै है
नयनअश्रु बहाय ॥
कुशल बूझत कहि न सकिहौं
बार बार सुनाय।
सूरप्रभु गुण ध्यान अटक्यो
गयो पंथ भुलाय ॥ ८ ॥
वृन्दाबन ग्वालि संग गैयनि हर चारैं।
अपने जन हेत काज बृज को पगु धारैं ॥
जमुना करि पार गाय श्याम देत हेरी।
हलधर संग सखा लये सुरभीगण घेरी ॥
धेनु दुहन सखन कहेउ आपु दुहन लागे।
वृन्दावन गोकुल बिच यमुना के आगे ॥
भक्त हेत श्री गोपाल यह सुख उपजायो।
सूरजप्रभु को दर्शन सुफलकसुत पायो ॥ ६ ॥
सुफलकसुत हरिदर्शन पायो।
रहि न सक्यो रथ पर सुख व्याकुल
भयो वहै मन भायो ॥
भुव पर दौरि निकट हरि आयो
चरणनि चित्त लगायो।

पुलक अंग लोचन जलधारा
श्रीगृह शिर परशायो ॥
कृपासिंधु करि कृपा मिले हँसि
लियो भक्त उर लाय ।
सूरदास यह सुख सोइ जाने
कहौं कहा मैं गाय ॥ १० ॥
हर्षि अक्रूर हरि हृदय लायो ।
मिले तेहि भाव चितवनि चितै प्रेम सों
भगतवछल नाम तो कहायो ।
कुशल पूछत प्रसन वचन अमृत रसन
सुनि पुलकि अंग अँग कीन्हो ।
चितै आनन चारु बुद्धि उर बिस्तार
दनुज अब दलौं यह ज्वाब दीन्हो ॥
भेदही भेद शब्द इन वाणी कही
तुरत बोले हते इहैं वाके ।
सूर भुज फरकि मनमें न उछाह लै
धरणिउद्धार हित बसी ताके ॥ ११ ॥
कंस नृप अक्रूर ब्रज पठाये ।
गये आगे लेन नंद उपनंद मिलि
श्याम बलराम उन हृदय लाये ॥
पकरि स्यन्दन लियो देखि हर्ष्यौ हियो
कहत सब मनहिं मन कहाँ आयो ।
राज के काज को नाम अक्रूर यहि
किधौं कर लेन को नृप पठायो ॥
कुशल तेहि बूझि लै गये निज धाम ब्रज
श्याम बलराम मिलि गये वाको ।
चरण पखराय कै सुभग आसन दियो
बिबिध भोजन हरषि दियो ताको ॥

गयो अक्रूर तहँ तुरत दोउ संग लै
नारि नर लोग ब्रज सबै देखे।
मनो आये संग देखि ऐसे रंग
मनहिं मन परस्पर करन भेखे ॥
सारि जेवनार अँचवनि करि भये शुद्ध
दियो तमोर नन्द हरषि आगे।
सेज बैठारि अक्रूर सों जोरि करि
कृपा कहँ करी तब कहन लागे ॥
श्याम बलराम को कंस बोले नन्द लै
सुतन हम पास बेग आवै।
सूरप्रभु दरश की साध अतिहिं मोंहि
कहेउ समुझाय जनि गहरु लावै ॥ १२ ॥
व्याकुल भए ब्रज के लोग।
श्याम मन नहिं नेक आनत
ब्रह्मपूरण योग ॥
कौन माता पिता को है
कौन है पति नारि।
हँसत दोउ अक्रूर के सँग
नवल नेहि बिसारि ॥
कोउ कहत यह कहाँ आयो
क्रूर याको नाम।
सूरप्रभु लै प्रात जै है
और संग बलराम ॥ १२ ॥
चलन चलन श्याम कहत लेन कोउ आयो।
नन्दभवन भनक सुनी कंस कहि पठायो ॥
ब्रज की नारि गृह बिसारि व्याकुल उठि धाई।
समाचार बूझन को आतुर ह्वै आई ॥
प्रीति जानि हेत मानि बिलखि वदन ठाढ़ीं।

मानहुं वे अति विचित्र चित्र सी लिखि काढ़ीं ।
ऐसी मति ठौर ठौर कहत न बनि आवै ।
सूरश्याम बिछुरे दुख बिरह काहि भावै ॥ १४ ॥
ब्रजबासिन के सर्वस श्याम ।
रे अक्रूर क्रूर बटमारे
जीके जी मोहन बलराम ॥
अपनो लाग लेहु लेखो कहि
जे कछु राजअंश के दाम ।
और महर लै संग सिधारौ
नगर कहा लरिकन को काम ॥
संतत साधु परम उपकारी
सुनियत बड़ो तिहारो नाम ।
सूरदास प्रभु पठै मधुपुरी
को जीवै छण बासर याम ॥ १५ ॥
नहीं कोउ श्याम राखै जाइ ।
सुफलकसुत बैरी भयो मोको
कहति यशोदा माइ ॥
मदन गोपाल बिना घर आंगन
गोकुल काहि सुहाइ ।
गोपी रहीं ठगी सी ठाढ़ी
कहा ठगौरी लाइ ॥
सुन्दर श्याम राम भरि लोचन
बिन देखे दोउ भाइ ।
सूर तिनहिं लै चले मधुपुरी
हिरदय शूल बढ़ाइ ॥ १६ ॥
यशुदा बार बार यह भाखै ।
है कोउ ब्रज हितू हमारो
चलत गोपालै राखै ॥

कहा काज मेरे छगन मगन को
नृप मधुपुरी बुलाये।
सुफलकसुत मेरे प्राण हरण को
कालरूप ह्वै आये॥
बरु यह गोधन कंस लेइ सब
मोंहि बन्दि लै मेलै।
इतनो मांगति कमलनैन मेरी
अँखियन आगे खेलै॥
को कर कमल मथानी गहि है
को दधि माखन खैहै।
बहुरेउ इन्द्र बर्षिहैं ब्रज पर
कौन मेरु कर लैहै।
बासर रैनि बिलोके जीऊँ
संग लागि हिलराऊँ।
हरि बिछुरत असु रहैं कर्म बश
तौ केहि कंठ लगाऊँ॥
टेरि टेरि धर परति यशोदा
अधर बदन बिलखानी।
सूर सुदशा कहाँ लगि बरणौं
दुखित नन्द की रानी॥ १७॥
सुफलकसुत के संगते हरि होत न न्यारे।
बार बार जननी कहै मोंहि तजै न बुलारे॥
कहा ठगौरी यह करी मेरे बालक मोहेउ।
हाहा करि करि मरति हौं मो तन नहिं जोहेउ॥
नन्द कहेउ परमोधि के सँग मैं लैं जैहों।
धनुषयज्ञ दिखराय के तुरतहिं लै ऐहौं॥
घर घर गोपीन सों कहेउ कर भार जोरावहु।
सूर नृपति के द्वार को उठि प्रात चलावहु॥ १८॥

चलनि कहियत हैं हो हरि आज ।
अबहीं गई श्रवण सुनि आई
करत गमन को साज ॥
कोउ एक कंस कपटि करि पठये
कछु सँदेशा दै हाथ ।
सो लै चल्यो हमारो जीवन
सब निधि अपने साथ ॥
अब यह शूल न जात सखी री
सहि रहिए करि लाज ।
धीरज अवधि आस दै सब को
सैन जनाय चले व्रजराज ॥
छाँड़ो जग जीवन की आशा
की छाँड़ो कुलकानि ।
करिये बिनती कमलनयन सों
सूर समय यह जानि ॥ १९ ॥
चलत हरि धृग जु रहे तन प्रान ।
कब वह सुख अब उठो दुसह दुख
उर करि कुलिश समान ॥
चितवत नयन चकोर सुधा बिध
देखहु मुख छबि आन ।
कब वह कंठ श्याम सुन्दर भुज
करति अधर रसपान ॥
जाको जग उपहांस कियो तब
छाड़ेउ सब अभिमान ।
सूर सो निधि बिछुरत हैं हम ते
कठिन है कर्मनिदान ॥ २० ॥
हरि बिछुरत फाट्यो न हियो ।
भयो कठोर बज्रते भारी

रहि कै पापी कहा कियो ॥
घोरि हलाहल सुनि मेरि सजनी
औसर तब न पियो ।
मन सुधि गई सँम्हार न तन की
क्रूर दाव अक्रूर दियो ॥
कछु न सोहाय जबै निधि बिछुरी
भवन काज को नेम लियो ।
निशि दिन रटत सूर बलिहारी
मरिबो यतनि जात जियो ॥ २१ ॥
गोपाल इतनो मोह न धरिये ।
जननी दुखित जानि नँदनंदन
मथुरा गमन न करिये ॥
यह अक्रूर क्रूर भयो हम कहँ
लेन यहाँ लौं आयो ।
तिरछो भयो करमबल पुर को
बिधि संयोग बनायो ॥
चलन जानि आये ब्रजबासी
रही न देह सुधि ज्ञान ।
गोकुल के यह लोग बने हरि
तज्यो बुद्धि अरु ध्यान ॥
फिर चितयो तब अवधि बद्यो हरि
रह्यो प्राणपति आस ।
सूरदास प्रभु को निहारि कै
आईं सब ब्राजबास ॥ २२ ॥
हरि बिन कौन सों कहिये ।
जो अक्रूर बोये हैं तिन के
सोई गुण गुणि रहिये ॥
कासे कहुँ कहा कोउ करि है

नाहक अनल जु दहिये ।
सूरदास प्रभु तुम्हरे दरश को
मगु को जीवत रहिये ॥ २३ ॥
तब न बिचारीं री यह बात ।
चलत न फेंट गह्यो मोहन की
अब कह री पछितात ॥
निरखि निरखि मुख रही मौन ह्वै
चकित भई बिलखात ।
जबै रथ भयो दृष्टि अगोचर
लोचन अति अकुलात ॥
सबै अजान भई वहि औसर
अति ढिग गहि सुत मात ।
सूरदास स्वामी के बिछुरे
कौड़ी भरि न बिकात ॥ २५ ॥
चलन जानि चितवत ब्रजयुवती
मानो लिखी चितेरनि हो ।
जोइ जोई जँह सोइ इक टक ठाढ़ी
फिरति नहीं मन फेरनि हो ।
बिसरी मति गति बचन बिकल चित
श्रवणनि सुनत न टेरनि हो ।
गई यमुनि मिलि एक मीन ज्यों
निवरत नाहिं निबेरनि हो ।
सूरदास आशा अंकुश बश
उलटे प्रभु को हेरनि हो ॥ २६ ॥
मथुरा के द्रुम देखियत न्यारे ।
इतनी दूरि सँदेह मिलन को
सुनियत टेर पुकारे ॥
तुम बिन श्याम मनोहर मूरति

मदनबान हम मारे ।
सूरश्याम बिन भयो गेह बन
गगन गनत निशि तारे ॥ २७ ॥
कहुँ जात देख्यो पिय मेरो ।
जबते हरि मधुबनहिं सिधारे
कबहुँ कियो नहिं फेरो ॥
पथिक न चलत सँदेश न पावत
मग जोहत भइ डेरो ।
एक बार हरि दर्शन दीजै
योगा युगति नहिं हेरो ।
ता बिन कौन करैगो सूरज
युवतिन प्रेमनिबेरो ॥ २८ ॥
उमगि चले दोउ नयन बिशाल ।
सुनि सुनि वे संदेश श्यामघन
सुमिरत ही गोपाल ॥
आनन ते रजनी के अंतर
जलधर शोभित काल ।
मानहुँ युग जल श्री गुण सुमिरत
बाढ़ो शीश सुनाल ॥
लोचनजल भीज्यो गुण सुमिरत
उर मोतिन की माल ।
मानो अवधि इंद्ररस मानव
अमी ओसकन भाल ॥
कीन्ही गोपिन सों अब ऐसी
करि करि उलटी चाल ।
सूरदास यह कपट सँदेसन
क्यों निबहै वह बाल ॥ २९ ॥
मनहु प्रीति अति भई आतुरी ।

अनुज सहित बलराम हमारे
कमलनैन देखो मिलि न जातु री।
अरस परस कछु समुझत नाहीं
या ब्रज कोप भली किवातुरी।
कञ्चन काँच कपूर करघरी
हीरा सम कैसे पोत बिकात री॥
वे दोउ हंस मानसरवर के
झीलर छुद्र मलीन कैसे न्हात री।
सूरश्याम मुक्ताफलभोगी
को रति करति ज्वारिकन पातुरी॥ ३०॥
मोहन नेक नन्द तन हेरो।
राखन हेत तात जननी सों
मन्दनगोपाल लाल मुख फेरो॥
बिछुरन भेंट देहु टेके ह्वै
निरखों घोष जन्म को खेरो।
सब धों सखा बुलाय संग के
अपनी गाय आनि तुम घेरो॥
पाछे चढ़हु बिमान मनोहर
बहुरो।यदुपति होत अबेरो।
गये न प्राण सूर यह सुनि कर
कौन यतन यशुमति बहुतेरो॥ ३१॥
नन्द हरि तुम से कहा कहेउ।
सुनि सुनि निठुर बचन मोहन के
क्योंकर इन्द सहेउ॥
छांड़ि सनेह चले मन्दिर कत
दौरि न चरण गहेउ।
फाटि न गई बज्र की छाती
कत यह शूल सहेउ।

सुरति करति मोहन की बातैं
नयननि नीर बहेउ ।
सुधि न रही अति गलित गात भयो
जनु डसि गयो अहेउ ॥
कृष्ण छांड़ि गोकुल कत आये
चाखन दूध दहेउ ।
तजे न प्राण सूर दरशन लौं
हुतो जन्म निबहेउ ॥३२॥
वह देखो दोउ आवत जन गौर श्याम तन ।
नील पीत पट मानहु मिलि दामिनि घन ॥
लोचन बंक बिशाल कमल दल
चितवत चितै हरत सब के मन ।
कुंडल किरनि दिपत अति कंचन
जटित लालमनि लालमीन तन ॥
चंदन चित्र विचित्र अंग लिखि
कुसुम सुबास दये नँदनंदन ।
बलि बलि जाऊँ चले जेहि मारग
संग उड़ाय लये मधुकरगन ॥
धनि वह भूमि पांव जेहि धारे
जीतहिंगे रिपु आजु रंगरन
सूरदास प्रभु नगर नारि मिलि
लेत बलाइ बारि अंबर तन ॥ ३३ ॥
नन्द महर के ढोटा जिन की
सुनियत भूरि बड़ाई ।
जन्मतही विष कुच लगाय के
आय पूतना हति दुखदाई ॥
सुन्दर श्याम सुदेश पीत पट
भुज चन्दन चरचित कीन्हे ।

नटवर भेष धरे बालक लो
गज हति कर दन्तन लीन्हे ।
लोचन चारु चरण कटि किंकिणि
बनमाला उर सोहै ।
कर कंकण मणि कंठ मनोहर
काम देखि मन मोहै ।
चन्द्र चकोर मेघ चातिक लौं
अवलोकत मन लायो ।
सूरदास संतन हित कारण
श्याम मधुपुरी आयो ॥ ३४ ॥
ये माधव जिनि मधु मारेउ ।
मथुरा जन्म गोकुलहि आयो
नन्द दुलार बहुत सारेउ ॥
केशी तृणावर्त्त अघु बकसुर
हति पूतना विषुहि धारेउ ।
इन्द्र कोपि वर्ष्यो वर मेघन
होति प्रलय ब्रज को टारेउ ॥
कंसराज हठि धनुष रचायो
रंगभूमि अतिरण मारेउ ।
सूरश्याम भये मथुरापति ज्यों
बहुत जन्मते तारेउ ॥ ४५ ॥
मथुरा के लोगन सचुपायो ।
नटवर भेष धरे नँदनंदन
सँग अक्रूर के आयो ॥
प्रथमहि रजक मारि कर अपने
गोप वृन्द पहिरायो ।
तोरि धनुषशाला नटनागर
सब जग खेल खेलायो ॥

रणभुवि मुष्टि चाणूर बली अति
भुज सों तार बजायो।
नगर नारि गारी दै कहहीं
अजगुति युद्ध बनायो॥
बरषहिं सुमन अकास महाधुनि
दुन्दुभि देव बजायो।
चढ़ कर अमर बिमान परम सुख
कौतुक इन्द्र आप आयो॥
कंस मारि सुर राजी करि कै
उग्रसेन शिर नायो।
मात पिता बन्धन ते छोरे
सूर सुयश गायो॥ ३५॥
मथुरा घर घर सुनि यह बात।
रजक धनुष गज मल्लन मारो
तनक से नंद के तात॥
धन्य मात धनि पिता धन्य गृह
धन्य धन्य वह रात।
जबकि लियो अवतार धरणि में
धन्य धनी सो मात॥
हंस के से जोट दोऊ
असुर दियो निपात।
सूर योधा सबै मारै
कहा जानत घात॥ ३७॥
माधव ये भुज कहां दुराये।
जेहि भुज ते आघासुर मारेउ
अरु सब गोकुल ग्वाल बचाये॥
जिन भुज ते प्रहलाद उबारे
हरिनाकुश को उर बिदराये।

जिन भुज ले दाँवरी बँधाये
जिन यमलार्जुन मुक्ति पठाये ॥
जिन भुजते बलि याचक ह्वै के
हरिजू वामन ह्वै के आये ।
जिन भुजते लंका गढ़ ढायो
रावण शीश तबै लै ढाये ॥
आनि विभीषण प्रभु जु निवाज्यो
सुस्थिर राज तिन्हैं दै आये ।
जिन भुजते भारत हठ ठान्यो
कौरव पांडव आनि लराये ॥
जिन भुजते अंडा भरुही को
सकल युद्ध रण माहि बिलाये ।
जिन भुज ते सब देव उधारेउ
मुनि ह्वै निपुन जु आये ॥
जिन भुजते पृथ्वी हलराये
महा शब्द अंक ते जु उठाये ।
जिन भुजते बलि आइ सूर अब
रंगभूमि तृण तोरि लँघाये ॥ ३८ ॥
देखन मंदिर पर जु चढ़ी ।
यदुपति पूरणचन्द्र विलोकति
जनु पुर उदधितरंग बढ़ी ॥
दरशन की प्यासी अति आतुर
निशि वासर गुणग्राम रढ़ी ।
रही न लाज मोहिं मुख चितवत
सबनि सुनाय असीस पढ़ी ॥
रही देह की खेह करम बश
जनु पटघटिका अनल डढ़ी ।
सूरदास प्रभु कृपाविलोकनि

मनहुं विधातैं फेरि मढ़ी ॥ ३६ ॥
खेलत गज संग श्याम राम कुंवर दोऊ ।
क्रोध द्विरद व्याकुल अति इनके रिस नेक नहीं
चकित भये जोधा तहँ देखत सब कोऊ ॥
श्याम झटकि पूँछ लेत हलधर कर शुंडि देत
महल महल नारि चरित देखत यह भारी ।
ऐसे आतुर गोपाल चपल नयन मुख रसाल
लिये वेणु लकुट लाल मनो निर्तकारी ॥
सुरांगना व्याकुल विमान मन मन सब करैं गान
बोलत यह बचन अजहुं मारेउ नहिं हाथी ।
सूरज प्रभु श्याम राम अखिल लोक के विश्राम
पूर पूरणकाम करन नाम लेत साथी ॥ ४० ॥
तब कियो रिस महावत भारी ।
जो नहिं आजु मारि हौं इनको
कंस डारि है मारी ॥
अंकुश राखि कुम्भ पर करष्यो
हलधर कर किलकारी ।
धायो भवनहु ते अति आतुर
धरणी देखत भारी ॥
जब हरि पूंछ गह्यो दक्षिण कर
कंदुक कर शिरधारी ।
पटक्यो भूमि फेर नहिं मटक्यो
महा कुवलया मारी ॥
दुहूँ कर द्विरद दशन यक यक छबि
सो निरखत पुरनारी ।
सूरदास सुरनरसुखदायक
मारो नाग पछारी ॥ ४१ ॥
हँसत हँसत श्याम प्रबल कुवलया सँहारेउ ।

तुरत अंत लये उखारि कन्धनि पर धारेउ ॥
अतिही कोमल अजान नृपति जीय में संकाये ।
तनु बिन ज्यों भये प्राण मल्लनि प्रेमआये ॥
देखत ही शंकित गये काल निरखि भाये ।
कंस आनि घेर लियो दोउ मन मुस्काये ॥
असुर बीर चहुं पास जिनके सब मुख अकाश
मल्ल करत गाशनाश ब्रह्म को बिचारै ।
सबै कहत भिच्छु श्याम सुनत रहे सदा नाम
हार जीत घर ही में कौन काहि मारै ॥
हँसि बोले श्याम राम कहा सुनत रहे नाम
खेलन को हमहिं काम बालक सँग डोले ।
सूर नन्द के कुमार यहै राजसी विचार
कहा कहत बार बार प्रभु ऐसे बोले ॥ ४२ ॥
रंग भूमि आये अति नन्दसुवन बारे ।
निरखत ब्रजनारि नेह उरते न बिसारे ॥
देखो री मुष्टिक चाणूर इन हँकारे ।
कैसे अब बचै नाथ उर्द्धश्वास डारे ॥
रजक धनुष योधा हति दन्त गज उपारे ।
निर्दय यह कंस इनहिं चाहत है मारे ॥
कहाँ मल्ल कहाँ अतिहि कोमलअँगवारे ।
कैसी जननी कठोर कीने जिन न्यारे ॥
बार बार सबै कहत भरि भरि दोउ तारे ।
सूरज प्रभु बल मोहन उरते नहिं टारे ॥ ४३ ॥
नवल नन्दनन्दन रंगभूमि आये ।
संग बलराम अभिराम शशि सूर ज्यों
आपनी आप छबि सों सुहाये ॥
द्वार गजराज लखि पीत पट कटि कसत
मंद मृदु हँसत अति लसत भारी ।

कछु कही परतीत गजहि फिर हेरि कै
पेंच दै छबीली पगिया सँवारी ॥
गर्भ के गिर मनो चलत पाँयन तैसे ही
कुबलया प्रबल रिसिहूँ धायो।
बालकनि बच्छ ज्यों पूँछ धरि खेलिए
तैसे हरि हाथ हाथी गिरायो॥
गहि पटकि पुहुमि पर नेक नहिं मटकियो
दन्त फिर नाल से ऐंचि लीन्हो।
कन्ध धरि चले दोऊ बीर नीके बने
निरखि पुरजन प्राण वारि दीन्हो ॥
शैल से मल्ल सबै धाइ आये शरन
कीड़ भूली गाड़ थरथराने।
कंस के प्राण भयभीत पिंजरा चले
नव विहंगम भरत फरफराने ॥
मधुपुरी की युवती सबै कहति अतिरतिभरी
देख री देख अँग अँग लुनाई।
सुनति श्रवणनि रही देख री तब सही
मधुर मूरति सुरमपति न पाई ॥
निपट स्मर दोउ निरखि छबि देख री
विधि बड़ो क्रूर किधौं हम अभागी।
परमहंस ब्रह्म रिपु रिपुदमन देख
भक्तजनन के आनन्द अनुरागी ॥
अबल सों अबल भये सबल सौं सबल भये
ललित तनु ज्योति अतिही प्रकाशी।
ज्ञान करि ध्यान करि जिन जैसी लई मानि
मात पितु दुख दूरि सूर अविनाशी ॥ ४४ ॥
मथुरा ऐसी आज बनी।
मानों पति को आगम जान्यो

सजे सिंगार धनी ॥
भूषण चित्र विचित्र देखियत
शोभित सुंदर अंगनि ।
मानो कोट कसो कटि किंकिणि
उपवन बसन सुरंगनि ॥
सुनि अति सघन कराल घोष में
पाँयन नूपुर बाजत ।
उर अंचल चंचल अति राजत
धामनि ध्वजा विराजत ॥
ऊँचे अटन नदन्नन की छवि
जनु युवती मगु फूलीं ।
कनक कलश कुच प्रगट देखियत
आनन्द कंचुकि भूलीं ॥
विद्रुम फटिक पानची ऊपर
आलरंध्र की रेख ।
मनहुं तुम्हारे दरशन कारण
नयननि तजी निमेष ॥
अवलोकहु यहि भाँति रमापति
पुरी परम रुचि रूप ।
सूरदास प्रभु कंस मारि के
होहु इहाँ के भूप ॥ ४५ ॥
कुब्जा हरि की दासी आहि ।
जैसे आप भागि गोकुल रहे
तैसे राखी ताहि ॥
रूपरतन दुराय यहि राख्यो
जैसी दीन न काही ।
जैसे छाप अमोल रतन परि
कह जानै जो कर माहीं ॥

वैसहि रही कूबरी दासी
अविनाशी को आहीं ।
सूरदास प्रभु कंस मारि कै
लई आनि तिहि नाहीं ॥ ४६ ॥
अतिहित चंचल जानि लई ।
मन भाँवरि करि अति नागरवर
रस बस मोल लई ॥
परमानन्द साँवरे ऊपर
तन मन बिसरि गई ।
राधा श्याम प्रीति उर अन्तर
सर्बस प्रीति हुई ॥
आवन जान गवन कत कीन्हो
हरि सब भाँति ठई ।
गोपीनाथ प्राण के रस बस
जानी जाय दई ॥
गिरधरलाल रसिक के ऊपर
कुब्जा वारि गई ।
मानत नाहिं लई साँवर को
सकल प्रीति छण माहँ भई ॥
मानिनि मान करत गोपी हमैं
दुख सब भांति बई ।
सूरदास चिन्तामणि चित धरि
अब कित प्रीति गई ।
मेरे मन बच क्रमहि साँवरे
और न मानमई ॥ ४७ ॥
क्रोध गज गजपाल कीन्हो ।
गरजि घुमरात मद भार गगननि श्रवण
पवन ते बेग तिहि समय लीन्हो ॥

चक्रसों भ्रमत चकित भये देखि सब
कहुँ धौं देखिये नन्दढोटा।
चमकि गये बीर सब चकचौंधी लगी
चितै डरपै असुरघटा घोटा॥
लालअंबर धौल बरन बलराम तनु
पीतअंबर श्यामअंग शोभा।
सूर प्रभुचरित पुरनारि देखन महल
महल पर आशीर्बाद देत लोभा॥ ४८॥
कहत हलधर कहेउ मान मेरो।
अखिल ब्रह्माण्ड के नाथ ह्याँ हैं खरे
मारि गज जीव अब लेहुँ तेरो॥
यह सुनत रिस भरो दौरिबे को करो
शुण्ड झटकत पटकि कुक पारो।
घात मन करै लैं डारिहौं दुहुनि पर
दियो गज पेलि आपुन हुँकारो॥
लपक लीन्हो धाय दबकि उर रहे दोउ
भ्रम भयो गजहिं कहां गये वे धौं।
भरो दै दशन धरणी कोट बीर दोउ कहत
अबहीं याहि मारि कै धौं॥
संग दै हांक ठाढे भये श्याम
पाछे ते राम भये आप आगे।
उतहिं वे पुच्छ गहि जाय यह शुण्ड छ्वै
फिरत गज पास बहु हँसन लागे॥
नारि महलनि निरखि सबै अति ही डरीं
नन्द के नन्द दोउ गज खिलावैं।
सूर प्रभु श्याम बलराम देखति असत
बचैं ये कुंवर विधि सों मनावैं॥
भले नन्द के छोहरा रे डर नहीं

कहा जो मल्ल मारे बिचारे ।
बारही बार दे हांक गये कहाँ अब
आपने सब असुरन हँकारे ।
पौरि गाढ़ी करे द्वार बीरन कहे
आय ललकारि इत गारि देवै ।
बहुरि घर जाहुगे धेनु दुहि खाहुगे
जान देहु तुमहिं प्राण लेवै ॥
कोउ न टरे वहां लौंदे आवत कहाँ
पग द्वै धरणि हरी सन्मुखे आयो ।
चकित ह्वै गयो मीच दर्शन भयो,
कहा री मीच यह कहि सुनायो ॥
श्याम बलराम के नाम लै लै कहत
साथ आई लेन तुमहिं.बाजै ।
सूरप्रभु देखि नृप क्रोध कर धरी यह
कटि पीतपट देवराजै ॥ ४६ ॥
देखि नृप तमकि हरि चमक हैं
गेंद मारि लीन्हें गहि बाज जैसे ।
धमकि मारो धाय तमकि हृदय धरो
झमकि गहि केश लै चले घैंसे ॥
ठेलि हलधर दियो झेलि तब हरि लियो
महल के तरे धरणी गिरायो ।
अमर जयधुनि भई धाक त्रिभुवन गई
कंस मारो निदर देवरायो ॥
धन्य बाणी गगन धरणि पाताल लौं
धन्य हो धन्य वसुदेवताता ।
धन्य अवतार लियो सुरन उपकार दै
सूरप्रभु धन्य बलरामभ्राता ॥ ५० ॥
जय जय धुनि तिहुँ लोक भई ।

मारि कंस धरणी तब उधरी
श्रोक श्रोक आनन्दमई ॥
रजक मारि कोदंड बिभंज्यो
खेलत गज कर प्राण लियो ।
मल्ल पछारि तुरत संहारे
सबन मारि सुरलोक दियो ॥
पुर नर नारिन को सुख दीन्हो
जो जैसो फल सोइ लहेउ ।
सूर धन्य यदुबंश उजागर
धन्य धन्य धुनि घुमरि रहेउ ॥ ५१ ॥
तुम मेरी प्रभुता बहुत करी ।
परम गँवार श्रौर पशु पालक
नीच दशाते ऊँच धरी ॥
रोग दोष संताप जन्म के
प्रगटत ही तुम सबै हरी ।
अष्ट महासिधि श्रौर नवै निधि
कर जोरे मेरे द्वार परी ॥
तीन लोक अरु भुवन चतुर्दश
बेद पुराणन शास्त्र धरी ।
सूरदास प्रभु अपने जनको
देत परम सुख घरी घरी ॥ ५२ ॥
जाहु ब्रज कहुं फिरहुँ नन्दराई ।
हमहिं तुमहिं सुत तात को नातो
श्रौर परेउ है आई ॥
तुम कीन्हों प्रतिपाल हमारो
शूल न जिय ते जाई ।
जहाँ जहाँ हम रहैं तुम्हारे
डारहु जिनि बिसराई ॥

जननि यशोदा ग्वाल सखा सब
मिलियहु कंठ लगाई ।
सुदिन साधि सोधिकर देखो
मेरोई गुण गाई ॥
माया मोह मिलन अरु बिछुरन
ऐसे ही दिन जाई ।
सूरदास प्रभु निठुर बचन सुनि
नयनन नीर बहाई ॥ ५३ ॥
फेरि नन्द उत्तर नहिं दीन्हों ।
रोम रोम भरि गये बचन सुनि
मनहुं चित्र लखि कीन्हों ॥
यह तो परम्परा चलि आई
सुख दुख लाभ रु हानि ।
हम पर दया मया करि रहियो
सुत अपनो जिय जानि ॥
को जलपै निरखै काके पल
लागे निरखि बदन शिर नायो ।
दुखःसमूहनिश्चोपरि पुरके
चलत कंठ भरि आयो ॥
अधर पाद भुवमयी कोटि गिरि
जो संग गोकुल पैठो ।
सूरदास अस कथन कुलिशते
अजहुँ रहत तन बैठो ॥ ५४ ॥
नन्द विदा ह्वै घोष सिधारो ।
बिछुरन मिलन रच्यो बिधि ऐसी
यह संकोच निवारो ॥
कहियो जाय यशोदा आगे
नयननीर जिनि डारो ।

सेवा करि जान्यो सुत अपनो
करि प्रतिपाल हमारो ॥
हमहिं तुमहिं कछु अंतर नाहीं
तुम जो ज्ञान विचारो।
सूरदास प्रभु यह बिचारि कै
उह जिनि प्रीत बिसारो ॥ ५५ ॥
गोपालराय हो न चरण तजि जैहों।
तुम्हें छाड़ि मधुबन मेरो मोहन
कहा जाय ब्रज लैहों ॥
उतरु कहा देहौं यशुमति कौ
जब सन्मुख मैं जैहों।
प्रात समय सोवत उठि जननी
काहि कलेऊ देहों ॥
बारह वर्ष दई हम ढीठ्यो
यह प्रताप नहिं जान्यो।
अब तुम प्रकट भये वसुदेवसुत
गरग बचन परमान्यो ॥
कत हम काज महा रिपु मारे
ब्रज आपदनि बिनासी।
डारि न दयो कमलकर ते गिरि
दबि मरते ब्रजवासी ॥
बासर संग सखा सब लीन्हें
टेरिन धेनु चरावहु।
क्यों रहिये यह प्राण दरश बिनु
संध्या समय न आवहु ॥
अब तुम राज करौ कोटिक जुग
मात पिता सुख देहो ।
कबहुं तात मेरे मोहन मुख

सो मोसों कहिहौ ॥
ऊरध श्वास चरण शिथिलाने
नयनन जल भरिताई ।
सूर नन्दबिछुरन की बिपदा
मोपै कही न जाई ॥ ५६ ॥
अपने गोपाल को हौं चेरो ।
जन्म जन्म सुनि सुबल सुदामा
निबहेऊ यह प्रण मेरो ॥
ब्रह्मादिक इन्द्रादि आदि दै
जानत बल सबकेरो ।
एक श्वास की आस चलत उठि
तजि तजि अपनो खेरो ॥
कहा भयो जो देश द्वारका
कीन्हो दूरि बसेरो ।
अपने ही या ब्रज के कारण
करिहैं हरि फिरि फेरो ॥
इहँ उदार हम फिरत साथ ही
तकत असाध अहेरो ।
सूर हिये ते टरत न गोकुल
अंग छुवतही टेरो ॥ ५७ ॥
नीके रहियो यशोदा मैया ।
आवेंगे दिन चार पाँच में
हम हलधर दोउ भैया ॥
बंशी बेणु विषाद देखियो
और अबेर सबेरो ।
लै जिनि जाय चोराय राधिका
कछू खिलौना मेरो ॥
जादिन ते हम तुमते बिछुरे

कोहु न कहै कन्हैया ।
प्रात समय उठि कियो न कलेऊ
सांझि पियो नहिं पैया ॥
कहा कहौं कछु कहत न आवै
यशुमति जेतो दुख पायो ।
अब सुनियत बसुदेव देवकी
कहत हमारो जायो ॥
कहियो जाय नन्दबाबा सों
मंद निठुर मन कीन्हो ।
सूरश्याम पहुँचाय मधुपुरी
बहुरि सँदेश न लीन्हो ॥ ५८ ॥
मेरे कान्ह कमलदललोचन ।
अबकी बेर बहुरि ब्रज आवहु
कहा लगे जिय सोचन ॥
यही लालसा बहुत मेरे जिय
बैठे देखत रहि हौं ।
गाय चरावन जान कुंवर को
कबहुं भूलि न कहिहौं ॥
करत अठान न बरज्यों कबहूं
अरु माखन की चोरी ।
अपने जियत नयन भरि देखौं
हीरा की सी जोरी ॥
एक बेर मिलि जाउ इहां लौं
अनत कहूं के ऊतर ।
चारिहु दिवस आइ सुख दीजै
सूर पहुनई सूतर ॥ ५६ ॥
पथिक इतनी कहियो बात ।
तुम बिन इहाँ कुंवरबर मेरे

होत जिते उतपात ॥
बधे अघासुर टरत न टारे
बालक बनहिं न जात ।
ब्रज पंजरि रुँधि मानो राखे
निकसन को अकुलात ॥
गोपी गाय सकल लघु दीरघ
पीतबरन कृशगात ।
परम अनाथ देखियत तुम बिन
केहि अवलंबिये तात ॥
कान्ह कान्ह के टेरत तब धौं
अब कैसे जिय मानत ।
यह व्यवहार आजु लौं है ब्रज
कपट नाट छल ठानत ॥
दशहूँ दिशिते उदित होत हैं
दावानल के कोट ।
आँखें मूँदि रहत सन्मुख ह्वै
नामकवच दै ओट ।
ये सब दुष्ट गते अरि जोते
भये एक ही पेट ।
सत्वर सूर सहाय करो अब
समुझि पुरातन हेट ॥ ६० ॥
अब नन्द गइयाँ लेहु सम्हार ।
हम तो तुम्हरे आन परगट
गौ चराई दिन चार ॥
दूध दधि सब चोर खायो
तुम जो कियो प्रतिपार ।
सूर के प्रभु चले ब्रज तजि
कपटकागज़ फार ॥ ६१ ॥

नन्द तुम छाँड़े कहाँ कुमार।
कैसे प्रान रहत बिनु देखे
पूंछत गोपि गोपार।
करुणा करत यशोदा मैया
नयन बहे आसार।
चितवत नन्द ठगे से ठाढ़े
ग्रंथ हरे मन हरे जुवार॥
मुरली धुनि ब्रज में नहिं सुनिये
सुरजजन सब करत पुकार।
श्यामसुंदर जा दिन ते बिछुरे
कोउ नहिं झांकै नन्द के द्वार॥ ६२॥
मेरो माय अति प्यारो नँदनन्द।
कहाँ बिसारि नन्द तुम आये
चूकि परी मतिमंद॥
बलि माधव अम्बुज लोचन किये
अति आनँद के कन्द।
सरवर गोप कुमुद कुम्हिलाने
कान्हवदन बिनु चन्द॥
चलहु चरन गहैं वसुदेव के
मेलि पाग गलफंद।
सूरदास प्रभु गोकुल पठवत
तीनिलोकमुनिबंद॥ ६३॥
हरि बिछुरत फाट्यो न हियो।
भयो कठोर वज्र ते भारी
यहां रहे अब कहा कियो॥
घांटि हलाहल सुनि मेरी सजनी
औषधि ही न पियो।
मन बुधि गई सम्हार न तनकी

कूड़ो दाव दियो ॥
अब का करौं कौन विधि मिलिहौं
परबस प्रान लियो ।
निशि दिन रटत सूर के प्रभु बिन
कैसे परत जियो ॥ ६४ ॥
उलटि पग कैसे दीनों नन्द ।
छांड़ो कहाँ उभय सुत मोहन
धृग जीवन मतिमन्द ॥
कै तुम धनजोबन मदमाते
कै तुम छूटे बन्द ।
सुफलकसुत बैरी भयो मो को
लै गयो आनँदकन्द ॥
राम कृष्ण बिन कैसे जीजै
कठिन प्रीति को फन्द ।
सूरदास अब भई अभागिन
तुम बिन गोकुलचन्द ॥ ६५ ॥
सराहियो नन्द तिहारो हियो ।
मोहन सों सुत छांड़ि मधुपुरी
गोकुल आनि जियो ॥
हौं पचि शोच बहुत करि हारी
एकौ नाहिं भयो ।
जीवन प्राण हमारे ब्रज को
बसुदेव छीन लियो ॥
कहा करूँ मेरे ललित लाड़िले
बरजत गवन कियो ।
सूरदास प्रभु श्याम लाल घन
पठय जाय दियो ॥ ६६ ॥
है कोउ इतनो भाँति दिखावै ।

किंकिणि शब्द चलत धुनि रुनु झुनु
ठुमुक ठुमुक गृह आवै ॥
कछुक बिलास बदन की शोभा
अरुण कोटि गति पावै ।
कंचन मुकुट कंठमुक्तावलि
मोरपुच्छ छबि पावै ॥
धूसरि धूरि अंग अँग लीने
ग्वाल बाल सँग लावै ।
सूरदास प्रभु कहति यशोदा
भाग बड़े ते पावै ॥ ६७ ॥
भाव जन बिनु नहीं बिन सुख
कहा प्रमे रु योग ।
काग हंसहिं संग जैसे
कहाँ दुख कहँ भोग ॥
जगत में यहि संग देखौ
बचन प्रति कहे ब्रह्म ।
सूर ब्रज की कथा कासों
कहै यह करि दम्भ ॥ ६८ ॥
कहा सुख ब्रज को सो संसार ।
कहाँ सुखद बंशीवट यमुना
यह मन सदा बिचार ॥
कहँ बन धाम कहाँ राधा संग
कहँ वह ब्रज की बाम ।
कहां लता तरु तरु प्रति बूझत
कुंज कुंज नव धाम ।
कहँ खग मृग वृन्दावन सुन्दर
कहँ बंसीवट ठाम ।
कहाँ बिरह सुख बिन गोपिन संग

सूरश्याम मनकाम ॥ ६९ ॥
यह अद्वैतदरशी रंग ।
सदा मिलि यक साथ बैठत
चलत बोलत संग ॥
बात कहत न बनत यासों
निठुर जोसी जंग ।
प्रेम सुनि बिपरीत भाषत
होत है रसभंग ॥
सदा ब्रज औ ध्यान मेरे
रासरंगतरंग ।
सूर वह रस कहूँ काहू
संग मिलि शुभ रंग ॥ ७० ॥
संग मिलि कहूँ का संग बात ।
यह तो कथत योग की बातें
जा में रस जरि जात ॥
कहत कहा पितु मातु कौन के
पुरुष नारि कहँ नात ।
कहाँ यशोदा सी है मैया
कहाँ नन्द सम तात ॥
कहँ वृषभानुसुता सँग के सुख
वह औसर कहं प्रात ।
सखी सखा सुख नहीं भवन में
नहिं बैकुण्ठ सुहात ॥
यह बातैं कहिये केहि कारन
आगे यह तन हरि पछतात ।
सूरदास प्रभु ब्रजमहिमा कहि
लिखी बढ़त बल भ्रात ॥ ७१ ॥
पाछेहि चितवत मेरे लोचन

आगे परत न पाई ।
मन हर लियो माधुरी मूरति
कहा करौं ब्रज जाई ॥
पवन न भई पताकाअम्बर
भई न रथ को अंग ।
रेणु न भई चरण लपटाती
जाति वहां लौ संग ॥
केहि विधि कर कैसे सजनी करि
कब जु मिलैं गोपाल ।
सूरदास प्रभु पठै मधुपुरी
मुरछि परीं ब्रजबाल ॥ ७२ ॥
चातक न होय कोई विरहिन नारी ।
अब यह पीउ रटत सुरपति के
भुंडन गयन निहारी ॥
अति कृशगात देखि सखि वाको
अहनिशि रटत पुकारी ।
देखहु प्रीति बापुरे पशु की
अनत न मानत हारी ॥
अब पति बिन ऐसी लागत ज्यों
शोषित सरवरवारी ।
तैसे सूर जानि सब गोपी
जो न कृपा करि मिलहिं मुरारी ॥ ७३ ॥
जब ते हरि मधुबनहिं सिधारे
कबहुं कियो न फेरो ।
भये वहांई के मनमोहन
इतही नाहिं चितै रो ॥
बिन देखे कल नाहि परत है
निश दिन लगत उभेरो ।

सूर श्याम कोउ आन मिलावै
आनँद होय घनेरो ॥ ७३ ॥
मो को न हरि बार भई ।
जब ते हरि मधुबनहिं सिधारे
तब ते सुधि न लई ॥
कह कीजै संगति नीचे की
मन अति दुख जु भई ।
चन्दन चीर अग्नि सम लागत
सब ही सूर सई ॥
तेरी गति कोउ नहिं जानत
अब कछु मानमई ।
सूरदास प्रभु दरशन दीजै
नेकु जु मया ठई ॥ ७४ ॥
सखा सुन एक मेरी बात ।
वह लतागृह संग गोपिन
सुधि करत पछितात ॥
विधि लिखी नहीं टरत कैसहु
यह कहत अकुलात ।
हँसि उपँगसुत बचन बोले
कहा हरि पछितात ।
सूरप्रभु यह सुनत मोसों
एकही सों नात ॥ ७५ ॥
जब ऊधो यह बात कही ।
तब यदुपति अति ही सुख पायो
मानी प्रकट सही ॥
श्रीमुख कह्यो जाहु तुम ब्रज ही
मिलौ जाइ ब्रजलोग ।
मो बिन बिरहभरी ब्रजबाला

जाइ सुनावहु योग ॥
प्रेम मिटाइ ज्ञान परमोधहु
तुम हौ पूरण ज्ञानी ।
सूर उपँगसुत मन हरषाने
यह महिमा इन जानी ॥ ७६ ॥
ऊधो यह तुम निश्चय जानो ।
मन क्रम बच मैं तुमहिं पठावत
ब्रज को तुरत पलानो ।
पूरण ब्रह्म अलख अबिनाशी
ताके तुम हो ज्ञाता ।
रेख न रूप जात कुल नाहीं
जाके पितु नहिं माता ॥
इह मति दे गोपिन को आवहु
बिरहनदी में भासति ।
सूर तुरत तुम जाइ कहो इह
ब्रह्म बिना नहिं आसति ॥ ७७ ॥
ऊधो ब्रज को गमन करो ।
हमहिं बिना बिरहिनी गोपिका
तिनके दुखहि हरो ॥
योगज्ञान परमोधि सबनि को
ज्यों सुख पावैं नारि ।
पूरण ब्रह्म अकल परचै करि
मोहिं बिसारौ डारि ॥
सखा प्रबीन हमारे तुम हो
तुम तो नहीं महंत ।
सूरश्याम कारण यह पठवत
ह्वै आवैगो संत ॥ ७८ ॥
तुरत ब्रज जाहु उपँगसुत आजु ।

ज्ञान बुझाइ खबर दै आवहु
एक पंथ द्वै काज ॥
जब ते मधुबन को हम आये
फेरि गयो नहिं कोई ।
युवतिन पै ताही को पठवै
जो तुम लायक होई ॥
एक प्रवीन अरु सखा हमारे
ज्ञानी तुम सरि कौन ।
सोइ कीजै जैसे वे बाला
साधन सीखैं पौन ॥
श्रीमुख श्याम कहत यह बाणी
ऊद्धव सुनत सिहात ।
आयसु मानि सूर प्रभु जैहौं
नारि मानि हैं बात ॥
कहत न बनै संदेशो मो पै
जननि जितो दुख पायो हो ।
अब हमसों बसुदेव देवकी
करत आपनो भायो हो ॥ ७६ ॥
उपँगसुत हाथ दई कर पाती ।
यह कहियो यशुमति मैया सों
नहिं बिसरै दिन राती ॥
कहत कहा बसुदेव देवकी
तुम को हम हैं जायो ।
कंसत्रास शिशु अतिहि जानि कै
ब्रज में जाइ दुरायो ॥
कहैं बनाय कोटि कोइ बातैं
कहि बलराम कन्हाई ।
सूर काज करि के कछु दिन में

बहुरि मिलैंगे आई ॥ ८० ॥
ऊधो इतो जननि सौं मिलियो
अरु कुशलात कहोगे ।
बाबा नन्दहिं पालागन कहि
पुनि पुनि चरण गहोगे ॥
जा दिन ते मधुबन हम आये
सुधि नाहीं तुम लीन्हीं ।
दै दै सौंह करोगे हितकरि
कहा निठुरई कीन्हीं ॥
यह कहियो बलराम श्याम अब
आवेंग दोऊ भाई ।
सूर कर्म की रेख मिटै नहिं
यहै कह्यो यदुराई ॥ ८१ ॥
पाती लिखि ऊधोकर दीन्हीं ।
नन्द यशोदहि हितकरि दीन्हीं
हँसि उपंगसुत लीन्हीं ॥
मुख बचननि कहि हेतु जनायो
तुम हौ हेतु हमारे ।
बाल जानि पठये नृपडरते
तुम प्रतिपालनहारे ॥
कुबजा सुन्यो जात ब्रज ऊधो
महलहिं लियो बुलाई ।
स्वाहथ पाति लिखी राधा को
गोपिन सहित बनाई ॥
मो को तुम अपराध लगावति
कृपा भई बिन आस ।
भकत कहा मो पर ब्रजनारी
सुनहु न सूरजदास ॥ ८२ ॥

यदुपति सखा ऊधो जानि ।
लगे लोग मन यहै सोचन
भली नहि यह बानि ॥
अंस भुज धरि होत ठाढ़े
निठुर जैसो काठ ।
संग यह नहि बनत नीको
होय कैसहु साठ ॥
जौ कहो तो करैं क्यों यह
निन्दिहे अरु मोहि ।
देखिबे को परम सुन्दर
रहत नयनन जोहि ॥
कनक कलश अपान जैसे
तैसोई यह रूप ।
सूर कैसहु प्रेम पावे
तबहिं होय स्वरूप ॥ ८३ ॥
यदुपति जानि उद्धवरीति ।
जेहि प्रगट निज सखा कहियत
करत भाव अनीति ॥
बिरह दुख सुख जहाँ नाही
तहँ न उपजै प्रेम ।
रेख रूप न बरन जाके यह
धरेउ यह नेम ॥
त्रिगुण तन करि लखत हमको
ब्रह्म मानत और ।
बिना गुण क्यों पुहुमि उधरे ।
यह कहत मनडौर ॥
बिरहरस केहि मंत्र कहिये
क्यों चलै संसार ।

कछु कहत यह एक प्रगट्त
अति भयेउ अहँकार ॥
प्रेमभंजन नेम याको
जाइ क्यों समुझाइ ।
सूरप्रभु मन यहै आनो
ब्रजहिं देउँ पठाइ ॥ ८४ ॥
नन्द गोप सब सखा निहारत
यशुमतिसुत को भाव नहीं ।
उग्रसेन बसुदेव उपँगसुत
सुफलकसुत वैसहि सँगही ॥
जबहीं मन त्यागे हरि कीन्हों
गोपनमन यह व्याप गई ।
बोलि उठे यहि अन्तर मुख हरि
निठुर रूप जे ब्रह्ममई ॥
अति प्रतिपाल कियो तुम हमरो
सुनत नन्द जिय झझकि रहे ।
सूरश्याम ऐसी नहिं चहिये
जो मोसों यह बचन कहे ॥ ८५ ॥
मोहिं कहत प्रतिपाल कियो ।
मो सों कहत होहु जिनि ऐसी
नयन टरत नहिं भरत हियो ॥
शंकित नन्द त्रास बाणी सुनि
बिलम करत कह क्यों न चले ।
कंस मारि रजधानी दीन्हीं
ब्रज ते बहुरे आनि मिले ॥
मनहीं मन ऐसी उपजावत
वे उत ब्रह्म ब्रह्मदरसी ।
सूर पिता को मात कौन है

रहत सबनि में वे परसी ॥ ८६ ॥
कुब्जा सी भागिनि को नारि ।
कंसहि चन्दन लये जातही
बीच मिली ताको दइ तारि ॥
हरि सुकृपा करि रानी कीनी
कुब्ज मिटायो डारि ।
यहै बात मधुपुरी जहाँ तहँ
दासी कहति डरति जिय भारि ॥
कुब्जा भूलि कहत जो कोऊ
ताहि उठत सब दै दै गारि ।
सुनहु सूर रानी सुनि पावै
त्रास होत जिन डारै मारि ॥ ८७ ॥
हरि की कृपा जा पर होइ ताही ।
कछु वह बहुत नाहिं हृदय देखो जाही ॥
कहा शंसय करत याको कितिक है यह बात ।
असुरसेन सँहारि डारै भक्त जन सों नात ॥
हरन करन ये यहै समरथ कहा बारम्बार ।
सूर हरि की कृपा ते खल तरि गये संसार ॥ ८८ ॥
कुब्जा तो बड़ भागिनि ह्वै ।
करुणा करि हरि जाहि निवाजी
आप रहे तहँ राजी ह्वै ॥
पूरब तप करि बिलसन लागी
मन के भाव पुरावत ह्वै ॥
मथुरा नर नारी सुखवानी
रहेउ जहाँ तहँ जय जय ह्वै ।
दैत्य विनाशि तुरत तहँ आये
यह लीला जानै पै ह्वै ॥
सूरदास प्रभु भावहि के बस

मिलत कृपा करि अति सुख है ॥ ९० ॥
तब बोले हरि नन्द सों मधुरे कर बानी ।
गर्ग बचन तुम से कहे सो नहिं निबही जानी ।
मैं आयो संसार में भुवभारउतारन ।
तिनके तुम धनि धनिक हौ कान्हा प्रतिपारन ॥
मात पिता तुम्हरे नहीं तुम ते अरु कोऊ ।
एक बेर ब्रज लोग सों मिलि हौ सुनु सोऊ ॥
मिलन हिलन दिन चारि को तुमतो सब जानौ ।
मो को तुम अति सुख दयो सो कहा बखानौ ॥
मथुरा नर नारी सुनैं ब्याकुल ब्रजबासी ।
सूर मधुपुरी आइ कै येई अबिनासी ॥ ९१ ॥
कुबरी को न्यावरी आसो गोबिंद बोले ।
वे त्रैलोकनाथ चाहत हैं
काहे न ऍंड़ी बेंड़ी डोले ॥
जिनपै कृपा करी नँदनन्दन
सो क्यों न करत कलोले ।
कारो कारो कुटिल अति कान्हर
अन्तरग्रन्थिन खोले ॥
हम बौरी बकबाद करत हैं
वृथा सुरति यह जो ले ।
दीपक देखि पतंग जरत ज्यों
मीन सुजल बिन भोले ॥
प्रीति पुरातन पारि जनन सों
नेह कसौटी टोले ।
सूरश्याम उपहास चल्यो ब्रज
आप आपने तोले ॥ ९२० ॥
ऊधो जाके माथे भाग ।
अबलन योग सिखावन आये

चेरिहि चपर सुहाग ॥
आये बचन योग की बेली
काटि प्रेम को बाग ।
कुब्जहि करि आये पटरानी
हमहिं देन बैराग ॥
लौंड़ी की डौंड़ी बाजी जग
हरि हाँसी को राग ।
कुब्जा कमलनयन मिलि खेलत
बारहमासी फाग ॥
मिलो सुहायो साथ श्याम कहो
कहाँ हंस कहँ काग ।
सूरदास प्रभु ऊघ छाँड़ि कै
चतुर चिचोरत आग ॥ ६२ ॥
हरिके बचन सुनहि को आहि ।
यहां को कहै कौन की बातें
ज्ञान ध्यान सुमिरो को काहि ॥
को सुख समर तास युवती को
जिनि हरि कंस हते ।
हमरे तो गोपतिसुत अधिपति
बनिता औरन ते ॥
गोरजरंजित रूप रुचि करी
चितै चितै हरि होत ।
कबहुँक करनि समै तिल
नेक न माल के सोत ॥
तारिपु समय संग मिलि लीन्हे
थे आवत तनु घोष ।
सूरदास स्वामी मनमोहन
कत उपजावत दोष ॥ ६३ ॥

ऊधो कहा हमारी चूक ।
वे गुण अवगुण सुनि सुनि हरि के
हृदय उठत है कूक ॥
वेहीकाज छांड़ि गये मधुवन
हम घटि कहा करी ।
तन मन धन आतमा निवेदन
सोउ न चितहि धरी ॥
रीझे जाइ सुन्दरी कुबिजाहिँ
यहि दुख आवै हांसी ।
यद्यपि कूर कुरूप कुन्दरस
तदपि हम ब्रजबासी ॥
एतेऊ पर प्राण रहत हैं
घाट कहहु का कहिये ।
पूरब कर्म लिखे विधिअक्षर
सूर सबै सो सहिये ॥ ६४ ॥
ऊधो आवै इहै परेखो ।
जब बारे तब वैसी मिलनि की
बड़े भये इह देखो ॥
योग यज्ञ तप नेम दान व्रत
इहै करत तब जात ।
क्योंहुँ बाल सुत बढ़ै कुशल सों
कठिन मोह की बात ॥
करि निज प्रगट कपट पिक की रति
अपने काज लगि धीर ।
काज सरे दुख गये कहौ धौं
का बायस की पीर ॥
जहँ जहँ रहहु राज करो तहँ तहँ
लेहु कोटि को भार ।

इहै असीस सूर प्रभु सों कहि
न्हात खिसे जिन बार ॥ ९५ ॥
हरि ब्रज कबहिं कह्यो हो आवन।
बेगि सुबचन सुनाइ मधुपजी
मोहिं व्यथा बिसरावन ॥
हौं यह बात कहा जानौं प्रभु
जात मधुपुरी छावन।
पछिली चूक समुझि उर अंतर
अब लागी पछितावन ॥
सब निशि सूर सेज भइ बैरनि
शशि सीखो ततुतावन।
अब यह करचक अँगनि उपर है
दशह दिशि घन सावन ॥ ९६ ॥
तुम्हारी प्रीति किधौं तरवारि।
दृष्टि धार धरि हती जु पहिले
घायल सब ब्रजनारि ॥
गिरी सुमार खेत वृन्दावन
रणमानी मन हारि।
विह्वल बिकल सँभारति छिन छिन
बदन सुधानिधि वारि ॥
अब यह कृपा जोग लिख पठये
मनसिज करी गुहारि।
कछु इक शेष बच्यो है सूर प्रभु
सोउ जिनि डारहु मारि ॥ ९७ ॥
कहौ तो जो कहिबे की होई।
प्राननाथ बिछुरे की बेदन
जानत नाहिन कोई ॥
जो हम अधरसुधारस लै लै

रही मदनगति भोई ।
कहा कहौं कछु कहत न आवै
तन मन रही समोई ॥
बिरहव्यथावेदन उर अंतर
जा में बीतै जानै सोई ।
सूरदास शिव सनकादिक लोभा
सो हम बैठे खोई ॥ ९८ ॥
ऊधो तुम ब्रज में पैठ करी ।
लै आये हो नफा जानि के
सबै वस्तु अकरी ॥
हम अहीर माखन मथि बेचैं
सबन टेक पकरी ।
इह निर्गुण निर्मल की गठरी
अब किन करत धरी ॥
यह व्यापार वहां जो समातो
हुती बड़ी नगरी ।
सूरदास गाहक नहिं कोऊ
दिखियत गरे परी ॥ ९९ ॥
ऊधो योग ठगोरी ब्रज न बिकै है ।
मूरी के पातन के बदले
को मुक्ताहल दै है ॥
यह व्यापार तुम्हारो ऊधो
ऐसेहि धरयो रहि जै है ॥
जिन पै ते लै आये ऊधो
तिनहिं के पेट समै है ॥
दाख दाड़िम तज कटुक निबौरी
को अपने मुख खैहै ।
गुण करि करि मोहिं सूर साँवरे

को निर्गुणहि निबैहै ॥ १०० ॥

ऊधो तुम हौ निकट के बासी ।
यह निर्गुण लै ताहि सुनावहु
जे मुड़िया बसै कासी ॥
मुरली अधर सकल अँग सुन्दर
रूपसिन्धु की रासी ।
योग कुठौरे लिये फिरत हौ
ब्रजबासिन की फाँसी ॥
राजकुमार भले हम जानैं
घर में कंस की दासी ।
सूरदास यदुकुलहि लजावत
ब्रज में होत है हाँसी ॥ १०१ ॥

मधुप बिराने लोग बटाऊ ।
दिन दस रहे आपने कारण
तजि गये मिले न काऊ ॥
प्रीतम हरि हम को सिखि पठई
आयो योग अगाऊ ।
हमको योग भोग कुबिजा को
उहि कुल यहै सुभाऊ ॥
जान्यो योग नंदनन्दन को
कीजै कौन उपाऊ ।
सूरश्याम कौ सुर्बसु दीन्हौं
प्रान रहै की जाऊ ॥ १०२ ॥

जा दिन ते गोपाल चले ।
ता दिन ते ऊधो या ब्रज के
सब सुभाइ बदले ॥
घटे अहार बिहार हर्ष हितु
सुख सोभा गुन गान ।

उतल तेज सब रहित सकल बिधि
आरति असम समान ॥
बाढ़ी निशा वलय आभूषण
उर कंचुकी उसास ।
नैनन जल अंजन अंचल प्रति
आवत अवधि की आस ॥
अब यह दसा प्रगट के तनु की
कहवी जाइ सुनाइ ।
सूरदास प्रभु सौं कीबो जिहि
बेगि मिलहि अब आइ ॥ १०३ ॥
हमरी ऊधो पीर न हरि बिन जाइ ।
जो सोऊँ तो मोंहि हरि मिलैं
ऊधो जागो देइ अति दाइ ।
कमलनैन मधुपुरी सिधारे
हमहुन संग लगाइ ।
अब यह व्यथा कौन बिधि भरि हैं
कोऊ देइ बताइ ॥
उद्मद् जौबन आनि ठाढ़ि कै
कैसे रोको जाइ ॥
सूरदास स्वामी के मिलिबे
तनु की तपत बुझाइ ॥ १०४ ॥
गोपालहि बारे ही की टेव ।
जानति नहीं कहाँ ते सीखे
चोरी के छलछेव ॥
तब कछु दूध दह्यो लै खाते
करि रहती हौं कानि ।
कैसे सही परत है मो पै
मन माणिक ही हानि ॥

ऊधो नंदनँदन सों कहियो
राजनीति समुझाइ ।
राजहु भये तजत नहिं लोभहिं
गुप्त नहीं यदुराइ ॥
बुद्धि विवेक अरु बचनचातुरी
पहिले लई चुराई ।
सूरदास प्रभु के गुन ऐसे
कासों कहिये जाई ॥ १०५ ॥
बिसरत क्यों गिरिधर की बातें ।
अवधिआस लगि रह्यो मधुप जन
तजि न गयो घट तातें ॥
हरि के विरह छीन भइ ऊधो
दोउ दुख परे सँघाते ।
तनरिपु काम चित्तरिपु लीला
ज्ञानगम्य नहिं या ते ॥
श्रवण सुन्यो चाहत गुन हरि को
जो वे कथा पुराते ।
लोचन रूप ध्यान धर्‌यो निशिदिन
कहो घटै को का ते ॥
ज्यों नृप प्राण गये सुत अपने
बिरचि रह्यो जो जाते ।
सूर सुमति तोही पै उपजै
जो आवै मथुरा ते ॥ १०६ ॥
ऐसी बात कहौ जिन ऊधो ।
नंदनँदन की कान करत न तो
आवत आखर मुख ते सूधो ॥
बातन ही उडि जाहिं और ज्यों
त्यों हम नाहिन कांची ।

मन क्रम बचन विशुद्ध एक मत
कमलनैनरंग रांची ॥
सो कछु जतन करौ पालागौं
मिटै हृदय को शूल ।
मुरलीधरे आनि दिखराओ
बाढ़ै प्रीति दुकूल ॥
इनही बालन भये श्याम तनु
अजहुं मिलावत हौ गढ़ि छोलि ।
सूर बचन सुनि रह्यो ठगो सो
बहुरि न आयो बोलि ॥ १०७ ॥
फिरि फिरि कहा सिखावत मौन ।
बचन दुसह लागत अलि तेरे
ज्यो पजरे पर लौन ॥
सींगी मुद्रा भस्म अधारी
अरु आराधन पौन ।
हम अबला अहीर शठ मधुकर
घरि जानहि कहि कौन ॥
यह मत जाइ तिनहिं तुम सिखवहु
जिनहीं यह मत सोहत ।
सूर आज लौं सुनी न देखी
पोत पूतरी पोहत ॥ १०८ ॥
ऊधो जो हमहि न योग सिखैये ।
जेहि उपदेश मिलैं हरि हमको
सो व्रत नेम बतैये ॥
मुक्ति रहो घर बैठि आपने
निर्गुण सुनत दुख पैये ।
जिहि सिरकेश कुसुम भरि गूंदे
तेहि कैसे भसम चढ़ैये ॥

जानि जानि सब मगन भये हैं
आपुन आपु लखैये ।
सूरदास प्रभु सुनहु न या विधि
बहुरि किया ब्रज ऐये ॥ १०६ ॥
ऊधो करि रहीं हम योग ।
कहा एतो बाद ठानै
देखि गोपी भोग ॥
शीश सेली केश मुद्रा
कनक बीरी बीर ।
बिरह भस्म चढ़ाइ बैठी
सहज कन्था चीर ॥
हृदय सींगी टेर मुरली
नैन खप्पर हाथ ।
चाहते हरि दरस भिक्षा
देई दीनानाथ ॥
योग की गति युक्ति हम पै
सूर देखो जोइ ।
कहत हमको करन योग सो
योग कैसो होइ ॥ ११० ॥
ऊधो योग तबहिं ते जान्यों ।
जा दिन ते सुफलकसुत के सँग
रथ ब्रजनाथ पलान्यों ॥
ता दिन ते सब छोह मोह गयो
सुत पित हेत भुलान्यों ।
तजि माया संसार तर्क जिय
ब्रजबनिता ब्रत ठान्यों ॥
नैन मूँदि मुख मौन रही धरि
तनु तप तेज सुखान्यों ।

नँदनन्दन मुरली मुख पर धरि
उहै ध्यान उर आन्यों ॥
सोइ रूप योगी जेहि भूले
ओ तुम योग बखान्यों ।
ब्रह्मउ पचि मुए ध्यान करत हीं
अंतउ नहि पहिचान्यों ॥
कह्यो सुयोग कहा लै कीजै
निर्गुण ही नहिं जान्यों ।
सूर उहै निज रूप श्याम को
है मन माँह समान्यों ॥ १११ ॥
अलि कहा योग में नीको ।
तजि रसरीति नन्दनन्दन को
सिखवत निर्गुण फीको ॥
देखति सुनति नाहिं कछु श्रवणनि
ज्योति ज्योति करि धावति ।
सुन्दर श्याम कृपालु दयानिधि
कैसे हो बिसरावति ॥
सुनि रसाल मुरली की सुरध्वनि
सुर मुनि कौतुक भूले ।
अपनो भुजा ग्रीव पर मेलो
गोपिन के मन फूले ॥
लोककानि कुल के भ्रम छांड़े
प्रभु सँग घर बन खेली ।
अब तुम सूर सिखावन आये
योगजहर की बेली ॥ ११२ ॥
मन में रह्यो नाहिन ठौर ।
श्रीनंदनन्दन अछत कैसे
आनिये उर और ॥

चलत चितवत द्योस जागत
सपने सोवत राति ।
हृदय तें वह मदनमूरति
छिन न इत उत जाति ॥
कहत कथा अनेक ऊधो
लोग लोभ दिखाइ ।
कहा करौं मन प्रेमपूरण
घट न सिन्धु समाइ ॥
श्याम गात सरोज आनन
ललित गति मृदु हास ।
सूर इनके दरस को बल
मरत लोचन प्यास ॥ ११३ ॥
ऊधो तुम सब साथी भोरे ।
मेरे कहे बिलगु मानहुगे
कोटि कुटिल लै जोरे ॥
वे अक्रूर क्रूरकृत जिन के
रीते भरे भरे गहि ढोरे ।
आपुन श्याम श्याम अंतर मन
श्यामकाम में बोरे ॥
तुम मधुकर निर्गुण निज जीके
देखे फटकि पछोरे ।
सूरदास कारण के संगी
कहा पाइयत गोरे ॥ ११४ ॥

भ्रमरगीत

ऊधववचन

मैं तुम पै ब्रजनाथ पठायो।
आतमज्ञान सिखावन आयो॥
आपुहि पुरुष आपुही नारी।
आपुहि वानप्रस्थ ब्रह्मचारी॥
आपुहि पिता आपुहीं माता।
आपहि भागिनीं आपुहि भ्राता॥
आपुहि पंडित आपुहि ज्ञानी।
आपुहि राजा आपुहि रानी॥
आपुहि धरती आपु अकासा।
आपुहि स्वामी आपुहि दासा॥
आपुहि ग्वाल आपही गाइ।
आपुहि आप चरावन जाइ॥
आपुहि भँवरा आपुहि फूल।
आतमज्ञान बिना जग भूल॥
राव रंक दूजा नहिं कोई।
आपहि आप निरंजन सोई॥
इहि प्रकार जाको मन लागै।
जरामरन से भवभय भागै॥
योग समाधि ब्रह्म चित लावहु।
ब्रह्मानन्द तबहिं सुख पावहु॥

ऊधवप्रति गोपीउत्तर।

योगी होइ सो योग बखानै।
नौधा भक्ति दास रति मानै॥

भजनानन्द अली हम प्यारो ।
ब्रह्मानन्द सुख कौन विचारो ॥
बतियाँ रचि पचि कहत सयानी ।
अखियाँ हरि के रूप लोभानी ॥
ब्यावर बिथा न बंझा जानै ।
बिन देखे कैसे रति मानै ॥
पुनि पुनि पुनि ओही सुधि आवै ।
कृष्णरूप बिन और न भावै ॥
नव किशोर जेहि नैन निहारयो ।
कोटि योग वा छवि पर वारयो ॥
शीश मुकुट कुंडल बनमाला ।
क्यों बिसरैं वे नैन विशाला ॥
मृगमद मलय अलक घुंघुरारे ।
उन मोहन मन हरे हमारे ॥
भृकुटी कुटिल नासिका राजै ।
अरुन अधर मुरली कल बाजै ॥
दाडिम दशन दामिनदुति सोहै ।
मृदुमुसुकान जो तन मन मोहै ॥
चन्द्र झलक कंठामणि मोती ।
दूर करत उडुगन की जोती ॥
कंकन किंकिण पदिक बिराजै ।
गजगति चाल नूपुर कल बाजै ॥
बन के धातु चित्र तनु किये ।
श्रीवत्स चिन्ह राजत अति हिये ॥
पीत बसन छवि बरणि न जाई ।
नखसिख सुन्दर कुंवर कन्हाई ॥
रूपराशि ग्वालन को संगी ।
कब देखै यह ललित त्रिभंगी ॥

जो तू हित की बात बतावै ।
मदनगोपालहि क्यों न मिलावै ॥

ऊधव बचन

जाके रूप बरन बिपु नाहीं ।
नैन मूँदि चितवो चित माँहीं ॥
हृदयकमल में ज्योति बिराजै ।
अनहद नाद निरंतर बाजै ॥
इड़ा पिंगला सुखमन नारी ।
सहज सु तामें बसे मुरारी ॥
माता पिता न दारा भाई ।
जल थल घट घट रह्यो समाई ॥
इहि प्रकार भवदुखसरि तरहु ।
योग पंथ क्रम क्रम अनुसरहु ॥

गोपिकाउत्तर

हम ब्रज बाल गोपाल उपासी ।
ब्रह्मज्ञान सुनि आवै हाँसी ॥
ब्रज में योग कथा तै लायो ।
मनो कुबिजा कूबर माँह दुरायो ॥
श्याम सो गाहक पाइ देखायो ।
सो माधो तुम हाथ पठायो ॥
हम अबला ठगी अल्प अहीरी ।
यहां भलो ठग्यो कंस की चेरी ॥
रामजनम सीता जो दुराई ।
भली भई कुबिजा बधू पाई ॥
तब सीता बियोग दुख पायो ।
अब कुबिजा पाइ हियो सिरायो ॥

इह नीरस ज्ञान कहा लै कीजै ।
योगमोट दासी सिर दीजै ॥

ऊधवबचन

वे परब्रह्म अच्युत अबिनासी ।
त्रिगुणरहित प्रभु धरै न दासी ॥
नहिं दासी ठकुराइन कोई ।
जहाँ देखो तहाँ ब्रह्म है सोई ॥
अपने औरे ब्रह्महि जानो ।
ब्रह्म बिना दूजो नहिं मानो ॥

गोपिकाबचन

खरे करब अलि योग संवारो ।
भक्तबिरोधी ज्ञान तुम्हारो ॥
कहा होत उपदेशे तेरे ।
नैन सुबस नाँही अलि मेरे ॥
हरिपथ जोवैं छिन छिन रोवैं ।
कृष्णबियोगी निमिष न सोवैं ॥
नँदनन्दन को देखे जीवैं ।
योगपंथ याते नहिं पीवैं ॥
जब हरि आवैं तब सचुपावैं ।
मोहनमूरति कंठ लगावैं ॥
दुःसह बचन हमैं नहि भावै ।
योगकथा ओढ़ै कि बिछावै ॥

ऊधवबचन

ऊधो कहि धनि धनि ब्रजबाला ।
जिनके सर्बस मदनगोपाला ॥

मैं जो कही सो आवन पाई ।
तुम्हरे दरश भक्ति निज भाई ॥
तुम मम गुरु मैं दास तिहारो ।
भक्ति सुनाइ जगत निस्तारो ॥
भँवरगीत जो सुनै सुनावै ।
प्रेम भक्ति गोपिन की पावै ॥
सूरदास गोपी बड़भागी ।
हरिदरसन की ढवरी लागी ॥

अथ दूसरी लीला भँवरगीत ।

गोपीवचन

ऊधो को उपदेश सुनो किन कान दै ।
निर्गुण सन्देशौ श्याम पठायो आन दै ॥
कोउ आवत वोहि वोर जहां नँदसुवन पधारे ।
सरस वेणुध्वनि होइ मनो आये ब्रज प्यारे ॥
धाये सब गल गाजि के ऊधो देखे जाइ ।
लै आये ब्रजराजगृह आनँद उर न समाइ ॥
अर्घ्य आरती तिलक दूब दधि माथे दीनी ।
कंचन कलस भराइ और पैकरमा कीनी ॥
गोपभीर आँगन भई जुरि बैठे इक जाति ।
जल झारी आगे धरे पूछत हरिकुशलाति ॥
कुशल क्षेम बसुदेव कुशल देवी कुबिजा ऊ ।
कुशल क्षेम अक्रूर कुशल नीके बलदाऊ ॥
पूंछि कुशल गोपाल की रहे सकल गहि पाय ।
प्रेम मगन ऊधो भये पेखत ब्रज के भाय ॥

मन मन ऊधो कहैं ऐसी बूझिये न गोपालहि ।
ब्रज के हेतु बिसारि योग सिखवैं ब्रजबालहि ॥
इन की प्रीति पतंग लौं जारत है सब देह ।
वे हरि दीपकज्योति ज्यों नैक न उन के नेह ॥
तब ऊधो कर लै लिखी हरिजू की पाती ।
पढ़ी परत नहिं नैक रहे गंभीर करि छाती ॥
पाती बांचि न आवई रहे नयन जल पूरि ।
देखि प्रेमि गोपीन के ज्ञानगर्व गयो दूरि ॥
फिरि इत उत बहराइ नीर नैनन के सोधे ।
ठानी कथा प्रबोधि तबहिं फिरि गोप समोधे ॥
जो ब्रत मुनिवर ध्यावहीं नर पावहिं नहिं पार ।
ते ब्रज सीखैं गोपिका छाँड़ि बिषयबिस्तार ॥
सुनि ऊधो के बचन रहीं नीचे कै तारे ।
मानो मांगति सुधा आनि व्यालनि बिष जारे ॥
हम अबला कह जानहीं योगयुक्ति की रीति ।
नँदनन्दनब्रत छांड़ि के को लिखि पूजै भीति ॥
अगम ते अगह अपार आदि अविगत है सोऊ ।
आदि निरंजन नाम ताहि रंजै सब कोऊ ॥
नयन नासिका अग्र है तहाँ ब्रह्म को बास ।
अविनाशी बिनसै नहीं सहज ज्योतिपरकास ॥
ऊधो जो पग पानि नहीं ऊखल क्यों बांधे ।
नयन नासिका मुख न चोरि दधि कौने खा धे ॥
कौन खिलायो गोद में बोलि तोतरे बैन ।
ऊधो ताको न्याव है जाहि न सूझै नैन ॥
माया अनित्य अधारी ताहि लोचन दुइ नाचे ।
ज्ञाननयन अनन्त ताहि सूझै पर गाचे ॥
बूझो निगम बुलाइ कै कहैं भेद समुझाइ ।
आदि अन्त जाको नहीं कौन पिता को माइ ॥

घर लागे अरु घूर कहो मन कहा बँधावै ।
अपनो घर परिहरै कहो को घूर बतावै ॥
मूरुख यादव जाति हैं हमहिं सिखावहिं योग ।
हम सो भूली कहत हैं हम भूली किधौं लोग ॥
प्रेम प्रेम सों होय प्रेम सों पारहि जैये ।
प्रेम बँध्यो संसार प्रेम परमारथ पैये ॥
एकै निश्चय प्रेम को जीवनमुक्ति रसाल ।
सांचो निश्चय प्रेम को जिहि ते मिलैं गोपाल ॥
ऊधो कहि सत भाव न्याय तुम्हरे मुख सांचो ।
योग प्रेम रसकथा कहो कंचन की कांचो ॥
जाके पर है छूजिये गहिये सोई नेम ।
मधुप हमारी सों कहो जोग भलो किधौं प्रेम ॥
सुनि गोपिन के बयन नेम ऊधो के भूले ।
गावत गुण गोपाल फिरत कुंजन में फूले ॥
खन गोपी के पग परे धन्य तिहारो नेम ।
धाइ धाइ द्रुम भेंटई ऊधो छाके प्रेम ॥
धनि गोपी धनि ग्वाल धन्य सुरभी बनचारी ।
धनि इहँ पावनि भूमि जहां गोविन्द अभिसारी ॥
उपदेशन आये हुते मोहिं भयो उपदेश ।
ऊधो यदुपति पै चले धरे गोप को वेष ॥
भूले यदुपति नांघ कहो गोपाल गुसाईं ।
एक बार ब्रज जाहु देहु गोपिन देखराईं ॥
वृन्दावनसुख छांड़ि के कहां वसे हो आइ ।
गोवर्धनप्रभु जानि के ऊधो पकरे पाइ ॥
ऊधो ब्रज को प्रेम नेम बरनो सब आई ।
उमग्यो नैनन नीर बीत कछु कही न जाई ॥
सूर श्याम भूलत भये रहे नैन जल छाइ ।
पोंछि पीत पट सों कहो भले आये जोग सिखाइ ॥

विनय पत्रिका

करणी करुणासिंधु की कहत न बनि आवै ।
कपट करे पर सेवकी जननीगति पावै ॥
दुखित गजेन्द्रहि जानि कै आपुन उठि धावै ।
कलिमें नाम प्रगट नीच ताकी छानि छवावै ॥
उग्रसेन की दीनता प्रभु के जिय आवै ।
कंस मारि राजा कियो आपुन शिर नावै ॥
वरुणपास ते ब्रजपतिहि क्षण में छुटकावै ।
बहुत दोष मो सूर कहँ ताते गहरु लगावै ॥ १ ॥

माधो वे भुज कहाँ दुराये ।
जिन्ही भुजन गोबर्द्धन धारेउ सुरपतिगर्व नसाये ॥
जिन्ही भुजन कालो को नाथ्यो कमलनाल लै आये ।
जिन्ही भुजन प्रहलाद उबारेउ हिरण्याक्ष को घाये ॥
जिन्ही भुजन गजदन्त उपारेउ मथुरा कंस ढहाये ।
जिन्ही भुजन दाँवरी बंधाये यमला मुक्ति पठाये ॥
जिनही भुजन अघासुर मारेउ गोसुत गाय मिलाये ।
तिहि भुजकी बलि जाय सूर जन तिनका तोरि दिखाये ॥ २ ॥

पतित पावन हरि नाम तुम्हरो कौने धरेउ ।
हौं तो दीन दुखित संसृतिरत द्वारे रटत परेउ ॥
जीवयातना योनि रुधिर जल जब जब जठर जरेउ ।
तबहूँ ते तुम निकट तज्यो नहिं शत अपराध भरेउ ॥
गज गणिका नृग गीध व्याध ते मैं घट कहा करेउ ।
विद्यमान सम शूल सहत हैं काल कुलिश न डरेउ ॥
एते कोटि कुटिल करुणामय तिन ते कहा सरेउ ।
ना जानौं यह सूर महाशठ कौन दोष बिसरेउ ॥ ३ ॥

और न जानै जनकी पीर ।
जब जब दीन दुखित भये तब तब कृपा करी बलबीर ॥

गज बलहीन बिलोकि बहुत दिशि तब सुख शरण परयो।
करुणासिंधु दयालु दरश दै सब सन्ताप हरयो॥
मागध मथे हते नृपबन्धन मृतक विप्रसुत दीनो।
गोपी गाय गोप गोसुत लगि सात द्योस गिरि लीनो॥
श्री नृसिंहबपु धारि असुर हति भक्तबचन प्रतिपारो।
सुमिरत नाम द्रुपदतनया कहँ पटसमूहतन धारो॥
मुनि मद मेटि दास व्रत राख्यो अम्बरीष हितकारी।
लाक्षागृह बन बसत सैनते पाँडवविपति निवारी॥
बरुणपास ब्रजपति मुकराये दावानल दुख टारो।
गृह अपने बसुदेव देवकी कंस महाखल मारो॥
सोई श्रीपति युग युग सुमिरणबस बेद बिशद यश गावै।
अशरण सूर शरण याचत है कोऊ सुरति करावै॥ ४॥

जैसे तुम और बहुत खल तारे।
चरणप्रताप भजनमहिमा को को कहि सकै तुम्हारे॥
दुखित गयन्द दुष्टमति गणिका नृग कूप ते उधारे।
विप्र बजाय चल्यो सुत के हित काटि महा अघ भारे॥
गीध व्याध गौतमत्रिय मृग कपि यहि धौं कह व्रत पारे।
कंस केशि कुवलय बल मुष्टिक सब सुखधाम सिधारे॥
स्तन विष बाँटि लगाय चली ब्रज बकी कवन गति पाई।
रजक प्रलम्ब द्रोण दुःशासन भक्तभजनफलदाई॥
नृप शिशुपाल बिषयरसविह्वल सर अवसर नहिं जान्यो।
अघ बक वृषभ तृणावर्त धेनुक गुण नहिं दोष न मान्यो॥
पांडुबधू पटहीन सभा महँ कोटिन बसन पुजाये।
विपति काल सुमिरत तेहि अवसर जहाँ तहाँ उठि धाये॥
गोपि गाय गोसुत जलत्रासित गोवर्द्धन कर धारेउ।
सन्तत दीनहीन अपराधी काहे सूर बिसारेउ॥ ५॥

काहू के कुल नाहिं बिचारत।
अबिगति की गति कहाँ कौन सो पतित सबन को तारत॥

कौन जाति को पांति बिदुर की जिनके प्रभु ब्योहारत ।
भोजन करत तुष्टि पर उन के राजमानमद टारत ॥
ओछे जन्म कर्म के ओछे ओछे ही बोलावत ।
अनत सहाय सूर के प्रभु की भक्त हेतु पुनि आवत ॥ ६ ॥

गोबिन्द प्रीति सबन की मानत ।
जो जेहि भाय करै जनसेवा अन्तर की गति जानत ॥
बेर चाखि कटु तजि लै मीठे भिलड़ी दीने जाय ।
जूठन की कछु शंक न कीन्ही भक्ष किये सतभाय ॥
सन्ततभक्तमीतहितकारी श्याम बिदुर के आये ।
प्रेमहिं बिकल बिदुर अर्पित प्रभु कदलीछिलटा खाये ॥
कौरव काज चले ऋषि आपुन शाक के पत्र अघाये ।
सूरदास करुणानिधान प्रभु युग युग भक्त बढ़ाये ॥ ७ ॥

दयानिधि तेरी गति लखि न परै ।
धर्म अधर्म अधर्म धर्म करि अकरन करन करै ॥
जय अरु बिजय पाप कह कीन्हों ब्राह्मणशाप दिवायो ।
असुर योनि दीन्ही ताऊ पर धर्मउछेद करायो ॥
पिताबचन खंडे ते पापी सो प्रहलादै कीन्हो ।
तिन के हेतु खंभ ते प्रगटे नरहरिरूप जु लीन्हो ॥
द्विजकुलपतित अजामिल, बिषयी गणिका प्रीति बढ़ाई ।
सुतहित नाम नरायन लीन्हो तिहि तुव पदवी पाई ॥
यज्ञ करत बैरोचन को सुत बेद बिहित बिधिकर्म ।
तेहि हठि बांधि पतालहिं दीनो कौन कृपानिधि धर्म ॥
पतिव्रता जालन्धरयुवती प्रकट सत्य ते टारी ।
अधम पुंश्चली दुष्ट ग्राम की सुवा पढ़ावत तारी ॥
दानी धर्म भानुसुत सुनियत तुमते बिमुख कहावैं ।
बेद बिरुद्ध सकल पांडवसुत सो तुम्हरे जिय भावैं ॥
मुक्तिहेतु योगी बहु श्रम करैं असुर बिरोधे पावै ।
अकथित कथित तुम्हारी महिमा सूरदास कह गावै ॥ ८ ॥

जो जग और बियो हो पाऊं ।
तौ यह बिनती बार बार की हौं कत तुमहिं सुनाऊं ॥
शिव बिरंचि सुर असुर नाग मुनि सुतो याचि जन आयो ।
भूल्यो भ्रम्यो तृषातुर मृग लौं काहू श्रम न गँवायो ॥
अपथ सकल चलि चाहि चहूँ दिशि भ्रम उघटत मतिमंद ।
थकित होत रथ चक्रहीन ज्यों निरखि कर्मगुणफन्द ॥
पौरुषरहित अजित इन्द्रिनबस ज्यों गज पंक परेउ ।
विषयासक्त नटी को कपि ज्यों जो जोइ कहेउ सु करेउ ॥
अपने ही अभिमान दोष ते रविहि उलूक न मानत ।
अतिशय सुकृतरहित अघव्याकुल वृथा श्रमित रज छानत ॥
सुनि त्रैतापहरण करुणामय संतत दीनदयाल ।
सूर कुटिल राखो शरणाई यहि व्याकुल कलिकाल ॥ ६ ॥
जोपै तुमहीं बिरद बिसारो ।
तो कहँ कहो जाय करुणामय कृपिण कर्म को डारो ॥
दीनदयाल पतितपावन यश वेद बखानत चारो ।
सुनियत कथा पुरातन दिशि दिशि व्याध अजामिल तारो ॥
राग द्वेष विधि अवचि अशुचि शुचि जिहि प्रभु जहाँ सम्हारो ।
कियो न कबहुँ बिलम्ब कृपानिधि सादर शोच निवारो ॥
इहि लगु नाम रूप गुणगण सब आज अपुन तनु धारो ।
सूरदास स्वामी यह मनश्रमु करत करत अब हारो ॥ १० ॥
सबनि सनेहो छांड़ि दयो ।
हा यदुनाथ जरा तन ग्रास्यो प्रतिमो उतरि गयो ॥
सोइ तिथि बार नक्षत्र लग्न सोइ करन योग सोइ ठाट ठयो ।
अब वे आंक फेरि नहिं बांचत गत स्वारथ समयो ॥
बरस थोस में होत पुरानो फिरि फिरि सब कोउ लिखत नयो ।
डरो रहत निर्माल ईश ज्यों अति यहि तापु तयो ॥
सोइ धन धाम नाम सो कुल सोइ सोइ यह बपु जिहि सब बिढ़यो ।
अबहीं सब को बदन स्वान लौं चितवत दूरि भयो ॥

दारा सुत हित चित सज्जन सब काहु न शोचि लयो ।
संसृतिदोष बिचारि सूर धनि जे हरिशरण गयो ॥ ११ ॥

अब कै माधव मोहि उधारि ।
मगन होत भवसिंधु में कृपा सिंधुमुरारि ॥
नीर अति गम्भीर माया मोह लहरितरङ्ग ।
लये जात अगाध को बेगु गहे ग्राहअनङ्ग ॥
मीन इन्द्री अतिहि काटत मोट अघ शिर भार ।
भौंये न पाई जात जित कित मोह अरुझ सिवार ॥
क्रोध दम्भ भयान तृष्णा पवन अति झकझोर ।
नाहिं चितवन देत सुत त्रिय नामनौका ओर ॥
परेउ बीच बिहाल बिह्वल सुनहु करुणामूल ।
श्याम भुज गहि काढ़ि डारहु सूर ब्रजजनकूल ॥ १२ ॥

अब हौं नाच्यो बहुत गोपाल ।
काम क्रोध को पहिरि चोलना कंठ विषय की माल ॥
महामोह के नूपुर बाजत निन्दा शब्द रसाल ।
भ्रम भोये मन भयो पखावज उरग असंगत चाल ॥
तृष्णा नाद करति घट भीतर नाना विधि के ताल ।
माया को कटि फेंटा बांध्यो लोभ तिलक दियो माल ॥
कोटिक कला काछि दिखराई जल थल सुधि नहि काल ।
सूरदास की सबै अविद्या दूरि करहु नँदलाल ॥ १३ ॥

कृपा अब कीजिये बलि जाउँ ।
नाहिंन मेरे अनत कहूँ अब पदअम्बुज बिन ठाँउँ ॥
हौं अशुची अकृती अपराधी सन्मुख होत लजाउँ ।
तुम कृपाल करुणानिधि केशव अधमउधारण नाउँ ॥
काके द्वार जाय हौं ठाढ़ो देखत काहि सुहाउँ ।
अशरणशरणबिरदव्यापक तुव हौं कुटिल काम सुभाउँ ॥
कलुषी परम मलीन दुष्ट हौं सेंत्यौ तौ न बिकाउँ ।
सूर पतितपावन पदअम्बुज पारस क्यों परसाउँ ॥ १४ ॥

ऐसो कब करि हौं गोपाल ।
मनसा नाथ मनोरथदाता हो प्रभु दीनदयाल ॥
चित चरणन नीरन्तर अनुरत रसना चरित रसाल ।
लोचन सजल प्रेम पुलकिततन कर कंजनि दल माल ॥
ऐसो रहत लिखत छण छण यम अपने भायो भाल ।
सूरसुयश रागी न डरत मन सुनि यातना कराल ॥ १५ ॥
प्रभु मेरे औगुन न बिचारो ।
धरि जिय लाज शरण आये की रबिसुतत्रास निवारो ॥
जो गिरिपति मसि घोरि उदधि में लै सुरतरु निज हाथ ।
मम कृत दोष लिखै बसुधा भरि तऊ नहीं मिति नाथ ॥
कपटी कुटिल कुचील कुदर्शन अपराधी मतिहीन ।
नाहिंन और कियो कोउ ऐसो जाहि भजौं हौं दीन ॥
योग यज्ञ तप ब्रत नहिं कीन्हौं वेद बिमल नहिं भाख्यो ।
अति रस लुब्ध स्वान जूँठनि ज्यों अनत नहीं मन राख्यो ॥
जिहि जिहि योनि फिरौं संकट में तिहि यहै कमायो ।
काम क्रोध मद मोह ग्रसित ह्वै बिषय परमबिष खायो ॥
तुम अनन्त अनादि परिपूरण अघमोचन सुखरासि ।
भजन प्रताप नाहिंने जान्यो बँध्यो काल की फांसि ॥
तुम कृतज्ञ सबही बिधि समरथ अशरणशरण मुरारि ।
कृपानिधान सूर बूड़त है लीजै भुजा पसारि ॥ १६ ॥
कहावत ऐसे त्यागी दानि ।
च्यारि पदरथ दये सुदामहिं अरु गुरु को सुत आनि ॥
रावण के दशमस्तक छेदे कर गहि शाँरगपानि ।
बीभीषण को लंका दीन्ही पूर बली पहिचानि ॥
मित्र सुदामा कियो अयाचक प्रीति पुरातन जानि ।
सूरदास सों कहा निठुरई नयनन हूँ ते हानि ॥ १७ ॥
नाथ जू अब के मोहिं उबारो ।
पतितन में बिख्यात पतित हौं पावन नाम तुम्हारो ॥

बड़े पतित नाहिन पासँगहूँ अजामील को हौं जु बिचारो ।
भाजै नरक नाँउ मेरो सुनि यमन दियो हठि तारो ॥
क्षुद्र पतित तुम तारे रमापति अब न करो जिय गारो ।
सूरदास साँचो तुब माने जो होय मम निस्तारो ॥ १८ ॥

छांड़ि मन हरिविमुखन को संग ।
कहा भयो पय पान कराये बिष नहिं तजत भुवंग ॥
जाके संग कुबुद्धि उपजै परत भजन में भंग ।
काम क्रोध मद लोभ मोह में निशि दिन रहत उमंग ॥
कागहिं कहा कपूर खवाये स्वान नहाये गंग ।
खर को कहा अरगजा लेपन मरकट भूषण अंग ॥
पाहनपतित बाण नहिं भेदत रीतो करत निषंग ।
सूरदास खल कारी कामरि चढ़त न दूजो रंग ॥ १९ ॥

भजन बिनु जीवत हैं जैसे प्रेत ।
मलिन मन्दमति डोलत घर घर उदर भरन के हेत ॥
मुख कटु बचन बकत नित निन्दा सुजन सुखे दुख देत ।
कबहुँ पाप कै पावत पैसा गाड़ि धूरि तहँ देत ॥
गुरु ब्राह्मण अच्युत जन सज्जन जात न कबहुँ निकेत ।
सेवा नहीं गोविंदचरण की भवन नील को खेत ॥
कथा नहीं गुण गीत सुयश हरि साधन देव अनेत ।
रसना सूर बिगारै कहँ लौं बूड़त कुटुंब समेत ॥ २० ॥

प्रभु हौं सब पतितन को टीको ।
और पतित सब द्यौस चारि के हौं तो पतित जन्महीं को ॥
बधिक अजामिल गनिका तारी और पूतनाही को ।
मोहि छांड़ि तुम और उधारे मिटै शूल कैसे जी को ॥
कोऊ न समरथ सेव करन को खैंचि कहत हौं लीको ।
मरियत लाज सूर पतितन में कहत सबन में नीको ॥ २१ ॥

सोइ रसना जो हरिगुण गावै ।
नयनन की छवि यहै चतुरता जाइ मुकुन्दहि ध्यावै ॥

निर्मल चित तो तेई साँचो कृष्ण बिना जेहि अवरु न भावै ।
श्रवणन की जु यहै अधिकाई हरियश नितप्रति श्रवण नचावै ॥
कर तेई श्याम को जु सेवै चरणनि चलि वृन्दावन धावै ।
सूरजदास कहै बलि ताकी हैं जो संतन सों प्रीति बढ़ावै ॥ २२ ॥

सबै दिन एक से नहिं जात ।
सुमिरन भगति लेहु करि हरि की जौ लगि तन कुशलात ॥
कबहुँक कमला चपल पाय कै टेढ़ेइ टेढ़े जात ।
कबहुँक मग मग धूरि टटोरत भोजन को बिलखात ॥
बालापन खेलत ही खोयो भक्ति करत अरसात ।
सूरदास स्वामी के सेवत पैहौ परमपद तात ॥ २३ ॥

तुम्हरो कृष्ण कहत कह जात ।
बिछुड़े मिलन बहुरि कब होइहै ज्यों तरुवर के पात ॥
शीत वायु कफ कण्ठ बिरुध्यो रसना टूटो बात ।
प्राण लिये यम जात मूढ़मति देखत जननी तात ॥
क्षण एक माँह कोट युग बीतत नरक की पाछे बात ।
यह जग प्रीति सुवा सेमरि ज्यों चाखत ही उड़ि जात ॥
यम की बाँध नियर नहिं आवत चरणन चित्त लगात ।
कहत सूर बिरथा या देही इतनौं कत इतरात ॥ २४ ॥

प्रभु बिन कोऊ काम न आयो ।
यह झूठी माया के लोने रतन सो जन्म गंवायो ॥
कंचन कलश विचित्र चित्र किये रचि रचि भवन बनायो ।
तामें ते तत्क्षण गहि काढ्यो पलु यक रहन न पायो ॥
हौं तुम्हरे संग आऊंगी कहि त्रिय धुनि धुनि धन खायो ।
चलतहरी मुख मोरि चोरि सब एकहु पगु नाहिन पहुँचायो ॥
बोलि बोलि सुत स्वजन मित्रजन लीन्हो सुयश सुहायो ।
परेउ जु काज अन्त अन्तक सों उहि ढिग आनि बँधायो ॥
कोटि जन्म भ्रमि भ्रमि हौं हारेउ हरिपद चित न लगायो ।
और पतित तुम बहुत उधारे सूर कहा बिसरायो ॥ २५ ॥

माधवजू जो जन ते बिगरै।
सुनि कृतज्ञ करुणामय केशव प्रभु नहिं जीय धरै।
ज्यों शिशु जननी जठरान्तर बसि शत अपराध करै।
तउ सेवै तनु तोषि पोषि कै निबिकर अंक भरै॥
द्विज रसना दलि दुखित होत तब तारिसि कारि करै।
छमि शत छोभ छीर मधु मिश्रित मुख समीप सचरै॥
यद्यपि बिटप जरह तन हित करि कर कुठार पकरै।
तदपि सुभाव सुशील सुशीतल रिपुतनताप हरै॥
धर बिभ्रन्सि हलहतन कृषी करि बैर बीज सँचरै।
सो सन्मुख सुख हितहि सत्वगुण शिशुगुण फरनि फरै॥
कारण करण अन्त अज अज शिव अपभेदो न डरै।
यह कलिकालब्याज मुख ग्रासित सूर शरण उबरै॥ २६॥
हमें नँदनंदन मोल लिये।
यम की फांसि काटि मुकराये अभय अजात किये॥
मूंड़ मुड़ाय कंठ बनमाला चक्र के चिन्ह दिये।
माथे तिलक श्रवण तुलशीदल मटिवउ अंग बिये॥
सब कोउ कहत गुलाम श्याम के सुनत सिरात हिये।
सूरदास प्रभुजू के चेरे जूठन खाय जिये॥ २७॥
गति आविगत जानी न परै।
अति अगाध मन अगम अगोचर बुधिबल क्यों पसरै॥
कबहुंक रंक रंक ते राजा करि सिर छत्र धरै।
कबहुंक तृण डूबै पानी में कबहुंक शिला तरै॥
प्रबल प्रचंड महाबपु शायक केहरि भूख मरै।
अनायास बिन उद्यम अजगर सहजहि पेट भरै॥
बागर में सागर करि डारै ठांठा नीर भरै।
सूर पतित तरि जाय छिनकमें जो प्रभु नेकु ढरै॥ २८॥
अंगनि निभर्य चरणकमलमकरंद गहे जहँ न निशा को त्रास।
जहँ बिधि भान समान एक रस सो बारिज सुख बास॥

जहँ किंजल्क भक्ति नव लक्षण काम जाम सर एक।
निगम सनक शुक नारद शारद मुनिमनभँवर अनेक॥
शिव बिरंचि खंजन सम रंजन क्षण क्षण करत प्रवेश।
अखिल कोश तहँ बसहिं सुकृत जल प्रकटित श्यामदिनेश॥
मुनिमधुकर भ्रम तजी कुमुदनी को राजिव शुभ करि कै आस।
सूरजदास प्रेममय प्रफुलित तहँ चलि करहिं निवास॥ २९॥

गोविंद भजन करहु यहि बार।
ईश्वर पार्वती उपदेशत तारक मंत्र जपो तेहि द्वार॥
काहे को अश्वमेध जग कीजै गया श्राद्ध काशी केदार।
राम कृष्ण अभिधाम न पटतर जो तन गरै हेम हतमार।
प्राग कल्प माथे करवत दै चन्दा तरणि ग्रहण लखबार।
सूरदास भगवन्त भजन बिन यम के दूत कौन टारै मार॥ ३०॥

जाघट अन्तर हरि सुमिरे।
तासों काल रूठि का करि है जो चित चरण धरे॥
कोप्यो तात प्रहलाद भक्त को नामहिं लेत डरे।
खम्भ फोरि नरसिंह प्रगट भये असुर के प्राण हरे॥
सहस बर्ष गज युद्ध करत भये क्षण यक ध्यान धरे।
चक्रधरे वैकुंठ ते धाये वा की पैज सरे॥
अजामील द्विज महअपराधी अन्त काल बिगरे।
सुत सुमिरत नारायन वानो पार्षद धाय परे॥
जहँ जहँ दुसह कष्ट भक्तन को तहँ तहँ सार करे।
सूरजदास श्याम ते एते दुस्तर पार तरे॥ ३१॥

भजहु न मेरो श्याम मुरारी।
सब संतन के जीवन हैं हरि कमलनयन प्यारो हितकारी॥
या संसार समुद्र मोह जल तृष्णातरँग उठति है भारी।
नाव न पाई सुमिरन हरि को भजनरहित बूड़त संसारी॥
दीनदयाल अधार सबन को परम सुजान अखिल अधिकारी।
सूरदास कह तुम यांचे जन जन को याँक होत भिखारी॥ ३२॥

रे मन कृष्ण नाम कहि लीजै।
गुरु के बचन अटल करि मान हु साधु समागम कीजै॥
पढ़िये गुनिये भक्ति भागवत और कहा कथि कीजै।
कृष्ण नाम बिन जन्म बादिही वृथा जिवन कह जीजै॥
कृष्ण नाम रस बह्यो जात है तृषावन्त ह्वै पीजै।
सूरदास हरिशरण ताकिये जन्म सुफल करि लीजै॥ ३३॥
हरि बिन शूकर कूकर जैसे।
बिग बगुला अरु गीध घूघुआ आय जन्म लियो तैसे॥
जौं लौं मरी बिलाउ मोर वृक भोरत रहत अंदरनि घैसे।
ताहि न अवधि न सुत दारा वै उनै भेद कहो कैसे॥
जीव मारि कै उदर भरत हैं रहत अशुद्ध अनैसे।
सूरदास भगवन्त भजन बिन जैसे ऊंट खर भैंसे॥ ३४॥
हरि बिन अपनो को संसार।
माया मोह लोभ यौं चाढ़े काल नदी की धार॥
ज्यों जनसंगत होत नाव में रहत न परशे पार।
तैसे धन दारा सुख सम्पति बिछुरत लगै न बार॥
मानुष जन्म नाम नरहरि को पैये न बारम्बार।
ये तन क्षणभंगुर के कारण कह करै गर्ब गवाँर॥
जैसे अंधा अन्धकूप में गनत न खाल पनार।
तैसेहि सूर बहुत उपदेशहि सुनि सुनि गये कै बार॥ ३५॥
मो सों पतित न और गुसाईं।
अवगुण मोपै कबहुं न छूटे बहुत पचेउ अबताईं
जन्म जन्म हौं रहेउ भ्रमित ह्वै कपि गुंजा की नाईं।
ता परसत गयो शीत न कबहूं लै लै निकट तपाई॥
लुब्धो आय कनक कामिनि ज्यों शिशु देखत जलभाईं।
जिह्वास्वाद मीन लों डारेउ सुझियो नहीं फँदाईं॥
मुदित भयो सपने में जैसे पाये निधिहि पराईं।
आगि परे कछु हाथ न लाग्यो ऐसे सूरप्रभुताईं॥ ३६॥

प्रीतम जानि लेहु मन माहीं ।
अपने सुख को सब जग बाँध्यो कोउ काहु को नाहीं ॥
सुख में आय सबै मिलि बैठत रहत चहुँ दिशि घेरे ।
बिपति परी तब सब सँग छाँड़ै कोउ न आवै नेरे ॥
घर की नारि बहुत हित जासों रहत सदा सँग लागी ।
जब इन हंस तजी यह काया प्रेत प्रेत कहि भागी ॥
या बिधि को व्योपार बन्यो जग तासों नेह लगायो ।
सूरदास भगवन्त भजन बिन नाहक जन्म गँवायो ॥ ३७ ॥

सो प्रभु मेरेहि दोष निवारे ।
किये अपराध अनेक जनम के नख शिख भरे बिकारे ॥
धरणी पात्र सिंधुजलपूरण गिरि कंचन मसि डारे ।
सुरतरुवर की शाखा लै करि लिखत शारदा हारे ॥
पतितपावन हरि नाम तुम्हारो बेद बखानत चारे ।
सूरदास प्रभु तुम्हरे मिलन को करत फिरत हेरि हारे ॥ ३८ ॥

आँधरे की दई चरावै ।
नाहिन पूत पिता सम कोऊ जल में शैल तरावै ॥
जो अरि कोटि होय बहुतेरे छीन छीर सर पावै ।
जाहि सहाय होय श्रीपति को बिनहीं ब्याई व्यावै ॥
काहे को चिन्ता चित कीजै जो चरणन चित लावै ।
संकट सूर सहाय होय प्रभु बसनप्रवाह बढ़ावै ॥ ३९ ॥

जहाँ जहाँ सुमिरे तुम जेहि बिधि तहीं तहीं उठि धाये हो ।
दीनउधारण भक्तकृपानिधि बेद पुराणनि गाये हो ॥
सुत कुबेर के मत्त बिषय के मद नयननि में छाये हो ।
द्विज के शाप ते भये यमलातरु तिहि लगि आपु बंधाये हो ॥
परम मलीन दीन द्विज देखत ताके तन्दुल खाये हो ।
दै सम्पति वाकी पत्नी के मन अभिलाष पुजाये हो ॥
कलानिधान सकल गुणसागर गुरु धौं कहा पढ़ाये हो ।
तिहि उपकार मृतक सुत यांचे ते यमपुर ते ल्याये हो ॥

कत मोते अपराधी माधव केतिक सुगति पठाये हो।
सूरदास प्रभु करुणासागर पावन विरद कहाये हो ॥ ४० ॥
सोई प्रभु करो कछु दीनदयाल।
जाते जन छन चरण न छाँड़ैं करुणासागर भक्त कृपाल ॥
इन्द्री अजित बुद्धि विषयेरत मन की अनुदिन उलटी चाल।
काम क्रोध मद लोभ महाभय अहनिशि नाथ रटत बेहाल ॥
योग यज्ञ जप तप तीरथ व्रत छन में एकौ अंग न भाल।
कहा कहौं किहि भाँति रिझाऊं हौं तुम को सुंदर नँदलाल ॥
सुनु समरथ सर्वज्ञ कृपानिधि अशरणशरण हरण जगजाल।
कृपानिधान सूर की यह गति कासों सयन कहै यदि काल ॥ ४१ ॥
गुसाईं दीन के दयाल सुनौ परम दानि दाता।
जाकी यह सांची बिरदावलि भक्तन के पितु माता ॥
कंस केशि मुष्टिक मुरमधुकैटभत्राता।
धाये गजराज काज केतिक यह बाता ॥
गणिका द्विज व्याध अधम इनमें को ज्ञाता।
आन कहत नाथ कहेउ जान्यो नहिं जाता ॥
गौतम की बाम तरी तनकु परसि लाता।
और कुटिल तारि तारि कहा हौं गर्बाता ॥
रीझि देत सर्बस तुम तनक तुलसिपाता।
कह भयो दोउ लोक दये तंडुल के खाता ॥
मांगत है सूर त्याग जिहिं तनु मनु राता।
अपनी प्रभु भक्ति देहु जासों तुम नाता ॥ ४२ ॥
अब मोहिं शरण राखि लेहु नाथ।
कृपा करी जोगुरु जन पठये यहै आत नहिं हाथ ॥
अहंभाव ते तुम बिसराये इतने भूठे साथ।
परेउ जु भवसागर प्राकृत बस बाँध्यो फिरयो अनाथ ॥
भ्रमित भयो जैसे मृग चितवत देखि देखि भ्रमि पाथ।
जन्मत सिख्यो संत की संगति कहेउ सुन्यों गुन गाथ ॥

कर्म धर्म तीरथ बिनु राधन ह्वै गये सकल अकाथ।
अभयदान दै अपनि भुजा धरि सूरदास के माथ ॥ ४३ ॥

मेरे जिय ऐसी आनि बनी।
छांड़ि गोपाल और जो सुमिरौं तो लाजै जननी ॥
मन क्रम बचन और नहिं चितवौं जब कब श्यामधनी।
विष को मेरु कहा लै कीजै अमृत एक कनी ॥
कह लै करौं कांच को संग्रह त्यागि अमोल मनी।
सूरदास भगवन्तभजन को तजी जाति अपनी ॥ ४४ ॥

मोहन के मुख ऊपर वारी।
देखत नयन सबै सुख उपजत बार बार ताते बलिहारी ॥
ब्रह्मा बाल बछरुवा हरि गयो सो तत्क्षण सारिखे सँवारी।
कीन्हो कोप इन्द्र बरषा ऋतु लीलालाल गोवर्द्धनधारी ॥
पांडव जरत देखि पुरषोत्तम प्राणनाथ द्रोपदी पुकारी।
तीन लोक के ताप निवारण सेवक सूर श्याम सुख कारी ॥ ४५ ॥

हरि दासन की सबै बड़ाई।
अंबरीष हित द्विज दुर्वासा चक्र छांड़ि कै कूप पराई ॥
दानव दुष्ट असुर को बालक ता हित सब मर्यादा ढाई।
भक्तराज कुन्ती के सुतहित रथ चढ़ि आपु रन लीनि लड़ाई ॥
शिव ब्रह्मा जाको बर दीनो अंत सबन की खोज कढ़ाई।
हरिपद कमल प्रताप तेज ते ध्रुव पदवी लै शिखर चढ़ाई ॥
अजामील गणिका रत द्विज सुत सुमिरत ही यमत्रास पड़ाई।
गजदुख जानि तबहिं उठि धाये ग्राहमुखनि ते बिपति छिड़ाई ॥
सत्र आंगिरस देवयजन को कर्म ग्रंथि द्विज सकल मिटाई।
नारी ब्रजपति नाम नेह सुनि रस नाना अर्पण को धाई ॥
कौरवराज पंथ रचना करि श्रीपति को शोभा दिखराई।
आपुन बिदुर सदन पगु धारे सदा स्वभाव साधु सुखदाई ॥
सकल लोक कीरति मचि गावै हरिजन प्रेम निशान मढ़ाई।
कहँ लो कहौ कृपासागर को सूरदास नाहिन सुघराई ॥ ४६ ॥

ऐसे भगवन्त भक्तहितकारी ।
जहाँ जहाँ जिहि काल सँभारे तहँ तहँ त्रास निवारी ॥
धर्मपुत्र जब यज्ञ उपायो द्विजमुख होइ पनु लीन्हो ।
अश्व निमित्त उत्तर दिशि के पथ गमन धनंजय कीन्हो ॥
अहिपतिसुता सुवन सन्मुख होय वचन कह्यो यक हीनो ।
पारथ विमल बभ्रुवाहन को शीश खिलौना दीन्हो ॥
इतनो सुनत कुन्ति उठि धाई बरषत लोचननीर ।
पुत्रकबन्ध अंकभरि लीन्हो धरत न तण एक धीर ॥
लै लै श्रोण हृदय लपटावत चुम्बति भुजा गँभीर ।
त्यागत प्राण निरखि शायकधनु गति मति विकल शरीर ॥
ठाढ़े भीम नकुल सहदेवा भूपति वृष्णि समेत ।
पौढे कहा समरशैय्या सुत उठि किन उत्तर देत ॥
थकित भये कछु मंत्र न फुरई कीने मोह अचेत ।
पारथ बैठि बंधु को गर्जहि पुरई हौं कुरुखेत ॥
काको बदन निहारि द्रौपदी दीन दुखी संभरि हैं ।
काकी ध्वजा बैठि कपि किलकहि किहि भय दुर्जन डरि हैं ॥
काके हित श्रीपति इहँ ऐहैं को संकट पुनि रक्षा करि हैं ।
को कौरवदलसिन्धु मथन करि या दुख पार उतरि हैं ॥
चिन्ता हानि चितै अन्तर्गति नागलोक को धाये ।
पारथशीश शोधि अष्टाकुल तब यदुनन्दन लाये ॥
अमृतगिरा बहु बरषि सुरप्रभु भुज गहि पार्थ उठाये ।
अश्व समेत बभ्रुवाहन लै सुफल यज्ञ हित आये ॥ ४७ ॥
ऐसे माधव मीत हमारे ।
सदा सहाय कियो सुख दीयो संकट में रखवारे ॥
जिन लक्षागृह जरत उबारे द्रौपदिलाज निवारी ।
बसन प्रवाह बढेउ अम्बर ते जब कहि नाथ पुकारी ॥
जिन भारथ पारथ रथ हांक्यौं द्विजहि प्रतिज्ञा कीनी ।
टुटत बज्र बाणवलि छूटत पीठि आनि प्रभु दीनी ॥

आपुन करत हरत पुनि आपुन और न दूजो कोई ।
रथ पर बैठि बटपत्र शयन करि प्रलय करत हैं ओई ॥
तैं कछु करि अभिमान आपनो बोल्यो बचन अनेरो ।
ताते सूरप्रभु बल करि राख्यो गर्व प्रहार्‌यो तेरो ॥ ४८ ॥

ऐसेहि बसिये ब्रज की बीथनि ।
साधुन के पनवारे चुनि चुनि उदर जु भरिये सीथिनि ॥
पैंड़े से के बसन बीनि तन छाया परम पुनीतनि ।
कुंज कुंज तर लोटि लोटि रचि रज लागे रंगी तनि ॥
निशदिन निरखि यशोदानन्दन अरु यमुनाजल पीतनि ।
दर्शन सूर होत तन पावन दर्शन मिलत अतीथनि ॥ ४९ ॥

हरिजू मोसों पतित न आन ।
मन क्रम बचन पाप जे कीन्हे तिनको नहीं प्रमान ॥
चित्रगुप्त यमद्वार लिखत हैं मेरे पातक झारि ।
तिनहूं त्राहि करी सुनि ये गुन कागद दीन्हे डारि ॥
औरन को यम के अनुशासन किंकर कोटिक धावै ।
सुनि मेरी अपराध अधमई कोउ निकट नहिं आवै ॥
हौं ऐसो तुम वैसे पावन गावत हैं जे तारे ।
अवगाहो पूरणगुण स्वामी सूर से अधम उधारे ॥ ५० ॥

अब हौं हरि शरणागत आयो ।
कृपानिधान सुदृष्टि हेरिये ये पतितन अपनायो ॥
ताल मृदंग पांच इंद्रिन मिलि बीणा बेणु बजायो ।
मन मेरे नट के नायक उन तिनहीं नाच नचायो ॥
उघट्यो सकल सँगति भवसागर अंगन अंग बनायो ।
काम क्रोध मद लोभ मोह के तान तरंगन गायो ॥
सूर अनेक देह धरि भूतल नाना भाय दिखायो ।
नाच्यो नाच लक्ष चौरासी कहूँ न पूरो पायो ॥ ५१ ॥

अबहौं सब दिशि हेरि रहेउ ।
कोऊ नहि राखत करुणामय अति बल ग्राह गहेउ ॥

सब सारथी असुर सुरनर मुनि कत श्रम आनि करे।
बारन उदित तिमिर नहिं नाशैं बिन रविरूप धरे॥
इतनो सुनि आये कमलापति निज कर चक्र लये।
हति गजशत्रु सूर के स्वामी सब सुख आनि दये॥ ५२॥

कह्यौ शुक श्री भागवत बिचारि।
हरि की भक्ति युगहि युग बरधै और धर्म दिन चारि॥
चिन्ता तजौ परीक्षित राजा सुनि शिष सौंच हमारि।
कमलनयन की लीला गावत टरि गये नेक बिकारि॥
सतयुग सत त्रेता तप कीनो द्वापर पूजा चारि।
सूर भजन या कलि में कीजै लज्ज्या कान निवारि॥ ५३॥

मन सुमिरि हरि हरि हरि।
सतयुग मांहि नामशर परतीति करि करि करि॥
हरि नाम हरणाकुश बिसारो उठो बरि बरि बरि।
प्रहलाद हेत जन असुर मारेउ नाहि डरि डरि डरि॥
गज गीध गणिका व्याध के अग्र गये गरि गरि गरि।
चरणअम्बुज बुद्धिभाजन जल भरिहि भरि भरि॥
द्रौपदी के लाज कारण दाव परि परि परि।
पांडुसुत के बिघ्न टारे गये टरि टरि टरि॥
करन दुर्योधन दुशासन शकुनि अरि अरि अरि।
सुत हेत अजामिल नाम लीन्हो गयो तरि तरि तरि॥
चारि फल के दानि हैं प्रभु रहे फरि फरि फरि।
सूर श्री गोपाल हिरदय राखि धरि धरि धरि॥ ५४॥

अब मैं जानी देह बुढ़ानी।
शीश पांव धरि कह्यो न मानै तन की दशा सिरानी॥
आन कहत आनै कहि आवत नयन नाक बहै पानी।
मिटि गइ चमक दमक अँग अँग की गई जु मति हेरानी॥
नाहिं रही कछु सुधि तन मन की ह्वै है बात बिरानी।
सूरदास प्रभु अबहिं चेत ले भजले शारंगपानी॥ ५५॥

भजु मन चरण संकटहरन।
सनक शंकर ध्यान ध्यावत निगम अशरनशरन ॥
शेष शारद कहैं तारक सन्त चिन्तत चरन।
पद्‌परागप्रताप दुर्लभ रमा बोहित फरन ॥
परसि गंगा भई पावन तिहूँ पुर धरधरन।
चित्त चेतन करत अन्तः करण तारनतरन ॥
गये तरि लै नाम केते संत हरिपुर धरन।
जासु पद्‌रज परशि गौतमनारि गतिउद्धरन ॥
जाकि महिमा प्रगट कहत न धोय पग शिरधरन।
सोइ कृष्णपद मकरंद पावत और नहिं शिर परन।
सूरप्रभु चरनारविंद ते मिटै जन्म औ मरन ॥ ५६ ॥
जादिन संत पाहुने आवत।
तीर्थ कोटि अस्नान करन फल जैसो दर्शन पावत ॥
नित विनोद दिन दिन प्रति उनके चरण कमल चित लावत।
मन बच कर्म और नहिं जानत सुमिरत औ सुमिरावत ॥
मिथ्या बाद उपाधि रहत हौं विमल विमल यश गावत।
सूरजदास भक्ति कर तिनके जेहरि सुरति करावत ॥ ५७ ॥
चौपरि जगत मड़े युग बीते।
गुणपांसा क्रम अंकदशा चौसारि न कबहूँ जीते ॥
दिशि फर चार मनोरथ घर फिरि फेरि फेरि गुण आवै।
काम क्रोध मिलि लोभ के संगम खेलत हारि न पावैं ॥
मातुगर्भस्थिति पाय पिता दश मास उदरसे डारै।
जनम छुठी छक और बधाई दुइ छक दुइ पुनि पारे ॥
मुंडन करनबेध व्रतबंध विवाह गवन गृहवासी।
आलिंगन चुंबन परिरंभन नखछत चारु परस्पर हांसी॥
केतिक करणाबेलि चमेली सुमन सुगन्ध सिंचाये।
रचहि तलप निशि भोग चतुर सम बहुत एकादश पाये ॥
उर परसत सब अंग बिलोकत क्रीड़त सुख सुख जी के।

चोली चीर अलक भूषण फिरि साजत पिय भवनीके ॥
नख शिख साजि सिंगार सकल प्रिय सुन्दर बदन निहारत ।
विविधि विलास सकल कौतुक रस छदश अंक भरि डारत ॥
यौवनमद जनमद मादकमद धनमद बिधमद भारी ।
कामविवश पर नारि भजत दुइ पंचशरहि फिरि मारी ॥
पौरि पगारि महल मंदिर रचि राजत अंग अटारी ।
भीतर भवन विचित्र विराजत पंचदुवादश द्वारी ॥
कृषी वणिज व्योहार ग्रामपति हय बांधत दर हाथी ।
करि अभिमान हरी सों बेमुख संग नहीं कोउ साथी ॥
रतन रजत कंचन मुक्तामणिमाणिक संचित कसि कसि ।
छह सुनि गुनत छहोरस बिलसत कहत अठारह हँसि हँसि ।
परिवा तो पंचिमी दशमि कहु पोत टका नित कीन्हा ।
पंजा तीनि परे नोकी विधि बिप्रनि भोजन दीन्हा ॥
स्वजन समधि परिवार दास दासी जन सब हितकारी ।
दाव धाव गति देखि करति रति पंजा पारत न्यारी ॥
संध्या तिमिर इन्दु दुविधा दुइ ठोक निगमपथ चालत ।
श्रवण पुराण शिला तुलसीदल पूजित दुखितहि पालत ॥
पंच बरष दस बरष और छक युग खेलहु खिलवारी ।
शिशु गई जोति किशोर काल हति मन कांची करि डारी ॥
पुनि पौछक औरो छक पंजा साजि सारिसँख फोरयो ।
तितने दाउँ बहुरि फिरि खेलो तरुण बिरध युग जोरेउ ॥
आमावस पूनो संक्राति ग्रहन द्विज कर भव मेलत ।
एकादशी द्वादशी संयम कछू देत छक खेलत ॥
मंगल बुध गुरु शुक्र भान शशि शांति करत ग्रह नीके ।
राहु केतु चन्द्रमा सु संयुत छतन परत हित जीके ॥
सैन उडान अमर्द बिना जन उपवासन तन साधे ।
दुई चौदशी जनम निशा शिव पांच चारि मन बांधे ॥
द्वारावती गोमती पुष्कर तीर्थ प्रयाग अन्हाये ।

गई न मन की कठिन मलिनता कहा भयो भ्रमि आये ॥
बारह बन ब्रज के परिदक्षिण पंच द्वादशे पेलत ।
जप तप संयम नेम धरम व्रत करि करि कष्ट सकेलत ॥
लोचन श्रवण त्वचा पै जारें सर्वस को नहि कांधे ।
सुधि बुधि सुमति सुरजि गइ दशनिधि जूराजुग बिधि बांधे ॥
धरत चरण निरखरत लकुट ले चलन नवल कइ काँपत ।
कास सकफ कर तन गिरिधर धुक तदा बिछूरत भाषत ॥
सुत बनिता हित पाँचो नेह नातो सबहीं टूटे ।
दाव कुदाव परे दुइ पंचत जोरा मिलु युग फूटे ॥
बालक तरुण बिरध अधजर जर जिति सारी ढिगढारी ।
सूर एक यों नाम बिना नर फिरि फिरि बाजी हारी ॥ ५८ ॥

जनम तौ ऐसेहि बीति गयो ।
जैसे रंक पदारथ पायो लोभ बिसाहि लयो ॥
बहुते जनम पुरीषपरायण शूकर श्वान भयो ।
अब मेरी मेरी करि बौरे बहुरो बीज बयो ॥
नर को नाम पारगामी हो सो तुहि श्याम दयो ।
ते पदु नारिकेलि कपि कर ज्यौं पायौ नाहिं पयो ॥
रजनीगत बासर मृगतृष्णा में हरि को न बयो ।
सूर नन्दनंदन जिनि बिसरेउ आपुहिं आप हयो ॥ ५९ ॥

अब मोहिं भीजत क्यों न उबारो ।
दीनबन्धु करुणानिधि स्वामी जन के दुःख निवारो ॥
ममता घटा मोह की बूँदें सलिता में न अपारो ।
बूड़त कबहुँ थाह नहिं पावत गुरुजन ओट अधारो ॥
गरजन क्रोध लोभ के नारो सूझत कहुँ न उधारो ।
तृष्णा तड़ित चमकि क्षण ही क्षण अहनिशि यह तन जारो ॥
यह भुव जल कलिमलहि गहे है बोरत सहस पुकारो ।
सूरदास पतितन को संगी बिरदहि नाथ सम्हारो ॥ ६० ॥

गोविंदपद भजु मन बच क्रम करि ।

शुचि शुचि सहस समाधि साधि शठ दीनबन्धु करुणामय उरधरि ॥
मिथ्या बाद विवाद छांड़ि शठ विषय लोभ मद मोहै परिहरि ।
चरणप्रताप आनि उर अंतर और सकल सुख या सुख तरहरि ॥
वेदनि कहेउ सुमृति इमि भाष्यो पावनपतित नाम है निज हरि ।
जाके सुयश सुनत अरु सुमिरत जैहै पापवृन्द तजि नरहरि ॥
परम उदार श्यामसुन्दरवर सुखदाता संतनहित हरिधरि ।
दीनदयाल गोपाल गोपपति गावत गुण आवत ढिग ढरहरि ॥
अजहुँ मूढ़ चेतै चहुंदिशि ते उपजी कली अगिनि झकझरहरि ।
जब यम जाल पसारि परैगो हरि बिनु कौन करैगो धरहरि ॥
सूर काल बल व्याल ग्रस्यो जिनि श्रीपति चरण परहि फिनि फरहरि ।
नामप्रताप आनि सुहृदय महँ सकल विकार आहिं सब टरहरि ॥६१॥

अब शिर परी ठगौरी देव ।
ताते विवश भयो करुणामय छांड़ि तिहारी सेव ॥
मायामंत्र पढ़त मन निशिदिन मोहमूरछा आनत ।
ज्यों मृग नाभिकमल तजि अनुदिन निकट रहत नहिं जानत ॥
भ्रममद मलकामी तृष्णारस वेग न क्रमै गहेउ ।
सूर एक पल गहरु न कीन्हो कहि युग इतै रहेउ ॥ ६२ ॥

ऐसी मूढ़ता या मन की ।
परिहरि नाम भगत सुरसरिता आस करत आसन की ॥
योग कसौटी फटकि मैं छाड़ी मान मनायो तन की ।
टूटत दशन न जानत री रसमयो अतिहि छबि अंगन की ॥
धूमसमूह निरखि चातृक ज्यों तृषा होत अति घन की ।
नाहिन तहँ शीतलता देखत हानि होत लोचन की ॥
कहँ लौं कहौं कुचाल आपनी जानत हौ गति जन की ।
सूरदास प्रभु हरहु दुसह दुख लाज करो निज पन की ॥ ६३ ॥

तुमहि अछत कहा दुख दयाल ।
दीन आनि कै हरत नाहिने कहा जिये बहु काल ॥
छल छूटे धन धर्म गँवायो कहा छिये मणि लाल ।

कनक मांगि तप छिजित दिनै दिन द्वारे रटत बिहाल ॥
सूरश्याम को करो निहोरो चलत वेद की चाल ॥ ६४ ॥

मोते और कौन है पापो ।
घातक कुटिल चवाई कपटी लोभ मोह सन्तापो ॥
लम्पट धूत पूत कौड़ी को विषय बास जप आपो ।
दुसह कर्म कीन्हे निशिबासर कटुक बचन आलापी ॥
जितने पतित उधारे सुमिरत तिन की गति मैं मापो ।
सागर सूर विकार भरेउ जैसे व्याध अजामील वापी ॥ ६५ ॥

मैं हरि उघरि दावँ दै हारेउ ।
आशा भंग भई का मो पै बचन पाप जु तिहारेउ ॥
हारि मानि उठि चले दीन ह्वै जानि आपनी कैद ।
समुझि लेहु तुम इतनी मोपै बचन तिहारे वेद ॥
उतरुन को उत्तर नहिं आवै तबहीं मिलि उड़ि जाते ।
तुम्हरी कीरति बात ब्रह्म की अधर बचन मद माते ॥
अपनी चाल जोरि मनहीं मन चले बसीठी तोरी ।
सूर एक हू अंग न कांपै मैं देख्यो टकटोरी ॥ ६६ ॥

जोपै राम नाम धन धरतो ।
टरतो नहीं जन्म जन्मान्तर कहा राज यम करतो ॥
लेतो करि व्योहार सबनि सौं मूल गांठि में परतो ।
भजनप्रताप सवाई घृत मधु पावक परे न जरतो ॥
सु स्मृत गौन वेद विधि बैठो विप्र परोहन भरतो ।
सूर चले वैकुंठ पैठिके को विच कौन जो अरतो ॥ ६७ ॥

व्रजनाथ अनाथहि के संगी ।
दीनदयाल दुखित करुणामय जनहित कारण प्रभु बहुरंगी ॥
पारथपति कौरव जु सभा में पठवो लेन कहेउ हरिसंगी ।
श्रवण सुनत करुणा सरिता अति बाढ़ी बसन उमंगी ॥
कहा कूबरी शील रूप गुण बश भये ललित त्रिभंगी ।
गज प्रासे ज्यों उग्र बिना जल बिलपत विकल गात गति संगी ॥

भक्तनवल्लल कृपानिधि केशव प्रेमिन के प्रभु संगी ।
आये धाय गरुड़ ही तजि कै करधर नखटरसंगी ॥
अब जो कहू प्रतिज्ञा प्रभु को तहाँ परम जो पद परतंगी ।
सुनतहि श्रवन सूर अति गर्जत जग अस अधम अनंगी ॥ ६८ ॥

दृष्टकूट

सखी री सुन परदेशी की बात ।
अर्द्ध बीच दै गये धाम को
हरि अहार चलि जात ।
ग्रह नछत्र अरु वेद अर्द्ध करि
को बरजे मुहिं खात ॥
रविपञ्चम सँग गये श्यामघन
ताते मन उकतात ।
कहुँ सहोक्त कवि मिले सूर प्रभु
प्राण रहतु नतु जात ॥ १ ॥

हे सखी परदेशी की बात सुन धाम घर ताको अर्द्ध पाख पख बीच में दैके घनश्याम गये हरि बाघ ताको अहार मास चले जात हैं। ग्रह ९ नक्षत्र २७ वेद ४ सब मिल ४० आधे ते बीस बिस खात मोको को बरजै। रवि के पंचम बृहस्पति तिनको नाम जीव है सो संग श्यामघन लै गये ताते मन उकतात है। अब सह सुन्दर उक्ति कहो नातरु प्राण जात हैं। यहां नायका प्रोषितपतिका श्यामघन के संग गयो है हमारो जीव तासे सहोक्त अलंकार है। लक्षण —

चौ० —दोहुन एको संग बखानो, तहां सहोक्त अलंकृत जानो ॥ १ ॥

राधे कैसे प्राण बचावै ।
परी महान विपत्ति शीश पर,
बीसनताप तचावै ॥
शेषभारधरजापतिरिपुतिय,

जलयुत कबहुं न हेरे।
वानिबासरिपुधररिपु लै शर,
सदा शूल सुख पेरै ॥
वाचरनोतन ते सारंग अति,
बार बार झर लावै।
देखत भँवर कञ्ज रस चाखत,
आपन ते मुरझावै ॥
पन्नगशत्रु पुत्ररिपुपितुसुत
हितपति कबहुं न हेरै।
समासोक्ति कर सूर भृङ्ग को,
बार बार बरु टेरै ॥ २ ॥

उक्ति नायिका पूर्व। राधे कैसे प्राण बचावै महा विपत्ति शीश पर परी है ताते विष के ताव सों तचत है। शेष को भार भू धर पर्वत जा उमा पति शिव रिपु जालन्धर तियवृन्दा जल बन युत अर्थ—वृन्दावन कबहुं नाहीं हेरत। या जल ता निवास कमल ता रिपु चन्द धर, शिव रिपु काम शूल से खावत है या जल चर मीन मीतन नयनन ते सारङ्ग जलधार छोड़त है अरु भँवर कञ्ज रस लेत देख के आप मुरझात है। पन्नग नाग ते नग पर्वत ताके रिपु इन्द्र पुत्र अर्जुन शत्रु कर्ण पितु सूर्य सुत सुग्रीव हित अक्ष नाम नखत ताको पति चन्द नाहीं हेरत है। समासोक्ति नाम राम उक्ति करि भृङ्ग जो पतङ्ग सूर्य है तिनको पुकारत उदित होहु। या पद में भँवर कमल अप्रस्तुत देख नायक प्रस्तुत समझो ताते समासोक्ति, लक्षण—

चौ०—अप्रस्तुत तें प्रस्तुत जानै, समासोक्ति कवि ताहि बखानै ॥२॥

पलट बरन वृषभानुनन्दनी
आगतिहितरिपुश्वास।
परी रहतु ना कहत कबहुँ कछु,
भरि भरि ऊरध स्वास ॥
बात आदि औ यान अन्त मिलि,
रिपु पति पतिनी तास,
पितु दल पति लखि उदित जरत जनु,

महा अगिन के पास ॥
ताकत नहीं तरनिजाके तट,
तरुवर महा निरास ।
सूर श्यामघन मिलत छूटि है,
परिकर ग्रीषम फास ॥ ३ ॥

पलट बरण उक्ति नायिका पूर्व ॥ पलट बरण राधा ने धारा ताकी जा लक्ष्मी पति विष्णु हित शिव रिपु काम के त्रास ते परी रहत है कछु कहत नाहीं ऊर्ध्व स्वास लेत है । वात नाम पवन यान नाम रथ आदि अन्त ते पथ ताकी रिपु यमुना पति कृष्ण पत्नी जामवन्ती पिता ऋच्छ ऋक्ष नाम नखत ताके पति चन्द्र ताको देखि जरत है। तरनिजा यमुना के तट नाहीं ताकत देखत । सूरश्याम घन मिले ते ग्रीष्म को परिकर सामान्य वाके पास ते जाइ । इहां कामतपन, चन्द्रतपन, तरनिजातपन, ग्रीष्म को समाज, ताकी तपन मिटावनहार घनश्याम विशेषण है ताते परिकर ताको लक्षण--

चौ०--साभिप्राय विशेषण होई, परिकर ताहि कहैं कवि सोई ॥ ३ ॥

प्राणनाथ तुम बिन ब्रजबाला ,
ह्वै गईं सबै अनाथ ।
व्याकुल भई मीन सी तलफत ,
छुन छुन मींजत हाथ ॥
ग्रहपतिसुतहितअनुचर को सुत ,
जारत रहत हमेश ।
जलपति भूषण उदित होत ही ,
पारत कठिन कलेश ॥
कुञ्ज कुञ्ज लखि नयन हमारे ,
भञ्जन चाहत प्रान ।
सूरदास प्रभु परिकर अँकुर ,
दीजै जीवन दान ॥ ४ ॥

उक्ति नायिका पूर्ववत् ॥ हे प्राणनाथ, जबते तुम गये तबते ब्रजबाला अनाथ होइ गईं । व्याकुल मीन सी तलफतीं हाथ मींजती हैं । ग्रहपति सूर्य सुत सुकण्ठ, हित राम अनुचर हनुमंत सुत मकरध्वज नाम काम हमेश जरावत हैं । जल नाम गो गो कही नन्दी

पति शिव भूषण चन्द्र उदित होत क्लेश पारत है कुञ्ज कुञ्ज देखन के नयन जो हमारे हैं सो प्राण भंजन चाहत हैं। हे सूरदास के प्रभु ! परकर जो बीर हैं दाह ताके हे अंकुर जीवन दान देहु। यहां नयन को अर्थ नीति नाहीं जानत ऐसे नयन हैं याते परिकरअंकुर अलङ्कार लक्षण--

चौ०--साभिप्राय बिशेष जहां है, परिकरअंकुर कहत तहां है ॥ ४ ॥

चाहन गन्ध बैरी वीर।
आपना हित चहत अनहित,
होत छांड़त तीर ॥
नृत्य भेद विचार वाविन
इन्द्रवाहन पास।
सूर प्रस्तुत करत प्रशंसा
करत खंडित नास ॥ ५ ॥

चाहन इति ॥ गन्ध के चाहनहार भँवर बड़े वीर बैरी हैं। जे आपन हित चाहत हैं आन को हित होत नीर नाम नजीक छोड़ देत हैं नृत्य भेद ताल ताते जब वा जल जात है तब आप इन्द्र वाहन हाथी के कपोल पै रहत है, सो वाकी करत हैं प्रशंसा परन्तु खंडन कपोल चाहत है। यामें भँवर की निन्दा करना इक प्रस्तुत है ताकी निन्दा करत याते अप्रस्तुत प्रशंसा अलङ्कार नायक प्रात आयो ताते खण्डिता लक्षण--

दो०—अनत रहं आवेश पति, कहत खण्डिता ताह।
प्रस्तुत अप्रस्तुत कहै अप्रस्तुत कविनाह ॥ ५ ॥

देखत तू कत मान बिडायो।
भूसुतशत्रु नाथहितपितुत्रिय
प्रिय हिय वचन दृढ़ायो ॥
नागसुतापतिपितअरि आधो,
नाम सुबदन छिपायो।
सूरसुता अरि बन्धुतातअरि
भूषण अचम सवायो ॥
सुरभीतमजासुतसुत की जनु,

माता तलफ बढ़ायो।
सूर रोस परजायउक्ति कत,
कण्ठ न श्याम लगायो ॥ ६ ॥

उक्ति सखी की ॥ तू नायक को देख काहे मान चिडायो। भूसुत केत्रांच शत्रु वानर नाथ सुकंठ हित राम पितु दशरथ प्रिया कैकयी प्रिय कलह काहे को कियो अथवा हठ। नागसुता सुलोचना पति इन्द्रजीत पितु रावण रिपु रामचन्द्र आधो चन्द्र बदन काहे छिपायो सूर सुता यमुना अरि बलराम बन्धु कृष्ण तात काम शत्रु शिव भूषण विष सो बचन कहे सुरभी गौतम मिले गौतम जा अंजनी सुत केशरी किशोर सुत मकरध्वज माता मीन अब मछरी सी का तलफत है। सूर रोस की परजाय उक्ति करके कण्ठ सो श्याम काहे न लगायो। या में नायिका रोस कर पछितात सखी समुझावत ताते कलहन्तरिता रचना से सब बात कहत ताते परजाउक्ति (पर्यायोक्ति) लक्षण –

दो०—कलह करै पछितात सो, कलहन्तरिता जान।
रचना बातन ते कहत, परजाउक्ति प्रमान ॥ ६ ॥

बैठी आज कुञ्जन ओर।
तकति है वृषभानुनन्दिनि,
ललित नन्दकिशोर ॥
भानुसुतहितशत्रुपितु लगि,
उड़त चहुंकत हेरि।
ह्वै गये सुर शूल सूरज,
विरह अस्तुति पेरि ॥ ७ ॥

बैठी है कुञ्जन की ओर चितवत वृषभानुनन्दिनी नन्दकिशोर को तकत है भानुसुत कर्ण हित दुर्योधन शत्रु भीम पिता पवन लागे ते दुख होत है सुर कहे सुमन शूल से हो गये हैं विरह ते तिनकी अस्तुति मुख निन्दा करती इहां सहेट सूने विप्रलब्धा स्तुति मुख निन्दा ते व्याजस्तुति अलंकार लक्षण—

दो०—सूनेही संकेत ते, विप्रलब्ध ठहराय।
अस्तुति ते निन्दा कढे, व्याज स्तुति कविराय ॥ ७ ॥

दुरदमूल के आदि राधिका,
बैठी करत सिँगार।

दधिसुतसुतसुतसुतअरिभख मुख
करे बिमुख दुख भार ॥
जलचरजासुतसुत सी नासा,
धरे अनासा हार ।
बान रहित जापति पतिनी से,
बाँधे बार अबार ॥
सारंगसुत नीकन में सोहत।
मनो अनीकनि कार ।
सूरज प्रभु बिरोध सो भासत,
बस परयंक बिचार ॥ ८ ॥

उक्ति सखी की ॥ दुरद हाथी ताको नाम कुञ्जर मूल नाम जर ताके आदि वर्ण ते कुञ तामें बैठि राधा शृङ्गार करति है। दधिसुत कमल ताको सुत ब्रह्मा ताको सुत कश्यप सुत सूर्य्य शत्रु राहु भख चन्द मुख को दुख के भार त्रिमुख किये हैं। जलचर मीन जा मत्स्योदरी सुत व्यास सुत शुक शुक ऐसी नासिका धरे हैं अनासाहार बेसर टूटी नहीं अथवा हार नहीं टूटे। बान रहित जामवन्त ताकी पुत्री जामवन्ती पति कृष्ण पत्नी यमुना से बार अबार ते बांधे बहुत बिलम्बते सारंगसुत काजर नीकन अखन में दियो है मानो अनीक हरबल करै है। हे सूर्य के प्रभु बिरोध सो लगत है पर्यंक पै बसि बैठ के बिचारो अथवा विरोध सो लगत है इन पदन में ताते विरोधाभास अलंकार है वासकशय्या नायिका ताको लक्षण—

दो०—बिना विरोध विरोध सो, कही विरोधाभास।
वासकशय्या सो सजै, सब सिंगार सुखरास ॥ ८॥

अब रथ देखि परत वनधूरि।
दूरि बढ़िगो श्यामसुन्दर,
ब्रजसंजीवनमूरि ॥
भूमिसुत की देखि करणी,
आदि ते करहीन।
परे जीवन मध्य नाहीं,
रहन पावत मीन ॥

अस्टसुर इनको पठाये,
कंस नृप के त्रास ।
तिपीपी पल माँझ कीन्हीं,
निपट जीव निरास ॥
कलहनी पति पिता पुत्री,
तकत बनत न आज ।
कौन जानत रहै यह बिन,
सम्भवन को काज ॥
आइहै कै कहो सजनी,
सकल मोहिं जनाय ।
सूर समझै गमनपतिका,
करत सुरत सुभाय ॥ ६ ॥

उक्ति नायिका की ॥ हे सखि अब रथ की धूरि नाहीं देख परत सजीवनमूर ब्रज की दूर पहुंचे भूमिसुत अंकुर याकी करणी आदि ते हीन करते क्रूर रहत मलाह को भ्रम तासों मीन जल में नाहीं बचत अस्टसुर बसुदेव इनके पठाये हैं तिपीपी नाम छिपी छिपी कहे गोपी जीव निराश पल में कर दई कलहनोपति शनि पिता सूर्य पुत्री यमुना देखत नाहीं देखत बनत यह कौन जानत रहै। बिन सम्भावन को कार्य अब कब आइहै सूरपति गगन समुझै सुरति करि करि यामें असम्भव अलंकार प्रवत्स्यत्पतिका नायिका लक्षण —

दो०—कहे असम्भव हेतु जहँ, बिनसम्भावनकाज ।
गमन सुनत पति को रहै, होत प्रवत्स्यत् साज ॥ ६ ॥

जब ते हौं हरि रूप निहारो ।
तबते कहा कहो री सजनी,
लागत जग अँधियारो ॥
तमहरिसुत गुण आदि अन्त कवि,
का मतिवन्त विचारो ।
मेरे जान अनीत नयन को,
कीनो बिधि गुनबारो ॥

खचर खिलोना खीर आदि मिलि,
मुख सम बदन सम्हारो ।
लाग गयो याही ते इनको,
रथखातियद्विजवारो ॥
पूषणसुत सहाइ शिवआनन,
का लख नयन विचारो ।
सूरदास अनुराग प्रथम ते,
विषम विचार विचारो ॥ १० ॥

जब ते हम हरिरूप देखो तब ते जगत अंधेरो लागत है तमहरसुत काजर अरु गुण को नाम दाम है आदि अन्त ते काम भयो सो कवि जो काम ऐसो रूप कहत ताते इनको ब्रह्मा ने अनीति भी अनयन करे ख आकाश खिलौना चक्र खीर दूध आदि वर्णं ते चन्द जो इनके मुख समान भयो ताते याको रथ खा कहे शून्य द्विज कहे एक सब विपरीति ते लिखी ये अङ्क की वाम गति है सो दशरथ होत है ताकी त्रिया कैकेयी ताको लगो कलंक चन्द्र कलंकित ह्वै गयो पूषणसुत सुग्रीव सहाय अक्षशिव आनन पंच पांचवों नक्षत्र मृगसिरा सो मृग नेत्र देख क्या विचारो। सूरदास प्रथम अनुराग ते विषय विचार इनको जानो अथवा प्रथम अनुराग भयो ताते यह पद विषे पूर्वानुराग अरु कृष्ण श्याम हैं तिन को उज्वल कार्य में वर्णो याते विषम अलंकार कवि को अभिप्राय लक्षण—

दो०—कारण काज विरोध रँग, विषम कहावै सोइ ।
प्रथम भयो अनुराग ते, है पूरबई|सोइ ॥ १० ॥

परन्तु या पद में अद्भुत को हेतु किया ताते हेतु उत्प्रेक्षा है ॥

बंशी वट के निकट आजु हौं,
नेक श्याममुख हेरो ।
नट नागर पट पीत यहीं ते,
लटक रह्यो मन मेरो ॥
शिवरिपुतियघटमनुज गिरारस,
आदि बरण जा केरो ।
सुतवाहन शिर धरे आप सुत,

निज कर सम निरवेरो ॥
नीर देव वो कोप सहित कर,
पूरब रीत बसेरो ।
भूसुत तृतिय तलफ शफरी भो,
वारहीन तन घेरो ॥
सूरज चिते नीच जल ऊँचो,
लयो विचित्र बसेरो ॥ ११ ॥

वक्तानुराग पूर्व ॥ वंशीवट के निकट आज मैंने नेक श्याममुख हेरो । नट नागर के पट पै तब ते मेरो मन लटको है, शिवरिपुतिय तुलसी घट हीन मनुज नर गिरा रस इनको आदि वर्ण लेत तुहिनि गिर जा पार्वती सुत स्वामिकार्तिक वाहन मोर के पक्ष शिर पर धरे हैं नीर नाम वारि देव सुर कोप रोस आदि वर्ण ते बांसुरी को बजावत हैं भूसुत मंगल ते तीसरो जीव सों तलफत मछरी की रीति ते ऐसे के नीचे जल मे परछाहीं देख तन ऊंचे चढ़ि गयो जहां विचित्रता देखि यामें पूर्व अनुराग में बिचित्र अलंकार नीचे चितवत ऊंच होत तो लक्षण—

दोहा—इच्छाफल विपरीति की, कीजे यतन विचित्र ।

अरु मीन उपमान की तरह ते जीव तरफरात ताते दृष्टांत है परन्तु कवि को अभिप्राय विचित्र में है ॥ ११ ॥

मोहन मो मन बस गयो माई ।
को जाने कुलकान कहां है,
मात तात गृह भाई ॥
ज्यों सारंग सारंग के कारण,
सारंग सहत न डोलै ।
रम्भापति सुत शत्रु पिता ज्यों,
नय अहि अन्त न तोलै ॥
तनु पय नीत आदि सुत सुत की,
जननी प्रीतम माहीं ।
रहत तजत परबश प्रहार त्यों,
आश तजन तन नाहीं ॥

नृप भूषण कपि पितु गज पहिलो,
आश खचर की छोड़े ।
तिथि नक्षत्र के हेतु सदाई,
महा विपति तन ओड़े ॥
त्यों मम प्राणन वान सबन को,
आन पँचसी राखी ।
सूरजदास अधिक का कहिये,
करो शत्रु शिवसाखी ॥ १२ ॥

उक्ति पूर्व ॥ मोहन मोरे मन बसो कुल कानि मानादि को जानै कहां है जैसे सारंग मृग राग के हेतु बाण सहत डोलत नाहीं रम्भापति सुत शत्रु कर्ण पिता सूर्य नाम पतंग ते पतींगा नय नहीं अहि सांप अन्त ते दीप में जरत हैं। तनु अंग पय जल नीत के आदि वर्ण ते अंजनी सुत हनूमान ताके सुत मकरध्वज माता मछरी मीतम जल में रहत है पर-वश ते तजत है तौभी प्राण नाहीं राखत नृप भूषण चामर कपि पिता त्रिमूर्ति गज करी आदि ते चत्रिक खचर घन की आश छोड़े है तिथि पन्द्रहै नक्षत्र स्वाती चाहत पपीहा तै-सहीं मेरे प्राण सब की बान लई है अधिक का कहौं शिव शत्रु काम साखी है इहां जो सब को मोहन आप में राखनहार सो मेरे मन में बस गयो याते कवि को अभिप्राय अधिक को है, लक्षण —

दोहा—अधिक दीर्घ आधार ते, जब आधेय गनाइ ॥ १२ ॥

रवि दोधर रिपु प्रथम विकासो ।
ताने निज पतनी मेरे मन,
करि सारङ्ग प्रकासो ॥
पतिनी लै सारँगधर सजनी,
सारँगधर मन खैंचो,
ग्रह नक्षत्र अरु वेद सबन मिल,
तन प्रण करिके खैंचो ॥
सो तनु हानि होन चाहत है
बिना प्राणपति पाये ।
करि शंका कारण की माला,
तिहि पहिराउ सुभाये ॥ १३ ॥

उक्ति नायिका की सखी प्रति ॥ कि हे सखि, रबि ते दूसरो ग्रह चन्द्र धर शिव रिपु काम प्रथम हमारे तन में आयो ताते निज पत्नी रति प्रीति करके हृदय कमल प्रफुल्लित कियो रति जो है ताते सारंगधर कृष्ण सारंग हाथ पकर के मन में खैंचो अथवा उर कमल में खैंचो ग्रह ९ नक्षत्र २७ वेद ४ मिल चालीस को मन सो मनने हमारो तनु प्राण रोपके खैंचो ता तनु की हानि भयो चाहत है प्राणनाथ बिन ताकी शंका करिके अरु ये जो कारण ताकी माला ताको पहिरावहु यहां प्राण हानि के डर ते शंका संचारी कारण ते कार्य होत भयो ताते कारणमाला अलंकार है लक्षण—

दोहा—वस्तु भावती हानि तैं, डर को शंका मान।
कारण काज परम्परा, कारणमाला जान ॥१३॥

नन्दनन्दन बिन ब्रज में ऊधो,
सब विपरीत भई।
खगपतिव्यासवचन सम कोकिल,
बोलत जहरमई ॥
भृसुतशत्रुगेह में काहु,
दियत दवार दई।
पन्थ शत्रु पति सुत सुत्रार नर,
करि तन शूल मई ॥
शिवसुतन हनशत्रुभोगसुत,
रिपु भखवान लई।
वाजापतिवाहन की सेना,
बोलत जहर मई ॥
अब की बेर मिलावहु ब्रजपति,
जीवन मूर जई।
सूर बहुरि परजाइ दीन हर,
कुबजा कूर हई ॥ १४ ॥

नन्दनन्दन इति ॥ उक्ति गोपी की ऊधो प्रति ॥ कि हे ऊधो ! ब्रज में सब विपरीत भई है खगपति व्यास काक समान कोकिल बोलत है, भृसुत केवांच शत्रु वानर गेह वृक्षन में काहु दवार दई है। पन्थ शत्रु यमुना पति कृष्ण सुत काम शूल सई करत है, शिव सुत

गणेश वाहन मूस शत्रु बिलारी भख दधि नाम समुद्र सुत चन्द्रमा रिपु राहु भख सूर्य्य की बान जई है या, अखना लक्ष्मी पति विष्णु वाहन गरुड़ सेना पक्षी जहर से बोलत हैं ताते अबकी बेर मिलावहु ब्रजपति जीवनमूर सूर कहत यामें पर्य्याय अलंकार दीनता संचारी है ताको लक्षण—

दोहा—द्वै पर्य्याय अनेक के, क्रम से आयो एक।
दीन वचन ते दीनता, जानत सु कवि विवेक ॥ १४ ॥

ब्रज में करौं कौन उपाइ।
भई जो विपरीत ताके,
समझ शूल सुभाइ ॥
चार पद पति केश भूषण,
ते निकासो शङ्क।
तिपी पी उर डार दीनी
प्राण वारी रङ्क ॥
रटन सारँग ते निकासी
नाग समर मिलाइ।
डार दीनी सु मुख तिन के,
कहा धौं चित चाइ ॥
यहै चिन्ता दहै छाती,
कामघाती वीर।
करत है परसंख काहे,
समझ ताकत तीर ॥ १५ ॥

उक्ति नायिका की सखी से कि हे सखि! बृज में का उपाय कीजिये जो विपरीत भई है ताके शूल समझ चौपद पशु ताके पति शिव भूषण शशि को नाम शशांक है ताते शंक निकासति छपी गोपिन को प्राण को दई है सारँग पपीहा जो पी पी रटत रहै सो नाग नाम अहि समर रण दो मिलाइ अहिरण भई तिनके मुख में डरो है का पी पी पुकारती चिन्ता ते छाती जरत है तापर काम जो घाती है सो करत है पर शंक शत्रु की शंकावान समुझि के यामें चिन्ता संचारी परिसंख्या अलंकार लक्षण--

दोहा—चिन्ता जो प्रिय वस्तुकी करै चाह मन माहिं।
परसंख्या इक थल बरज, दूजे ठहरत जाहिं॥ १५॥

बाम बाम जिन सजनी कीनी।
तिनको ऊधो कहा बात बड़,
हम हित योग युगति चित चीनी॥
पुष्पनपतिबाहनभख हम सँग,
खात न तनक लाज गति भीनी।
वृषभागधर फिरे सबन के,
कथन आप तब समझन भीनी॥
भणित अर्थ भूषण उनहीं हित,
कीन भरत चित चाह नवीनी।
सूर कही जो तुम्है रुचै हम,
जीवन जो न मीन गति हीनी॥ १६॥

उक्ति गोपिन की ऊधो प्रति॥ कि जिन वाम देढ़ी अर्थ कूबरी जिन सजनी करी है तिन जो हमको योग की सीख दई तो का बड़ बात कही अर्थ उनकी बुद्धि चंचल है। पुष्प-सुमन नायक गणेश वाहन मूषक तिनको भख कपरा दुही हम संग पहिरत खात तनक लाज न करी। वृष भाग कन्ध पै हमको चढ़ायो, भणित काव्यार्थपत्ति अलङ्कार उनहीं के हित भरत भे कियो है जो हम जीव जल मीन की गत्ति न धरी अर्थ वियोग होत न मरी यामें कृष्ण पच्छ से चपलता संचारी काव्यार्थपत्ति अलंकार लक्षण—

दे०—जहँ कीनो तेहि वह कहा, काव्यअर्थपत्ति होइ।
बहुत उताइल काज से, कहत चपलता लोइ॥ १६॥

देखुरी वृषभानु जाकी दशा आज अनूप।
बनत नाहीं कहत देखत सरस विरह सरूप॥
नीकनन ते दिवस डारत परत घन पै हेर।
वेद धरत न शून्य के गुण लखत टार न फेर॥
शुक्रबाहन सी सुखानी बिना जीवन देख।
चन्द्र भाग पठाइ दीन्हयो प्राणपति सँग लेख॥

पंच ग्रह राखन विचारयो वहै सारँग एक।
भणित चिन्ह विचार आभरण राख सूरज टेक ॥ १७ ॥

उक्ति सखी की सखी से ॥ कि हे सखि! वृषभानुजा की दशा देखि जो वि ह में स्वरुप कीनो है सो देखत बनत कहो नाहीं जात। नीकनन नयनन ते दिवस नाम वार डारत है सो घन कहे पयोधरन पै परत है। वेद श्रुति श्रवणन में शून्य आकाश गुण शब्द नाहीं सुनत। नखत हस्त हाथ नाहीं फेरत। शुक्र वाहन दादुर सी सुखाई है। बिना जीव जल अरु जीवन पति बिना, चन्द्र भाग मन पठाइ दयो पीय के सङ्ग पंचग्रह जीव राखनहारो पपीहा है काहे कि पी आउ कहत है भणित काव्य चिन्ह लिङ्ग काव्य लिङ्ग आभरण अलंकार कि यामें औ जड़ता संचारी कवि यामें करत लक्षण—

दो०—काव्यलिंग सामर्थता, जहँ दृढ़ करत प्रवीन।
सब कामन ते शून्य हो, सो जड़ता मति पीन ॥ १७ ॥

आवत सुनो नन्दकिशोर।
आज मेरी गली होके करत वंशी शोर॥
लगे झूलन मेघ मंगल भरे बिथक सजोर।
कटन चाहत राख रोके काम कलवल छोर॥
अन्त ते कर हीन फरकत फणिग बांहँ ओर।
नीत बिन बल बाण सीखत नीक जान न जोर॥
काज आपन समुझि कै किन करे आप अथोर।
वाच्य अन्तर आदि जप कर सूर भूषण तोर॥ १८ ॥

उक्ति नायिका की॥ आज नन्दकिशोर आवत मैं आपन गली सुनो है वंशी को शोर करत तब ते मेघ पयोधर झुलवन लगे हैं विथक पवन नाम बात बात करबे चाहत हैं सो काम रोक राखत है फणिग नाम भुजग अन्त हीन ते भुज बाहीं फरकत हैं नीति बिन नयन बल बाण भुज बाण सीखत है अपनो भलो समुझ काहे न करो सब अथोर बहुत वाच्य अन्तर अर्थान्तर जप आदि न्यास अर्थान्तरन्यास भूषण अलंकार यामें है हर्ष संचारी लक्षण—

दोहा—करि विशेष सामान्य में, है अर्थान्तरन्यास।
चित में आनन्द की उमँग, कहत हरषपरकाश॥ १८ ॥

ऊधो तब ते अब अति नीको ।
लागत हमैं श्याम सुन्दर बिन
नाहीं ब्रज अति फीको ॥
बाइस शब्द अजा की मिलवन
कीन्हों काम अनूप ।
सब दिन राखत नीकन आगे
सुन्दर श्यामस्वरूप ॥
द्वोइ जनमको राजा बैरी
का बिधि आप बनावै ।
करत अनुज्ञाभूषण मो को
सूरश्याम चित आवै ॥ १६ ॥

उक्ति गोपी की ऊधो मति ॥ कि हे ऊधो ! तब ते अब बहुत नीको है हमको श्याम सुन्दर बिन ब्रज फीको नहीं लागत बाइस शब्द का अजा को शब्द में कामनी बहुत नीक काम कियो है कि नीकन अच्छन के पास उनको राखत हैं दो जन्म राजा चन्द्र का त्रिधि बनावत है सूरश्याम बिनु अनुज्ञा अलंकार होत है उग्रता संचारी, लक्षण—

दोहा—होहि अनुज्ञा दोष में, जो लीजै गुणमान ।
जग निन्दन समार्थ्य तै, कहै उग्रता जान ॥ १६ ॥

सुन सुत नन्दनन्दन की रीत ।
भूपति कंस परोधरणो तल
छाँड़ आपनी नीत ॥
द्वारधार नीतन ते डारत
हारत सब सुख हेर ।
बार बार झांकत जल अपनो
सोवत झझकत फेर ॥
रचि पंचम पल होत नहीं थिर
थकित भयो सब गात ।
धवल बसन मिलि रहे अंग में
सूर न जान्यो जात ॥ २० ॥

उक्ति पुरवासिनी की ॥ कि नन्दनन्दन की रीति सुनकर कंस राजा अपनी क्रूरता छोड़ धरनी पर परो है द्वार नाम बार अरु बार नाम जल की धार अरु नीलन नाम नयन ते छांड़त है अपने सुख हेर हारत है बार २ जल कहे बार बार कहे दुआर अपन झांकत है अरु सोवत में झझकत है रवि ते पंचम बृहस्पति नाम जीव थिर नाहीं होत गात थकित भयो है जामें सफ़ेद ह्व गयो है कपड़ा पहिर्‌यो सो नाहीं जान्यो जात। या पद में मीलित अलंकार भयानक रस है लक्षण —

दोहा—मीलित जहँ सादृश्य ते, भेद न जानो जात।
होत भयानक व्यंग्य भय, ते सब जग विख्यात ॥ २० ॥

यशुमति आज बैठि के आंगन,
अपनो लाल खिलावै हो।
चूम चूम मुख चपल चित्त कर,
आनन आप मिलावै हो ॥
सारंग सुत प्रीतम सुत रिपु रिपु
रिपु रिपु माल बनावै हो।
पिण्डप्रधानभूमिपति सुत गुरु
भाषित सरस सुनावैहो ॥
भूषण पति भष जा पति बाहन
हित बिचार चित गावै हो।
धनहर हित रिपु सुख सुत पूरत
नयनन मध्य लगावै हो।
धोरी धूमर काजरकारी
कहि कहि नाम बुलावै हो।
लालन कर उतपल के कारन
साँझ समय चित चावै हो।
सूरज करत विशेषअलंकृत
सब सुख सान तुलावै हो ॥ २१ ॥

उक्ति सखी की सखी प्रति ॥ यशुमति आज अपने लाल को खेलावत है मुख चूमत है। चित चपल करके मुख मिलावत हैं सारंग समुद्र सुत कमल प्रीतम सूर्य सुत सुकण्ठ

रिपु बाली रिपु राम रिपु दशानन रिपु देव नाम सुमन की माल बनावत हैं पिएड प्रधान भूमि गया पति विष्णु सुत लवकुश गुरु बाल्मीकि तिनकी भाषित रामकथा सुनावत हैं। भूषण मुद्रा पति अगस्त्य भक्ष समुद्र सुता कुमिदुनि पति चन्द्र वाहन मृग हित राग गावत है धनहर चोर हित अंधकार रिपु दीप सुत काजर नयनन में लगावत है धोरी धूमर काजर ए गो के नाम हैं तिनको बुलावत है पुत्र के कर अरु कमल ये जुरे करिवे को सांझ चाहै है। अर्थ वे मुदित हो जैहैं या पद में सूरने विशेष अलंकार पुत्ररतिभाव ध्वनि करी है लक्षण—

दोहा—यहै विशेष विशेष जो, समुझै समता पाइ।
पुत्र विषे रति होइ तो, भावध्वनि ठहराय ॥ २१ ॥

आज गिरि पूजन ग्वाल चले,
लै लै सिन्धु शम्भुसुत अति प्रिय पावन माट भरे ॥
नगर नीक और काम बीच ते गोग्रह अन्त भरे।
निकट बास परवत दाडिम युत सोई रीति भरे।
गावत नाचत बाजत बाजन याचत पुराय प्रभाव।
नन्द आदि सँग अति सुख पावत भावत जो जिहि लाव।
गूढ़ि उक्ति अस कहति गुवाली मोहिं गेह रखवारी।
राख गये सुन सूरश्याम मन विहँसि रहे गिरिधारी ॥ २२ ॥

उक्ति कवि की ॥ कि आज गिरि जो गोवर्धन है ताके पूजन हेतु ग्वाल चले हैं लै लै के सिन्धु नाम दधि शम्भुसुत को प्रिय दूब अथवा मोदक माटन में भरि के नगर नाम शहर नीक नाम सरस काम नाम मदन मध्यते निकारे ते हरद भई गोगृह नाम थान अन्त नाम मरण मध्यते धार भरे, हरद ते धार भरे निकट बास परोसी पर्वत नाम अचल दाड़िम नाम अनार सोई रीति मध्य की रोचना लै लै कर गावत हैं नाचत हैं बाजन बजावत हैं अपने पुराय के प्रभाव याचत हैं नन्दादिक संग बहुत सुख पावत हैं जिहि को लाभ है सो यह देख कृष्ण बूझत हे ग्वालिनि! तू काहे न गई ताने गूढ़ोत्तर ग्वालिनि दयो कि मोहि अकेली घर राखन हेतु छांड़ि गये सो सुनि बिहारी रहिगे या पद में गूढ़ोत्तर अलंकार देवरत भाव ध्वनि है लक्षण—

दोहा—गूढ़ोत्तर कछु भावते, उत्तर दीनो होइ।
भावध्वनि सो देवरत, देवविषे रति होइ ॥ २२ ॥

सारंग पितु सुत धर सुत वाहन
आजु न नेक पुकारें ।
शिव रिपु तिय जल युत काहे
ते नेकु न जात निहारैं ॥
कलहीपति पितु सुता और रँग
कीन्ह्यो कहा सुनाऊँ ॥
ब्रजवीथिन में जे ब्रजबासी
तिन्हें देखि मुरझाऊँ ।
सुरभी सुत सुत सुरभिन ओरे
हेरत हरषन पूरे ।
भूसुत शत्रु गेहगुण कासों
कहे भरे अति भूरे ।
चारो ओर व्यास खगपति के
झुण्ड झुण्ड बहु आये ।
ते कुखेत बोलत सुन सुन के
सकल अङ्ग कुम्हिलाये ॥
लै करि गेंद गयो है खेलन
लरकन संग कन्हाई ।
यह अनुमान गयो काली तट
सूर सांवरो माई ॥ २३ ॥

उक्ति यशोदा की ॥ कि आज सारंग कमल पितु समुद्र सुत चन्द धर शिव सुत षड़ानन वाहन मोर नाहीं बोलत हैं । शिव रिपु जलन्धर त्रिया वृन्दाजल बन वृन्दावन काहे नाहीं निहारो जात कलही पति शनि पितु सूर्य सुता यमुना औरही रङ्ग करे है सो का सुनाऊं । अरु वृज गलीन में जो बृजबासी फिरै हैं तिन्हैं देखे हैं मुरझात अर्थ भयकारी देख परत । सुरभी गौ पुत्रन की ओर नाहीं देखत पुत्र गौ की ओर । हर्ष ते पूरके भूसुत केवांच शत्रु बानर गेह वृक्ष ऐसे देख परत जो कहिबे योग्य नाहीं हैं अर्थ उदास अरु चारही तरफ़ खगपतिव्यास काक झुण्ड के झुण्ड आये हैं ते कुखेत बोलत सो सुनि के सकल अङ्ग

कुम्हिलात है याते आज गेंद लै लरकन के सङ्ग कान्ह गयो है सो यह अनुमान आवत कि कालो के तट गयो यह पद में अनुमान अलङ्कार को नाम लक्षण— ॥२३॥

यशुमति देखु अपनो कान।
वर्ष शर को भयो पूरण अबैना अनुमान॥
हीन सुत को हर्ष हर के कियो सो सब जान।
भानु सुत्र सुजीव निशि गुण प्रथम जोर बखान॥
सिन्धुजागुण लवग कीन्हयो अन्त ते पहिचान।
वृथा व्रज की नारि नित प्रति देत उरहन आन॥
तोहि अपनो लाल प्यारो हमें कुल की कान।
सूर समुझि विभावना है दूसरी परमान॥ २४॥

उक्ति सखी की यशोदा प्रति॥ कि अपनो कान्ह देखु शर नाम वाण वाण संज्ञा पांच वर्ष पांच को अबै नाहीं भयो है हीनसुत पूतना ताको हर्ष हरके जो कियो सो सब जानत हैं भानु नाम त्रिभूर्ति सुत्र नाम नाक जीव नाम बृहस्पति निशिगुण तम आदि वर्ण वे त्रिनाश्त भयो सिन्धुजा रमा लवन गुण खारो अंत मारो अरु बृज बाल तुम्हें वृथा उरहन देतो हैं तुम्हें अपनो पुत्र प्यारो हमैं कुल कान यामें अपुष्ट कारण ते कार्य पुष्ट भयो ताते द्वितीय विभावना है॥२४॥

राधे यह छबि उलटि भई।
सारंग ऊपर सुन्दर कदली तापर सिंह ठई॥
ता ऊपर द्वै हाटक बरणा मोहन कुम्भमई।
तापर कमल कमल बिच विद्रुम तापर कीर लई॥
ता ऊपर द्वै मीन चपल हैं सऊँरति साथ रही।
सूरदास प्रभु देखि अचम्भौ कहत न परत कही॥ २५॥

राधे यह छबि इति॥ सखी की उक्ति नायका सों॥ हे राधे! यह छबि उलटि भई हैं सारंग कमल ता पर कदली कमल चरण कदली जंघा तापर कटि सिंह तापर द्वै हाटक के कुंभ कुच तापर कमल मुख ताके बीच में विद्रुम अधर ताके ऊपर कीर नासिका ताके ऊपर द्वै मीन नैन ताके सुमिरन में लालसा नाहीं पूर्ण होत ऐसो अचंभो देखि कही नहीं जाइ है॥२५॥

ऊधो इतने मोहिं सतावत।
कारी घटा देखि बादर की दामिनि चमकि डरावत॥
हैमसुतापति को रिपु व्यापै दधि सुत रथ न चलावत।
अम्बूखण्डन शब्द सुनत ही चित चकित उठि धावत॥
कंचनपुरपति को जो भ्राता प्रिय सब बलहिं न आवत।
शम्भुसुत को जो बाहन है कुहकै अनल सलावत॥
यद्यपि भूषण अंग बनावत सोइ भुजंग ह्वै धावत।
सूरदास बिरहिन अति व्याकुल खगपति चढ़ि किन आवत॥ २६॥

ऊधो इति॥ उक्ति गोपी की॥ इतने हमैं सतावत हैं कारी घटा औ दामिनी हैम सुता पति शिव तिनको रिपु काम औ दधिसुत चन्द्र रथ नाहीं चलावत औ अम्बुखंडन पपीहा को शब्द और कञ्चनपुरपति रावण ताको भाई कुम्भकर्ण ताकी प्रिया निद्रा नहीं आवत शम्भु सुत बाहन मोर कुहकै हैं जे भूषण अङ्ग को बनावे हैं ते सर्प ह्वै दौरे हैं बिरहिनि ऐसी व्याकुल जानि खगपति कृष्ण चढ़ि क्यों नहीं आवत॥२६॥

हरिसुतसुत हरि के तनु आहि।
ह्यां को कहै कौन की बातैं ज्ञान ध्यान सुमिरै को काहि॥
को मुख भ्रमर तासु युवती को को जिन कंस हते।
हमरे तौ गोपति सुत अधिपति बनत न औरन ते॥
मोरज रंध्र रूप रुचि कारी चितै चितै हरि होत।
कबहूँ कर करनी समैति लै नेक मान कै सोत॥
ता रिपु समय संग शिशु लीन्हे पै आवत तनु घोष।
सूरदासस्वामी मनमोहन कत उपजावत दोष॥ २७॥

हरिसुत इति॥ गोपी की उक्ति॥ हरि जो पवन तिनके सुत हनुमान तिनके सुत मकरध्वज सो नाम काम को सो हरि के तनु में है ह्यां कहै को कौन की बातैं ज्ञान ध्यान समेटि जाय है और जो भ्रमर ऊधो हैं तिनके मुख में जो निर्गुण ब्रह्म है सो को है और ताकी त्रिया जो माया है सो को है औ कंस मारो सो को है हमारे गोपति सुत कृष्ण ही अधिपति राजा हैं औरन ने हमते नाहीं बनत कैसे हैं मोरपक्ष धारण करे हैं हमारे चित्त को हरत कबहुं हाथ सों हाथ पकरे हमारे मान को बढ़ावै है औ आप मान करै है

ता मान को रिपु जो वसन्त है तामें बालक लीन्हें यौवन में आवत हम देखे ऐसे जो मन मोहन है ते काहे दोष उपजावत हैं ॥२७॥

हरि हम काहे को योग बिसारी।
प्रेम तरँग बूड़त ब्रजबासी
तरत श्याम सोइ हारी ॥
रिपु माधव पिक बचन सुधाकर
मरुत मन्द गति भारी।
सहि न सकत अति विरह त्रास तनु
आगि सलाकनि जारी ॥
ज्यों जल थाके मीन कहा करै तेउ हरि मेलि अडारी।
बिजय अधो सुख लेन सूर
प्रभु कहियहु बिपति हमारी ॥ २८ ॥

हरि हम काहे को इति ॥ गोपी की उक्ति ॥ हरि ने हमको काहे को बिसारी प्रेम की जो तरङ्ग है तामें बूड़त ब्रजबासी पैरत से हारे हैं माधव रिपु पावस औ पिक बचन औ चन्द्रमा औ मन्द गति मारुत इन्हैं विरह की त्रास सो हम नाहीं सहि सकैं हैं इनते आगि जरै है बिजय को उलटो अर्थ अजय तरह के प्रभु को कहियो कि अजय बिपत्ति गोपिन को है ॥२८॥

सजनी हौं न श्याम मुख हेरो।
सूर सुता रिपु राग गन्ध पितु प्रिय युत आदि सकेरो ॥
मुख समूह मानुष ताहो बिधि करो न कबहूं फेरो।
पथ निरजर रिस नोको कबहूं शब्द न सुन्दर पेरो ॥
ना जानो अनुराग कहाँ ते मोहिं घनेय घनेरो।
भूषण पति अहार सुत बैरो वारत अंग उजेरो ॥
पलटत बाण भानुजातट में निरखत दुख बहुतेरो।
सूर सुजान बिभावन पहिलो भयो सत्य सब केरो ॥ २९ ॥

इक्ति नायिका की ॥ मैं श्याम को मुख न देखो है सूर सुता यमुना राग पिता सुर गन्ध पितु मलय प्रिय तनु आदि वर्णते पशु गति मुख आनन समूह गुण मानुष नर

आदि वर्ण ते आगमन में फेरो नाहीं कियो पय वारि निरजर सुर रीस आदि वर्ण बांसुरी ताको शब्द भी नाहीं सुनो अनुराग घेरो सो नाहीं जानत भूषण मुद्रा पति अगस्त्य अहार समुद्र सुत चन्द्र जारत बाण सार सर ताल पलटे ते लता यमुना तट देखे दुःख होत यामें पहिल विभावना अलङ्कार श्रवण दर्शन देखिबो कारण नाहीं विरह काजते ॥२९॥

ब्रज की कही कहा कहु बाते ।
गिरितनयापतिभूषण
जैसे बिरह जरी दिन राते ॥
मलिन वसन हरिहित अन्तर
गति तनु पोरो जनु पाते ।
गद्गद वचन नयन जल पूरित
विलख बसन कृश गाते ॥
मुक्तातातभवन ते बिछुरे
मीन मकर बिललाते ।
सारँग रिपु सुत सुहृद पती बिन
दुख पावत बहु भांते ॥
हरि सुर भखन बिना बिरहाने
छीन लई तन ताते ।
सूरदास गोपिन परितिक्षा
मिलहु पहिल के नाते ॥ ३० ॥

ब्रज की का बातैं कही ॥ गिरितनयापति भूषण अग्नि समान विरह से जरती हैं बसन मलीन हो रहें अन्तर की गति हरि सूर्य हित अरुण गति पंगु हो रही तनु पियरे पात सों गद्गद सुगम मुक्ता तात जो वन जल तातै बिछुरत मगर मीन की रीति से बिललाति सारँग पर्वत रिपु इन्द्र सुत अर्जुन सुहृद कृष्ण पति बिना दुःख पावत हरि वानर सुर सुकंठ अर्थ सुंदर कंठ भाषा बिन ह्वै गयो छीन ह्वै गई है तातें मिलो ॥३०॥

NANDDÁS

Ashtachhap is believed to mean eight, masters of Braj Bhakha, literature, but the title was given by Ballabhacharya to four of his own pupils and four of bis son Bitthalnath and these eight may be safely presumed to have been the apostles of his creed. Nevertheless they were all poets though only two, Surdas and Nanddas, believed to be a brother of Tuls,das, may be said to have been great poets. Regarding Nanddás the saying goes, ओर सब गढ़िया, नन्द-दास जड़िया. "All others are only makers of ornaments, while Nanddás is the setter of gems."

He is believed to have flourished about Sambat 1623, His principal works are *Raspanchadhyayi, Anekarathanamala, Danlila, Manilla, Jnanmanjari, Rasamanjari, Birahmanjari, Hitopadesa, Rukm nimangal, Namachintamanimala, Shyamagai, Dashamaskanda Bhagawat and Nasiketapurana* in prose.

He is also the author of numerous detached verses.

रासपंचाध्यायी

श्री वृन्दावन

दोहा

श्रीशुक[1] रूप अनूप हो क्यों बरने कवि नन्द ।
अब वृन्दावन बरनिहों जहँ वृन्दावनचन्द ॥
श्री वृन्दावनचन्दबन कछु छबि बरनि न जाय ।
कृष्ण ललितलीला निमित धार रह्यो जड़ताय ॥

अब सुन्दर श्रीवृन्दाबन को गाय सुनाऊँ ।
सकल सिद्धिदायक पै सबही बिधि सिधि पाऊँ ॥
जहँ नग खग मृग लता कुंज बिरुधी तन जेते ।
नहिं काल गुण प्रभाव सदा सोभित हैं तेते ॥
सकल जन्तु अविरुद्ध जहां हरि मृग सँग चरहीं ।
काम क्रोध मद लोभ रहित लीला अनुसरहीं ॥
सब ऋतु सन्त बसन्त रहत जहँ दिनमणिशोभा ।
सब कानन जाकी बिभूति करि सोभित सोभा ॥
ब्रह्म बिलसत जु बिभूत जगत जगमग रहि जित तित ।
जो लक्ष्मी निज रूप रहत चरनन सेवत नित ॥
श्री अनन्तमहिमा अनन्त को बरनि सकै कवि ।
संकरसन सों कछुक कही श्रीमुख जाकी छबि ॥
देवन में श्री रमारमण नारायण प्रभु जस ।
कानन में श्री वृन्दाबन सब दिन सोभित अस ॥
या बन की बनबानक या बनहि बनि आवै ।
सेस महेस सुरेस गनसहु पार न पावै ॥
जहँ जेतिक द्रुम जात कल्पद्रुम सम सब लायक ।
चिन्तामणि सी भूमि सबै चिन्तति फलदायक ॥
तिन मधि एक कल्पतरु लगि रही जगमग जोती ।

1. Author of Srimad Bhagavata.

पत्र मूल फल फूल सकल हीरा मणि मोती ॥
तिन मधि तिन के संग लुब्ध अस गान करत अलि ।
वर किन्नर गन्धर्व अपछरा तिन पर गईं बलि ॥
अमृतफुहीं सुखगुहीं सुहीं अति परत रहत नित ।
रासरसिक सुन्दर पिय को स्रम दूरि करन हित ॥
ता सुरतरु मधि अवर एक अद्भुत छबि छाजें ।
साखा दल फल फूल कृष्णप्रतिबिम्ब बिराजें ॥
ता तरु कोमल कनकभूमिमणिमय सोहत मन ।
दिखियत सब प्रतिबिम्ब मनौ घर में दूजो बन ॥
थलज जलज झलमलत ललित बहु भँवर उड़ावै ।
उड़ि उड़ि परत पराग कछू छबि कहत न आवै ॥
श्री जमुनाजी प्रेमभरी नित बहत सुगहरी ।
मणिमन्दिर दोउ तीर उठत छबि अद्भुत लहरी ॥

भँवरगीत

ऊधो को उपदेस सुनो ब्रजनागरी ।
रूप सील लावण्य सबै गुनआगरी ॥
प्रेमधजा रसरूपिनी उपजावन सुखपुंज ।
सुन्दर स्यामबिलासिनी नव बृन्दावन कुंज ॥
सुनो ब्रजनागरी ॥ १ ॥
कहन स्याम संदेस एक मैं तुम पै आयो ।
कहन समै सङ्केत कहूँ अवसर नहिं पायो ॥
सोचत हो मन में रह्यो कब पाऊँ इक ठाउँ ।
कहि संदेस नँदलाल को बहुरि मधुपुरी जाउँ ॥
सुनो ब्रजनागरी ॥
सुनत स्याम को नाम ग्राम गृह की सुधि भूली ।
भरि आनँद रस हृदय प्रेमबेली द्रुम फूली ॥
पुलकि रोम सब अँग भये भरि आये जल नैन ।

कण्ठ घुटे गद्गद् गिरा बोले जात न बैन ॥
व्यावस्था प्रेम की ॥
अर्घासन बैठारि बहुरि परिकरमा दीन्ही ।
स्यामसखा निज जानि बहुरि सेवा बहु कीन्ही ॥
बूझत सुधि नँदलाल की बिहँसतमुख ब्रजबाल ।
नीके हैं बलबीरजू बोलति बचन रसाल ॥
सखा सुन स्याम के ॥
कुसल स्याम अरु राम कुसल सङ्गी सब उनके ।
यदुकुल सिगरे कुसल परम आनँद है उनके ॥
बूझत ब्रज कुसलात को आयो तुम्हरे तीर ।
मिलिहैं थोरे दिवस में जिन जिय होहु अधीर ॥
सुनो ब्रजनागरी ॥
सुनि मोहन सन्देस रूप सुमिरन है आयो ।
पुलकित आननकमल अंग आवेश जनायो ॥
विह्वल है धरनी परी ब्रजबनिता मुरझाय ।
दै जल छींट प्रबोधहीं ऊधव बात सुनाय ॥
सुनो ब्रजनागरी ॥
वै तुम ते नहिं दूरि ज्ञान की आँखिन देखौ ।
अखिल बिस्वभरि पूरि ब्रह्म सब रूप बिसेखौ ॥
लोह दारु पाषण में जल थल महि आकास ।
सचर अचर बरतत सबै ज्योतिहि रूपप्रकास ॥
सुनो ब्रजनागरी ॥
कौन ब्रह्म को जाति ज्ञान का सो कहो ऊधो ।
हमरे सुन्दर स्याम प्रेम को मारग सूधो ॥
नैन बैन स्रुति नासिका मोहन रूप लखाय ।
सुधि बुधि सब मुरली हरी प्रेमठगोरी लाय ॥
सखा सुन स्याम के ॥
यह सब सगुन उपाधि रूप निर्गुन है उनको ।

निर्विकार निरलेप लगत नहि तीनों गुन को ॥
हाथ न पाय न नासिका नैन बैन नहिं कान ।
अद्भुत ज्योति प्रकासहीं सकल विस्व को प्रान ॥
सुनो ब्रजनागरी ॥
जो मुख नाहिन हतो कहो किन माखन खायो ।
पायन बिन गो सङ्ग कहो बन बन को धायो ॥
आंखिन में अञ्जन दयो गोवर्द्धन लयो हाथ ।
नन्दयसोदापूत है कुंवर कान्ह ब्रजनाथ ॥
सखा सुन स्याम के ॥
जाहि कहत तुम कान्ह ताहि को पिता न माता ।
अखिलअरण्ड ब्रह्मण्ड विश्व उनही में जाता ॥
लीलागुणअवतार है धरि आये तन स्याम ।
जोग जुगत हो पाइये परब्रह्म सुधाम ।
सुनो ब्रजनागरी ॥
ताहि बताओ जोग जोग ऊधो तहं जावो ।
प्रेम सहित हम पास स्यामसुन्दर गुन गावो ॥
नैन बैन मन प्रान में मोहनगुण भरपूर ।
प्रेम पियूषै छोड़ि कै कौन समेटै धूर ॥
सखा सुन स्याम के ॥
धूर बुरी जो होय ईस क्यों सीस चढ़ावै ।
धूर छेत्र मे आय कर्म करि हरिपद पावै ॥
धूरहि ते यह तन भयो धूरहि ते ब्रह्मण्ड ।
लोक चतुर्दस धूर ते सप्त दीप नव खण्ड ॥
सुनो ब्रजनागरी ॥
कर्मधूर की बात कर्मअधिकारी जानैं ।
कर्मधूर को आनि प्रेम अमृत में सानैं ॥
तब ही लों सब कर्म है जब लग हरि उर नाहिं ।
कर्मबद्ध सब विस्व के जीव बिमुख है जाहि ॥

सखा सुन स्याम के ॥
तुम कर्मै कस निन्दत जासों सतगति होई ।
कर्मरूप तें बली नाहिं त्रिभुवन में कोई ॥
कर्म्महि ते उतपत्ति है कर्म्महि ते है नास ।
कर्म्म किये तें मुक्ति है परब्रह्मपुरबास ॥
सुनो ब्रजनागरी ॥
कर्म्म पाप अरु पुण्य लोह सोने की बेरी ।
पायनबन्धन दोऊ कोऊ मानो बहुतेरी ॥
ऊँच कर्म्म ते स्वर्ग हैं नीच कर्म्म ते भोग ।
प्रेम बिना सब पचि मरैं विषयबासना रोग ॥
सखा सुन स्याम के ॥
कर्म बुरे जो होंय योग काहे को धारैं ।
पद्मासन सब धारि रोकि इन्द्रिन को मारैं ॥
ब्रह्मअगिन जरि सुद्ध ह्वै सिद्धि समाधि लगाय ।
लीन होय सायुज्य में जोतिहि जोति समाय ॥
सुनो ब्रजनागरी ॥
योगी जो तै भजैं भक्ति नीरूपै जानै ।
प्रेमपियूषै प्रगट स्याम सुन्दर उर आनै ॥
निर्गुन गुन जो पाइये लोग कहैं जो नाहिं ।
घर आयो नाग न पूजियै बांबी पूजन जाहिं ॥
सखा सुन स्याम के
जो उनके गुन होयँ वेद क्यों नेत बखानैं ।
निर्गुन सगुन आतमा रचि ऊपर सुख सानैं ॥
वेदपुराननि खोजि कै पायो किनहुँ न एक ।
गुनहीके गुन होहिं ते कहो अकासकि टेक ॥
सुनो ब्रजनागरी ॥
जौ उनके गुन नाहिं और गुन भये कहाँ ते ।
बीज बिना तरु जमै मोहिं तुम कहो कहांते ॥

वा गुन की परछांहरी मायादर्पन बीच ।
गुन ते गुन न्यारे भये अमल बारि जल कीच ॥
सखा सुन स्याम के ॥
माया के गुन और और हरि के गुन जानो ।
उन गुन को इन माँहि आनि काहे को सानो ॥
जाके गुन अरु रूप को जान न पायो भेद ।
ता तें निर्गुन रूप कों बदत उपनिषद् वेद ॥
सुनो ब्रजनागरी ॥
वेदहु हरिके रूप स्वांस मुख तें जो निसरं ।
कर्म्मक्रिया आसक्त सबै पिछली सुधि बिसरै ॥
कर्म्म मध्य ढूँढ़ै सबै किनहु न पायो देख ।
कर्म्मरहित हो पाइये तातें प्रेम बिसेख ॥
सखा सुन स्याम के ॥
प्रेम जो कोऊ बस्तु रूप देखत लौ लागै ।
वस्तुदृष्टि बिन कहौ कहा प्रेमी अनुरागै ॥
तरनि चन्द्र के रूप कों गुन नहिं पायो जान ।
तौ उनको कह जानिये गुनातीत भगवान ॥
सुनो ब्रजनागरी ॥
तरनि अकास प्रकास तेजमय रह्यो दुराई ।
दिव्य दृष्टि को रूप भले वह देख्यो जाई ॥
जिनकी वे आँखैं नहीं देखैं कब यह रूप ।
तिन्है साँच क्यों ऊपजै जे परे कर्म्म के कूप ॥
सखा सुन स्याम के ॥
जब करिये नित कर्म्म भक्तिहु जामें आई ।
कर्म्म रूप का तें कहौ कौन पै छूट्यो जाई ॥
क्रम क्रम कर्म्म सबहिँ किये कर्म्म नास ह्वै जाय ॥
तब आतम निष्कर्म करि निर्गुन ब्रह्म समाय ॥
सुनो ब्रजनागरी ॥

जो उनके नहिं कर्म्म कर्म्मबन्धन है आवै ।
तौ निर्गुन है वस्तुमात्र परमान बतावै ॥
जो उनको परमान है तौ प्रभुता कुछ नाहिं ।
निर्गुन भये अतीत के सगुन सकल जग मांहि ॥
सखा सुन स्याम के ॥

जो गुन आवै दृष्टि मांझ नहिं ईश्वर सारे ।
वे सब इन ते वासुदेव अच्युत हैं न्यारे ॥
इन्द्री दृष्टि बिकार तें रहत अधोक्षज जोति ।
सुद्ध सरूपी ज्ञान जिय तृप्ति जु ताते होति ॥
सुनो ब्रजनागरी ॥

नास्तिक जे हैं लोग कहा जानें हित रूपै ।
प्रगट भानु को छांड़ि गहै परछांहीं धूपै ॥
हमरे तुम्हरे रूप हो और न कछू सुहाय ।
ज्यों करतलआभास को कोटिक ब्रह्म दिखाय ॥
सखा सुन स्याम के ॥

देखे में नँदलालरूप नैनन के आगे ।
आय गये छबि छाय बने पियरे उरबागे ॥
ऊधो सो मुख मोरिके कहि कछु उनते बात ।
प्रेमअमृत मुख तैं स्रवत अम्बुजनैन चुआत ॥
तरक रसरीति को ॥

अहो नाथ रमानाथ और यदुनाथ गोसाईं ।
नन्दनन्दन बिडरात फिरत तुम बिन सब गाईं ॥
काहे न फेरि कृपाल है गो ग्वालन सुख देहु ।
दुखनिधि जल में बूड़हीं करि अवलम्ब न लेहु ॥
निठुर है कह रहे ॥

कोऊ कहै अहो दरस देहु पुनि बेन बजावौ ।
दुरि दुरि बन की ओट कहा हिय लोन लगावौ ॥
हमको तुम से एक है तुम को हमसी कोरि ।

बहुत भांति के रावरे प्रीति न डारो तोरि ॥
एकै बारही ॥
कोऊ कहै अहो दरस देत फिर लेत दुराई ।
यह छलविद्या कहो कौन पिय तुम्है सिखाई ॥
हम परबस आधीन हैं तातें बोलत दीन ।
जल बिन कहो कैसें जिये गहिरे जल की मीन ॥
बिचारिय रावरे ॥
कोऊ कहै अहो स्याम कहा इतराय गये हौ ।
मथुरा को अधिकार पाय महाराज भये हौ ॥
ऐसी कछु प्रभुता हुती जानत कोऊ नाँहि ।
अबलाबध सुनि डरि गये बली डरे जग मांहि ॥
पराक्रम जानि कें ॥
कोऊ कहै अहो स्याम चहत मारन जो ऐसे ।
गिरि गोबर्द्धन धारि करी रक्षा तुम कैसे ॥
व्याल अनल अरु ज्वाल तें राखि लये सब ठौर ।
अब बिरहानल दहत हौ हँसि हँसि नन्दकिशोर ।
चोरि चित लै गये ॥
कोऊ कहै ये निठुर इन्हें पातक नहिं व्यापै ।
पाप पुण्य के करनहार यह आपहि आपै ॥
इनके निर्दय रूप में नांहिन कछू बिचित्र ।
पय पीयत प्रानन हरे पुतना बालचरित्र ॥
मित्र ए कौन के ॥
कोऊ कहै री आज नाँहि आगे चलि आई ।
रामचन्द्र के धर्मरूप में ही निठुराई ॥
यज्ञ करावन जात हे विश्वामित्र समीप ।
मग में मारी ताड़का रघुबंसी कुलदीप ॥
बालही रीति यह ।
कोऊ कहै जे परम धर्म इक्षोजित पूरे ।

लद लक्ष सन्धान धरै आयुध के रूरे ॥
सीताजू के कहे तें सूर्पनखा पै कोपि ॥
छेदो अङ्ग विरूप कै लोगन लज्जा लोपि ।
कहा ताकी कथा ॥
कोऊ कहै री सुनो और इनके गुन आली ।
बलि राजा पै गये भूमि माँगन बनमाली ॥
माँगत बामनरूप ह्वै परबत भये अकाय ।
सत्यधर्म सब छांड़ि कै धरौ पीठ पै पांय ॥
लोभ की नाव ए ॥
कोऊ कहै री कहा हिरनकस्यप तें बिगर्यो ।
प्रेमढीठ प्रहलाद पिता सन्मुख ह्वै झगर्यौ ॥
सुत अपने को देत हो शिक्षा दण्ड बताय ।
इन बपु धरि नरसिंह को नखन बिदार्यौ जाय ॥
बिना अपराधहीं ॥
कोऊ कहै इन परसराम ह्वै माता मारी ।
फरसा कांधे धरी भूमि क्षत्रिन संहारी ॥
सोनितकुण्ड भराय के पोषे अपने पित्र ।
इनके निर्दय रूप में नांहिन कछू बिचित्र ॥
बिलग कह मानिये ॥
कोऊ कहै री कहा दोष सिसुपाल नरेसैं ।
ब्याह करन कौ गयो नृपति भीषम के देसैं ॥
दल बल जोरि बरात कौं ठाढ़े हैं छबि बाढ़ि ॥
इन छलकरि दुलही हरी क्षुधित ग्रासमुख काढ़ि ॥
आपने स्वारथी ॥
यहि बिधि ह्वै आवेस परम प्रेमी अनुरागीं ।
और रूप पिय चरित तहाँ ते देखन लागीं ॥
रोम रोम हरि व्यापि के मोहन जिनके आय ।
जिनको भूत भविष्य कौं जानत कौन दुराय ॥

रँगीली प्रेम की ॥

देखत इनको प्रेम नेम ऊधो कौं भाज्यौ ।
तिमिरभाव आवेस बहुत अपने मन लाज्यौ ॥
मन में कहै रज पांयके लै माथे निज धारि ।
हौं तो कृतकृत है रहौं त्रिभुवनआनन्दवारि ॥

बन्दना जोग ए ॥

कबहुं कै गुण गाय स्याम के इनहि रिझाऊँ ।
ताते प्रेमाभक्ति स्यामसुन्दर की पाऊँ ।
जिहि बिधि मो पै रीझहीं सोंं बिधि करौं बनाय ।
तातें मो मन शुद्ध है दुबिधा ग्रान मिटाय ॥

पाय रस प्रेम को ॥

ताही छिन इक भँवर कहूँ तेंही उड़ि आयो ।
ब्रजबनितन के पुञ्ज मांहि गुञ्जत छबि छायो ॥
चल्यौ चहत पग पगनि पर अरुण कमलदल जानि ।
मानौ मधुकर ऊधो भयो प्रथमहि प्रगट्यो आनि ॥

मधुप को भेस धरि ॥

ताहि भँवर सों कहे सबै प्रतिउत्तर बातैं ।
तर्क वितर्क नियुक्ति प्रेमरसरूपी घातैं ॥
जिन परसौ मम पांव रे तुम मानत हम चोर ।
तुमही से कपटी हुते मोहन नन्दकिशोर ॥

यहां तें दूरि हो ॥

कोऊ कहे री बिस्व माँझ जेते हैं कारे ।
कपटि कुटिल की कोटि परम मानुष मसिहारे ॥
एक स्याम तन परसि कें जरत आज लौं अङ्ग ।
ता पाछे यह मधुपङ्क लायो जोग भुवंग ॥

कहाँ इनको दया ॥

कोई कहै री मधुपभेष उनही को धारयौ ।
स्याम पीत गुञ्जार बैन किंकिणि झनकारयौ ॥

बापुर गोरस चोरिकै फिर आयो यहि देस ।
इनको जिन मानहु कोऊ कपटी इनको भेस ॥
चोरि जिन जाय कछु ॥

कोऊ कहै रे मधुप कहैं अनुरागी तुमको ।
कौने गुण धौं जानि पहू अचरज है हमको ॥
कारो तन अति पातकी मुख पियरौ जगनिन्द ।
गुन अवगुन सब आपनो आपुहि जानि अलिन्द ॥
देखि लै आरसी ॥

कोऊ कहै रे मधुप कहा तू रसको जानै ।
बहुन कुसुम पै बैठि सबै आपन सम मानै ॥
आपन सम हमको कियो चाहत है मतिमन्द ।
दुबिधा ज्ञान उपजाय कै दुखित प्रेमआनन्द ॥
कपट के छन्द सों ॥

कोऊ कहै रे मधुप कहा मोहनगुन गावै ।
हृदय कपट सों परम प्रेम नांहिन छवि पावै ॥
जानति हों सब भांति कै सरबस लयो चुराय ।
यह बौरी ब्रजबासिनी को जो तुम्हें पतियाय ॥
लहे हम जानि के ॥

कोऊ कहै रे मधुप कौन कहै तुम्हे मधुकारी ।
लिये फिरत मुख जोग गाँठ काटत वेकारी ॥
रुधिर पान कियो बहुत कै अरुन अधर रङ्गरात ।
अब ब्रज में आये कहाँ करन कौन को घात ॥
जात किन पातकी ॥

कोऊ कहै रे मधुप प्रेम षटपद पसु देख्यो ।
अबलौं यहि ब्रजदेस मांहि कोउ नाँहि बिसेख्यो ॥
द्वै सिंग आनन उपर रे कारो पीरो गात ।
खल अम्रित सम मानहीं अम्रित देखि डरात ॥
बादि यह रसिकता ॥

कोऊ कहै रे मधुप ज्ञान उलटो लै आयो ।
मुक्ति परे जे फेरि तिन्है पुनि कर्म्म बतायो ॥
वेद उपनिषद्‌सार जे मोहनगुन गहि लेत ।
तिनके आतम सुद्ध करि फिरि करि सन्था देत ॥
जोग चटसार में ॥
कोऊ कहै रे मधुप निगुन इन बहु करि आन्यो ।
तर्क वितर्क नियुक्ति बहुत उनहीं यह आन्यो ॥
पै इतनों नहिं जानही वस्तु बिना गुन नांहिं ।
निर्गुन होहिं अतीत के सगुन सकल जग मांहि ॥
सखा सुन स्याम के ॥
कौऊ कहै रे मधुप तुम्हैं लज्जा नहिं आवै ।
सखा तुम्हारो स्याम कूबरीनाथ कहावै ॥
यह नीची पद्‌वी हुती गोपीनाथ कहाय ।
अब यदुकुल पावन भयो दासीजूठन खाय ॥
मरत कह बोल को ।
कोऊ कहै अहो मधुप स्याम योगी तुम चेला ।
कुबजातीरथ जाय कियो इन्द्रिन को मेला ॥
मधुबन सुधि बिसराय कै आये गोकुल माहिं ।
इहां सबै प्रेमी बसैं तुमरो गाहक नाहिं ॥
पधारो रावरे ॥
कोऊ कहै रे मधुप साधु मधुबन के ऐसे ।
और तहां के सिद्ध लोग है हैं धौं कैसे ॥
औगुन गुन गहि लेत हैं गुन को डारत मेटि ।
मोहन निर्गुन को गहे तुम साधन कों भेटि ॥
गांठि को खोय के ॥
कोऊ कहैं रे मधुप होहि तुम से जो संङ्गी ।
क्यों न होय तन स्याम सकल बातन चौरङ्गी ॥
गोकुल में जोरी कोउ पाई नांहि तुम्हारि ।

मदन त्रिभंगी आपुही करी त्रिभंगी नारि ॥
                    रूप गुन सील की ॥
यहि बिधि सुमिरि गोबिन्द कहत ऊधो प्रति गोपी ।
फूक संज्ञा करि कहत सकल कुललज्जा लोपी ॥
ता पाछे इक बारही रुदित सकल व्रजनारि ।
हां करुणामय नाथ हो केशव कृष्ण मुरारि ॥
                    फाटि हियरो चल्यो ॥
उमगै जो कोउ सलिल सिन्धु लै तनकी धारनि ।
भीजत अम्बुज नीर कंचुकी बहुगुन हारनि ॥
ताही प्रेमप्रवाह में ऊधव चले बहाय ।
भली ज्ञान की मेंड हौं ब्रज में दीन्हीं आय ॥
                    कूल तारन भये ॥
प्रेमप्रशंसा करत सुद्ध जो भक्ति प्रकासी ।
दुबिधा ज्ञान गलानि मन्दता सिगरी नासी ॥
कहत मोहिं विस्मय भयो हरिके ये निज पात्र ।
हौं तौ कृतकृत ह्वै गयो इन के दरसन मात्र ॥
                    मेटि मत ज्ञान को ॥
पुनि पुनि कहि हरि कहन बात एकान्त पठायो ।
मैं इनको कछु मरम जानि एकौ नहिं पायो ॥
हों कहौं निज मरजाद को ज्ञान कर्म्म लो रोपि ।
ये सब प्रेमासक्ति ह्वै कुललज्जा करि लोपि ॥
                    धन्य ये गोपिका ॥
जो ऐसे मरजाद मेटि मोहन को ध्यावैं ।
काहे न परमानन्द प्रेमपद पीको पावैं ॥
ज्ञान योग सब करम ते प्रेम परेही सांच ।
हौं यहि पटतर देत हौं हीरा आगे कांच ॥
                    विषमता बुद्धि की ॥
धन्य धन्य जे लोग भजत हरि को जो ऐसे ।

और जो पारस प्रेम बिना पावत कोउ कैसे ॥
मेरे या लघु ज्ञान को उर मद रह्यो उपाय।
अब जानौ ब्रजप्रेम को लहत न आधौआध ॥
वृथा श्रम करि थके ॥
पुनि कहे उत्तम साधु सङ्ग नित ही है भाई।
पारस परसे लौह तुरत कञ्चन ह्वै जाई।
गोपी प्रेमप्रसाद को हों अब सीख्यो आय।
ऊधो ते मधुकर भये दुविधा ज्ञान मिटाय ॥
पाय रस प्रेम को ॥
पुनि कहि परसत पाय प्रथम हो इनहि निवारो।
भृँङ्ग संज्ञा करि कहत निन्द सब हीं तें डारो ॥
अब ह्वै रहौं ब्रजभूमि की पग मारग की धूरि।
बिचरत पद मोपै परैं सब सुखजीवनमूरि।
मुनिन हूं दुर्लभै ॥
कैसे होहु द्रुम लता बेलि बल्ली बन माहीं।
आवत जात सुभाय परत मोपै परछाहीं।
सोऊ मेरे बस नहीं जो कछु करौं उपाय।
मोहन होहिं प्रसंन जो यह बर मांगों जाय ॥
कृपा करि देहु जू ॥
ऐसे मग अभिलाष करत मथुरा फिरि आयो।
गदगद पुलकित रोम अङ्ग आवेष जनायो ॥
गोपीगुन गावन लग्यो मोहनगुन गयो भूलि।
जीवन को लै कह करैं पायो जीवनमूलि ॥
भक्ति को सार यह ॥
ऐसे सोचत जहाँ स्याम तहँ आयो धायो।
परिकरमा दण्डौत बहुत आवेष जनायो ॥
कछु निर्दयता स्याम की करि क्रोधित दोउ नैन।
कछु ब्रजबनिताप्रेम की बोलत रस भरि बैन ॥

सुनो नँदलाडिले ॥
करुनामयी रसिकता है तुम्हरी सब झूठी।
जब ही लौं नहिं लखौ तबहि लौं बांधी मूठी ॥
मैं जान्यौ ब्रज जाय कै तुम्हरो निर्दय रूप।
जो तुम को अवलम्बही वाको मेलो कूप ॥
कौन यह धर्म्म है ॥
पुनि पुनि कहैं अहो चलौ जाय वृन्दावन रहिये।
प्रेमपुञ्ज को प्रेम जाय गोपिन संग लहिये ॥
और काम सब छाड़ि कै उन लोगन सुख देहु।
नातरु टूट्यो जात है अबहीं नेह सनेहु।
करौगे तौ कहा ॥
सुनत सखा के बैन नैन भरि आये दोऊ।
बिबस प्रेम आवेष रही नाहीं सुधि कोऊ ॥
रोम रोम प्रति गोपिका ह्वै रहि सांवरगात।
कलपतरोरुह सांवरो ब्रजबनिता भईं पात ॥
उलहि अँग अङ्गते ॥
होसचेत कहि भलो सखा पठयो सुधि ल्यावन।
अवगुन हमरे आनि तहाँ ते लगे बतावन ॥
मोमैं उन में अन्तरो एकौ छिन भरि नाहिं।
ज्यौं देखौ मो मांहि वे तौ मैं उनहीं मांहि ॥
तरङ्गनि वारि ज्यौं ॥
गोपीरूप दिखाय तबै मोहन बनवारो।
ऊधोभ्रमहि निवारि डारि मुख मोह को जारी ॥
अपनो रूप दिखाय के लीन्हौं बहुरि दुराय।
नन्ददास पावन भयो जो यह लीला गाय ॥
प्रेमरसपुञ्ज की ॥

फुटकर भजन

श्री गोकुल युग युग राज करो।
या सुख भजन प्रताप ते छिन इत उत न टरो॥
पावन रूप दिखाय प्राणपति पतितनपाप हरो।
विश्वविदित दीनगति प्रानि जगति उधरो॥
श्री वल्लभकुलकमलनिदीपक जस मकरंद भरो।
नन्ददास प्रभु बहु गुनसंपन श्री विठलेश वरो॥
बिलसित करपल्लव मृदु बेन।
हरषित हुँकृत आवत धेन॥
कोटिमदनद्युति श्याम शरीर।
विपनिकल्पतरु यमुनातीर॥
दक्षिण चरण चरण पग धारे।
बाम अंस भू कुंडलवारे॥
बरुहचन्द बन धातु प्रबाल।
मणि मुक्ता गुंजाफलमाल॥
देखन चलहु खेम नन्दलाल।
ललितत्रिभंगी मदनगोपाल॥
रामकृष्ण कहिये निशिभोर।
वे अवधेश धनुष कर धारे
वे ब्रज जीवन माखन चोर।
उनके छत्र चमर सिंहासन
भरत शत्रुहन लछमण ओर॥
उनके लकुट मुकुट पीताम्बर
गायन के संग नंदकिशोर।
उन सागर में शिला तराई
उन राख्यो गिरि नख की कोर॥
नन्ददास प्रभु सब तजि भजिये

जैसे निरखत चन्द चकोर ॥
नन्दसदन गुरुजन की भीर
तामें लालन वदन नीके देखन पाउ ।
बिन देखे जिय अकुलाय जाय
दुख पाय यद्यपि बड़ेई खन उठि उठि नैन सिराउ ॥
नन्ददास प्यासे को पानी पिवाइ ।
ले जिवाइ जियेकी तू जानै तोसों कहत हौं जनाइ ॥

ठाढो री खरिक माई कौन को किशोर ।

साँवरे बरन मन हरन बंशीधरन
काम करन केसी गति जोर ॥
पवन परसि जात चपल होत देख
पियरे पट को चटकीलो छोर ।
सुभग साँवरी छटाते निकसि आई वे
छबीली छटा को जैसो छबीली ओर ॥
पूंछति पाहुनी ग्वारि हा हा हो मेरी आली
कहा नाउं को है चितवनि को चोर ।
नन्ददास जाहि चाहि चकचौंधी आय जाय
भूल्योरी भवनगवन भूल्यो रजनी भोर ॥

जगावति सुत को रानी ।

उठो मेरे लाल मनोहर सुन्दर कहि कहि मधुरी बानी ॥
माखन मिश्री और मिठाई दूधमलाई आनी ।
छगनमगन तुम करहु कलेऊ मेरे सब सुखदानी ॥
जननि बचन सुनि तुरत उठे हरि कहत बात तुतरानी ।
नन्ददास कीनो बलिहारी यशुमति मन हरषानी ॥
चिरैयां चुह चुहानी सुनि चकई की बानी ,
कहति यशोदा रानी जागो मेरे लाला ,
रवि की किरण जानि कुमुदिनि सकुचानी ,
कमलनि बिकसानी दधि मथैं बाला ॥

सुबल श्रीदामा तोक उज्वल वसन लिये
द्वार ठाढ़े टेरत बाल गोपाला ।
नन्ददास बलिहारी उठि बैठो गिरिधारी
सब सुख देख्यो चाहे लोचन बिशाला ॥
यमुनापुलिन सुभग वृंदावन नवल लाल गोवर्द्धनधारी ।
नवल कुंज नव कुसुमित दल नव नव वृषभानदुलारी ।
नवल हास नव नव छबि क्रीड़त नवल बिलास करत सुखकारी ।
नवल श्री विट्ठलदासकृपाबल नन्ददास निरखत बलिहारी ॥

KRISHNDAS

Krishndas was a Sudra but his devotion to his *guru* secured for him the managership of the Shrinath shrine.

He is the author of three works *Jugulman-charita, Premsatuanirupa,* and a commentary on the *Bhaktamal.*

Ho flourished about the year 1560,

The following legend concerning him is given in the HornedVernacular Literature of Hindustan.

"Surdas in his poetry had exhausted all that could possibly bo said concerning the God Krishna and hence when Krishnadas wrote anything it was always found to be identical with something that Surdas had already written. One day the latter challenged him to produce a single stanza which did not comply with this disagreeable necessity and he failed to do so. Ho then promised to bring an original verse next day and going away spent the whole night in vain endeavouring to concoct one. In the morning ho found a verse mysteriously written on his pillow which he took to Surdas who at once identified it as one which had been written by their master Ballabhachari."

His songs appear in the *Ragsagarodbhava* and have boon taken from that collection.

कृष्णदास पयहारी।

आज नीके बने नँदनंदा।
बदनइंदु की ज्योति निरखि नभ
त्यो अंबुधि परत सघनचन्दा॥
श्रमस्वेदकन गात लाल गिरवरधरन
सुख देत मलयजसुपवनमंदा।
कृष्णदास नाथ डगमगत पग
चलत मानो कुंवर गूँध्यो प्रेमफँदा॥ १॥

तोहिं ध्यान लाग्यो री सजनी।
देखियत चित्र लिखी सी ठाढ़ी
मदनसिंधुजलबूंदसनी॥
रूपनिधान कमललोचन तोहिं
मिले आजु की रजनी।
कृष्णदास प्रभु गोवर्द्धनधर
रसिक युवति दुखहरनी॥ २॥

हरि के विमुखन को मुख जिनि दिखावै।
जिनि दिखावै नाथ जिनि दिखावै॥
जिनकी संगति होत दुरमति हिये, हरि के
गुण रूप यश तुरत बिसरावै।
जिनके परसत सदा सरस मन विषयरस
मगन ह्वै जात अति पाप उपजावै॥
करत कछुना डरे बैर में चित्त धरे सतसंग
परिहरे युवति चित्त लावै।
साधुनिंदा करे झूठ भाखे सदा
प्रीति राखे विषयो बचन मन भावै॥
अनेक साधन करि जारि राख्यो भाव
छिनक में जल अग्नि ज्यों बुझावै।

तेई जन विमुख जे करे और बात
कृष्ण न सुहात संसार धावै ॥
साधुसंगति रहै बचन हरिगुण कहे
संतत निबहै रसिक सोई सुख पावै ॥ ३ ॥

राग रंगनि मिलवत नई ।
नाचति ब्रजललना तनु थेई ॥
भुखरित कटितट मणिमेखला ।
अभिनव यति चंचल करतला ॥
नूपुर संचित मोहित जना ।
लेति उरगगति प्रमुदितमना ॥
कृष्णदास प्रभु दै अँकवारी ।
रिझये लाल गोवर्द्धनधारी ॥

नीको मन लाग्यो गिरिधर गावै ।
ततथेई ततथेई भैरवराग मिलि
मुरलिका बजावै ॥
नाचत नृपवृषभानुनन्दनी
ओघर गति रँग उपजावै ।
नूपुर क्वणित मुखर मणिकंकण
सखी यूथ सुखराशि बढ़ावै ॥
सुरत देत मधुमत्त मधुप
कुल थकताली सब के मन भावै ।
सुरति सिंधु प्यारी पियपदरज
कृष्णदास न्योछावर पावै ॥ ४ ॥
निर्तत गोपाल संग राधिका बनी ।
बाहुदंड भुजनि मेलि मंडल मधि करत केलि
सरस गान श्याम करैं संग भामिनी ॥
मोरमुकुट कुंडल छवि काछनी बनी विचित्र
झलकत उर हार बिमल थकित चाँदनी ।

परम मुदित सुर नर मुनि बरषत सब कुसुमनि
धारति तन मन प्राण कृष्णदास स्वामिनी ॥ ५ ॥
हरि अनुभवति युवति बड़भागी ।
राधा रसिक नंदनंदन के सुखनिधि चरणकमल अनुरागी ॥
कोककला संगीत निपुण सखि पियसंगमरतिरस निशि जागी
कृष्णदास प्रभु गिरिधरपियमुख देखत नयन टकटकी लागी ॥ ६ ॥
आजु कछु देखियत है रंगपागी काहे न सम्हारति छूटेइ अलक ।
अधर निरंग कंचुकी बंदटूटे नयन राते आई अधेई तिलक ॥
मरकतखंभबाहु नँदनंदन मिलि रही री हेमसलक ।
रतिरन रस जीत्यो काम छत्रपति ताही ते तेरो फूल किलक ॥
कृष्णदास स्वामी सो प्यारी लीन्हो ते सुरतिहिं डोले झुलक ।
मोहनलाल गोवर्द्धनधारी बदन कोटि चंद अमलक ॥ ७ ॥
नवीन कुंज ते आवति बनी राधा चाल सुहावनी मन की हरनि ।
विकसति बदन कमल की शोभा कहा कहों देखत उदित तरनि ॥
तरुण जलद नव श्याम के संग सरस भरि भेंटत भूतलवजरनि ॥
कृष्णदास प्रभु गिरिधर पिय सों कीनों ते रसिक रसीली बरनि ॥८॥
तेरी अधिक चतुराई जानी तैं ने कंचुकी सम्हारी ।
आनन्दरसबस देह भूलि गई मिलत गोवर्द्धनधारी ॥
कहा कहुं गुणराशि अंग अंग चलति मधुरगति भारी ।
कृष्णदासप्रभु रसिक लाल के तू अति प्राणपियारी ॥
आई तू तिलक कूं मिटाये रतिरण गोपाल संग नखछत लाये ।
कपोलन पर पीक लागी नयन करुवाये हरिसों मिलि मदन जीत्यो दाप उपाये
कृष्णदास प्रभु सों मिली निशान बजाये
ऐसी को निमिष तजे गिरिधर पाये ॥ ६ ॥
ऐसी मानति ही अपने जिय महँ पिय सों मिलतही करोंगी लराई ।
देखत नँदनन्दन धीरज न धरेउ मन लाल गिरिधर हौं जानि पाई ॥
कहा कहों सरबसु चोरेउ सखि रूप दिखाय ठगोरी लाई ।
कृष्णदास प्रभु रसिकशिरोमणि लै भुज बीच बातनि अरुझाई ॥ १० ॥

गोपालै देखहि किन आई री।
आजु बने गोविंद नव कमलनयन तोके हौं लैन पठाई री ॥
तरणितनयापुलिन विमल शरद निशि जुन्हाई री।
राकापतिकररंजित द्रुमलता भूमि सुहाई री॥
गोवर्द्धनधरन लाल गान सों बुलाई री।
कृष्णदास प्रभु की मिलनि युवतिनि सुखदाई री ॥ ११ ॥

सुन्दर नन्दनन्दन जो हौं पाऊँ।
अंग संग लागि मदन मनोहर या जोड़े को देशनिकारो दिवाऊँ ॥
मृगमद अगर कपूर कुंकुमा मिले अरगजा देह चढ़ाऊँ।
विविध सुगन्ध सुमन वै सुनु सखि सघन निकुंज में से जबि छाऊँ॥
राग रागिनी उरफसुलत सबतान तरँग कै मधुरे गाऊँ।
कृष्णदास प्रभु गोवर्द्धन धर रसिक शिरोमणि सुविधि रिझाऊँ ॥

हरि मोहन की मोहन बानक मोहन रूप।
मनोहर मूरति मोहन मोहि अचानक ॥
मोहन बरष चन्द शिरभूषण मोहन नयन सलोल।
मोहन चितवन भौंह मनमोहन मोहन चारु कपोल ॥
मोहन श्रवण मनोहर कुंडल मधु मृदु मोहन बोल।
कृष्णदास प्रभु गिरिधरन मनोहर नख शिख प्रेम कलोल ॥ १३ ॥

तरणि तनया तटआवत ही प्रात समय
कंदुक खेलत देख्यो अनन्द को कंदवा।
नूपुर पद कुणित पीताम्बर कटि बांधे
लाल उपरना शिर मोरनि के चंदवा ॥
पंकज नयन सलोल मधुर मोहन बोल
गोकुल सुंदरी संग बिनोद सुछंदवा।
कृष्णदास प्रभु हरि गोवर्द्धनधारी लाल
चारु चितवनि तोरे कंदुको के बंदवा ॥ १४ ॥

तेरे बदन को शोभा तोहिं पै कहत बनै
जो मुख होइ लाख कोटिक।

चिबुक साँवल बिंदु छैल चतुर बिधाता
देखे जिन कोऊ दियो चखोड़ा टोटिक ॥
तिलक आधोल लाट छूटी उरजसुलट
शिथिल अंग अंग भा सफोटिक।
कृष्णदास प्रभु गिरिधरन रसिक संग
सुरत हिंडोले प्यारी लिये निशि झोटिक ॥

PARMANANDDAS.

Pamananddas according to Misra Brothers was a Kanyakubja Brahman of, Kannouj. He flourished about 1550 A.D Two of his works *Parmananddas-ji be pad* and *Danlila* have been found. Another named *Parmanandsagar* is known to have been compiled by him. He was a very favourite disciple of Vallabha-charya.

The accompanying songs of his composition have been taken from the Ragsagarodhava.

अष्ट छाप

परमानंददास

मंगल माधवनाम उचार।
मंगल वदन कमलकर मंगल
मंगल जनहि सदा संसार॥
देखत मंगल पूजत मंगल
गावत मंगल चरित उदार।
मंगल श्रवन कथारस मंगल
मंगलतन वसुदेवकुमार॥
गोकुल मंगल मधुबन मंगल
मंगल रुचि वृन्दावनचन्द।
मंगल करत गोवर्द्धनधारी
मंगल वेष यशोदानन्द॥
मंगल धेनु रेनु भुव मंगल
मंगल मधुर बजावत बेनु।
मंगल गोपवधूपरिरंभन
मंगल कालिन्दीपयफेनु॥
मंगल चरणकमल मणि मंगल
मंगल कीरति जगतनिवास।
अनुदिन मंगल ध्यान धरत मुनि
मंगलमति परमानंददास॥ १॥
मंगल रूप यशोदानन्द।
मंगल मुकुट कान मधि कुंडल

मंगल तिलक बिराजत चन्द ॥
मंगल भूषन सब अँग सोहत
मंगलमूरति आनन्दकन्द ।
मंगल लकुट कांख में चाप
मंगल मुरलि बजावत मन्द ॥
मंगल चाल मनोहर मंगल
दरशन होत मिटेउ दुखदंद ।
मंगल ब्रजपति नाम सबन को
मंगल यश गावत श्रुति छंद ॥ २ ॥
जागो हो मेरे जगत उजारे ।
कोटिक मन्मथ वारौं मुसकनि पर
कमल नयन अंखियन के तारे ॥
संग ग्वाल बछ सब लैके
यमुना के तीर बन जाउ सवारे ।
परमानन्द कहति नँदरानी
दूर जिन जाहु मेरे ब्रजरखवारे ॥ ३ ॥
आछो नीको लोनो मुख भोरही दिखाइये ।
निशि के उनीदे नैन तोतरात मीठे बैन
भावत हो जी के मेरे सुख ही बढ़ाइये ॥
सकल सुखकरन त्रिविध तापहरन
उर को तिमिरि बाढ़ेउ तुरत नसाइये ।
द्वारे ठाढ़े ग्वाल बाल करउ कलेउ लाल
मिसिरी रोटी छोटी मोटी माखन सों खाइये ॥
तनिकसों मेरो कन्हैया वारि फेरि डारी मैया
बेणी तो गुहूं बनाय गहरु न लाइये ।
परमानन्दजन जननि मुदितमन फूली फूली
फूली उर अंग न समाइये ॥ ४ ॥
जैये वह देश जहां नंदनन्द भेंटिये ॥

निरखिये मुखकमलकांति बिरह ताप मेटिये ।
सुन्दर मुखरूपसुधा लोचनपुट पीजिये ।
पलट लव निमिषरहित अँत्रय अँत्रय जीजिये ॥
नख शिख मृदु अंग अंग कोमल कर परसिये ।
अरु अनन्य भाव सो भजि मन क्रम बच सरसिये ॥
रास हास भुथ बिलास लीला सुख पाइये ।
भक्तन के यूथ सहित रसनिधि अवगाहिये ॥
इह अभिलाष प्राणनाथ अंतरगत पूरिये ।
सागर करुणा उदार त्रिविधताप चूरिये ॥
छिनु छिनु पल कोटि कलप बीतत अति भारी ।
परमानन्दकल्पतरु दीनन दुखहारी ॥ ५ ॥
मदन गोपाल हमारे राम ।
धनुष बान धरि बिमल बने कर
पीत बसन अरु तन घनश्याम ॥
अपनी भुज जिन जलनिधि बाँध्यो
रास नचाये कोटिक काम ।
दशशिर हति सब असुर सँहारे
गोवर्द्धन धारेउ कर बाम ॥
सब रघुबर अब यदुबर नागर
लीला नित्य बिमल बहु नाम ।
परमानन्दप्रभु भेद रहित हरि
निज जन मिलि गावत गुणग्राम ॥ ६ ॥
अति ही मंजुल प्रवाह मनोरमा सुखावगाह
नवनव द्युति राजत अति तरणिनंदनी ।
श्याम बरन झलक रूप लाल लहरि वर अनूप
सेवत संतत मनोज वायुमंदनी ॥
कुमुद कंज बन विकास मंडित दिशि दिशि सुबास
कूजत कलहंस कोक मधुर छन्दनी ।

प्रफुलित अरविन्द पुंज कोकिलशुकसारगुंज
सेवित अलिभृङ्गपुंज बिबिध बंदनी ॥
नारद शुक सनक व्यास ध्यावत मुनि करत आस
चाहत हैं पुलिनबास सकल दुख निकंदनी ।
नाम लेत कटत पाप ऋषि किन्नर मुनि कलाप
करत जाप परमानन्द आनन्दकन्दनी ॥ ७ ॥
भोर भये निरखत हरि को मुख
प्रमुदित यशुमति हरषित नन्द ।
दिनकरकिरण कमल जनु बिकसित
उर प्रति अति उपजत आनन्द ॥
बदन उघारि जगावत जननी
जागहु मेरे आनंदकंद ।
मानहुं मथि सुर सिंधुफेन फटि
दयो दिखाई पूरण चन्द ॥
जाको ईश शेष ब्रह्मादिक
गावत नेति नेति श्रुति छंद ।
सोई गोपाल सु गोकुल भीतर
सूर सो प्रगटे परमानंद ॥ ८ ॥
देखो री यह कैसा बालक
रानी यशोमति जाया है ।
सुंदर बदन कमलदल लोचन
देखत चंद्र लजाया है॥
पूरण ब्रह्म अलख अविनाशी
प्रगट नंद घर आया है ।
मोर मुकुट पीतांबर सोहै
केशरितिलक लगाया है ॥
कानन कुण्डल गल बिच माला
कोटि भानु छवि छाया है ।

शंख चक्र गदा पद्म विराजै
चतुर्भज रूप बनाया है ॥
परमेश्वर पुरुषोत्तम स्वामी
यशुमतिसुत कहलाया है ।
मच्छ कच्छ वाराह औ बामन
राम रूप दर्शाया है ॥
खंभ फारि प्रगटे नरहरिवपु
जन प्रहलाद छुड़ाया है ।
परशुराम बुध निःकलंक ह्वै
भुव को भार मिटाया है ॥
कालीमरदन कंसनिकंदन
गोपीनाथ कहाया है ।
मधुसूदन माधव मुकुन्द प्रभु
भक्तवछल पद पाया है ॥
दामोदर गिरिधर गोपाल हरि
त्रिभुवनपति मन भाया है ॥
शिव सनकादिक अरु ब्रह्मादिक
शेष सहसमुख गाया है ॥
सुरनर मुनि के ध्यान न आवत
अद्भुत जाकी माया है ।
सो परब्रह्म प्रगट भो ब्रज में
लूट लूट दधि खाया है ॥
परमानन्द कृष्ण मनमोहन
चरणकमल चित लाया है ॥ ८ ॥
मैया तेरे लाल को मुख देखन हौं आई ।
कालि मुख देखि गई दधि बेचन
जातहि गयो है बिकाई ॥
दिन ते दूनो दाम लाभ भयो

गाइन बछिया जाई ।
आई सबै थँभाय साथ की
गिरिधर देहु जगाई ॥
सुनि तियबचन बिहँसि उठि बैठे
नागरि निकट बुलाई ।
परमानंद सयानी ग्वालिन
चली सँकेत बनाई ॥ १० ॥
लाल को दरशन भयो सबेरो ।
बहुत लाभ पाऊंगी माई
दही बिकै है मेरो ॥
गली जु सांकरि एक जो नीकी
भेंट भयो भटभेरो ।
अंक दै चली सायनी ग्वालिन
हरिको बदन फिरि हेरो ॥
प्रातहि मंगल भयो सखी री
ह्वै है सब काज भलेरो ।
परमानन्द प्रभु मुख के निरखत मिट्यो
भवसागरफेरो ॥ ११ ॥
ग्वालिन पिछवारे ह्वै बोल सुनायो ।
कमलनयन हरि करत कलेऊ
कवर न मुख लौं आयो ॥
मैया एक गाय बन ब्याई
बछरा वहीं बसायो ।
बेणु न लई लकुट नहि लीनी
अरबराय कोउ सखा न बुलायो ॥
चकित नयन चहुंदिशि चितवत
सत्य है किधौं सपनों पायो ।
फूले अँग न समात रसिकवर

त्रिभुवनपुर रस छत्रनि छायो ॥
मिलि बैठे संकेतसदन में
बिबिधि भांति कीनो मन भायो ।
परमानन्द सयानी ग्वालिन
उलटि अंक गिरधर पिय पायो ॥ १२ ॥
प्रात भये कृष्ण राजीवलोचन ।
संग सखा ठाढ़े गोमोचन ॥
बिकसत कमल रटत अलि सेनी ।
उठो हो गोपाल गुहूँ तेरो बेनी ॥
खीर खांड़ घृत भोजन कीजै ।
लघु दूध धोरी को पीजै ॥
सुत हित जानि जगावे नन्दरानी ।
परमानन्द प्रभु सब सुखदानी ॥ १३ ॥
भयो पाछली पहर ।
कान्ह कान्ह कहि टेरन लाग्यो
बाबा नन्द महर ॥
ब्रह्म महूरत भयो साँवरे
राँभन लागी धेनु ।
उठे बलभद्र बछरुवा
छोलन गोपन पूरे बेनु ॥
गोपबधू दधि मंथन लागीं
बिप्र पढ़न लागे बेद ।
परमानन्ददास को ठाकुर
गोकुल के दुखछेद ॥ १४ ॥
उठि गोपाल भयो प्रात
देखूँ मुख तेरो ।
पाछे गृहकाज करौं
नित्य नेम मेरो ॥

बिहित निशा अरुण दिशा
प्रकट भयो भान ।
कमल में के भ्रमर उड़े
जागिये भगवान ॥
बंदीजन द्वार ठाढ़े
करत हैं केवार ।
मधुर बैन गान करत
लीला अवतार ॥
परमानन्द स्वामी दयाल
जगत मंगलरूप ।
बेद पुराण गावत हैं
महिमा अनूप ॥ १५ ॥
प्रात समय भयो साँवलिया जागो ।
नन्द यशोदा के मन आनन्द
गाय दुहन को भाजन माँगो ॥
रवि के उदय कमल परकासे ।
भ्रमर उठि चले नमचुर बासे ॥
गोपबधू दधि मंथन लागीं ।
हरि जू की लीलारसपागीं ॥
बिकसित कमल चलत अलिसेनी ।
उठो गोपाल गुहौं तेरी बेनी ॥
परमानन्ददास मन भायो ।
चरणकमलरज देखन आयो ॥ १६ ॥
प्रात समय उठि चलहु नन्दगृह
बलराम कृष्ण मुख देखिये ।
आनँन्द में दिन जाय सखी
जन्म सुफल करि लेखिये ॥
प्रथम काल हरि आनँदकारी

पाछे भवन काज कीजिये ॥
रामकृष्ण पुनि बनहिं जायँगे
चरणकमलरस लीजिये ।
एक गोपिका ब्रज में सयानी
श्यामम्हातम सोई जाने ।
परमानन्दप्रभु यद्यपि बालक
नारायण करि सोई माने ॥ १७ ॥

KUMBHANDAS

He is said to have been a very holy man. He was once invited by Akbar to his court in Fatehpur Sikri. He was very poor but always refused to accept any thing from any raja or a nawab. He was a G*aura* Brahman and had several sons including Chaturbhuj Das, also one of the Ashtachhap

He flourished about the year 1550.

The songs in this extract are taken from the Ragsag*arodbheva*.

कुंभनदास

श्याम सुन्दर रैनि कहां जागे।
देखि बिनु गुणमाल अधर अंजन भाल
जावक लग्यो गाल पीक पागे॥
चाल डगमगी अति शिथिल अंग
सब तोतरे बोल उर नखनिदागे।
गड्यो कंकन पीठ निपट बिह्वल दीठ
शर्बरी लाल नहिं पलक लागे॥
कहिये साँचि बात काहे जीय सकुचात
कौन त्रिय जाके अनुराग रागे।
दासकुंभन लाल गिरिधरन एते
पर करत झूंठी सौंह मेरे आगे॥ १॥
माई गिरिधरन के गुण गाऊँ।
मेरे तो व्रत यहै निशि दिन
और न रुचि उपजाऊँ॥
खेलन आँगन आउ लाड़िले
नेकहुँ दरशन पाऊँ।
कुंभनदासहिलग के कारण
लालच लागि रसाऊँ॥ २॥
बहू जो तबहीं मान धरावै।
सुन्दर श्याम बहुरि सन्मुख ह्वै
अंबुज बदन दिखावै॥
तब लग मान करहु कोउ कैसे
जब लगु वह दरशन नहिं पावै।
दृष्टि परे मन मधुकर तिहि छिन

सहज सरोजहि धावै ॥
त्रिभुवन माँझ हो उत्तम युवती
आरजपथहि ढ़ढ़ावै ॥
कुंभनदास प्रभु गोवर्द्धनधर
कुलमर्यादा ढावै ॥ ३ ॥
हमारो दान देरी गुजरेटी ।
नित उठि आवत जात चोर
दधि बेचन आजु अचानक भेटी ॥
अति सतरात कैसे छूटोगी
बड़े गोप की बेटी ।
कुंभनदास गिरिधरनलाल सों
भुज ओढ़नी लपेटी ॥ ४ ॥
साँझ जु आवन कहि गये
लाल भोर भये देखे ।
गनत नक्षत्र नैन अकुलाने
चारि पहर मानो युग ते बिशेखे ॥
कीन्ही भली जु चिन्ह मिटाये
अधरनि रंग अरु उर नखरेखे ।
कुंभनदास प्रभु रसिकशिरोमणि
गिरिधर तुम्हरे कैसे लेखे ॥ ५ ॥
बिलग जिन मानो री कोउ हरि को ।
भोरहि आवत नाच नचावत
खात दही घर घर को ॥
प्यारो प्राण दीजे जो पइये
नागर नन्दमहर को ।
कुंभनदास प्रभु गोवर्द्धनधर
रसिक राधिकावर को ॥ ६ ॥
सखी तेरे चपल नैन अरु बड़े बड़े तारे ।

हरिमुख निरखत मात पटनि में
निशि दिन रहत उघारे ।
जो आगे ते पंथ रोकते न श्रवण तो
न जानो कहाँ चले जाते अपटारे ।
कुंभनदास प्रभु गिरिधरन रसिक ये
कृपारस सींचे अति सुख बाढ़े भारे ॥ ७ ॥
साँझ के साँचे बोल तिहारे ।
रजनी अनत जागि नंदनन्दन
आये हो निपट सवारे ॥
आतुर भये नील पट ओढ़े
पीरे बसन बिसारे ।
कुम्भनदास प्रभु गोवर्द्धनधर
भले बचन प्रतिपारे ॥ ८ ॥
कहो धों आज कहाँ बसे लाल
भोर भये आये डगमगत पग ।
खरे सकारे क्यों उठे मोहन
बोलत तमचुर खग ॥
काजर अधर लटपट पाग उरझि
बिलुलित कुसुम माल कुच पर स्रग ।
अरुण नयन आलस जम्हात
पिय रैनि कियो जग ॥
रति के चिन्ह तन प्रकट देखियत
काहे को दुख करत श्याम सुभग ।
कुम्भनदास प्रभु रसिक गिरिधर
परे चतुरी नागरिफग ॥ ९ ॥
कहो धो कहां तुम रैनि गवाँये
लाल अरुण उदय आये ।
कौन सँकोच श्यामघन सुन्दर

तमचुर बोलत उठि धाये ॥
आंखि देखि कहा सखि बूझिये
रति के चिन्ह तन प्रकट लगाये ।
कुम्भनदास सुजान गिरिधर
काहे को दुरत पिय जानि पाये ॥ १० ॥
ऐसी बातन लाल क्यों मन माने ।
उतरु बनाय बनाय तासों कहिये
जो यह भेद न जाने ॥
रति के चिन्ह प्रकट देखियत हैं
कैसे दुरत दुराने ।
कुम्भनदास प्रभु गोवर्द्धनधर
हो तुम खरे सयाने ॥ ११ ॥
देखो री माई कैसी है ग्वालिनि
उलटी रई मथनियां बिलोवे ।
बिना नेत कर चंचल पुनि पुनि
नवनीते टक टोवे ॥
निरखि स्वरूप चांहटि चित लाग्यो
यकटक गिरिधरमुख जोवे ।
कुंभनदास चिते रही अकबक
औरै भाजन धोवे ॥ १२ ॥
काहे बाँधति नाहि रे छूटे केश ।
शशिमुख पर घनधारा छूटी
कछुक जु चली उरदेश ॥
अंग अंग यह शोभा कहा कहूँ
निशि जागि आई औरही वेश ।
कुंभनदास अति ओप ते ओप भई
गोवर्द्धनधर मिल ब्रजयुवति नरेश ॥ १३ ॥
मोतिन मांग बिथुरी शशिमुख पर

मनो नछत्र करन आये पूजा ।
अंचल फरहरात उर ऊपर
काँची काम भुजा।
बिरहराहु ते छूटि सकल कला
विमल भई देखत सुखुजा ॥
कुम्भनदास प्रभु गोबर्द्धनधर
अधर सुधा कियो पान
कंठ मेलि उदार भुजा ॥ १४ ॥
तू तो आलस भरी देखियत है री रसी।
रजनी चोरि तातें आंखि न लागी
अरु अकेली भामिनि कुंज बसी ॥
घरविरोधतें रूसी काहु
जानी भवन को दिन गत ही नसी ।
कुम्भनदास गिरिधर के कंठ की यह जानति हो
तैं तो गिरी पाई मोतिमाललसी ॥ १५ ॥
आज देखियत बदन डहडहेउ प्यारी
रँग मगे नयना तेरे रंग भरे ।
मानहुँ शरद कमल ऊपर उन्मद
युगुल खंजन लरे ॥
रसिक शिरोमणि लाल सुशीतल
कमल कर उर धरे ।
कुम्भनदास कहि काहेन भूले
गिरिधर पिय सब दुख हरे ॥ १६ ॥
काहे ते आजु बिथुरी प्यारी
क्यों न बांधहि अलक ।
भौंह कमान नयन रतनारे
मानों न लागी पलक ॥
रतिरससुख की फूल जवावति

मद गयंद की चाल मलक।
मिलौं गिरिधर को मानौं
कोटि चंद की झलक ॥ १७ ॥
सखी री जिनि वा सरोवर जाहि।
अपने रस को तजि चकवाकी
बिछुरि चलति मुख चाहि ॥
सकुचत कमल अकाल पाइ के
अलि व्याकुल दुख दाहि।
तेरे सहज आन यह गति यह
अपराधी कहि काहि ॥
यह अद्भुत सरि रच्यो बिधाता
सरसरूप अनुसाहि।
कुम्भनदास प्रभु गिरिधर सागर
देखत उमगे ताहि ॥ १८ ॥
नंदनंदन के अंक ते
मुरली सुन्दर चतुर हरति।
नूपुर मुख मूंदि के अछुन
अछुन पगधरनि धरनि ॥
कनक वलय कंकन भुजानि
युग उछेपु करति।
कुम्भनदास गिरिधर के मुद्रित नयन देखति
चकुन मंद हास रस जागत तें डरति ॥ १९ ॥
नागर नन्दकुमार मुरली हरत न जानी।
गिरिवरधर के अंक तें अचानक
लई राधिका सयानी ॥
ब्रजसुन्दरि जतननि मुद्रित करि
नूपुर कंकन धानी।
कुंभनदास मुसकानि मंदगति

अछनहि अछन प्रयानी ॥ २० ॥
तेरे तन की उपमा को देख्यो मैं
बिचार के कोउ नाहिन भामिनी ।
कहां बपुरो कंचन कदली कहाँ
केहरि गज कपोत कुंभ पिक,
कहां चन्द्रमा और कहां बपुरी दामिनी ॥
कहां कुरंग शुक बंधुक केकी कमल या आगे
औ देखिये सबनि कामिनी ।
मोहन रसिक गिरिधरन कहत राधा
परम भावती तू है कुम्भनदासस्वामिनी ॥ २१ ॥
तोसों बात कही पिय तेरे तो तू काहे को रिसानी।
प्राणनाथसों बीच पारे सोई अयानी ।
जा बिनु रहेउ न परे छिन तासो क्यों रूसिये सयानी ।
कुम्भनदासप्रभु गिरिधर न कहे सोई
कीजिये ज्यों रहिये हृदय लपटानी ॥ २२ ॥
सुनि गोपाल एक ब्रजसुन्दरि
तुमहिं मिलन को बहुत करति ।
बार बार मोसों कहति रहति है
वाके जियबो होत अरति ॥
तुमहिं जपति रहति निशि बासर
और बात कछु जिय न धरति ।
श्यामस्वरूप चहुंदि चित लाग्यो
लोकलाज ते नाहिं डरति ॥
होत न चैन वाहि एकौ छिनु
अति आतुर चित बिरह भरति ।
कुम्भनदास प्रभु गोवर्द्धनधर
तुम कारन नव यौवन गरति ॥ २३ ॥
तेरे नयन चंचल बदनकमल पर

मनो युग खंजन करत कलोल ।
कुंचित अलक मनो रस लंपट
चलि आये मधुपनिकटोल ।
कहा कहौं अँग अँग की शोभा
खुँभी न परसत चारु कपोल ।
कुंभनदास प्रभु गोवर्द्धनधर
देखत बाढ़े मनुज अमोल ।। २४ ।।
अंचल पीक कहूं कहुँ लागी
नयननि सखी करति सब कूटि ।
मोहनलाल गोवर्द्धनधारी
सर्बसु भामिनि लिय है लूटि ।।
नैन रसमसे अधर और छबि
चंदन गयो गात पै सूक ।
कुंभनदास प्रभु सों मिली भामिनी
कहत न बने सुख भई मति मूक ।। २५ ।।

CHATURBHUJDAS

He was a son of KUMBHANDAS and also one of the Ashtichhap. He is also the reputed author of *Madhumalati all* and *Bhaktipratap*. A book named *Dwadashayasha* has also been, unearthed which gives the date 1560 V, E. but this seems to be a mistake.

The accompanying songs have been taken from the Ra*gsagarodbhava*.

चतुर्भुजदास

शोभित सुभग लटपटी पाग
भीने रसिक प्रिया अनुराग।
कुंकुम तिलक अलक सेंदुर छबि
अरुन नयन घूमत निशि जाग॥
कछु अँभात उर माल मरगजी
पीक कपोल अधर मसि दाग।
चतुर्भुजप्रभु गिरिधर नीके लागत
आलस बस सब अंगबिभाग॥१॥
भोर तमचुर बोले दीनो जू दरसना।
आतुर ह्वै उठ धाये डगन चरण आये
आलस मे नैन बैन अटपटी रसना॥
सन्ध्या जू कहि सिधारे बचन जीय में सँभारे
सकुचि कै मन्द मन्द प्रकटित दसना।
चतुर्भुजप्रभु गिरिधरन सिधारो तहां
जहाँ रतिरङ्गरस लपटाये बसना॥२॥
घूमत मत्त गज ज्यों चलत डगमगे।
बतियाँ कहत सैन मुख न आवत बैन
आलस उनींदे नैन शोभित रगमगे॥
नागर नन्दकिशोर नीकी छबि आये भोर
अंग अंग रतिरंग चिन्ह जगमगे।
चतुर्भुजप्रभु गिरिधर नहीं लागे पलक
चारि याम जीति काम रहे जूठ डगमगे॥३॥
आज छबि देत नयना, आलस भरे रगमगे।
रैन पलक न परी सुरतरन जे करी

भोर आये लाल धरत पग डगमगे ॥
तन और गति भाँति कहत कही न जाति
काँति अद्भुत सकल अंग अंग जगमगे ।
चतुर्भुजप्रभु गिरिधरन भली करी पलटि आये
बसन सोधे मिले सगमगे ॥४॥
भोर डगमगत पग जीति मन्मथ चले ।
सकल रजनी जगे नयन नहिं पल लगे,
अरुन आलस चलत नयन लागत भले ॥
करि बन गर नटत चिन्ह प्रकटित करत
बसन आभूषन सुरतरन दल मले ।
चतुर्भुजदास प्रभु गिरिधरछबि बढ़ी
अधर काजर कुंकुम अँग अंग रले ॥५॥
डगमगात आये नट नागर ।
कछु जँभात अलसात भोर भये
अरुण नयन घूमत निशि जागर ॥
रसिक गोपाल सुरतरत को जस
सकल चिन्ह लाये उर कागर ।
चतुर्भुजप्रभु गिरिधरन कुंज गढ़
रतिपति जीत्यो रसमुख सागर ॥६॥
भोर भावतो श्री गिरिधर देखौ ।
सुभग कपोल लोल लोचन छबि
निरखि के नयन सुफल करि लेखौ ॥
नखसिख रूप अनूप बिराजत
अँग अँग मन्मथ कोटि विशेखौ ।
चतुर्भुजप्रभु रसरासरसिक को
बड़े भाग बल इकटक पेखौ ॥ ७ ॥
श्याम सुन्दर भोर भवन आगे होय आवै ।
कबहूँ मुख मन्द हास मेरे सखि सुख की रास

कबहुँ बैन कबहुँ नैन सैन हो जनावै ॥
मेरी दधि मथनि बार उनको उठनि सवार
रई नेत माठ समेत सकल हो बिसरावै ।
चतुर्भुजप्रभु गिरिधर अँग अँग कोटि मदनमूरति
चलत बन को तन रु मनको चितेही चुरावै ॥ ८ ॥
ऐसेही धरी री दधि बिना मथन किये
देहु यशुमति नेक अपनो रई ।
अपनहुं ढूँढि हारी तैसो निशि अँधियारी
पाऊँ न भवन माँझ कहाँ धौं गई ॥
कछु जिय सुहाई याही ते आतुर आई
लोना के लालच जीय चटपटी भई ।
दिना चारि करो काज बाढ़ो नंदजू को राज
जौ लौं बहुर हों ल्याऊँ नई ॥
चतुर्भुजदास रानी मेरो अति चोप जानी
ह्वै प्रसन्न मन महिया आनि दई ।
भोरही देउ अशीश बार जिनि खिसे
शीश निहारे गिरिधरको हौं बलि बलि गई ॥ ९ ॥
श्रीवल्लभसुयश संतत नित उठि गाऊँ ।
मनक्रम बचन छिन एक न बिसराऊँ ॥
पुरुषोत्तमअवतार सुकृत भल फलित
जगत बन्दन श्री विठलेश दुलराऊँ ।
परसि पदकमल रज निरखि सौंदर्यनिधि
प्रेमपुलकित कलुष कोटिक नशाऊँ ॥
श्री गिरिधरन देवपतिमानमर्दनकरन
घोषरक्षक सुखद सुयश सुनाऊँ ।
श्री गोविंद ग्वाल सँग गाय लै चलत
बन निरखि नैनन सिराऊँ ॥
श्री बाल कृष्ण सदा सहज बालक दशा

कमल लोचन सुहरषित रुचि बढ़ाऊँ ।
भक्तिमारग सुदृढ़ करन गुणराशि
ब्रजमंडल श्री गोकुलनाथही लड़ाऊँ ॥
श्री रघुनाथ धर्मधुरधार शोभा सिंधु
रूपलहरनि दुख दूर बहाऊँ ।
पतित उद्धरन महाराज श्री यदुनाथ
विशद अंबुजहाथ सिरसि परसाऊँ ॥
श्री घनश्याम अभिरामरूपवरषा
स्वाती आशा लगि रसना चातिक रटाऊँ ।
चतुर्भुजदास परेउ द्वार प्रणिपत करे
सकल कुल को चरणामृत भोर उठि पाऊँ ॥ १० ॥
नैन भरि देखौं गिरिधर को कमलमुख ।
मंगल आरती करौं प्रातही वारत
निरखत होत परम सुख ॥
लोचन विशाल छबि संचि हृदय में धरो
कृपा अवलोकन चार भृकुटिन रुख ।
चतुर्भुजदास प्रभु आनन्द निधि रूप
निरखि करो दूरि सब रैनि को विरहदुख ॥ ११ ॥
मंगल आरती गोपाल की ।
नित उठि मंगल होत निरखि मुख
चितवन नैन विशाल की ॥
मंगल रूप श्यामसुंदर को
मंगल छबि भृकुटि भाल की ।
चतुर्भुजदास सदा मंगलनिधि
बानिक गिरिधरलाल की ॥ १२ ॥
प्यारी ग्रीवा भुज मेलि नृत्यत पीय सुजान ।
मुदित परस्पर लेति गति में गति
गुणराशि राधे गिरिधरन गुणनिधान ॥

सरस मुरली धुनि सो मिलै सप्त सुर
गावत भैरव राग अघघर तान बंधान ।
चतुर्भुजप्रभु श्याम श्यामा की नटन देखि
रीझे खग मृग बन थकित ब्योम बिमान ॥ १३ ॥
जयति आभीरनागरी प्राणनाथे ।
जयति ब्रजराजभूषण यशोमति ललित
देत नवनीत मिश्री सुहाथे ।
जयति पात पर भात दधि खात श्रीदामा संग
अखिल गोधन वृन्दचरे साथे ।
ठौर रमणीक वृन्दाबिपिन शुभस्थल
सुन्दरीकेलि गुण गूढ़ गाथे
जयति तरणिजातट निकट रासमंडल रच्यो
ततता थेई थेई तत ताथे ।
चतुर्भुजदास प्रभुगिरि धरनबहुरि अब
श्री बिट्ठल प्रकट ब्रज कियो सनाथे । ।१४ ॥
जैये तहाँ जहाँ रैनि जागे ।
बानी बिनु गुण माल ओठ अंजन भल
सेंदुर लग्यो गएड पीक पागे ॥
आरक्त नयन अति शिथिल सब अंग
गति डग मगत राति नहिं पलक लागे ।
चपल चातुर ढीठ उपटि कंकन पीठ
देखियत उर मांझ नखन दागे ॥
सकल ब्रजत्रियन में कौन सी नारि वह
जाके तुम लाल अनुराग रागे ।
चतुर्भुजदासप्रभु गिरिधरन
काहे को करत झूँठी सौंह मेरे आगे ॥ १५ ॥
भले आये भोर गिरिवरधरन ।
अरुण नयन जँभात आलस धरत डगमगे चरन ॥

पाग लटपटी पलटि परे पट अटपटे आभरन ।
शिथिल अंग अंग सबहि देखियत निशाके जागरन ॥
नव प्रिय संग प्रहर चारी पल न पाये परन ।
चतुर्भुजप्रभु जीति रतिरन कियो रतिपति शरन ॥१६॥

CHHITSWAMI

Chitswami was a panda of Mathura and Birbal was *his jajman.* He was a rogue at first but was converted by Bitthalnath.

He flourished on or about 1500.

His songs appear in the *Ragsarodbhava* from which the accompnying extracts have been taken,

छीत स्वामी

भोर भये नीको मुख हँसत दिखाइये ।
राति के दरश के बिछुरे दोऊ पलक मेरे
धारि फेरि डारौं नेकु नयननि सिराइये ॥
कोमल उन्नत बाहु पर अमित भाव
मेरी तेरी छाती छबि अधिक बढ़ाइये ।
छीता स्वामी गिरिधर सकल गुणनिधान
कहा कहुँ मुख करि प्राण ही ते पाइये ॥ १ ॥
जै जै जै श्री बल्लभनंद ।
कोटि कला वृन्दावनचंद ।
निगम बिचारैं लहैं न पार
लीला करि धारयो हाथ
छीत स्वामि श्री बिट्ठलनाथ ॥ २ ॥
जै जै श्री सूरजा कलिन्दनन्दनी ।
गुल्मत लता तरु सुबास कुंज कुसुम मोद मत्त
गुंजत अलि सुभग पुलिन वायु मंदनी ।
हरि समान धर्मशील कान्ति मंजुल जलदनोल
कटि नितंब भेद तनित गति उतंगिनी ॥
सिक्ता जनु मुक्ताफल कंकणयुत भुजतरंग
कमलन उपहार लेत पियाचरणबंदनी ।
श्री गोबिंद गोपी संग श्रम जल कहि सिक्त
रंगा पति तरंगिनी सुर कि सरस सुफंदनी ॥
छीत स्वामी गिरिवरधर नंदनन्दन
आनन्दकन्द यमुने जनदुरितहरणि दुखनिकंदनी ॥३॥
आये भोर उनींदे श्याम ।
सकल निशा जागे प्यारी संग

हारे हो रतिरणसंग्राम ॥
शिथिलित पाग भाल पर जावक
हिये बिराजत बिन गुन माल ।
कुंकुम तिलक अलक पर सेंदुर
सुभग पीक दोउ गाल ॥
कंकण पीठ गड़्यो उर नखछत
जनु घन मांझ दूैज को चन्द ।
छीत स्वामि गिरिधरन भले तुम
मोहिं खिझावत हो नँदनन्द ॥ ४ ॥

सुमिरि मन गोपाल लाल ।
सुन्दर अति रूप जाल मिटिहै जंजाल
सकल निरखत संग गोप बाल ।
मोर मुकुट शीश धरे बनमाल सुभग गरे
सब को मन हरे देखि कुंडल की झलक गाल ॥
आभूषन अंग सोहै मोतिन के हार यो है
कंठसिरी मोहै दृग गोपी निरखत निहाल ।
छीतस्वामी गोवरधनधारी कुंवर नन्दसुवन
गाइन के पाछे पाछे धरत है लटकीली चाल ॥ ५ ॥
प्रात भयो जागो बलि मोहन सुखदाई ।
जननि कहै बार बार उठो प्राण के अधार
मेरे दुखहारि श्याम सुन्दर कन्हाई ॥
दूध दही माखन घृत मिश्री मेवा बदाम
पकवान भांति बिबिध रस मलाई ।
छीत स्वामी गोवर्द्धनधारीलाल भोजन करि
ग्वालन के संग बन गोचारन जाई ॥ ६ ॥

भई भेंट अचानक आय ।
हौं अपने गृह ते चली यमुना को
उतते चले चारन गाय ॥

निरखत रूप ठगोरी लागी
उतकी डगर भर चल्यो न जाइ ।
छीतस्वामी गिरिधरन कृपा करि
मो तन चितये मुरि मुसकाइ ॥ ७ ॥

करत कलेऊ मोहन लाल ॥
माखन मिश्री दूध मलाई मेवा परम रसाल ।
दधि ओदन पकवान मिठाई खात खवावत ग्वाल ॥
छीत स्वामि बन गाइ चरावन चले लटकि पशु शाल ।
मरगजी उर कुन्दमाल लोचन अलसात लाल ॥ ८ ॥
डगमगात चरण धरनि धरत रैन जागे ।
शीश ते खसि मोर मुकुट भृकुटी के तट आयो,
निकट शैल चपल चन्द्रिका सुबांधि पाट तागे ।
अलसी कुसुम तन सुभांति कहूँ कहूँ कुंकुम की कांति
मदन नृपति पीक छाप युग कपोलनि लागे ।
छीतस्वामि गिरिधर सौरभ रस मगन मधुप
संगम गुन गान करत फिरत आगे आगे ॥ ९ ॥

रूप स्वरूप श्री विट्ठल राय ।
वेद विदित पूरण पुरषोत्तम श्री वल्लभगृह प्रगटे आय ॥
लटपटी पाग महारस भीने अति सुन्दर मन सहज सुभाय ।
छीत स्वामि गिरिधरन श्रीविट्ठल अगनित महिमा कही न जाय॥

GOBINDDÁS

Gobinddas was a *Sanadhya* Brahman of Antari. He removed to Mahaban where he made several *chelas* or pupils, but eventually himself became a *chelá* of Bitthalnath and settled in Govardhan. He was an expert singer and even Tansen is said to have been enamoured of his songs.

A grove of Kadambas planted by him in Govardhan still exists and is called Gobind Swami's Kadambakhandi.

He flourished about the year 1660.

His songs appear in the Ragsagarodbhava from which the following have boon extracted.

गोविन्ददास

हौं बलि जाउँ कलेऊ कीजै ।
खीर खाँड़ घृत अति मीठो है अबकि कौर बस लीजै ॥
बेनी बढै सुनों मनमोहन मेरो कहो पतीजै ।
औट्यो दूध सद्य धौरी को सात घूँट जो पीजै ॥
हौं वारी या बदनकमल पर अँचल प्रेमजल भीजै ।
बहुरि जाय खेलो यमुनातट गोविंद संग करि लीजे ॥ १ ॥
आवत ललन प्रियारंगभीने ।
शिथिल अंग डगमगत चरणगति मोतिनहार उर चीने ॥
पारिजात मंदार माल लपटात मधुप मधुपीने ।
गोविन्दप्रभु पिय तहीं जाहु जहँ अधर दसनछत कीने ॥ २ ॥
अहो दधि मथत घोष की रानी ।
दिव्य चीर पहिरे दछिण को
कटि किंकिणि रुनझुन बानी ॥
सुत के कर्म गावति आनन्द भरि
बालचरित्र जानि जानी ।
श्रमजल राजै बदनकमल पर
मनहुं शरद बरषानी ॥
पुत्र सनेह चुचात पयोधर
प्रमुदित अति हरषानी ।
गोविन्दप्रभु घुटरुन चलि आये
पकरी लई मथानी ॥ ३ ॥
यमुना सी नाहिं कोऊ और दाता ।
जे इनकी शरण जात है दौरि के
ताहि को तेहि छुन करि सनाथा ॥

यहि गुनगानरसना एक
सहस्र रसना क्यों न दई बिधाता ।
गोबिन्द बलि तन मन धन वारने
सबको जीवन इनके हाथा ॥ ४ ॥

श्याम संग श्याम ह्वै रही रे यमुने ।
सुरतश्रम बिन्दु ते सिंधु सी बहि चली
मानो आतुर आली रही न भवने ॥
कोटि कामहिं वारों रूप नयन निहारों
लाल गिरधरन संग करत रमने ।
हरषि गोविन्दप्रभु देखि इनकी ओर
मानो नव दुलहिन आई गवने ॥ ५ ॥

यमुना जी यह विनती चित धरिये ॥
गिरिधर लाल मुखारबिन्दरति
जनम जनम मोहिं करिये ।
बिषसागर संसार बिषम अति
बिमुखसंग ते डरिये ॥
बिबिध दोष हरि हो कालिन्दी
नेक कृपा करि ढरिये ।
गोबिंद सदा यहै बर मांगुं
तुम्हरे चरण अनुसरिये ॥ ६ ॥

जागहु कृष्ण यशोदा बोलै
यहि अवसर कोउ सोवे हो ।
गावति गुण गोपाल ग्वालिनी
हरषित दही बिलोवे हो ॥
गोदोहन धुनि पूरि रहेउ ब्रज
गोपी दीप सँजोये हो ।
सुरभी हुंके बछरुआ जागे
अनिमिष मारग जोवे हो ॥

बेणु मधुर धुनि मधुवर बाजत
बेत गहे कर सेली हो।
अपनी गाय सब ग्वाल दुहत हैं
तुम्हरी गाय अकेली हो॥
जागे कृष्ण जगत के जीवन
अरुण नयन मुख सोहै हो।
गोविंदप्रभुजू दुहत हैं धौरी
गोपबधूमन मोहै हो॥ ७॥

एक रसना कहा कहों सखीरी
ललन की प्रीत अमोली।
हँसनि खेलनि चितवनि जो छबीली
अमृत बचन मृदु बोली॥
अतिरस भरे मदनमोहन पिय
अपने कर कमल खोलत बँद चोली।
गोबिन्दप्रभु की हो बहुत कहा कहूँ री
जे जे बातें कही मोसों अपनो हृदय खोली॥ ८॥
तू आजु देखुरी मनमोहन ये बलबीर राजे।
मदनमोहन पिय मणिमंद्रिर ते
बैठे बनि कसि आप छाजे॥
लटपट पाग मरगजी माला
लटपटात मधुप मधु काजे।
गोविन्दप्रभु के जु शिथिल अरुण दृग
देखत बिथकित कोटि मदन लाजे॥ ९॥
पक खजूर जंबु बदुरी फल
लेहो काछिन टेरी द्वार।
बालक यूथ संग मनमोहन
चौंके करत विहार॥
सुन्दर कर जननी नीके दियो

धाये तबहीं नन्दकुमार।
हीरा रतन सों पूरित भाजन
ऐसे परम उदार॥
उदर सों लियो लगाय खात
चले मीठे परम रसाल।
झूंठो गुठली माँगत गोविन्द
हँसत हँसावत ग्वाल॥ १० ॥

तेरो मुख मानो किशोरी शरदशशि।
दशन ज्योति जुन्हाई बचन शीतलताई
अमृत हास सुहाई बोलत नैन मसि॥
गोविन्द प्रभु नन्दसुवन चकोर
करत बरपान मनमथताप नसि॥ ११ ॥

प्रात समय उठि यशुमति जननी
गिरिधर सुत को उबटि न्हवावति।
करि शृंगार बसन भूषण सजि
फूलन रचि रचि पाग बनावति॥
छूटे बँद बागो अति शोभित
बिच बिच चोव अरगजा लावति।
सूथन लाल फुन्दना शोभित
आजु की छबि कछु कहत न आवनि॥
बिबिध कुसुम की माला उर धरि
श्रीकर मुरली बेत गहावति।
लै दर्पण देखे श्रीमुख को
गोबिंदप्रभु चरणन शिर नावति॥ १२ ॥

आज खरेई शिथिल देखियत
हो बहु रसभरे लाल।
सब निशि जागे अति शिथिल
अरुण दोउ अम्बुज नयन बिशाल॥

शिथिल भूषण कटिबसन अति
शिथिल मरगजी माल ।
लटपटि पाग शिथिल अलकावलि
बिगलित कुसुम गुलाल ॥
शिथिल शिखण्ड शीश लटकि रहे
आये भोर डगमगत चाल ।
शिथिल बेनु कछु कहत आन को आन
गोबिंद प्रभु पिय हो बेहाल ॥ १३ ॥
जानि पाये हो ललना
बलि बलि ब्रजनृपतिकुवँर ।
जाके बसन निशि जागी
आये तहांई अनुसर ॥
अपनी प्यारी के चरित्र के चिन्ह
हमहिं देखावत आये देत लोन दाह पर ।
गोबिंदप्रभु साँवल तन तैसेई हो मन
जनमतही बहु युवतिप्राणहर ॥ १४ ॥
बलि बलि पाउं धारिये आजु कछु मेरो लह्यो
ब्रजनृपसुत भोर आये हो रसभरे ।
भई बड़ी बार पाउँ धारिये हम निवाज्यो
अरगजावासे बीरा ले आगे धरे ॥
कहि न सकत एक बात लालन जाके
निशि बसे ताके बसन पलटि परे ।
गोबिंदप्रभु पियशिरोमणि
के बल दोऊ के हरे ॥ १५ ॥
प्रात समय उठि यशुमति
दधि मंथन कीनो ।
प्रेम सहित नवनीत ले
सुत के मुख दीनो ॥

औटि दूध घैया कियो
हरि रुचि सों लीनो ।
मधु मेवा पकवान ले
हरि आगे कीनो ॥
इहि बिधि नित क्रीड़ा करैं
जननी सुख पावैं ।
गोबिंदप्रभु आनन्द में
आँगन में धावैं ॥ १६ ॥

AGRADÁS.

"He was a disciple of Krishnadas Payahari, one of the Ashtachhap and the preceptor of Nabhadas the celeberated author of the Bhaktmala. He is the author of *kundaliya* verses on morals.

He flourished about the year 1569.

His *Kundaliyas* each beginning with a proverb display his great poetic merit and some of them are therefore given in this collection.

कुंडलिया

अन्धा बाँटै जेवरी पीछे बाछा खाय ।
पीछे बाछा खाय कहत गुरु शिष्य न माने ।
ज्ञान पुरान मसान छिनक महँ धर्म्म भुलाने ॥
बुरो विप्र लौं रीति मृतकधन लेत न लाजै ।
नीच न सूझै मीच, फिरत विषयन के काजै ॥
अग्र जीव अंधा तलो ; बँधै ; सो करैं उपाय ।
अन्धा बाँटै जेवरी ; पीछे बाछा खाय ॥ १ ॥
आग लगंते झोपड़ा जो निकसै सो लाभ ।
जो निकसै सो लाभ चेत मानुष तन चोरी ।
ये लेखे के श्वास जात आवत न बहोरी ॥
ज्यौं करअंजुलि माँहि घटत जल थिर न रहावै ।
कर आतुर हरि भजन साधिकाया ध्रुव गावै ॥
अग्र कहां लौ थेगरी दीजै फाटै आभ ।
आग लगंते झोपड़ा जो निकसै सो लाभ ॥ २ ॥
बीस्यौ ब्याह कुम्हार को भाँड़ौ लै लै जाउ ।
भाँड़ो लै लै जाउ हतो धन धरती गाड़ो ।
हय गय भवन भँडार जहाँ को ताहीं छाँड़ो ॥
तात मातु सुत वाम सजन सो मिटी सगाई ।
तत्त्व तत्त्व में मिल्यौ हंस चाल्यो छुटकाई ॥
अग्र कहै नर गाइ हरि जौ लौं तनु मो आउ ।
बीस्यो ब्याह कुम्हार को भाड़ो लै लै जाउ ॥ ३ ॥
गुड़ जानै कै कोथरा कै बनियाँ की हाट ।
कै बनियाँ की हाट जीव जेहि विषै सुहाथी ।
मार परै यमद्वार तहाँ कोउ संग न साथी ॥

निज कृत को फल लहै ताहि भोगै सो प्रानी ।
नरकयातना घोर तहाँ पुनि पँचातानी ॥
अग्र सुखन को घट करी, ते सुख लागी बाट ।
गुड़ जानै कै कोथरा कै बनियाँ की हाट ॥ ४ ॥
सौ गाहे सूआ पढ़ै अन्त बिलाई खाय ।
अन्त बिलाई खाय अविद्या जीव न त्यागै ।
बचन धर्म्म की ध्वजा हृदय नाहिन अनुरागै ॥
बातन की पकवान क्षुधा गत उदर न भरई ।
रामचरणदृढ़प्रीति बिना नहि कारज सरई ॥
अग्र नक्र गति अम्बु लौं बरकत ही को जाय ।
सौ गाहे सूआ पढ़ै अन्त बिलाई खाय ॥ ५ ॥
नदी किनारे रूखरा जब कब होइ बिनाश ।
जब कब होइ बिनाश देह कागद की छागर ॥
आयु घटै दिन रैन सदा आमय को आगर ।
जरा जोर बरश्वान प्राण को काल शिकारी ।
मूषक कहाँ निशंक मृत्यु तकि रही मँजारी ॥
अग्र भजन आतुर करो जौ लौं पंजर श्वास ।
नदी किनारे रूखरा जब कब होइ बिनास ॥ ६ ॥
मोटो चहै बुनावनो हरो लगावै सूत ।
हरो लगावै सूत मूढ़ कर्मिन को डारयो ।
कियो तुम्हारो होइ सबै प्रभु तुम्हरो सारो ॥
पहिले जीव कि कर्म कहो धौं वह समुझाई ।
नीच ऊंच गति अगति कौन है या को दाई ॥
अग्र स्वामि के हाथ सब होत नोम ते नूत ।
मोटो चहै बुनावनो हरो लगावै सूत ॥ ७ ॥
सूने घर को पाहुनो ज्यौं आवै त्यौं जाय ।
ज्यौं आवै त्यौं जाय धर्म बिनु धिक नरदेही ।
झूठ कुटुम संभ्रम तजै सब श्यामसनेही ॥

परमारथ सों पीठ दीठ स्वारथ मों कीन्ही ।
जन्मलाभ नहिं लह्यो राम की भगति न कीन्ही ॥
अग्र कहै सतसंग बिनु कछू लाभ नहिं आय ।
सूने घर को पाहुनो ज्यौं आवै त्यौं जाय ॥ ८ ॥
डोकर मरे न छीजिये यमरा गोधतु जाय ।
यमरा गोधतु जाय बिषय आस्वाद न कीजै ।
सतसंगति यश कोटि रामचरणन चित दीजै ॥
रामनाम कर कवच अविद्या बान न लागै ।
काम क्रोध मद मोह जनम मरणादिक भागै ॥
अग्र अदूषित चित्त पर फाटे कछु न बसाय ।
डोकर मरे न छीजिये यमरा गोधतु जाय ॥ ९ ॥
प्रीतम बात न बूझई धरो सुहागिन नाउँ ।
धरो सुहागिन नाउँ बिषय कुटनी बहकावै ।
व्यभिचारिन बेगुनी नाह नेरो नहिं आवै ॥
हृदय शुद्ध बिनु नारि कहाँ ते खसम पिछानै ।
बातन के पतिवर्त्त कन्त कोबिद क्यों मानै ॥
अग्र कहै या चाल तें कैसे स्वामि सोहाउँ ।
प्रीतम बात न बूझई धरो सुहागिन नाउँ ॥ १० ॥
जैसे कन्ता घर रह्यो तैसे गयो बिदेश ।
तैसे गयो बिदेश लोक परलोक न साध्यो ।
पुर पट्टन बहु फिरयो ताप तीनों मिलि दाध्यो ॥
कियो न सनेही श्याम भजन बिनु जन्म गँवायो ।
मनो गोइ चौगान जहाँ तहँ दश दिशि धायो ॥
अग्रस्वामि अनुराग बिनु नहीं धर्म को लेश ।
जैसे कन्ता घर रह्यो तैसे गयो बिदेश ॥ ११ ॥
काजर सब कोउ देत है चितवन मांझ बिशेषि ।
चितवन मांझ बिशेषि प्रीति सों प्रभु को देखै ।
श्याम गौर जो रूप हृदय अन्तर अवरेखै ॥

रसन रटै हरि नाम असद आलापन करई ।
देखि पराई द्रव्य चाह पावक नहिं जरई ॥
रामचरणधन नेह नित अग्र सोहागिल पेषि ।
काजर सब कोउ देत है चितवनि माँझ बिशेषि ॥ १२ ॥
जेहि घर जितो बधावनो तेहि घर तितनो सोग ।
तेहि घर तितनो सोग जन्म मैं नच अरु गावै ।
बहिन भानजा बिप्रभाट बन्दी पहिरावै ॥
लगै ताहि जब रोगबिषम भेषज को धावै ।
ग्रह पूजा को करै भूत भोपानि बुलावै ॥
अग्र कहै सिर कूटि कै रोवै बहुत बियोग ।
जेहि घर जितो बधावनो तेहि घर तितनो सोग ॥ १३ ॥
घर की डाढ़ो बन गई बनहुं लागी आगि ।
बनहूं लागी आगि आगि अन्तहु न बुझाई ।
मन जीते बिनु नाहिन कहुं शीतलता पाई ॥
तप ग्लमत्सर कान्ति अनल की उपमा पावै ।
ताको फलबल जाय आप जर और जरावै ॥
अग्र ते हरिजन ऊबरे चरणशरण दुरि भागि ।
घर की डाढ़ो बन गई बनहूँ लागी आगि ॥ १४ ॥
कुतिया चोरन मिल गई को केहि पहरो देइ ।
को केहि पहरो देय जीव जा मिलो अविद्या ।
काम क्रोध मद मोह लगे लूटन पुर विद्या ।
इतो ब्रह्म को अंश कुमत लोचन सँग कीन्हो ।
लोलुप इन्द्रियस्वाद सदन सूनो कर दीन्हो ॥
अग्र कहै तजि श्वान गति नरहरिपद दृढ़ सेय ।
कुतिया चोरन मिलगई को केहि पहरो देय ॥ १५ ॥
गंग कठौती माँझ है जो मन चंगा होइ ।
जो मन चंगा होइ अविद्या संग निवारै ।
श्रीगुरु के उपदेश हृदय हरिपद दृढ़ धारै ।

बातन ही के दीप तिमिर कहुँ जात न देखो ।
जल प्रवाह पर चित्र कहाँ कौने अवरेखो ॥
अग्र भरत कहि मनकथा करी भरोस न कोइ ।
गंग कठौती माँझ है जो मन चंगा होइ ॥ १६ ॥
जो आपुहि न सुहाय सो पर को नहिं इच्छिये ।
सो पर को नहिं इच्छिये कल्याणहु सोइ पावै ।
शास्त्र वेद पुरान सन्त मुख सन्तत गावै ॥
विषयक कुंजर शौच पुण्य तप व्रत सब फीको ।
विषय रहित हरि भजन ? थोरो ही नीको ॥
अग्र सयानप यहै गुरुन पै सिच्छिये ।
जो आपुहि न सुहाय सो पर को नहिं इच्छिये ॥ १७ ॥
चेरो लातन मारई दही गुसाँइन खाइ ।
दही गुसाँइन खाइ काम खोटे सब मन के ।
नीरकद्वारो हरे सहे शिर भ्राजर ठनके ॥
अशन दिवारो करै लकुट लै कूटत छाजै ।
इन्द्री मन के अनुग देह दुडहि बिन काजै ॥
अग्र स्वामि के हाथ सब प्रभु सो कछु न बसाय ।
चेरो लातन मारई दही गुसाँइन खाइ ॥ १८ ॥
ज्यों ज्यों भीजै कामरो त्यों त्यों भारी होय ।
त्यों त्यों भारी होइ बिमुख जीवत बहुते दिन ।
अधरम नित प्रति करै अधिक बोझिल अपनो तिन ॥
सिश्न उदर सोँ काज लोक परलोक न सूझै ।
पहिरि अविद्या कवच काह काहू नहिं बूझै ॥
अग्र कहै हरिनाम बिन तर न सकै भवतोय ।
ज्यों ज्यों भीजै कामरी त्यों त्यों भारी होय ॥ १९ ॥

NABHAJI-PRIYA DASA.

Nabhaji *alias* Narayandas was a *Dom* by birth. "According to the tradition he was born blind and when but five years old, was exposed by his parents during the time of scarcity, to perish in the woods. In this situation ho was found by Agrdas and another Vaishnava named Kal. They had compassion upon his helplessness and Kil sprinkled his eyes with the water of his *Kamandal* or waterpot and the child saw. They carried Nabha to their *math* where he was brought up and received the initiatory *Mantra* from Agrdas. When arrived at maturity, under the direction of Agrdas he wrote the *Bhaktmala* or "Legend of Saints" consisting of 10S verses in Chhappai metre." These 108 stanzas describe the most salient characteristics of nearly 200 saints. A fuller description of the principal events in each saint's life is given in the gloss of Priyadas said to have been compiled at the request of Nabhaji in 1700 Sambat. Even the gloss is sometimes not very explicit, and requires to be supplemented by tradition. An excellout comentary in prose has now appeared from the pen of Sri Sitaramsaran Bhagwanprasad, the great modern saint of Ayodhya.

भक्तमाल

जयदेव

जयदेवकविनृपचक्कवै, खँड मंडलेश्वर आन कवि।
प्रचुर भयो तिहुँ लोक गीतगोविंद उजागर।
कोक[1] काव्य नव रस्स मर्स सिंगार को सागर ॥
अष्ट पदी अभ्यास करै तेहिँ बुद्ध बढ़ावैं।
राधारमन प्रसन्न सुनन निश्चय तहँ आवैं ॥
सन्त सरोरुहखण्ड को पद्मापति सुखजनक रवि।
जयदेव कवि नृप चक्कवै, खँड मंडलेश्वर आन कवि॥

टीका

कुन्दबिल्लु ग्राम तामें भये कविराजराज,
भरयो रसराज हियें मन मन चाखियें।
दिन दिन प्रति रूख रूख तर जाइ रहैं,
गहैं एक गूदरी कमंडल कों राखियें।
कही देवै विप्र सुता जगन्नाथ देवजू कों,
भयो जब समैं चल्यो दैन प्रभु भाखियें।
" रसिक जैदेव नाम मेरोई सरूप, ताहि
देवो ततूकाल अहो मेरी कहि साखियें ॥"

1, Ait of love

चल्यो द्विज तहाँ जहाँ बैठे कविराजराज,
"अहो महराज मेरी सुता यह लोजिये"।
"कीजिये विचार अधिकार विसतार जाके,
नाहि को निहारि सुकुमारि यह दीजिये"।
"जगन्नाथ देवजू की अज्ञा प्रतिपाल करो,
हरो मति, धरो हिये नातो दाप भोजिये।
"उनको हजार सोहैं हमको पहार एक,
ताते फिरि जावो तुम्है कहा कहि खोजिये॥"
सुता सों कहत तुम बैठि रहौ याहो ठौर,
आज्ञा सिरमौर मो पै नाहीं जाति टारी है।
चल्यो अनखाइ समझाइ हारे बातनि सों
"मन तू समझ कहा कीजै सोच भारी है।"
बोले द्विज बालकी सों "आपही विचार करो
धरो हिये ज्ञान मों पैं जाति न संभारी है।"
बोली कर जोरि "मेरो जोर न चलत कछू
चाहौ सोई होहु यह वारि फेरि डारी है॥"
जानी जब भई तिया किया प्रभु जोर मों पैं
तौ पैं एक झोपरी की छाया करि लीजिये।
भई तब छाया श्यामसेवा पधराइ लई
"नई एक पोथी मैं बनाऊं मन कीजिये।"
भयो जू प्रगट गीत सरस गोविन्द जू को
मान में प्रसंग शीश मंडन को दीजिये।
यही एक पद मुख निकसत शोच परयो
धरयो कैसे जात ? लाल लिख्यो मति रीझिये॥
नीलाचल धाम तामें पंडित नृपति एक
करी यही नाम धरि पोथी सुखदाइये।
द्विजनि बुलाय कहीं वही है प्रसिद्ध करौ
लिखि लिखि पढ़ौ देश देशनि चलाइये।

बोले मुसुकाइ विप्र क्षिप्र सो दिखाइदई
नई यह कोऊ मति अति भरमाइये ।
धरी दोऊ मन्दिर में जगन्नाथदेवजू के
दीनी यह डारि वह हार लपटाइये ॥
परयो शोच भारी, नृप निपट खिसानो भयो
गयो उठि सागर मैं बूड़ों यही बात है ।
अति अपमान कियो कियो मैं बखान सोई
गोई जात कैसे ? आंच लागी गात गात है ।
आज्ञा प्रभु दई "मत बूड़ै तूं समुद्र माँझ
दूसरो न ग्रंथ ऐसो बृथा तनुपात है ।
द्वादश सुश्लोक लिखि दीजै स्वर्ग द्वादश में
ताहि संग चलै जाको ख्याति पात पात है ।।"
सुता एक माली की जु बैंगन की बारी माँझ
तोरै, बनमाली गावै कथा सर्ग पांच की ।
डोलैं जगन्नाथ पाछैं काछैं अंग मिहीं झँगा
आछे कीह घूमैं सुधि आवै बिरहांच की ।
फट्यो पट देखि नृप पूछी "अहो भयो कहा"
"जानत न हम," "अब कहीं बात सांच की ।"
प्रभु ही जनाई "मन भाई मेरे वही गाथा
ल्याये वही बालकी को पालकी मैं नाच की ॥
फेरी नृप डौंडी यह औंडी बात जानी महा
कही "राजा रंक पढ़ैं नीकी ठौर जानि के ।
अक्षर मधुर और मधुर स्वरनिहि सों
गावैं जब लाल प्यारी ढिगही ले मानि के ।"
सुनि यही रीति एक मुग़ल ने धारि लई
पढ़ै चढ़े घोड़े आगे श्यामरूप ठानि के ॥
पोथी को प्रताप स्वर्ग गावत हैं देववधू
आपही जु रीझि लिख्यो निजकर आनि के ॥

पोथी की तो बात सब कही मैं सुहात हिये
सुनो और बात जामें अति अधिकाइये।
गांठि में मुहर मग चलत में ठग मिले
कहो कहाँ जात जहाँ तुम चलि जाइये।
जानि लई बात खोलि द्रव्य पकराइ दियो
लियो चाहौं जोई जोई सोई मोकों ल्याइये।
दुष्टनि समुझि कही "कीनी इन विद्या अहो
आवै जो नगर इन्हें वेगि पकराइये॥"
एक कहै डारौ मारि भलो है विचार यही
एक कहै "मारो मत, धन हाथ आयो है॥
जोपै ले पिछान कहूं कीजिये निदान कहा"
हाथ पांव काटि बड़े गाड़ पधरायो है।
आयो तहां राजा एक देखि के विवेक भयो
छयो उजियारो औ प्रसन्न दरशायो है।
बाहिर निकासि मानौ चन्द्रमाप्रकास रास
पूछ्यो इतिहास कह्यो "ऐसो तनु पायो है॥"
बड़ोई प्रभाववान सकै को बखान अहो
मेरे कोऊ भूरि भाग दरशन कीजिये।
पालकी बिठाइ लिये किये सब ठूंठ नीके
जीके भाये "भये कछु आज्ञा मोहि दीजिये॥"
"करो हरि साधु सेवा नाना पकवान मेवा
आवैं जोई सन्त तिन्हें देखि देखि भीजिये।"
आये वेई ठग माला तिलक चिलक किये
किलकि के कही बड़े बन्धु लखि लीजिये॥
नृपति बुलाय कही हिये हरि भाय भरे
"ढरे तेरे भाग अब सेवा फल लीजिये।"
गयो लै महल माँझ टहल लगाये लोग
लागे होन भोग जिय शंका तन छीजिये।

मांगै बार बार बिदा राजा नहीं जान देत
अति अकुलाये कही स्वामी "धन दीजिये ।"
दै के बहु भांति सो पठाये संग मानुस हूँ
"आवौ पहुंचाय तब तुम पर रीझिये ॥"
पूछै नृप-नर "कोऊ तुम्हरो न सरबर
जिते आये साधु ऐसी सेवा नहीं भई है ।
स्वामी जू सो नातो कहा कहो हम खांइ रहा,"
"राखियो दुराइ यह बात अति नई है ॥
हुते एक ठौर नृप चाकरी में, तहां इन
कियोई बिगार मारि डारौ आज्ञा दई है ।
राखे हम हितू जान लै निदान हाथ पांव
वाही के इसान अब हम भरि लई है ।
फाटि गई भूमि सब ठग वे समाय गये
भये ये चकित दौरि स्वामी जू पै आये हैं ।
कही जिती बात सुनि गात गात कांपि उठे
हाथ पांव मीडै भये ज्यों के त्यों सुहाये हैं ।
अचरज दोऊ नृप पास जा प्रकाश किये
जिये एक सुनि आये वाही ठौर धाये हैं ।
पूछै बार बार शीश पांयनि पै धारि रहे
कहिये उघारि कैसे मेरे मन भाये हैं ॥
राजा अति अरि गहो कहो सब बात खोलि
"निपट अमोल यह सन्तन को वेश है ।
कैसो अपकार करै तऊँ उपकार करैं
ढरैं रीति आपनी ही सरस सुदेश हैं ।
साधुता न तजै कभू जैसे दुष्ट दुष्टता न
यही जान लीजै मिलैं रसिक नरेश है ।
जान्यो जब नावँ "ठाव रहो इहां बलि जावँ
भयो मैं सनाथ प्रेम भक्ति भई देश है ॥"

गयो जा लिवाय ल्याय कविराज-राज तिया
किया लै मिलाप आप रानी ढिग आइ है।
मर्यो एक भाई वा को भई यों भौजाई सती
कोऊ अंग काटि कोऊ कूदि परी धाइ है।
सुनत ही नृपवधू निपट अचंभौ भयो
इनके न भयो फिरि कही समुझाइ है।
प्रीति की न रीति यह बड़ी बिपरीत अहो
छुटै तन जबै प्रियाप्रान छूटि जाइ है॥
"ऐसी एक आप" कहि राजा सों यों बात कही
लै कैं आवो बाग स्वामी नेकु देखों प्रीति कों।
"निपट बिचारी बुरी देत मेरे गरे छुरी"
तिया हठ मानि करी वैसे ही प्रतीति कों।
आनि कहे "आप पाये" कही यही भांति आय
बैठी ढिग तिया देखि लोटि गई रीति कों।
बोली भक्तबधू "अजू वे तो हैं बहुत नीके
तुम कहा औचक हीं पावति हौ भीति कों॥"
भई लाज भारी पुनि फेरिकै सँवारी दिन
बीति गये कोऊ जब तब वही कीनी है।
जानि गई भक्तवधू चाहति परीक्षा लियो
कही "अजू पाये" सुनि तजी देह भीनी है।
भयो मुख श्वेत रानी: राजा आये जानी यह
रची चिता जरौं, मति भई मेरी हीनो है।
भई सुधि आप को सु आये वेगि दौरि इहाँ
देखि मृत्युप्राय नृप कह्यो "मेरी दीनो है॥"
बोल्यो नृप "अजू मोंहि जरेई बनत अब
सब उपदेश लै के धूरि में मिलायो है।"
कह्यो बहु भांति पै पै आवनि न शान्ति
गाई अष्टपदी सुर दियो तन ज्यायो है।

लाजनि को मारयो राजा चाहै अपघात कियो
जियो नहीं जात भक्ति लेशहूं न आयो है।
करि समाधान निज ग्राम आये किन्दुबिल्व
जैसो कछु सुन्यो यह परचै लै गायो है॥
देवधुनीसोत हो अठारै कोस आश्रम तैं
सदाई अस्नान करै धरै योग्यताई को।
भयो तनु वृद्ध तऊ छोड़ै नहीं नित्यनेम
प्रेम देखि भारी निशि कही सुखदाई को।
"आवो जिनि ध्यान करौ करौ मत हठ ऐसो
मानी नहीं आऊँ मैं हीं:" "जानी कैसे आई को।"
"फूले देखो कंज तब कीजियो प्रतीति मेरी"
भई वही भांति सेवैं अब लौं सुहाई को॥

कबीर

कबीर कानि राखी नहीं वर्णाश्रम षटदर्शनी।
भक्तिबिमुख जो धरम सोइ अधरम करि गायो।
जोग जग्य व्रत दान भजन बिनु तुच्छ दिखायो॥
हिन्दू तुरक प्रमान रमैनी शब्दी साखी।
पच्छपात नहि बचन सबहि के हित की भाखी॥
आरूढ़दशा ह्वै जगत पर मुख देखी नाहिन भनी।
कबीर कानि राखी नहीं वर्णाश्रम षटदर्शनी॥

टीका

अति ही गँभीर मति सरस कबीरो हियो
लियो भक्तिभाव जाति पांति सब टारिये।

भई नभवानी "देह तिलक रमानी करौ
करौ गुरु रामानन्द गरें माल धारिये ॥"
"देखैं नहीं मुख मेरो मानिकै मलेछ मोकों"
"जात न्हान गंगा कही मग तन डारिये"
रजनी के सेस में आवेस सों चलत आप
परै पग राम कहैं मन सों बिचारिये ॥ १ ॥
कीनी वही बात माला तिलक बनाय गात
मानि उत्पात माता शोर कियो भारिये ।
पहुंची पुकार रामानन्द जू के पास आनि
कही कोऊ पूंछै तुम नाम लै उचारिये ।
" ल्यावो जू पकरि वाको कब हम शिष्य कियो "
ल्याये करि परदा में पूँछी, कहि डारिये ।
रामनाममंत्र यही लिख्यो सब तन्त्रनि में
खोलि पट मिले साँचो मत उर धारिये ॥ २ ॥
बिनैं तानो बानो, हिये राम मड़रानो;
कहि कैसे कै बखानौं यह रीति कछु न्यारिये
उतनोई करै जामें तननिरबाह होय
भोय गई औरै बात भक्ति लागी प्यारिये ॥
ठाढे मंडी मांझ पट बेंचन लै, जन कोऊ
आयो मोकों देहु देह मेरी है उघारिये ।
लग्यो देन आधो फारि आधे सो न काम होत
दियो सब लियो जो पै यहै उर धारिये ॥ ३ ॥
तिया सुत मात मग देखैं भूखे, आवै कब
दबि रहे हाटनि में ल्यावैं कहा धाम को ।
साँचो भक्तिभाव जानि, निपट सुजान वे तौ
कृपा के निधान, गृह सोच परयो राम को ॥
बालद लै धाये दिन तीन यों बिताये
जब आये घर डारि दई, दई हो अराम को ।

माता करै शोर कोऊ हाकिम मरोरि बांधै
डारै बिनु जानै सुत लेन नहीं दामको ॥ ४ ॥
गये जन दोय चार ढूंढि के लिवाय लाये
आये घर सुनी बात जानी प्रभु पीर को ॥
रहे सुख पाय कृपा करी रघुराय दई
छिन में लुटाय सब, बोलि भक्तभीर कों ॥
दियो छोड़ि तानो बानो सुख सरसानो हिये
किये रोस धाये सुनि विप्र तजि धीर कों ॥
"क्यों रे तू जुलाहे धन पाये, न बुलाये हमें ?
शूद्रनि को दियो जावो" कहैं यों कबीर कों ॥ ५ ॥
"क्यों जु उठि जाऊँ ? कछु चोरी धन ल्याऊँ
नित हरिगुन गाऊँ कोउ राह मैं न मारी है ॥"
"उनको लै मान कियो याहि मैं अमान भयो
क्यों जो पै जाय हमैं नौही तो जियारी है ॥"
"घर मैं तो नाहीं मंडी जाही तुम रहौ बैठे"
नीठि के छुड़ायो पैंड़ो छिपे व्याधि टारी है ।
आये प्रभु आप द्रव्य ल्याये समाधान कियो
लियो सुख, होय भक्तकीरति उजारी है ॥
ब्राह्मन को रूप धरि आये छिपि बैठे जहां
"काहे को मरत भौन जाओ जू कबीर कैं ॥
कोऊ जाय द्वार ताहि देत है अढाई सेर
बेर जिन लावो चले जावो यों बहीर कै ॥"
आये घर मांझ देखि निपट मगन भये
नये नये कौतुक ये कैसे रहैं धीर कैं ॥
वारमुखी लई संग मानो वाहीं रंग रँगे ,
जानैं यह बात करी डर अति भीर कै ॥
सन्त देखि डरे सुख भयो है असन्तनि कैं
तब तौ बिचार मन माँझ और आयो है ।

बैठी नृपसभा जहाँ गये पै न मान कियो,
कियो एक चोज उठि जल ढरकायो है।
राजा जिय शोच परयो, करयो कहा? कह्यो तब
"जगन्नाथपंडापाँव जरत बचायो है।"
सुनि अचरज भरे नृप ने पठाये नर,
ल्याये सुधि कही अजू साँच ही सुनायो है॥
कही राजा रानी सों "जु बात वह सांची भई
आँच लागी हिये अब कहौ कहा कीजिये।
"चले हो बनत" चले शोश तृण बोझ भारी
गरे सों कुल्हारी बांधि तिया संग भीजिये।
निकसे बजार ह्वै के डारि दई लोकलाज
"कियो मैं अकाज छिन छिन तन छीजिये।
दूर तें कबीर देखि ह्वै गये अधीर महा,
आये उठि आगे कह्यो, डारि मति रीझिये॥
देखि कै प्रभाव, फेरि उपज्यो अभाव
द्विज आयो पातसाह सो "सिकन्दर" सुनाँव है।
बिमुखसमूह संग माता हूँ मिलाय लई
जाय कै पुकारे "जू दुखायो सब गांव है॥"
"ल्यावो रे! पकर, वाको देखों मैं मकर कैसो
अकर मिटाऊं गाढ़े जकर तनाव है।"
आनि ठाढ़े किये काजी कहत "सलाम करौ"
"जानै न सलाम जानैं राम" गाढ़े पांव है॥
बांधि के जंजीर गंगानीर मांझ बोरि दिये
जिये तीर ठाढ़े कहैं "यंत्र मंत्र आवही।"
लकरीन मांझ डारि अगिनि प्रजारि दई
नई मानो भई देह कंचन लजावहीं।
बिफल उपाय भये तऊ नहीं आय नये
तब मतवारो हाथी आनि के झुकावहीं।

आवत न ढिग औ चिघारि हारि भाजि जाय
आप आगे सिंहरूप बैठे सो भगावहीं ॥
देख्यो पातसाह भाव, कूदि परे गहे पावँ
देखि करामात मान भये सब लोग हैं ।
"प्रभु पै बचाय लीजै हमैं न गजब कीजै
दीजै जोई चाहौ गांव देश नाना भोग हैं ॥"
"चाहैं एक राम जाको जपैं आठो जाम और
दाम सों न काम जामैं भरे कोटि रोग हैं ।"
आये घर जीति साधु मिले करि प्रीति
जिन्हें हरि की प्रतीति वेई गायबे के जोग हैं ॥
होय के खिसाने द्विज निज चारि विप्रन के
मूड़नि मुड़ाय भेष सुन्दर बनाये हैं ।
दूर दूर गाँयनि मैं, नाँवनि को पूँछि पूँछि
नाम लै "कबीर जू को झूठै न्योति आये हैं ॥
आये सब साधु सुनि एतो दुरि गये कहूँ
चहूं दिशि सन्तनि के फिरै हरि धाये हैं ।
इन हीं को रूप धरि न्यारी न्यारी ठौर बैठे
एऊ मिलि गये नीके पांगि के रिझाये हैं ॥
आई अपछरा, छरिबे के लिये भेस कियें
हिये देखि गाढ़े फिरि गई नहीं लागी हैं ।
चतुर्भुजरूप प्रभु आनि के प्रगट कियो
लियो फल नैननि कौं बड़ो बड़ भागी हैं ॥
शीश धरे हाथ "तन साथ मेरो धाम आवौ
गावौ गुण, रहौ जौ लौं तेरी मति पागी हैं ।
"मगहर" जाय भक्ति भाव को दिखाय,
बहु फूलनि मँगाय पौढ़ि मिल्यो हरिरागी हैं ॥

पीपा

पीपाप्रताप जगबासना नाहर को उपदेश दियो ।
प्रथम भवानीभक्त मुक्ति मांगन को धायो ।
सत्यकह्यो तेहिं शक्ति सुदृढ़ हरिशरण बतायो ॥
श्री रामानंदपद पाय भयो अति भक्ति की सींवाँ ।
गुण असंख्य निरमूल संत धरि राखत ग्रीवाँ ॥
परसि प्रणाली सरस भई सकल विश्व मंगल कियो ।
पीपाप्रताप जगबासना नाहर को उपदेश दियो ॥

टीका

गांगरौनगढ़ बढ़ पीपा नाम राजा भयो
लयो पन देवीसेवा रंग चढ़यो भारिये ।
आये पुर साधु ; सीधो दियो जोई सोई लियो
कियो मन माँझ प्रभु बुद्धि फेरि डारिये ।
सोयो निशि रोयो देखि सुपनो बेहाल अति
प्रेत बिकराल देह धरि के पछारिये ।
अब न सुहाय कछू वहूं पाँय परि गई
नई रीति भई वाहि भक्ति लागी प्यारिये ॥
पूंछ्यो हरि- पायबे को मग जब देवी कही
सही रामानन्द गुरु करि प्रभु पाइये ।
लोग जानैं बौरो भयो गयो यह काशीपुरी
फुरी मति अति आये जहाँ हरि गाइये ।
द्वार में न जाने देत आज्ञा ईश लेत, कही
राजा सो न हेत सुनि सबही लुटाइये ।
कह्यो कुवाँ गिरौ चले गिरन प्रसन्न हिये
जिये सुख पायो ल्याये दरस दिखाइये ॥

किये शिष्य कृपा करी धरी हरिभक्ति हृदै
कही अब जावो गृह सेवा साधु कीजिये ।
बितये बरस जब सरस टहल जानि
सन्त सुख मानि आवैं घर मधि लीजिये ।
आये आज्ञा पाय धाम कीन्ही अभिराम रीति
प्रीति को न पारावार चीठी लिखि दीजिये ।
हूजिये कृपाल वही बात प्रतिपाल करो
चले जुग बीस जन संग मति रीझिये ॥
कबीर रैदास आदि दास सब संग लिये
आये पुर पास पीपा पालकी लै आयो है ।
करी साष्टांग न्यारी न्यारी बिनै साधुन को
धन को लुटाय सो समाज पधरायो है ।
जैसी कीन्ही सेवा, बहु मेवा नाना राग भोग
बानी के न जोग भाग कापै जात गायो है ।
जानी भक्तिरीति घर रहौ कै अतीत होहु
करि के प्रतीत गुरुपग लगि धायो है ॥
लागी संग रानी दस दोय कही मानी नहीं
कष्ट को बतावै डर पावै मन लावहीं ।
कामरीन फारि मधि मेखला पहिर लेवो
देवो डारि आभरन जोपै नहीं भावहीं ।
काहू पै न होय दियो रोय, भोय भक्ति आई
छोटी नाम सीता गरे डारी न लजावहीं ।
यहू दूर डारौं करौं तन को उघारौ कियो
दया रामानन्द हियो पीपा न सुहावहीं ॥
जो पै यापै कृपा करी दीजै काहू संग करि
मेरे नहीं रंग या मैं कही बार बार है ।
सौंह को दिवाय दई लई तब कर धरि
चले हरि विप्र एक छोड़ैं न बिचार है ॥

खायो विष, ज्यायो पुनि फेरिकै पठायो सब
आयो यों समाज द्वारावती सुखसार है।
रहे कोऊ दिन, आज्ञा मांगी इन रहिबे की
कूदे सिन्धु माँझ चाह उपजी अपार है॥
आये आगे लेन आप दिये हैं पठाय जन
देखि द्वारावती कृष्ण मिले बहु भाय कै।
महल महल माँझ चहलपहल लखो
रहे दिन सात सुख सकै कौन गाय कै।
आज्ञा दई आइबे की जाइबो न चाहैं हिये
पिये वह रूप देखौं मोहीं को जु जाय कै।
भक्त बूड़ि गये यह बड़ोई कलंक भयो
मेटौ तमअंक शंक गही अकुलाय कै॥
चले पहुँचायबे को प्रीत के अधीन आप
बिन जल मीन जैसे ऐसे फिरि आये हैं।
देखि नई बात गात सूके पट, भीजे हिये
लिये पहिचान आनि पग लपटाये हैं।
दई लै के छाप पाप जगत के दूर करी
ढरो कहूँ और कहि सीता समुझाये हैं।
छुटेई मिलान बन में पठानभेंट भई
लई छीनि तिया, किया चैन प्रभु धाये हैं॥
अभू लगि जाओ घर कैसे कैसे आवैं डर
बोली हरि जानिये न भाव पै न आयो है।
लेत हौं परिच्छा मैं तो जानौं तेरी शिक्षा ऐपै
सुनि दृढ़ बात कान अति सुख पायो है॥
चले मग दूसरे सु तामें एक सिंह रहै
आयो बास लेत शिष्य कियो समझायो है।
आये और गांव शेषशायी प्रभु नाँव रहैं
करें वास हरे ढरे चीधर सुहायो है॥

दोऊ तियापति देखैं आये भागवत ऐपै
घरकी कुगति रति सांची लै दिखाई है ।
लहँगा उतारि बेंचि दियौ ताको सीधो लियो
करो अजू पाक बधू कोठी में दुराई है ।
करी लै रसोई सोई भोग लगि बैठे कह्यो
आओ मिलि दोई लेव (कही) पाछे सोत भाई है।
बाहू को बुलावो ल्यावो आनि के जिमावो
तब सोता गई वाही ठौर नगन लखाई है ॥
पूँछे कही बात प उघारे क्यों है गात कही
ऐसे ही बिहात साधुसेवा मनभाई है ।
आवैं जब संत सुख होत है, अनन्त तन
ढक्यो कै उघारयो कहा चरचा चलाई है ।
जानि गई रीति प्रीति देखी एक इनहीं में
हमहूँ कहावैं ऐपै छुटाहूं न पाई है ।
दियो पट आधो फारि गहि कै निकारि लई
भई सुख सैल पाछे पीपा सो सुनाई है ॥
करैं वेश्याकर्म अब धर्म है हमारो यही
कही आय बैठी जहां नाजनि की ढेरी है ।
घिरि आये लोग जिन्हैं नैनन को रोग लखि
दूर भयो सोग नेकु नीके हूँ न हेरी हैं ।
कहैं तुम कौन बारमुखी नहीं भौन, संग
भरुआ सुगहैं मौन सुनि परी बेरी है ।
करो अन्न राशि आगे मुहर रुपैया पागे
पठै दई चौधर के तबहीं निबेरी है ॥
आज्ञा मांगि दोड़े आये कभूँ भूखे कभूँ धाये
औचकही दाम पाये गयो हो सनान को ।
मुहरनिभाँड़ो भूमि गाड़ो देखि छांड़ि आयो
कह्यो निशि तिया बोली जाधो सर आन को ॥

चोर चाहैं चोरी करैं ढरै सुनि वाही ओर
देखैं जो उघारि सांप डारैं हतै प्रान को ।
ऐसे आय परीं गनी सात सत बीस भई
तोलै पांच बांट करै एक के प्रमान को ॥
जोई आवै द्वार ताहि देत हैं अहार और
बोलि कै अनन्त सन्त भोजन करायो है ।
बीते दिन तीन धन खाय प्याय छीन कियो
लियो सुनि नाम नृप देखिबे को आयो है ।
देखि कै प्रसन्न भयो नयो देवो दीक्षा मोहि
दीक्षा है अतीत करैं आप सो सुहायो है ।
चाहो सोई करौ हौ कृपाल मोको ढरौ अजू
धरो आनि संपति औ रानी जाइ ल्यायो है ॥
करिकै परीक्षा दई दीक्षा संग रानी दई
भई ये हमारी करो परदा न संत सो ।
दीयो धन घोरा कछू राख्यो दै निहोरा भूप
मान तन छोरा बड़ो मान्यो जीवजन्त सो ।
सुनि जरि बरि गये भाई सेनसूरज के
ऊरज प्रताप कहा कहैं सीताकन्त सों ।
आयो बनिजारो मोल लियो चाहै बैलनि को
दियो बहँकाय कहो पीपा जू अनन्त सों ।
बोल्यो बनिजारो ग्राम खोलि बैला दीजिये जू
लीजिये जू आय गाँव चरन पठाये हैं ।
गये उठि पाछे बोलि सन्तनि महोच्छो कियो
आयो वाही समै कही लेहु मनभाये हैं ।
दरशन करि हिये भक्ति भाव भरयो आनि
आनि कै बसन सब साधु पहिराये हैं ।
और दिन न्हाने गये घोड़ा चढ़ि छोड़ दियो
लियो बाँध्यो दुष्टनि नैं आयो मानो ल्याये हैं ॥

गये हैं बुलाये आप पाछे घर सन्त आये
अन्न कछू नाहिं कहूँ जाय करि ल्याइये।
बिषयी बनिक एक देखि कै बुलाय लई
दई सब सौंज कही सही निशि आइये॥
भोजन करत माँझ पीपा जू पधारे पूँछी
बारे तन प्रान अब कहि कै सुनाइये।
करि कै सिंगार सीता चली झुकि मेह आयो
काँधे पै चढ़ायो बपु बनिया रिझाइये॥
हाट पै उतारि दई द्वार आप बैठे रहे
कहे सूके पग माता कैसे करि आई हो।
स्वामी जू लिवाय लाये कहां है निहारो जाय
आय पाय परयो डरयो राखो सुखदाई हो॥
मानो जिनि शंक काज कीजिये निशंक धन
दियो बिनु अंक जापै लरै मरै भाई हो।
मरयो लाज भार चाहै धसों भूमि फार दृग
बहैं नीरधार देखि दई दिक्षा पाई हो॥
चलत चलत बात नृपतिश्रवन परी
भरी सभा बिप्र कहैं बड़ी विपरीति है।
भूप मन आई यह निपट घटाई होत
भक्ति सरसाई नहीं जानैं घटी प्रीति है।
चले पीपा बोध देन द्वार ही ते सुधि दई
लई सुनि कही आवो करो सेवा रीति है।
बड़ो मूढ़ राजा मोजा गांठे बैठ्यो मोचीघर
सुनी दौरि आयो रहे ठाढ़े कौन नीति है॥
हुती घर माँझ बाँझ रानी एक रूपवती
माँगी वही ल्यावो वेगि चल्यो सोच भारी है।
डग मग पाँव धरैं पीपा सिंह रूप करैं
ठाढ़ो देखि डरै इत आवै आप ज्वारी है।

आय तो बिलाय गयो तिया ढिग सुत नयो
नयो भूमि पर कला जानी न तिहारी है ॥
प्रगट्यो स्वरूप निज खिजि कै प्रसंग कह्यो
कहाँ वह रंग शिष्य गयो लाज टारी है ॥
कियो उपदेश नृपहृदै में प्रवेश कियो
लियो वही पन आप आये निज धाम है।
बोल्यो एक नामसाधु निशि एक देहु तिया
लेहु कही भागी संग भागी सीता बाम है ।
प्रात भये चलै नांहि रैन ही की आज्ञा प्रभु
चल्यो हारि आगे घर घर देखी ग्राम है।
आयो वाही ठौर चलो माता पहुँचाय आवों
आय गहे पांव भाव भयो गयो काम है ॥
बिषयी कुटिल चारि साधुवेश लियो धारि
कीनी मनोहारि कही तिया निज दीजिये।
करि कै सिंगार सीता कोठे माँझ बैठी आय
चाहैं मग आतुर ह्वै अजू जाहु लीजिये।
गये जब द्वार उठी नाहरी सु फारिबे कों
फारै नहीं यानो जानि आयँ अति खीझिये।
अपनो बिचारो हियो कियो भोग भावना को
मानि साँच, भये शिष्य प्रभु मति धीजिये ॥
गूजरी को धन दियो पियो दही सन्तनि नैं
ब्राम्हन को भक्त कियो देवी दी निकार कै ।
तेली को जिवायो, भैंस चोरनि पै फेरि ल्यायो
गाड़ी भरि आयो तन पांच ठौर जार कै।
कागद लै कोरो करयो बनियां को शोक हरयो
भरयो घर त्यागि डारी हत्या हूँ उतार कैं।
राजा को औंसेर भई सन्त को जु बिभौ दई
लई चीठी मानि गये श्रीरँग उद्वार कै ॥

श्रीरंग के चेत धरयो तियहियभाव भरयो
ब्राह्मन को सोक हरयो राजा पै पुजाय कै।
चँदवा बुझाय लियो तेली को लै बैल दियो
दियो पुनि घर माँझ भयो सुख आय कै।
बड़ोई अकाल परयो जीव दुख दूरि करयो
परयो भूमिगर्भ धन पायो है लुटाय कै।
अति विस्तार लियो कियो है विचार यह
सुनै एक बार फेरि भूलै नहीं गाय कै॥

बिल्वमंगल

कृष्ण कृपा को पर प्रगट बिल्वमंगल मंगल स्वरूप।
करुणामृत सुकवित्त युक्ति अनुचिष्ट उचारी।
रसिक जनन जीवन जु हृदय हारावलि धारी॥
हरि पकरायो हाथ बहुरि तहँ लियो छुटाई।
कहा भयो कर छुटैं "बदौं जौ हिय तें जाई॥"
चिन्तामणि संग पाय कैं ब्रजबधू केलि बरनी अनूप।
कृष्ण कृपा को पर प्रगट बिल्वमंगल मंगलस्वरूप।

टीका

कृष्णाबेनी तीर एक द्विज मति धीर रहै
ह्वै गयो अधीर संग चिन्तामणि पाय के।
तजी लोक लाज हिये वाही को जु राज भयो
निशि दिन काज वहै रहै घर जाय के॥
पिता को सराध नेकु रह्यो मन साधि दिन
शेश में आवेश चल्यो अति अकुलाय के।

नदी चढ़ी रही भारी पैये न अवारी नाव
भाव भरयो हियो जियो जात न थिजाय के ॥
करत बिचार वारिधार मैं न रहैं प्रान
तातें भली धारि मिश्र सनमुख जाइये ।
परे कूदि नीर कछु सुधि न शरीर की है
यही एक पीर कब दरशन पाइये ।
पैयत न पार तन हारि भयो बूड़िबे को
मृतक निहारि मानी नाव मन भाइये ।
लगोई किनारे आय चले पग धाय चाय
आये पट लागे निशि आधी सो बिहाइये ॥
अजगर घूमि झूमि भूमि कों परस कीयो
लियो ई सहारो चढ्यौ छात पर जाय कै ।
ऊपर किवार लगे परयो कूदि आँगन में
गिरयो यों गरत रागी जागी सोर पाय कै ॥
दीपक बराइ जो पै देखै बिल्वमंगल है
बड़ोई अमंगल तूं कियो कहा आय कै ।
जल अन्हवाय सूके पट पहिराय हाय
कैसे करि आयो जलपार द्वार धाय कै ॥
नवका पठाई द्वार लाव लटकाई देखि
मेरे मन भाई मैं तो तबै लई जानि कै ।
चलो देखौं अहो यह कहा धौं प्रलाप करै
देख्यो विषधर महा खीजी अपमानि कै ।
जैसो मन मेरे हाड़ चाम सो लगायो तैसो
श्याम सो लगावै तो पै जानिये सयानि कै ।
मैं तो भये भोर भजौं युगुलकिशोर अब
तेरी तुही जानै चाहौ करौ मन मानि कै ॥
खुलि गई आंखै अभिलाखैं रूप माधुरी को
चाखैं रसरंग औ उमंग अंग न्यारिये ।

बीन ल बजाई गाई विपिननिकुंजक्रीड़ा
भयो सुख पुंज जापै कोटि विषै वारिये ।
बीति गई रात प्रात चले आय आपको जू
हिये वहो जाप हगनीर भरि डारिये ।
सोमगिरि नाम अभिराम गुरु कियो आनि
सकै को बखानि लाल भुवन निहारिये ॥
रहे सो वरस रससागर मगन भये
नये नये चोज के सलोक पढ़ि लीजिये ।
चले वृन्दावन मन कहै कब देखौं जाइ
आइ मग माँझ एक ठौर मति भीजिये ।
परयो बड़ो शोर हगकोर कै न चाहे काहू
तहां सर तिया न्हाति देखि आंखैं रीझिये ।
लगे वाके पाछे कांछ काछे की न सुधि कछू
गई घर आछे रहे द्वार तन छीजिये ॥
आयो वाको पति द्वार देखै भागवत ठाढ़े
बड़ो भागवत पूंछी बधू सों जनाइयें ।
कही जू पधारो पावं धारो गृह पावन कों,
पावन पखारों जल ढारौं शीश भाइयें ।
चले भौन मांझि मन आरति मिटाइबे कों
गायबे कों जोई रीति सोई कै बताइयें ।
नारि सों कह्यो है तूं सिंगार करि सेवा कीजै
लीजै यों सुहाग जामें बेगि प्रभु पाइयें ॥
चली ये सिंगार करि थार में प्रसाद लै कै
ऊंची चित्रसारी जहां बैठे अनुरागी हैं ।
झनम मनक जाइ जोरि कर ठाढ़ी रही
गही मति देखि देखि नूनवृत्ति भागी है ।
कही युग सूई ल्यावो ल्याई दई लई हाथ
फोरि डारी आंखैं अहो बड़ी ये अभागी हैं ।

भई पति पास श्वास भरत न बोलि आवै
बोली दुख पाय आय पायँ परे रागी हैं ॥
कियो अपराध हम साधु को दुखायो अहो
बड़े तुम साधु हम नाम साधु धरयो है ॥
रहो अजू सेवा करौं करी तुम सेवा ऐसी
जैसी नहीं काहू माँझ मेरो मन भरयो है।
चले सुख पाइ दृगभूत सो छुटाइ दिये
हिये ही की आँखनि सो अबै काम परयो है ।
बैठे बन मध्य जाइ भूखे जानि आप आइ
भोजन कराइ चलौ छाया दिन ढरयो है ॥
चले लै गहाइ कर छाया घन तरुतर
चाहत छुटायो हाथ छोड़ें कैसे नीको है ।
ज्यों ज्यों बल करैं त्यों त्यों तजत न एऊ अरैं
लियोई छुटाइ गह्यो गाढ़ो रूप ही को है ॥
ऐसेही करत वृन्दाबन घन आइ लियो
पियो चाहै रस सब जग लाग्यो फीको है ।
भई उतकंठा भारी आये श्रीबिहारीलाल
मुरली बजाय कै सु कियो भायो जीको है ॥
खुलि गये नैन ज्यों कमल रवि उदै भये
देखि रूपरास बाढ़ो कोटिगुन प्यास है ।
मुरली मधुर सुर राख्यो मद भरि मानो
ढरि आयो कानन में आनन में भास है ।
मानि कै प्रताप चिन्तामनि मन माँझ भई
चिन्तामनि जैति आदि बोले रसरास है ।
करुणामृत ग्रंथ हृदै ग्रंथि को बिदारि डारै
बांधै रसग्रंथि पन्थ युगल प्रकास है ॥
चिन्तामनि सुनी बन मांझ रूप देख्यो लाल
ह्वै गई निहाल आई नेह नातो जानि कै ।

उठि बहु मान कियो दियो दूध भात दोना
दै पठावैं नित हरि हितू जन मानि कै ।
लियो कैसे जाय तुम्हैं भाय सौं दियो जो प्रभु
लेहौं नाथहाथ सो जो देहैं सनमानि कैं ।
बैठे दोऊ जन कोऊ पावै नहीं एक कन
रीझे श्यामघन दीनो दूसरो हूँ आनि कैं ॥

श्री नरसीमेहताजी ॥

जगत बिदित नरसी भगत, जिन गुज्जरधर पावन करी ॥
महास्मारत लोग भक्ति लौलेश न जानैं ।
माला मुद्रा देखि तासु की निन्दा ठानैं ॥
ऐसे कुल उत्पन्न भयो, भागौत सिरोमनि ।
ऊसर तें सर कियो खण्ड दोषहिं खोयो जनि ॥
बहुत ठौर परचो दियो रस रीति भक्ति हिरदै घरी ॥
जगत बिदित नरसी भगत जिन गुज्जरधर पायन करी ॥

टीका

जूनागढ़ बास, पितामातातन नास भयो
रहै एक भाई औ भौजाई रिस भरी है ।
डोलत फिरत आय बोलत पिवावो नीर
भाभी पै न जानी पीर बोली जरी बरी है ।
आवत कमाये, जल प्याये बिनु सरै कैसे
पियो यों जवाब दियो देह थरथरी है ।
निकसे बिचारि 'कहूं दीजे तन डारि'
मानौ शिव पै पुकार करी, रहे चित्त धरी है ॥

बीते दिन सात शिवधाम ते न जात बार
परे काहू तुच्छद्वार सोई सुधि लेत है।
इतनी बिचारि भूख प्यास दई टारि
लियो प्रगट सरूप धारि भयो हिय हेत है॥
बोले बर माँग अजू माँगिबो न जानत हौं
तुम्हैं जोई प्यारो सोई देवो चित्त चेत है।
पर्यो सोच भारी मेरी प्रानप्यारी नारी
तासों कहत डरत बेद कह नेति नेति है॥
दियो मैं वृकासुर को वर डर भयो तहाँ
वैसे डर कोटि कोटि यापै वारि डारे हैं।
बालक न होय यह पालक है लोकनि को
मन को बिचार कहा दीजै प्रानप्यारे हैं।
जो पै नहिं देत मेरो बोलिबो अचेत होत
दियो निज हेत तन आलिंग के धारे हैं।
त्याये वृन्दावन रासमण्डल जटित मनि
प्रिया अनगन बीच लाल जू निहारे हैं॥
हीरनि खचित रासमण्डल नचत दोऊ
रचत अपार नृत्य गान तान न्यारियै।
रूपउजयारी चन्द चाँदनी न सम
तारी देत करतारी लाल गति लेत प्यारियै॥
ग्रीवा की दुरनि करआंगुरी मुरनि
मुख मधुर सुरनि सुनि श्रवन तपारियै।
बजत मृदंग मुहचङ्ग संग अंग अंग
उठति तरङ्ग रङ्ग छबि जोकी ज्यारियै॥
दई लै मसाल हाथ निरखि निहाल भई
लाल डीठि परी कोऊ नई यह आई है।
शिवशहचरी रंग भरी अटकरी
बात मृदु मुसिकात नैनकोर में जताई है।

चाहै याहि टारौं यह चाहै प्रान वारौं
तब श्याम ढिग आय कही नीके समुझाई है।
जावो यहै ध्यान करो करो सुधि आऊँ जहाँ
आये निज ठौरि चटपटी सी लगाई है॥
कीनी ठौर न्यारी बिप्रसुता भई नारी
एक सुत उभै थारी जग भक्ति विसतारी है।
आवैं बहु सन्त सुख देत हैं अनन्त
गुन गावत रिझावत औ सेवाविधि धारी है।
जितो द्विजजात दुख भयो अति गात
मान्यो बड़ो उत्पात द्वेष करैं न विचारी है।
ऐतो रूपसागर मैं नागर मगन महा
सकै कहा करि चहुँ ओर गिरिधारी है॥
तीरथ करत साधु आये पुर पूछै कोऊ
हुंडी लिखि देय हमैं द्वारिका सिधारिबे।
ओवे रहे दूखि कही जात ही भगावैं भूखि
नरसी विदित साह आगे दाम डारिबे।
चरण पकरि गिरि जावो जो लिखावो
अहो कहो बार बार सुनि विनती न टारिबे।
दियो लै बताय घर जाय वही रीति करी
भरी अँकवार मेरे भाग कहा वारिबे॥
सात सै रुपैया गिनि ढेरी करि दई आगे।
लागैं पग देवो लिखि कही बार बार है।
जानी बहकाये प्रभु दाम दै पठाये
लिखी किये मन भाये साह साँवल उदार है॥
वाही हाथ दीजिये लै कीजिये निशंक काज
गये यदुराजधानी पूछ्यो सो बजार है।
ढूंढि फिरि हारे भूख प्यास मडीं डारे
पुर तजि भये न्यारे दुखसागर अपार है॥

साह को सरूप करि आये कांधे थैली धरि
कौन पास हुंडी दाम लीजिये गनाय कै।
बोलि उठे ढूंढ़ि हारे भजें जू निहारे आजु
कही लाज हमैं देत मैं हूँ पाये आय कै॥
मेरो है इकौसौ बास जानै कोऊ हरिदास
लेवो सुखरास करो चीठी दीजै जाय कै।
धरे हैं रुपैया ढेर लिख्यो करो बेरबेर
फेरि आय पाती दई लई गरे लाय कै॥
देखि आये साह दौरि लियें उत्साह अङ्ग
बेऊ रङ्ग बोरे सन्त सङ्ग को प्रभाव है।
हुंडी लिखि दई दाम लिये सो खवाय दिये
किये प्रभु पूरे काम संतनि सो भाव है॥
सुता ससुरारि भयो छूछक विचारि सास
देत बहु गारि जाको निपट अभाव है।
पिता सों पठाई कहि छाती लै जराई इनि
जो पै कछू दियो जाय आवैं यह दाव है॥
चले गाड़ी टूटी सी बूढ़े उभय बैल जोरि
पहुंचे नगरछोर दिज कही जाय कै।
सुनत ही आई देखि मुंह पियराई फिरी
दाम नहीं एक तुम कियो कहा आय कै॥
चिन्ता जिनि करो जाय सासु ढिग ढरो
लिखि कागद में धरो अति उत्तम अघाय कै।
कही समझाय सुनि निपट रिसाय उठी
कियो परिहास लिख्यो गांव खुनसाय कै॥
कागद लै आई देखि दूसरें फिराई पुनि
भूले पै न पाई जात पाथर लिखाये हैं।
रहिबे को दई ठौर फूटी ढही पौरि जाकै
बैठे सिरमौर आय बहु सुख पाये हैं।

जल दै पठायो भली भाँति कै औटायो
भई बरषा सिरायो यौं समोय के अन्हाये हैं।
कोठरी सँवारि आगे परदा सो दियो डारि
लै बजाई तार बेस अगनित आये हैं॥
गांव पहिरायो छबि छायो जस गायो
अहो हाटक रजत उभै पाथर हूँ आये हैं।
रहि गई एक भूलें लिखन अनेक जहाँ
लै हौं नाही पास जावै सब मिलि पाये हैं।
बिनती करत बेटी दीजियो जू लाज रहै
दियो मँगवाय हरि फेरि कै बुलाये हैं।
अंग न समात सुता तात को निरखि रङ्ग
सङ्ग चली आई पति आदि बिसराये हैं॥
सुता हुतीं दोय भोय भक्ति रही घर ही में
एक पति त्याग एक पतिहू न कियो है।
पुर में फिरत उभै गाइन सुवाइन सों
धन सों न भेंट काहू नाम कहि दियो है।
आई लगीं गायबे को कही समुझाय
अहो पाइबे को नाहीं कछु पावैं दुख हियो है।
चाहौ हरिभक्ति तौ मुड़ाय कै लड़ाय लीजै
कीजै बार दूर रहीं प्रेम रस पियो है॥
मिलो उभै सुता रङ्ग भिलों सङ्ग गायन कै
चायनि सो नृत्य करैं भायन बताय कै।
सालँग है नाम मामा मण्डलीक मन्त्री रहै
कहै बिपरीत बड़ी राजा सों सुनाय कै॥
बड़े बड़े दण्डी और पण्डित समाज कियो
करो वाकी भंडी देश दीजिये छुटाय कै।
आये चार चोबदार चलो जू बिचार कीजै
भयो दरबार हमैं दिये हैं पठाय कै॥

चारौं तुम आवो हरि भयो हमैं राजाडर
सकैं कहा करि अजू चलैं सङ्ग सङ्ग ही ।
नाचत बजावत ये चलीं ढिग गावत
सुभावत मगन जानी भीज गई रङ्ग ही ।
आये वाही भांति सभा प्रभाहत भई तऊ
बोले कहा रीति यह जुवतीप्रसङ्ग ही ।
कही भक्तिगन्ध दूरि पढ़े पोथी परी धूरि ।
श्रीशुक सराही तिया माथुरनि भङ्गही ॥
बोलि उठ्यो बिप्र एक छूछक प्रसंग देख्यो
कहो रसरङ्ग भरयो ढरयो नृप पाँय मैं ।
कही जू विराजो गाजो नित सुख साजो जाय
किये हरिराय बस भीजे रहो भाय मैं ।
धारी उर और सिरमौर प्रभुमन्दिर में
सुन्दर केदारौ राग गावै भरे चाय मैं ।
श्याम कण्ठ माल टूटि आवत रसाल हिये
देखि दुख पावै परे बिमुख सुभाय मैं ॥
नृपति सिखायो जाय बृथा जस छायो
कांचे सूत मैं पुहायो हार टूटै ख्यात करी है ।
माता हरिभक्त भूप कही जिनि करौ कान
तऊ बानि राजस की माया मति हरी है ॥
गयो ढिक मन्दिर कै सुन्दर मँगाय पाट
तागो बटवाय करि माला गुहि धरी है ।
प्रभु पहिराय कह्यो गाय अब जानि परै
भरै सुर राग और गायो पै न परी है ॥
बिमुख प्रसन्न भये तब तौ उराहने दै
नये नये चोज हरिसन मुख भाखिये ।
जाने ग्वाल बाल एक माल गहि रहे हिये
जिये लाग्यो यही रूप कहो लाख लाखिये ॥

नारायण बड़े महा अहा मेरे भाग लिख्यो
करै कौन दूरि छबि पूर अभिलाखिये।
म्हारो कहा जाय आय परसै कलङ्क तुम्हैं
राखिये निसङ्क हार भक्त मागि नाखिये॥
रहै तहाँ साह किये उभय लै बिवाह जानैं
तिया एक भक्त कहै हरि कौं दिखाइये।
नरसी कही ही भलै सोई प्रभुबानी लई
सांच करि दई गये राग छुटवाइये॥
बोले पट खोलि दिये किये दरशन तानै
ताने पट सोवै वह कही देवो भाइये।
लिये दाम काम कियो कागद गहाय दियो
दियो कछु खाइबे कौं पायो लै भिजाइये॥
गहने धरयो हो राग केदारो सो साह घर
धरि रूप नरसी को जाय कै छुटायो है।
कागद लै डारयो गोद मोद भरि गाय उठे
आय झन झन श्याम हार पहिरायो है॥
भयो जैजैकार नृप पाय लपटाय गयो
गह्यो हियें भाव सों प्रभाव दरसायो है।
बिमुख खिसाने भये गये उठि नये नाहिं
बिन हरिकृपा भक्ति पन्थ जात पायो है॥
करन सगाई आयो पायो वर भायो नाहिं
घर घर फिरयो द्विज नरसी बतायो है।
आय सुख पाय पूछयो सुत सो दिखाय दियो
कियो लै तिलक मन देखत चुरायो है॥
अजू हम लायक न तुम सब लायक हो
सायक सो छुट्यो जाय नाम लै सुनायो है।
सुनत हो माथो ढोरि कहै ताल कूटा वह
बाल बोरि आये आओ फेरि दुख छायो है

काटि कै अँगूठा डारो तब सो उचारो बात
मन में बिचारी कियो तिलक बनाय कै ।
जाने सुताभाग ऐसे रहे शोच पागि सब
आवै जब ब्याहिबे को धन दै अघाय कै ।
लगन हूँ लिखि दियो दयो द्विज आनि लियो,
डारि राख्यो कहूँ गावैं ताल ये बजाय कै ।
रहे दिन चार पै बिचार नहीं नेकु मन
आये कृष्ण रुक्मिनी जू भूमि मिले धाय कै ॥
ठौर ठौर पकवान होत तिया गान करैं
घुरत निशान कान सुनिये न बात है ।
चित्र मुख किये लै बिचित्र पटरानी आय
घोरी रँगबोरी पै चढ़ायो सुत रात है ।
करी सो ज्योंनार तामें मानस अपार आये
द्विजनि बिचारि पोट बांधी पै न मात है ।
मणिमै ही साजबाज गज रथ ऊँट कोर
झमकैं किशोर आज सजी यों बरात है ॥
नरसी सो कहैं गहै हाथ तुम साथ चलो
अन्तरीक्ष मैं हूँ चलौं इती बात मानिये ।
कही अजू जानो तुम मैं तो हिये आनो यहै
लहै सुख मन मेरो फेंट ताल आनिये ।
आपही बिचारि सब भार सो उठाय लियो
दियो डेरा पुरी समधी की पहिचानिये ।
मानस पठायो दिन आयो पै न आये अहो
देखैं छबि छाये नर पूछैं जू बखानिये ॥
नरसीबरात मत जानो यह नरसी की
नरसी न पावैं ऐसी समझ अपार है ।
आयकै सुनाई सुधि बुधि बिसराई
कही करत हँसाई बात भाखो निरधार है ।

गयो जो सगाई करि दरवर आयो द्विज
निज अंग मात कैसे रङ्गबिसतार है।
कही एक घास धनरास सों न पूजै
किहूँ चहूँ दिसि पूरि रही देखो भक्ति सार है॥
चले अचरज मानि देखि अभिमान गयो
लयो पाञ्जो ब्राह्मन को हमैं राखि लीजिये।
जाय गहि पाय रहौ भाय भरि दया करौ
गये दृगभरै पाव परै कृपा कीजिये॥
मिले भरि अंक लै दिखायो सो मयंकमुख
छुजिये निसंक इन्हैं भार सुता दीजिये।
ब्याह करि आये भक्ति भाव लपटाये
सब गाये गुण जाने जेते सुनि सुनि जीजिये॥

मीराबाई

लोकलाज कुलशृंखला तजि मीरा गिरिधर भजी॥
सदृश गोपिका प्रेम प्रगट कलियुगहिं दिखायो।
निरअंकुश अति निडर रसिकजस रसना गायो॥
दुष्टनि दोष विचारि मृत्यु को उद्यम कीयो।
बार न बाँको भयो गरल अमृत ज्यों पीयो॥
भक्तिनिशान बजाय कै काहू ते नाहिं न लजी।
लोकलाज कुलशृंखला तजि मीरा गिरिधर भजी॥

टीका

मेरतौ जनमभूमि झूमि हित नैन लगे,
पगे गिरधारीलाल पिता ही के धाम मैं।

राना कै सगाई भई करी ब्याहसामा नई।
गई मति बूड़ि वा रँगीले घनश्याम मैं।
भांवरै परत मन साँवरेसरूप माँझ,
तांवरै सी आवैं चलिबे को पतिग्राम मैं।
पूछैं पित मात पट आभरन लीजिये जू,
लोचन भरत नीर कहा काम दाम मैं॥
देवो गिरधारीलाल जो निहाल कियो चाहो,
और धन माल सब राखिये उठाय कै।
बेटी अति प्यारी प्रीतिरंग चढ़यो भारी
रोय मिली महतारी कही लीजिये लड़ाय कै।
डोला पधराय हग हग सो लगाय चली,
सुख न समाय चाय प्रानपति पाय कै।
पहुँची भवन सासु देवी पै गवन कियो,
तिया अरु वर गठजोरो करयो भाय कै॥
देवी के पुजायबे को कियो लै उपाय सासु
वर पै पुजाइ पुनि बधू पुजि भाषिये।
बोली जू बिकायो माथो लालगिरधारीहाथ
और को न नवै एक वही अभिलाषिये।
बढ़त सुहाग याकें पूजें ताते पूजा करो
करो जिनि हठ शीश पायनि पै राखिये।
कही बार बार तुम यही निरधार जानो
वही सुकुंवार जापै वारि फेरि नाखिये॥
तब तौ खिसानी भई अति जरि बरि गई
गई पति पास यह बधू नहीं काम की।
अबही जवाब दियो कियो अपमान मेरो
आगे क्यों प्रमान करैं भरै श्वास चाम की।
राना सुनि कोप करयो धरयो हिये मारिबोई
दई ठौरि न्यारी देखि रीझी मति बाम की।

लालनि लड़ावै गुण गाय कै मल्हावै साधु
संगही सुहावै जिन्हैं लागी चाह श्याम की ॥
आय कै ननंद कहै गहै किन चेत भाभी
साधुन सो हेतु मैं कलङ्क लागै भारिये ।
राना देशपती लाजै बापकुलरती जात
मानि लीजै बात वेगि संग निरवारिये ।
लागे प्रान साथ सन्त पावत अनन्त सुख
जाको दुख होय ताको नीके कारि टारिये ।
सुनि कै कटोरा भरि गरल पठाय दियो
लियो करि पान रंग चढ्यो यों निहारिये ॥
गरल पठायो सो तौ शीश लै चढ़ायो संग
त्याग विष भारी ताकी झार न सँभारी है ।
राना नै लगायो चर बैठे साधु ढिग ढर
तबही खबर कर मारो यहै धारी है ।
राजैं गिरिधारीलाल तिनहीं सो रंगजाल
बोलत हँसत ख्याल कान परी प्यारी है ।
जाय कै सुनाई भई अति चपलाई आयो
लिये तरवार दै किवार खोल न्यारी है ॥
जाके सङ्ग रङ्ग भीजि करत प्रसङ्ग नाना
कहाँ वह नर गयो वेगि दै बताइये ।
आगे ही विराजै कछू तो सो नही लाजै
अभूं देखि सुख साजै आँखें खोलि दरसाइये ।
भयोई खिसानो राना लिख्यो चित्र भीत मानो
उलटि पयानो कियो नैकु मन आइये ।
देख्यो हुं प्रभाव पे पै भाव मै न भियो आइ
बिना हरिकृपा कहो कैसे करि पाइये ॥
विषयी कुटिल एक भेष धरि साधु लियो
कियो यों प्रसंग मो सो अंगसङ्ग कीजिये ।

आज्ञा मों कों दई आप लालगिरिधारी अहो
शीश धरि लई करि भोजन हूँ लीजिये ॥
सन्तनिसमाज मैं बिछाय सेज बोलि लियो
सङ्क अब कौन की निसङ्क रस भीजिये ।
सेत मुख भयो बिषैभाव सब गयो ।
नयो पायन पै आय मोको भक्ति दान दीजिये ॥
रूप की निकाई भूप अकबर भाई हिये
लिये संग तानसेन देखिबे को आयो है ।
निरख निहाल भयो छबि गिरिधारी लाल
पद सुखजाल एक तबहीं चढ़ायो है ।
वृन्दाबन आई जीव गुसाईं जू से मिली झिली
तियामुख देखिबे को पन लै छुटायो है ।
देखी कुञ्ज कुञ्ज लाल प्यारी सुखपुञ्जभरी
धरी उर माँझ आय देश बन गायो है ॥
राना की मलीनमति देखि बसी द्वारावति
रति गिरधारीलाल नित ही लड़ाइये ।
लागी चटपटी भूप भक्ति को सरूप जानि
अति दुख मानि बिप्रश्रेणी लै पठाइये ।
बेगि लै के आवो मो कों प्रान दै जिवावो
अहो गये द्वार धरनौ दै बिनती सुनाइये ।
सुनि बिदा होन गई राय रणछोर जू पै
छाँड़ौ राखौ हीन लीन भई नहीं पाइये ॥

GOKULNATH, GOSWAMI

Flourished about 1625 V.E.

Gokulnáth was a son of Vitthalnáth and grandson of Vallabhacharya, the celeberated founder of the Radha Vallabhi sect of Vaishnavas. He is not mentioned by Sivasinha and Sir G. Grerson, possibly because he was not a poet (kavi). Yet he is the author of one of the few works in Hindi prose and his book the *Chaurasibarta* is widely read by the followers of Vallabhacharya, In this book Gokulnath has described the devotion of the Vaishnavas to Go shains and is as Mr. Growse says "interesting as a specimen both of the dialect and religious superstition of the locality. Though written some two hundred years ago it might, for all internal evidence to the contrary, have been taken down only yesterday, word for word, from the mouth of a village gossip. It does not contain a single archaic term, and in its unartificial style and rustic phraseology is an exact representation of the colloquial idiom of middle class Hindus of the present century ; yet it has absolutely nothing in common with the language officially designated the vernacular of the country, either as regards the arrangement of the sentences or the choice of words; the latter being all taken from the Hindi vocabulary......"

The following account of Surdas is added to the book as it fits in better here than in its place in chronological order of Hindi writers.

अब श्रीआचार्यजी महाप्रभू के सेवक सूरदासजी गऊघाट ऊपर रहते तिनकी वार्ता लिष्यते हैं:—

सो एक समय आचार्यजी महाप्रभु अडेलते ब्रज कौं पाँव धारे सो कितनेक दिन में गऊघाट आये सो गऊघाट आगरे और मथुरा के बीचाबीच है तहां श्रीआचार्यजी महाप्रभू पाँव धारे सो गऊघाट ऊपर श्रीआचार्यजो महाप्रभू उतरे तहां श्रीआचार्यजी महाप्रभू तो स्नान करिकें संध्या बन्दन करिकें पाक करन कों बैठे और श्रीआचार्यजी महाप्रभून के सेवकन कौं समाज बहुत हुतौ और सेवक हू अपने अपने श्रीठाकुरजी की रसोई करन लागे सो गऊघाट ऊपर सूरदासजी कौ स्थल हुतौ। सो सूरदास जी स्वामी हैं आप सेवक करते सूरदासजी भगवदीय हैं गान बहुत आछौ करते ताते बहुत लोग सूरदास जी के सेवक भये हुते। सो श्रीआचार्यजी महाप्रभू गऊघाट ऊपर उतरे सो सूरदास जी के सेवक देखिकें सूरदासजी सों जाय कही सो आज श्री आचार्यजी महाप्रभू आप पधारे हैं जिनने दक्षिण में दिग्विजय कियौ है सब पण्डितन को जीते हैं भक्तिमार्ग स्थापन कियौ है सो श्रीवल्लभाचार्य यहाँ पधारे हैं तब सूरदास जी ने अपने सेवक सों कह्यो जो तू आय के दूर बैठि जब आप भोजन करिकें बिराजें तब खबरि करियो हम श्रीआचार्यजी महाप्रभून के दर्शन कों जायँगे सो यह तनक दूर जाय बैठो। तब श्रीआचार्यजी महाप्रभू आप पाक करत हुते सो पाक सिद्ध भयो तब श्रीआचार्यजी महाप्रभून ने श्रीठाकुरजी कों भोग समर्प्यो पाछें समयानुसार भोग सराय अनोसार करिकें महाप्रसाद लैकें श्रीआचार्यजी महाप्रभू गादी ऊपर बिराजे तहाँ सब सेवक पहुँचके श्रीआचार्यजी महाप्रभून के आस पास आये बैठे। तब वह सूरदास को सेवक आयो सो सूरदास सों कही जो श्रीआचार्यजी महाप्रभू बिराजे हैं तब सूरदास अपने स्थल ते आय के आचार्य जी महाप्रभु के दर्शन को आये। तब श्री आचार्यजी महाप्रभून ने कह्यो जो सूर आवो बैठो तब सूरदास जी श्री

आचार्य जी महाप्रभून को दर्शन करिकें आगे आइ बैठे तब श्री आचार्य जी महाप्रभून ने कही जो सूर कछू भगवद्जस वर्णन करौ तब सूरदासजी कह्यो जो आज्ञा श्री सूरदास सो ने श्रीआचार्यजी महाप्रभून के आगे एक पद गायो ॥ (सो पद)

राग धनाश्री

हौं हरि सब पतितन को नायक ।
को करि सकै बराबरि मेरी इते मान को लायक ॥ १ ॥
जो तुम अजामेलि सो कीनी सो पाती लिख पाऊँ ।
होय विस्वास भलो जिय अपने और पतित बुलाऊँ ॥२॥
सिमिटे जहाँ तहँ ते सब कोऊ आय जुरे एक ठौर ।
अब कैं इतने आनि मिलाऊँ बेर दूसरी और ॥३॥
होड़ा होड़ी मनहुलास करि करे पाप भरि पेट ।
सबहिन लै पायन तरि परिहौं यही हमारो भेंट ॥४॥
ऐसी कितनिक बनाऊँ प्रानपति सुमरन है भयौ आड़ौ ।
अब की बेर निबार लेउ प्रभु सूरपतित को टाँडो ॥५॥

और पद गायो—

राग धनाश्री

प्रभु मैं सब पतितन कौ टीकौ ।
और पतित सब द्यौस चारि के मै तो जन्मत ही कौ ॥१॥
बधिक अजामिल गनिका तारी और पूतना ही कौ ।
मोहि छाँडि तुम और उधारे मिटै शूल कैसे जीकौ ॥२॥
कोऊ न समरथ सेव करन को खैंचि कहत हौं लीकौ ।
मरियत लाज सूर पतितन में कहत सबन में नीकौ ॥३॥

ऐसो पद श्री आचार्यजी महाप्रभून के आगे सूरदासजी ने गायौ सो सुनि कैं श्री आचार्यजी महाप्रभून ने कह्यौ जो सूर ह्वै कैं ऐसो घिघियात काहे कों है कछू भगवतलीला वर्णन करि, तब सूरदास ने कह्यौ जी महाराज हौं तो समझत नाहीं तब श्री आचार्यजी महाप्रभून नें कह्यौ जो जा स्नान करि आउ हम तोकों समझायेंगे तब सूरदास जी स्नान करि आये तब श्रीमहाप्रभू जी नें प्रथम सूरदास को नाम सुनायो पाछें समर्पण करवायो और फिर दशम स्कंध की अनुक्रमणिका कही सो ताते सब दोष दूर भये ताते सूरदास जी कों नवधाभक्ति सिद्धि भयो तब सूरदास ने भगवद्लीला वर्णन करी अनुक्रमणिका से सम्पूरन लीला फुरी सो क्यों जानियें सो दशम स्कन्ध की सुबोधिनी में मङ्गलाचरण को प्रथम कारिका कीये हैं सो यह श्लोक सूरदास जी ने कह्यो सो श्लोक—

नमामि हृदये शेषे लीलाक्षीराब्धिशायिनं ।
लक्ष्मीसहस्रलीलाभिः सेव्यमानं कलानिधिम् ॥

और ताही समय श्री महाप्रभून के सन्निधान पद किये सो पद

राग बिलावल

चकई री चलि चरणसरोवर जहाँ न प्रेमवियोग ॥

यह पद सम्पूर्ण करिकें सूरदासजी ने गायो सो यह पद दशम स्कन्ध के मङ्गलाचरण की कारिका के अनुसार कीयौ सो यामें कह्यौ है जो हाँ श्रीसहस्र सहित नित क्रीड़त शोभित । सूरदास , या भाँति पद कीये ताते जानो जो सूरदास को सम्पूर्ण सुबोधिनी स्फुरी सो श्री आचार्यजी महाप्रभून ने जान्यौ जो लीला को अभ्यास भयौ पाछें सूरदासजीने नन्दमहोत्सव कीयो सो श्री आचार्यजी महाप्रभून के आगे गायौ ॥

राग देवगन्धार

ब्रज भयौ महर के पूत, जब यह बात सुनी ॥

सो यह श्रीआचार्यजी महाप्रभून के आगें गायौ सो सुनिकैं श्रीआचार्यजी महाप्रभु बहुत प्रसन्न भये और अपने श्रीमुख ते कहे जो सूरदास मानों निकटहो हुते पाछे सूरदासजीने अपने सेवकिये हुते तिन सबन कों नाम दिवायौ पाछें सूरदासजी नें बहुत पद कीये पाछें श्रीआचार्यजी महाभून ने सूरदासजी कों पुरुषोत्तम सहस्र नाम सुनायो तब सूरदासजी कों सम्पूर्ण भागवत स्फुर्तना भई पाछें जो पद कीये सो श्री भागवत प्रथम स्कन्धते द्वादश स्कन्ध ताईं कीये ताते वे सूरदासजी श्रीआचार्यजी महाप्रभून के ऐसे परम कृपा पात्र भगवदीय है पाछें श्रीआचार्यजी महाप्रभू गऊघाट ऊपर दिन तीन बिराजे पाछें फिरि ब्रज कों पाँव धारे तब सूरदासजीहू श्रीआचार्यजी महाप्रभून के साथ ब्रजकों आए ॥

वार्ताप्रसंग ॥१॥

अब जो श्रीआचार्यजी महाप्रभून ब्रज को पधारे सो प्रथम श्रीगोकुल पधारे तब श्रीआचार्यजी महाप्रभून के साथ सूरदासजी हू आए तब श्रीआचार्य महाप्रभून ने अपने श्रीमुख सों कहौ जो सूरदास श्रीगोकुल कौ दर्शन करौ सो सूरदासने श्रीगोकुल कौ दंडवत करी सो दंडवत करत मात्र श्रीगोकुल की बाललीला श्री सूरदास के हृदै में फुरी और सूरदासजी के हृदय में प्रथम श्रीमहाप्रभुन ने सकल लीला श्रीभागवत की स्थापी है तातें दर्शन करतमात्र सूरदासजी कों श्रीगोकुल की बाललीला स्फुर्तना भई तब सूरदासजी ने बिचारयो मन में जो श्रीगोकुल की बाललीला को वर्णन करिकैं श्रीआचार्यजी महाप्रभून के आगें सुनाइये जन्मलीला कौ पद तौ प्रथम सुनायौ है अब श्रीगोकुल की बाललीला को पद गायौ ॥ सो पद—

रागबिलावल

सोभित कर नवनीत लिये।
घुटरुवन चलत रेणुनतमंडित मुख में लेप किये ॥१॥
चारु कपोल लोल लोचन छबि गोरोचन को तिलक दिये।
लर लटकन मानों मत्त मधुपगन माधुरी मधुर पिये ॥२॥
कठुला कंठ बज्रत केहरिनख राजत हैं सखि रुचिर हिये।
धन्य सूर एको पल यह सुख कहा भयो सत कलप जिये ॥३॥

यह पद सूरदास नें गायौ सो सुनि के आप बहुत प्रसन्न भये पाछें और हु पद गाए तब श्रीमहाप्रभूजी अपने मन में विचारे जो श्रीनाथ जी के यहाँ और तौ सब सेवा को मंडान भयो, और कीर्तन को मंडान नाहीं कीयो है ताते अब सूरदासजी कों दीजियै तब आप श्रीनाथजीद्वार पधारे सो सूरदासजी को साथ लिये हीं सो श्रीनाथजीद्वार जाय पहुंचे तब आप स्नान करिकें मन्दिर में पधारे तब सूरदास जी सों कह्यो जो सूरदास ऊपर आउ स्नान करिके श्रीनाथजी को दर्शन कर तब सूरदास परवत ऊपर जाइ के श्रीनाथ जी को दर्शन कीयो तब आप ने कह्यो जो सूरदास कछू श्रीनाथ कों सुनावौ तब सूरदास ने प्रथम विज्ञप्त को पद गायौ॥ सो पद—

राग धनाश्री

अब हौं नाच्यो बहुत गुपाल॥

यह पद सम्पूरण करिके श्रीनाथजी के आगे गायौ तब श्रीमहाप्रभूजीनें कह्यौ जो अब तौ सूरदास तुममें कछू अविद्या रही नाहीं तुम्हारी अविद्या तो प्रभूननें दूरि कीनी ताते कछू भगवद्जस वर्णन करौ तब सूरदास ने महातम और लीला ऐसो जस करिकें गाय सुनायो सो पद—

राग गोरी

कौन सुकृत इन ब्रजबासिन कौं ॥

यह पद सम्पूरण करिकैं गायौ सो सुनि कै श्रीमहाप्रभूजी बहुत प्रसन्न भये सो ऊसो श्रीआचार्यजी महाप्रभू ने मार्ग प्रकास कीयौ हौ ताके अनुसार सूरदास ने पद कीये श्रीआचार्यजी महाप्रभून के मार्ग कौ कहा स्वरूप है महातम ग्यानपूर्वक सुदृढ़ स्नेह कीयौ परम काष्ठा है और स्नेह आगे भगवान कौ महात्म्य रहत नाहीं ताते भगवान बेर बेर महात्म्य जनावत हैं नाम प्रकरन में पूतना करि संकट तृनावर्त करि गर्गाचार्य करि यमलार्जुन करि वैकुंठ दरशन करि ऐसें करिकैं भगवान् ने बहुत महात्म्य जनायौ परि इन ब्रजभक्तन कौ स्नेह परमकाष्ठापन्न है ताते ताही समय तौ महात्म्य रहे पाछें विस्मृति हो जाय ॥

वार्ताप्रसँग ॥ २ ॥

और सूरदासजी नें सहस्रावधि पद किये हैं ताको सागर कहिये सो सब जगत में प्रसिद्धि भये सो सूरदासजी के पद देशाधिपति ने सुने सो सुनिकै यह बिचारी जो सूरदास जी काहूं विधि सों मिलैं तौ भलौ सो भगवदइच्छा ते सूरदासजी मिले सो सूरदासजी सों कह्यो देशाधिपति ने जो सूरदासजी मैं सुन्यौ हैं जो तुमने विष्णुपद बहुत कीये हैं जो मोको परमेश्वर ने राज्य दीयौ है सो सब गुनीजन मेरो जस गावत हैं ताते तुमहू कछू गावो तब सूरदासजीने देशाधिपति के आगें कीर्तन गायो ॥ सो पद—

राग बिलावल

मना रे तू करि माधौ सों प्रीति ॥

यह पद देशाधिपति के आगें सम्पूरण करिकें सूरदासजीनें गायौ सो यह पद कैसो है जो या पद कौं अहिर्निश ध्यान रहे तौ भगवद अनुग्रह को सदाँ सार्ति रहे और संसार ते सदा वैराग्य रहे और कुसंग कौं

सदाँ भय रहे और भगवदीय के संग की सदाँ चाह रहे और श्रीठाकुर जी के चरणारविंद ऊपर सदा स्नेह रहे देशाधिक ऊपर आसक्ति न होय ऐसो पद देशाधिपति को सुनायौ सो सुनि के देशाधिपति बहुत प्रसन्न भयो और कह्यौ जो सूरदास जी मोकों परमेश्वर ने राज्य दीनों है सो सब गुनीजन मेरो जस गावत हैं ताते मेरौ जस कछू गावो तब सूरदास जी नें यह पद गायौ ॥ सो पद—

राग केदारा

नाहिन रह्यो मन में ठौर ॥

यह पद सम्पूरण करिकें सूरदास जीनें गायौ सो सुनि के देशाधिपति अकबर बादशाह ने अपने मन में बिचार्यो जो यह मेरौ जस काहे को गामैंगे जो इनको मेरी कछू बात को लालच होय तौ गावें यह तो परमेश्वर के जन हैं और सूरदास जी ने यह पद के समाप्त में गायौ हो जो "सूर ऐसे दर्श कों मरत लोचन प्यास" यह गाय है सो देशाधिपति नें पूछी जो सूरदास जी तुम्हारे लोचन तौ देखियत नाहीं सो प्यासे कैसे मरत हैं और बिन देखें तुम उपमा कौं देत हौं सो तुम कैसे देत हो तब सूरदास जी कछु बोले नाहीं तब फेरि देशाधिपति बोलो जो इनके लोचन हैं सो तौ परमेश्वर के पास हैं सो उहाँ देखत हैं सो वर्णन करत हैं तब देशाधिपति नें सूरदासजी के समाधान की मन में बिचारी जो इनको कछू दीयो चाहियैं परि यह तौ भगवदीय हैं इन कों कछू काहू बात को इच्छा नाहीं पाछें सूरदासजी देशाधिपति सों बिदा होय कें श्रीनाथजीद्वार आये ॥

वार्ताप्रसंग ॥ ३ ॥

एक समैं सूरदासजी मार्ग में चले जाते हैं सो कोऊ चौपड़ खेलत हुते सो वा चौपड़ खेल में ऐसे लीन हैं जो कोऊ आवते जाते की सुधि नाहीं ऐसे खेल में मग्न हैं सो देखि के सूरदासजी के संग के भगवदीय जो हैं तिनसों सूरदासजी ने कह्यो जो देखो यह प्राणी कैसो

अपनो जमारो खोवत हैं भगवान ने तो मनुष्यदेह दीनी है सो तौ अपनी सेवा भजन के लिये दीनी है सो तौ या देह सों हाड़ कूटत हैं यामें यह लौकिकसिद्धि नांहि सो काहे ते जो या लोक में तौ अपजस और परलोक में भगवान ते बहिर्मुखता ताते श्रीठाकुरजीनें इनकों मनुष्यदेह दीनी है तिनको चौपड़ ऐसी खेलनी चाहिये सो ता समय एक पद सूरदास ने अपने संगकेन सों कह्यो सो पद—

राग केदारौ

मन तू समझ सोच बिचार।
भक्ति बिन भगवान दुर्लभ कहत निगम पुकार ॥१॥
साधु संगति डार पाँसा फेरि रसना सारि।
दाव अबके परयौ पूरौ उतरि पहिली पार ॥ २ ॥
बाक सत्रे सुनि अठारे पाँचही को मारि।
दूर ते तजि तीन काने चमकि चौंक बिचार ॥ ३ ॥
काम क्रोध जँजाल भूल्यौ ठग्यौ ठगनी नारि।
सूर हरिके पदभजन बिन चल्यौ दोऊ कर झारि ॥ ४ ॥

यह पद सूरदासजी ने अपने संग के भगवदीयन सों कह्यो सो या पद में सूरदासजी ने कहा कह्यो "मन तू समझ सोच विचार" ये तीन्यौ वस्तु चौपड़ में चहिये सोई तीनो बस्तु भगवान के भजन में चहियें काहे ते जो समझि न होय तो श्रवण कहा करैगो ताते पहिलें तौ समझ चाहिये और सोच कहिये चिन्ता सो भगवान के प्राप्ति की चिन्ता न होय तौ संसार ऊपर बैराग्य कैसें आवैं ताते सोच कहिये और बिचार जो यह जोव कों बिचार हो नहीं तौ संग दुसंग में कहा करैगो ताते बिचार चहिये सो ये तीनों बस्तु होय तौ भगवदीय होय ताते ये तीनों बस्तु भगवदीय कों अवश्य चाहिये और चौपड़ में हू ये तीनों वस्तु चहिये समझ कहे गिनवो न आवे तो गोट कैसें चले और सोच आगम जो मेरे यह दाँव पड़े तो यह गोट चलूं बिचार जो वाही में तन मन जो

ये तीनों वस्तु होयं तौ चौपड़ खेली जाय सो ये सूरदासजी श्रीआचार्यजी महाप्रभून के ऐसे परम कृपापात्र भगवदीय है ॥

वार्ताप्रसंग ॥ ४ ॥

बहुर सूरदासजी श्रीनाथजीद्वार आइकें बहुत दिन ताईं श्रीनाथजी की सेवा कीनी बीच बीच में श्रीगोकुल श्रीनवनीतप्रियाजी के दर्शन कों आवते सो एक समय श्रीसूरदासजी श्रीगोकुल आये श्रीनवनीतप्रियाजी के दर्शन कीये और बाललीला के पद बहुत सुनाये सो श्रीगुसाईंजी सुनिकें बहुत प्रसन्न भये पाछें श्रीगुसाईंजीने एक पालना संस्कृत में कीयौ सो पालना सूरदासजी को सिखायौ सो पालना सूरदासजी नें श्रीनवनीतप्रियाजी झूलत हुते ता समय गायो ॥ सो पद—

राग रामकली

प्रेषपर्य्यंक शयनं ॥

यह पद सूरदासजी ने सम्पूर्ण करिके गाय सुनायौ श्रीनवनीत-प्रिया जीकों पाछें या पद के भाव के अनुसार बहुत पद कीये सो सुनि के श्रीगुसाईंजी बहुत प्रसन्न भये पालना के भाव अनुसार पद गायौ ॥ सो पद—

राग बिलावल

बालविनोद आँगन में की डोलनि ।
मणिमय भूमि सुभग नंदालय
बलि बलि गई तोतरी बोलनि ॥१॥
कठुला कंठ रुचिर केहरिनख
बनमाला बहु लई अमोलनि ।
बदन सरोज तिलक गोरोचन
लर लटिकन मन मधुपनि लोलनि ॥२॥

लीन्यो कर परसत आनन पर
कछु खाये कछु लग्यो कपोलनि ।
कहै जन सूर कहा लौं बरनों
धन्य नन्द जीवन जगतोलनि ॥३॥
गोपाल दुरे हैं माखन खात ।
देखि सखी सोभा जो बढ़ी अति
स्याम मनोहर गात ॥१॥
उठि अवलोकि ओट ठाड़ी ह्वै
जेहि विधि नहिं लखि लेत ।
चकृत नैन चहूँ दिश चितवत
और सखन को देत ॥२॥
सुन्दर कर आनन समीप हरि
राजत यहि आकार ।
मनु जलरुह बिधु बैर बांचि कर सौं
लिये मिलत उपहार ॥३॥
गिरि गिरि परत बदन ते ऊपर
ह्वै दधिसुत के बिन्दु ।
मानहु सभय सुधाकन बरसत
प्रियतम आयसु इन्दु ॥४॥
बालबिनोद बिलोक सूरप्रभु
थकित भईं ब्रजनार ।
फुरत न बचन बरजिबे कौं
मन रही बिचार बिचार ॥५॥

राग जैतश्री

कहँ लगि बरनौं सुन्दरताई ।
खेलत कुमर कनकआँगन में
नैन निरखि सुख पाई ॥१॥

कुलही लसत श्याम सुन्दर कें
बहु बिधि रंग बनाई ।
मानउ नव घन ऊपर राजत
मघवा धनुष चढ़ाई ॥२॥
सेत पीत अरु असित लालमणि
लटकनि भाल रुराई ।
मानहुँ असुर देवगुरु सौं मिलि
भूमिज सो समुदाई ॥३॥
अति सुदेश मृदु चिकुर हरत मन
मोहनमुख बगराई ।
मानहुँ मंजुल कंज उपर वर
अलिअवली फिर आई ॥४॥
दूधदंतछबि कहि न जात कछु
अद्भुत यह उपमाई ।
किलकत हँसत दुरत प्रगटत
मानहुँ घन में बिज्जुछटाई ॥५॥
खंडित बचन देत पूरन सुख
अलप जलप जलपाई ।
घुटुरुन चलत उठत प्रमुदित मन
सूरदास बलि जाई ॥६॥

राग रामकली

देखौ सखी एक अद्भुत रूप ।
एक अम्बुजमध्य देखियत
बीस दधिसुतजूप ॥१॥
एक अवली दोय जलचर
उभे अर्क अनूप ।

पंच बार चढ़ि गहि देखियत
कहो कहा स्वरूप ॥२॥
सिसुगंन में भई सोभा
कोऊ करौ बिचार ।
सूर श्री गोपाल की छबि
राखो या निरधार ॥३॥

ऐसे पद सूरदासजीनें गाये पाछें फेरि श्रीनाथजीद्वार आये ॥

वार्ता प्रसंग ॥५॥

अब सूरदासजीनें श्रीनाथजी की सेवा बहुत कीनी बहुत दिन ताईं ता उपरान्त भगवदइच्छा जानी जो अब प्रभून की इच्छा बुलाइबे की है यह बिचारि कें जो नित्य लीलाफलात्मक रासलीला जो जहाँ करें हैं ऐसी जो परासोली तहाँ सूरदास जो आये श्रीनाथजी की ध्वजा कों दंडोत करिकें ध्वजा के साम्हें सन्मुख करिकें सूरदासजी सोये परि अन्तःकरन में यह जो श्रीआचार्यजी महाप्रभू दर्शन देंगे अब यह देह तो थकी ताते अब यह देह सों श्रीनाथजी को दर्शन होय तौ जानिये परमभाग्य हैं श्रीगुसाईंजी कौ नाम कृपासिंधु है भक्तन के मनोरथ पूरनकर्ता हैं ऐसे बिचार कें सूरदासजी श्रीगुसाईंजी को चितवन करत हें और श्रीगुसाईंजी कैसे कृपासिंधु हैं जैसें सूरदासजी वहाँ स्मरण करत हैं तैसे हो श्रीगुसाईंजी इनकों छिनहूं नाहिं भूलत हैं श्रीनाथजी कों सिंगार होतो ता समय श्रीसूरदासजी मणिकोठा में ठाडे ठाडे कीर्तन करते सो ता दिन श्रीगुसाईंजी श्रीनाथजी को सिंगार करत हुते और सूरदासजी कों कीर्तन करत न देख्यो तब श्रीगुसाईंजी ने पूंछी सूरदासजी नाहीं देखियत सो काहे ते तब काहू बैष्णव ने कह्यो जो महाराज सूरदासजी तौ आज परासोली की ओडी जात देखे हैं तब श्रीगुसाईंजी ने जान्यों जो भगवदइच्छा ते अवसान समैं है ताते सूरदासजी परासोली गये हैं तब श्रीगुसाईंजी ने अपने

सेवकन सों कह्यो जो पुस्टीमार्ग को जिहाज जात है जाको कछु लेनों होय सो लेउ और जो भगवदइच्छा ते राजभोग आरती पाछें रहत हैं सो मेहूं आवत हों पाछे श्रीगुसाईंजी बेर बेर सूरदासजी की खबरि मँगायौ करें जो आवै सोई कहै जो महाराज सूरदासजी तौ अचेत हैं कछू बोलत नाहीं ऐसें करत श्रीनाथजी के राजभोग कों समय भयौ सो राजभोग आरती करिकें श्रीगुसाईंजी श्रीगिरिराज ते नीचे उतरे सो आय परासोली पधारे भीतरिया सेवक रामदासजी प्रभृत और कुंभनदासजी और श्रीगुसाईंजी के सेवक गोविन्दस्वामी चतुर्भुजदास प्रभृत और सब श्रीगुसाईंजी के साथ आये सो आवत ही सूरदासजी सों श्रीगुसाईंजी ने पूछी जो सूरदास जी कैसे हो तब सूरदासजी ने श्रीगुसाईं जी कों दंडौत करिकें कह्यौ जो महाराज आये हौ महाराजजी की बाट देखत हुतौ यह कहिकें सूरदास जी ने एक पद गायो ॥ सो पद—

राग सारंग

देखो देखौ हरिजू को एक सुभाव।
अति गंभीर उदारउदधि प्रभु
जानिशिरोमनिराय ॥ १ ॥
राई जितनी सेवा कौ फल
मानत मेरु समान।
समझि दास अपराध सिंधु सम
बूंद न एकौ जानि ॥ २ ॥
बदन प्रसन्न कमलपद सनमुख
देखत ही हैं ऐसे।
ऐसे बिमुखहु भये कृपा वा
मुख की जब देख्यो तब तैसे ॥ ३ ॥
भक्तबिरह कातर करुणामय
डोलत पाछें लागें।

सूरदास ऐसे प्रभू कों कत
दीजै पीठ अभागे ॥४॥

यह पद सूरदासजी नें कह्यो सो सुनिकें श्रीगुसांईजी बहुत प्रसन्न भये और कह्यो जो ऐसो दैन्य प्रभू अपने सेवकन कों देहि या दैन्य के पात्र यही हैं तब या बेर श्री गुसांईजी के पास ठाढे हुते और चतुर्भुजदास हू ठाडे हुते तब चतुर्भुजदासनें कह्यो जो सूरदासजी नें बहुत भगवद जश वर्णन कीयो पर श्री आचार्य जी महाप्रभून को जस वर्णन नाहीं कीयौ तब यह बचन सुनिकें सूरदासजी बोले जो मैं तो सब श्री आचार्यजी महाप्रभू कोही जस वर्णन कीयौ है कछू न्यारो देखूं तौ न्यारौ करूं परि तेरे साथ कहत हो या भांति कहिकें सूरदासजी ने एक पद कह्यो ॥ सो पद—

राग बिहागरो

भरोसो दृढ़ इन चरणन केरो।
श्रीवल्लभनखचन्द्र छटा बिनु
सब जग माँझि अँधेरो ॥ १ ॥
साधन और नहीं या कलि में
जासों होत निबेरो।
सूर कहा कहि दुबिध आँधरो
बिना मोल को चेरो ॥ २ ॥

यह पद कह्यो पाछें सूरदासजी कों मूर्छा आई तब श्री गुसाईं जी कहें जो सूरदासजी चित की बृत्ति कहां है तब सूरदासजी ने एक पद और कह्यो ॥ सो पद—

राग बिहागरो

बलि बलि बलि हौं कुमर राधिका
नन्दसुवन जासों रति मानी।

वे अति चतुर तुम चतुरसिरोमन
प्रीत करी कैसें होत है छानी ॥ १ ॥
वे जु धरत तन कनक पीत पट
सो तो सब तेरी गति ठानी ।
ते पुनि स्याम सहज वे शोभा
अंबर मिस अपने उर आनी ॥ २ ॥
पुलकित अंग अबहीं ह्वै आयौ
निरखि देखि निज देह सयानी ।
सूर सुजान सखी के बूझे
प्रेम प्रकाश भयो बिहसानी ॥ ३ ॥

यह पद कह्यौ इतनों कहिकें सूरदासजी को चित्त श्रीठाकुरजी कौ श्रीमुख तामें करुणारस के भरे नेत्र देखे तब श्रीगुसाईंजी पूछ्यौ जो सूरदासजी नेत्र की वृत्ति कहां है तब सूरदासजी ने एक पद और कह्यौ ॥ सो पद—

राग बिहागरो

खंजन नयन रूपरस माते ।
अतिसै चारु चपल अनियारे
पल पिंजरा न समाते ॥१॥
चलि चलि जात निकट श्रवणन के
उलटि पलटि ताटंक फँदाते ।
सूरदास अंजनगुण अटके
नातर अब उड़ि जाते ॥२॥

इतनों कहत ही सूरदासजी नें या शरीर कौ त्याग कीयौ सो भगवद्‌लीला में प्राप्त भये पाछें श्री गुसाँई जी सब सेवकन सहित श्री गोवर्द्धन आये ताते सूरदासजी श्रीआचार्यजी महाप्रभून के ऐसे कृपा-पात्र भगवदीय है सो इनकी वार्ता को पार नाहीं ताते इनकी वार्ता कहां ताईं लिखिये ॥

DHRUVADÁS

A pupil of Hitaharivansh and a voluminous writer. The number of books written by him is certainly great but a collection of his writings printed under the title of *Dhruvasarvaswa* covers only 220 pages royal 12 mo.

He was very fond of Raslila and a great friend of Rasdharis of Karhali. His *Sabhamandali* was written in 1661, *Brindiiban sat* in 1686, and *Rahasmanajari* in 1698. The following extracts are taken from a collection in library of the Kashi Nagari Pracharini Sabha.

बृन्दावन शतक

कुँवरि किशोरी लाडिली करुनानिधि सुकुमार ।
बरनौं बृन्दाबिपिन को तिन के चरन सँभार ॥
हेममई अवनी सहज रतनखचित बहु रंग ।
चित्रित चित्र बिचित्र गलि छबि के उठत तरंग ॥
बृन्दाबनझलकनि झमक फूले नैन निहारि ।
रबि ससि दुति धरि जहाँ लगि ते सब डारे वारि ॥
बृन्दाबनद्रुमपत्र की उपमा को कछु नाँहि ।
कोटि कोटि बैकुंठ हू तिहि सम कहे न जाँहि ॥
लता लता सब कलपतरु पारिजात सब फूल ।
सहज एक रस रहत है झलकत जमुनाकूल ॥
कुंज कुंज अति प्रेम सौं कोटि कोटि रति मैन ।
दिन दिन के प्रति करत हैं श्री बृन्दावन ऐन ॥
बिपिनिराज राजत दिनहिं बरषत आनँदपुंज ।
लुब्ध सुगंधपरागरस मधुप करत मधु गुंज ॥
अरुन नील सित कमल कुल रहे फूल बहु रंग ।
बृन्दाबन पहिरे मनो बहु बिधि बसन सुरंग ॥
त्रिबिध पौन नीको बहै जैसो रुचि जेहि काल ।
मधुर मधुर सुर कोकिला कूजत मोर मराल ॥
मण्डित जमुनावारि यों राजत परम रसाल ।
अति सुदेस सोभित मनो नील मनिन की माल ॥
बिपिन धाम आनन्द को अस को सकै सराहि ।
मदनकेलि सम्पति सदा तिहिकर पूरन आहि ॥
छिन छिन बन की छबि नई नवल जुगुल के हेत ।
समझि बात सब जीव की सखि बृन्दा सुख देत ॥
देवी बृन्दाबिपिन की बृन्दा सखी सरूप ।
जिहिं बिधि रुचि है दुहुन को तिहिं बिधि करत अनूप ॥

गावत वृन्दाविपिन को नवल लाड़िली लाल ।
सुखद लता फल फूल द्रुम अद्भुत परम रसाल ॥
उपमा वृन्दाविपिन की कहि धौं दीजै काहि ।
अति अभूत अद्भुत सरस श्रीमुख बरनत ताहि ॥
महिमा वृन्दाविपिन की कैसे कै कहि जाय ।
ऐसे रसिक किसोर दोउ जामें रहैं लोभाय ॥
पत्र फूल फल लता प्रति रहत रसिक प्रिय चाहि ।
नवल कुवँरिदृगछटाजल तिहि करि सींचे आहि ॥
वृन्दावनवैभव जितौ तितौ कह्यो नहिं जात ।
देखत सम्पति बिपिन को कमला हू ललचात ॥
वृन्दावन को लता सम कोटि कल्प तरु नाँहि ।
रज की तुल बैकुंठ नहिं और लोक केहि माँहि ॥
श्रीपति श्रीमुख सों कह्यो नारद सो समुझाय ।
वृन्दावनरस सबनि सों राख्यो दूरि दुराय ॥
अंस कला अवतार जे ते सेवत हैं ताहि ।
ऐसे वृन्दाविपिन को मन बच कै अवगाहि ॥
सिव विधि ऊधव सबनि के यह आसा रह चित्त ।
गुल्मलता ह्वै सिर धरैं वृन्दावनरज नित्त ॥
चतुरानन देख्यो कछू वृन्दाविपिन प्रभाव ।
द्रुम द्रुम प्रति अरु पत्र प्रति औरे बन्यो बनाव ॥
आप सहित सब चतुर्भुज सब ठाँ रह्यो निहारि ।
प्रभुता अपनी सब गई तन मन तब रह्यो हारि ॥
लोकचतुर्दसठकुराई सम्पति सकल समेत ।
सब तजि बसि वृन्दावनै रसिकन को रसखेत ॥
सकहि तो बसु वृन्दाविपिन छिन छिन आयु बिहात
ऐसो समय न पाइहौ भली बनी है बात ॥
छाँड़ि स्वाद सुख देह को और जगत को लाज ।
मनहिं मारि तन हारि कै वृन्दावन में गाज ॥

और देस के बसत ही अधिक भजन जो होय ।
इहि सम नहिं पूजत तऊँ वृन्दाबन रहे सोय ॥
वृन्दावन में जो कबहुँ भजन कछू नहिं होय ।
रज तो उड़ि लागै तनहिं पीवै जमुनातोय ॥
वृन्दाबिपिनप्रभाव सुनि अपनोई गुन देत ।
जैसे बालक मलिन को मातु गोद भरि लेत ॥
और ठौर जो जन करै होत भजन कहुँ नांहि ।
ह्यां रमि स्वारथ आपने भजन गहे फिरि बाँह ॥
वृन्दावन तें अनत ही जेतक द्योस बिहात ।
ते दिन लेखे जिन लिख्यो व्यर्थ अकारथ जात ॥
जैसे धावत बिषय को कुजन गहत बिच पानि ।
ऐसे वृन्दाबिपिनि को सरन गहो ध्रुव आनि ॥
कहं तू कहँ वृन्दाबिपिन आनि बन्यो संयोग ।
यहै बात जिय समुझि के अपनो तजि सुखभोग ॥
छनभंगुर तन जानि यह छाड़हु बिषयकलोल ।
कौड़ी बदले लेहि तू अद्भुत रतन अमोल ॥
कोटि कोटि हीरा रतन अरु मन बिबिध अनेक ।
मिथ्या लालच छांड़ि के गहु वृन्दाबन एक ॥
नाते जेते जगत के ते सब मिथ्या मान ।
सत्य नित्य आनन्द मय वृन्दाबिपिनिहि जान ॥
बसि के वृन्दाबिपिन में ऐसी मन में राख ।
प्रान तजौं बन ना तजौं कहौ बात कोउ लाख ॥
बसिबो वृन्दाबिपिन को यह मन में धरि लेह ।
कीजे ऐसे नेम दृढ़ या रज में परे देह ॥
खंड खंड होइ जाय तन अंग अंग सत टूक ।
वृन्दाबन नहिं छाँड़िये छांड़िब है बड़ि चूक ॥
पटतर वृन्दाबिपिन को कहि क्यों दीजै काहि ।
जिहि बनभुव की रेनु में मरिबो मंगल आहि ॥

बृन्दावन बृन्दा कहत दुरितबृन्द दुरि जाहिं ।
नेहबेलि हरि भजन की अति उपजै उरमाँहि ॥
बृन्दावन सुनि श्रवण करि बृन्दावन को गान ।
मन बच के अनि हेत सों बृन्दावन पहिचान ॥
बृन्दावन को नाम रटि बृन्दावन को देखि ।
बृन्दावन सों प्रीति करि बृन्दावन सुर लेखि ॥
बृन्दावनहिं प्रणाम करि बृन्दावन सुखखानि ।
जो चाहत विश्राम मन बृन्दावन उर आनि ॥
तजि के बृन्दाबिपिन को और तीरथहिं जात ।
छाँड़ि बिमल चिन्तामनिहिं कौड़ी को ललचात ॥
ऐसी गति ह्वै है कबहिं मुख निसरै नहिं बैन ।
देखि देखि बृन्दाबिपिन भरि भरि ढारै नैन ॥
परम सच्चिदानन्दघन बृन्दाबिपिन सुदेस ।
जामे कबहूँ होत नहिं मायाकालप्रवेस ॥
सारद जो सत कोटि मिलि कलपन करै विचार ।
बृन्दावन सुखरंग को कबहुँ न पावै पार ॥
महिमा बृन्दाबिपिन की कहि न सकत मम जीह ।
जाके रसना द्वै सहस तिनहूँ काढ़ी लीह ॥

अथ शृंगारशतक

सवैया

फैलो फब्यो है नीलम्बर सुन्दर मोहि लियो मनमोहन माई।
फैलि रही छवि अंगनि काँति लसैं बहु भाँति सुदेश सुहाई।
सीस को फूल सुहाग को छत्र सदा पिय के मन को सुखदाई।
और कछू न रुचै ध्रुव पीय को भावै यहै सुकुवारि लड़ाई॥

कवित्त

राधिका कुँअरि प्यारी फुलवारी माँझ ठाढ़ी
फुलकारी सारी तन मोहिनि बनाव की।
लोइन बिसाल बाँके अनियारे कजरारे
प्रीतम के प्रान हरे हेरन सुभाव की।
चूरी मखतूली नील मनिनि की कर बनी
बेसरि सुदेस उर अँगिया कटाव की।
कुन्दन की दुलरि औ मोतिन के हार हिये
हित ध्रुव चारु चौकी लसति जराव की॥ १॥
जरकसी सारी तन जगमग रही फबि
छबि की झलक मानो परी है रसाल री।
उज्जल सुरंग अनियारी कोर नैननि की
सीस फूल बेंदी लाल सोहै बर भाल री।
रतनजटित नीलमनि चौकी झलमलै
हित ध्रुव लसै उर मोतिन की माल री।
पानिप अनूप पेखें भूली है निमेखें चारु
मन्द मन्द बेसरि के मुक्तन की हालरी॥ २॥
फबि रही सारी मृदु केसरी सुरंग रंग
भीजी है फुलेल स्वच्छ सोंधे मोद में सनी।

खुलि रही तामें आली अँगिया उँगाली गाढ़ी
चमकत कंठ लर मोतिन की ह्वै घनी ।
मृगमद बेंदी लसै प्रीतम के मन बसै
बेसरि झलक छवि बरषत है घनी ।
मुसुकानि मन्द सुख रंग के तरंग उठैं
सोहने रसीले नैन सैन मैं बिके धनी ॥ ३ ॥
तनसुखसारी मिहीं भीजी है फुलेल माँझ
तामें लाल अँगिया सुदेस कसनी कसी ।
सौंधे सगबगे बार बन्यो है सादो सिंगार
मुख पर डारे वारि कोटि कंज औ ससी ।
चंचल छबीले बड़े सोहने रसीले नैन
चिते नेकु अलबेली मन्द मन्दलै हंसी ।
हित ध्रुव बिबस भे चितवत ही रहिगे
थिरकनि बेसरि की प्रीतम के ही बसी ॥ ४ ॥
काकरेजी सारी तन गोरे कैसी सोहियत
पीत अतरौटा सौं दुरंग छबि न्यारी है ।
मुख की सुपानि अति चंचल हैं नैन गति
देखे ध्रुव भूली मति उपमा कौं हारी है ।
बेंदी भाल नथ सोहै बनै मोती मन मोहै
बस भये पिय सुधि देह की बिसारी है ।
गहे द्रुम डारि एक रहि गये ताहि टेक
ऐसे बेष जब तें किशोरी जू निहारी है ॥ ५ ॥
गोरी मृदु आँगुरिन मेंहदी को रंग फब्यो
अति ही सुरंग कंज दलनि लजावहीं ।
मनिन के बहु रँग हरित जफ़ाली छले
जिहि पोरी जैसे बने पिय पहिरावहीं ।
चिते छबि कर गहे नैननि को छाइ छाइ
चूमि चूमि माथे धरि आनि उर लावहीं ।

हित ध्रुव निसिदिन योंही रस रहे पगि
जेही अंग मन परै तेही सचुपावहीं ॥ ६ ॥
कंचन के बरन चरन मृदु प्यारी जू के
जावक सुरंग रँगे मनहि हरत हैं ।
हित ध्रुव रही फबि सुमिल जे हरिछबि
नूपुर रतनखचे दीप से धरत हैं ।
रीझि रीझि सुंदर करनि पर पद धरैं
आरसी सी लिये लाल देखिबो करत हैं ॥
नख मनि प्रभा प्रतिबिम्ब झलमलै कंज
चन्द्रन के जूथ मानो पाइन परत हैं ॥ ७ ॥
फूलि फूलि रहे सब फूल फुलवारी में के
रीझि रीझि छबि आइ पाइनि में परी है ।
लाड़िली नवेली अलबेली सुख सहज हीं
निकसि निकुंज तें अनूप भाँति खरी है ।
नखसिख भूषन लावन्य ही के जगमगैं
दीठि सों छुवत सुकुमारता हू डरी है ।
हित ध्रुव मुसकानि हेरत बिकाइ रहे
दामिनी की दुति अरु हीरन की हरी है ॥ ८ ॥
कुंजन के आँगन मैं जहाँ जहाँ पगु धरैं
छबि के बिछौना से बिछाये तहाँ जात हैं ।
रँग भीनी लाड़िली निपट अलबेली भाँति
अलबेले लोइन न केहूं ठहरात हैं ।
नई नई माधुरी को सारु है सुभाइनि में
मुसुकानि मानो सुख फूल बिगसात हैं ।
सोंधे कीसो बास ध्रुव फैलि रही चहुँओर
रूपनिधि पानिप के पुंज बरषात हैं ॥ ९ ॥
देखत छबीलीजू की छबि छके छबिनिधि
ऐसो छबि देखें आली दग नहिं डारियै ।

अलबेली चितवनि हँसनि ललन पर
मानो सुखपुंज रंग के प्रवाह ढारिये ।
छिन छिन नई नई छबि की तरँगछटा
बिबस करत प्रान कैसे कै सँभारिये ।
हित ध्रुव प्यारीजू के चरनचिन्हन पर
कोटि कोटि रतिदुति मोहनी सी वारियै ॥ १० ॥
बड़े बड़े उज्जल सुरङ्ग अनियारे नैन
अंजन की रेख हेरें हियरो सिरात है ।
चपलाई खंजन की अरुनाई कंजन की
उजराई मोतिन की पानिप लजात है ।
सरस सलज्ज नये रहत हैं प्रेम भरे
चंचल न अंचल में कैसहु समात है ।
हित ध्रुव चितवनि छटा जेहि कोद परै
तिहि ओर बरषा सी रूप की ह्वै जात है ॥ ११ ॥
कौलपत्र सारी बनी सौंधे ही के मोद सनी
चितै रहे श्याम धनी मानो चित्र ऐन हैं ।
आँगी नील रही फबि कहि न सकत छबि
मोतिन की झलकनि अति सुखदैन हैं ।
चितवनि मैनमई मुसुकानि रसमई
कोकिलाहू वारि डारौं ऐसे मृदु बैन है ।
हित ध्रुव अंग अंग सबै सुखसारमई
मन के हरनहार बाँके दोऊ नैन हैं ॥ १२ ॥
रूपजल में तरङ्ग उठत कटाछनि के
अंग अंग भौंरनि की अति गहराई है ।
नैनन को प्रतिबिम्ब परयो है कपोलनि में
तेई भये मीन तहाँ ऐसो उर आई है ।
अरुन कमल मुसुकानि मानो फबि रही
थिरकनि बेसरि के मोती की सुहाई है ।

भयो है मुदित सखी लाल को मराल मन
जीवन जुगुल ध्रुव एक ठाँव पाई है ॥१३॥
छवि के छिपाइवे कों रस के बढ़ाइवे कों
अंग अंग भूषन बनाये हैं बनाय कैं।
देखे नासापुटबेह प्रीतम भये विदेह
याही हेत बेसर बनाय धरी चाइ कैं।
रोम रोम जगमगे रूप की अनूप छवि
सकै न सँभारि हँसि चितई सुभाइ कैं।
हित ध्रुव बिवस लटकि जात छिन छिन
याते सखी शोभा सब राखी है दुराइ कैं॥ १४ ॥
अनियारे नैन सर बेध्यो मन प्रीतम को
विथकित चकित रहत बलहीने हैं।
काजर की रेख तहाँ रही फबि निसरै न
तरफि गिरत सखी अँक भरि लीने हैं।
रसिककिशोर पिय महासूर प्रेम रन
नैनन तें नैन तऊँ न्यारे नाहि कीने हैं।
हित ध्रुव प्यारी सुकुमारी रीझि देखें गति।
अति सुकुमारि महा प्रेम रंग भीने हैं॥ १५ ॥
प्यारीजू की मुसुकानि बीजुरी सी कौंधी जानि
प्यारेजूके उर ते न रेख सी टरति है।
भरि भरि आवैं नैन कैसहू न पावैं चैन
बान की सी अनी हिये करकौ करति है।
लाडिली नवेली अलबेली खानि माधुरी की
सहज सुभाइन में सर्बसु हरति है।
हितध्रुव नये नये छबि के तरंग देखें
रीझि सीस चन्द्रिका पगनि को ढरति है॥ १६ ॥
रूपनवला सी प्यारी नाना रंग के सुभाइ
भावनि की मृदुताई कही न परति है।

नैननि कै आगे लाल लिये रहैं निस दिन
एकौ छिन मन ते न केहूँ बिसरति है।
भीजि भीजि जात पिय सुख के तरंगनि में
जब प्रिया बातन के रंग में ढरति है।
हित ध्रुव प्यारेजू की जीवनि किशोरी गोरी
छिन छिन प्रीतम के मन को हरति है ॥ १७ ॥
जहाँ जहाँ राधा प्यारी धरत चरन पिय
तहाँ तहाँ नैननि के पाँवड़े बनावहीं।
महा प्रेम रंग रँगे तिनही के प्यार पगे
सेवा सब अंगनि की करे, सचुपावहीं।
मादक मधुर पिय प्यारी को सुभाव लिये
छिन छिन भांति भांति लाड़नि लड़ावहीं।
तैसिही प्रवीन प्यारी हित ध्रुव सुकुमारी
समुझि सनेहरस कंठ सो लगावहीं ॥ १८ ॥
प्यारी कै जँगाली बागौ लाल कै गुलाबी आली
फबि रहे जैसे मो पै कहत न आवई।
मृगमद बेंदी इतै बनी है सुरंग उत
हारि रह्यो मन कछु उपमा न पावई।
कुंवरि के नथ सोहै बेसरि बिहारी जू के
कौन एक छबि बाढ़ी देखिबौई भावई।
झलकत मोती लरें कुन्दन की माल गरे
मुसकानि मन्द ध्रुव सुख बरसावई ॥ १९ ॥
एक के संग चलैं दोऊ एकै ओर ध्यान दीने
एकै छोर कीनै सबै निज तन मन कौं।
एक बैस एक जोर एक से अभूषन पट
एकसी छबीली छबि छाजत है तन कौं।
रूपही के रंग भीने लोइन चकोर कीन्हे
ए संग चाहैं ऐसे जैसे मीन घन कौं।

हित ध्रुव रसिक किशोर या जुगुल बिनु
आली को निबाहे रस ऐसे प्रेमपन को ॥ २० ॥
दो० कहिबो सुनिबो रहि गयो देखत मोहनरूप
अद्भुत कौतुक सों रँगे प्रेमबिलास अनूप ॥

बावनबृहतपुराण की भाषा

बावनबृहतपुराण की कछु इक कथा बनाइ ।
भक्तन हित भाषा करी जैसे समुझी जाइ ॥
एक समय भृगु पिता सों प्रश्न करी यह आनि ।
करि प्रनाम ठाढ़ो भयो आगे जोरे पानि ॥
एक अशंका बढ़ी उर चित्त रह्यो बिसमाइ ।
सर्वोपरि सर्वज्ञ तुम हमहिं देहु समझाइ ॥
नारदादि शुक संत जे किये भक्त सब गौन ।
जाँची रज ब्रजतियन की यह धौं कारन कौन ॥
सुनहु पुत्र समझो न तैं रह्यो भूलि भ्रम ज्ञान ।
सर्वोपरि ए हरिप्रिया इनकी कौन समान ॥
बहुत बरस हम तप कियो इनको पद्रजहेत ।
सो रज दुर्लभ सबनि कौ हमहूँ बनी न लेत ॥
और तियन में गिनहु जिनि ए श्रुतिकन्या आहिं ।
किय अधीन पिय साँवरो प्रेमचितवनी चाहिं ॥
अब लगि तैं समझ्यो नहीं ब्रज को रंग रसाल ।
ओ दिन बीते रस बिना बादि गयौ सब काल ॥
ब्रह्मज्ञान में रहे भ्रमि और न कछू सुहात ।
छांड़ि रसभरे अमृतफल चाखत सूखे पात ॥
ज्ञानी खोजत ज्ञान में भजनी भक्त अपार ।
ते हरि ठाढे रहत हैं बृजदेविन के द्वार ॥
एक भक्त बन्दन करत नहिं चितवत तिन ओर ।

व्रजवनितन के पगन सों लावत मुकुट किशोर ॥
निगमनि अस्तुति रचत नहिं करत हैं तत्व विचारि ।
जैसे भावत हेत सों व्रजदेविन की गारि ॥
अजहूँ खोजत लहत नहिं ऋषि मुनिजन की पांति ।
द्वार द्वार व्रजसुन्दरिन फिरत चक्र की भांति ॥
सब भक्तन के सिरन पर हरि ईश्वर नँदलाल ।
व्रज में सेवक ह्वै रहे अजब प्रेम की चाल ॥
एक भजन हित सों करत नीके मानत नांहि ।
जैसे व्रजयुवती निनहिं ढेलि पगन सों जांहि ॥
फिरत किशोर चकोर ज्यों बरसाने की ओर ।
घर घर प्यारो लगत है परे प्रेम की डोर ॥
चित्रसारि चितवत रहत जैसे घन तन मोर ।
चहूँ ओर ग्रीवाँ फिरत ज्यों प्रति चन्द्र चकोर ॥
जबहि द्वार वृषभान के आये नन्दकुमार ।
तिहिं छिन गति औरे भई रही न देहसँभार ॥
हाय हाय सब कोइ करै अद्भुत रूप निहारि ।
कहा भयो या कुंवर को देत प्रान सब वारि ॥
तनक भनक श्रवतन परी रहि न सकी अकुलाइ ।
झाँकी सखियन संग तजि कुंवरि झरोखे आइ ॥
लाज छाँड़ि अति प्यार सों चितई कछु मुसकाइ ।
सैनन में अति चतुर पिय रहे चरन सिर नाइ ॥
अंग अंग प्रतिकूल भइ आनँद उर न समाइ ।
भागमानि पहिचानि करि चले लाल सिर नाइ ॥
सर्वोपरि राधा कुंवरि पियप्राननि के प्रान ।
ललितादिक सेवत तिनहिं अति प्रवीन रस जान ॥
पहिली पैरी प्रेम की व्रज कीनी निस्तार ।
भक्तन हित लीला धरी करुनानिधि सुकुमार ॥
रच्यो रास किय वचन हो आई मिलि व्रज नारि ।

प्रेमफाग खेली जहाँ सब संकोच निवारि ॥
ऋषि मुनि जोगिन के हिये कबहुँ न लसैं ब्रजचन्द ।
बहि लीनी ब्रजसुन्दरिन डारि प्रेम को फन्द ॥
जोई ब्रजबनिता कहैं सोई लेत हैं मानि ।
नाचत ज्यों कठपूतरी तिनके आगे आनि ॥
बहुत भाँति लीला रचत तैसइ भक्त अपार ।
अपनी अपनी रुचि लिये करत भक्तिविस्तार ॥
और चरित बहु भाँति के कीने हैं जगकेत ।
दूजो कारन नाहिं कछु ते सब भक्तन हेत ॥
अर्जुन पूंछी कृष्ण सों मेरो एक सन्देहु ।
कौन भक्त प्यारे तुम्हें यह मोसों कहि देहु ॥
भगत जगत में बहुत हैं तिनको नांहि प्रमान ।
बैकुण्ठहु ते अधिक है मथुरामंडल जान ॥
तामें ताहू तें सरस ब्रजमंडल सुखखानि ।
ठौर कोऊ जेहि सम नहीं कहि जे कौन बखानि ॥
अति सुदेस माया रहित इकइस जोजन भूमि ।
जहँ सहाइ ब्रजबास की रहत कृष्ण दिन भूमि ॥
मध्य बिराजत मुकुटमनि वृन्दाबनरसकन्द ।
रस में सुख में तेज में झलकत कोटिक चन्द ॥
एक रंग रुचि एक रस अद्भुत नित्य बिहार ।
जहाँ किशोरी लाड़िली करी लालउरहार ॥
निसि दिन तौ पहिरे रहत रूपक मनि उजियार ।
ता रस में लटके छके अधरसुधा आधार ॥
अंग अंग मन मन मिले नैननि नैन बिशाल ।
चाहबेलि प्यारी बनी छबि के लाल तमाल ॥
जोरी दुलहा दुलहिनी मोहनि मोहन आहि ।
परत न अन्तर निमिष को जीवत रूपहि चाहि ॥
नित्य लाड़िली लाल दोउ नित वृन्दाबन धाम ।

नित्य सखी ललितादि निजु सेवत स्यामा स्याम ॥
बृन्दाबनमहिमा कछू कहौं सोइ सुनि लेह ।
द्रुम द्रुम प्रति अरु लता प्रति लपट्यो रहत सनेह ॥
महाप्रलै जबहीं भयो रह्यौ न कछुवै आन ।
गिरि बन व्योम न भूमि रहि नहिं नक्षत्र ससि भान ॥
सर सरिता सागर मिले अमित मेघ की धार ।
तीन लोक जल चढ़ि गयो बूड़ि गयो संसार ॥
कोटि कोटि उतपति प्रलै होत रहत इहि भाति ।
जैसे अरहट की धरी भरि भरि ढरि ढरि जाति ॥
लोकपाल लीला चरित अब कछु दीसत नांहि ।
निगम ऋचा भूली भ्रमै चरत फिरै तिहि मांहि ॥
सहज बिराजत एक रस बृन्दाबन निज भौन ।
मायाजल परसत नहीं अरु माया को पौन ॥
न्यारो चौदह लोक तें बृन्दाबन निज धाम ।
इक छत बिलसत रहत नित सहजहिं स्यामा स्याम ॥
चहुँ ओर बृन्दाबिपिन सेवत सब औतार ।
करत बिहार बिहारि तहँ आनन्दरंगबिहार ॥
निगमन सोच बिचारि के यह ठहराई चित्त ।
भजन जहीं को कीजिये इक छत रहै जू नित्त ॥
तब लागे अस्तुति करन बाढ़्यो उर आनन्द ।
जानै पूरन सबब पर श्री बृन्दाबनचन्द ॥
एकै पुरुष किशोर वय दूजो नांहिन कोय ।
जाकी इच्छा सहज यह सब को कौतिक होय ॥
गावत जाको सुजस जस आनँद बढ्यो अपार ।
देखि कछू छबि की छटा बृन्दाबिपिन बिहार ॥
रूपमाधुरी देखि कछु बिबस भये मुरझाइ ।
बाढ़ी रुचि की चाह अति रहे ललचाइ लुभाइ ॥

कामकामना अति बढ़ी यह उपजी उर आइ ।
खेले ऐसे रूप सँग बनिता को तन पाइ ॥
तिन प्रति तब बानो भई यह श्रुति लीनी मानि ।
प्रगट होहु ब्रज जाइ तुम हमहुँ प्रगटिहैं आनि ॥
तहाँ सबै सुख पाइहौ जो जो करि मन आस ।
हम तुम एकै संग मिलि करिहैं रासबिलास ॥
जाकी बानो भइहि सो सखो प्रगट भइ आइ ।
बेदहु को आनंद भयो अद्भुत दरशन पाइ ॥
पुनि फिरि बेदन सों कह्यो जो पूछो सुनि लेहु ।
नित्यहि नित्य बिहार करि यामें नहिं सन्देहु ॥
नित्य सहज वृन्दाबिपिन नित्य सखी ललितादि ।
नित्यहि बिलसत एक रस जुगुलकिशोर अनादि ॥
नवल प्रेम सों रँगे दोउ नित्यहि नवल किशोर ।
होन रहत उतपति प्रलै नहिं जानत किहिं ओर ॥
बेदहु जानैं अंस सब मिथ्यो भरम तिहि काल ।
समुझे पूरन सबहि पर नित्य बिहारीलाल ॥
श्रीपति चितयो आपही पुरुष प्रकृति की कोद ।
तिहि छिन उपजी हीय में कीजै जगत विनोद ॥
प्रथमहि माया ते भयो महीतत्व अहँकार ।
अहंकार त्रिबिधा भयो ताते जगबिस्तार ॥
त्रिगुन तें प्रगटे तीन गुन ब्रह्मा बिष्णु महेस ॥
ता पाछे सुर असुर नर लोकपाल स्वर्गेस ॥
दोइ मुहूरत में रचे चौदह लोक बनाइ ।
बड़ो प्रभुता पुरुषता कापै बरनी जाइ ॥
बहुत भांति लीला चरित तिनकौं नाहिन पार ।
सोइ भूल्यो भरम्यो फिरै कियो चहै निरधार ॥
सब तजि जुगुल किशोर भजि जो चाहत बिश्राम ।
हित ध्रुव मन बच हेत सों सेवौ स्यामा स्याम ॥

भक्तनामावली

हरिवंशनाम ध्रुव कहत हीं बाढ़ै आनँदबेलि ।
प्रेमरँगी उर जगमगै नवलजुगुलबरकेलि ॥
निगम ब्रह्म परसत नहीं सो रस सब तें दूर ।
कियो प्रगट हरिवंश जी रसिकनजीवनमूरि ॥
गोपिनाथपद उर धरै महागोप्य रससार ।
बिन बिलम्ब आवै हिये अद्भुत जुगलबिहार ॥
पति कुटुम्ब देखत सबै घूँघुटपट हिय डारि ।
देह गेह बिसरयो तिन्हैं मोहनरूप निहारि ॥
शुक नारद ऊधव जनक प्रहलादिक सनकादि ।
ज्यों हरि आपन नित्य है त्यों ये भक्त अनादि ॥
प्रगट भयो जयदेवमुख अद्भुत गीतगोविन्द ।
बह्यो महासिंगाररस सहित प्रेममकरन्द ॥
पद्मावति जयदेव प्रेमबस कीने मोहन ।
अष्टपदी जो कहै सुनत फिरैं ताके गोहन ॥
श्रीधरस्वामी तो मनो श्रीधर प्रगटे आनि ।
तिलक भागवत की रची सब तिलकनिपरिवानि ॥
रसिक अनन्य हरिदास जी गायो नित्यबिहार ।
सेवा हूँ में दूर किये बिधि निषेध जंजार ॥
सघन निकुञ्जनि रहत दिन बाढ्यो अधिक सनेह ।
एक बिहारी हेत लगि छाँड़ि दिये सुख देह ॥
रंक छत्रपति काहु की धरी न मन परवाह ।
रहे भीजि रसप्रेम में लीन्हें कर करवाह ॥
बल्लभसुत बिट्ठल भये अति प्रसिद्ध संसार ।
सेवाबिधि जिहि समै की कीन्ही तिन व्यवहार ॥
राग भोग अद्भुत बिबिध जो चहिये जेहि काल ।
दिनहि लड़ावैं हेत सों गिरिधर श्रीगोपाल ॥

गौड़ देस सब उद्धरयो प्रगटे कृष्ण चैतन्य ।
तैसहि नित्यानन्द हू रसमय भये अनन्य ॥
पावत ही तिनकौ दरस उपजै भजनानन्द ।
बिनहीं श्रम छुटि जाहिं जो सब माया के फन्द ॥
रूपसनातनमन बढ्यो राधाकृष्णअनुराग ।
जानि विश्व नश्वर सबै तब उपज्यो बैराग ॥
विष समान तजि विषयसुख देस सहित परिवार ।
वृन्दावन को चलत यों ज्यों सावन जलधार ॥
तृन ते नीचो आप को जानि बसे बन माँहि ।
मोह छाँड़ि ऐसे रहै मनहुँ चिन्हारिहु नाँहि ॥
रघुनन्दन सारंगजी जीवत पाछे आय ।
कृष्णकृपा करि आनि सब निज निज धाम बसाय ॥
भजन रासि रघुनाथजी राधाकुंडस्थान ।
लोन तक्र ब्रज को लयो परस्यो नहिं कछु आन ॥
बन्दन करिकै चिन्तवन गौर स्याम अभिराम ।
सोवत हूँ रसना रटै राधा कृष्ण सुनाम ॥
श्रीबिलास ब्रजनाथ अरु चन्द्मकुन्द प्रवीन ।
मनमोहनपदकमल सों अधिक प्रीति जिन कीन ॥
महापुरुष नन्दन भये करि तन सकल सिंगार ।
सखोरूप चिन्तत फिरे गौरस्याम सुकुवार ॥
नैन सजल तिहि रँगमगे चित पायो बिश्राम ।
बिबस बेगि ह्वै जात सुनि लाल लाड़िलो नाम ॥
कृष्णदास हुते जंगली तेऊ तैसी भाँति ।
तिनके उर झलकत रहै हेमनीलमनिकाँति ॥
जुगुलप्रेमरसअवध में परयो प्रबोध मन जाइ ।
बृन्दावनरसमाधुरी गाई अधिक लड़ाइ ॥
अति विरक्त संसार ते बसे बिपिन तजि भौन ।
प्रीति सहित गोपालभट्ट सेयो राधारौन ॥

घुमड़ी रस में घुमड़ि रहि बृन्दावन निज धाम।
बंसीबट तट रास के सोये स्यामास्याम॥
भट्ट नारायण अति सरस ब्रजमण्डल सों हेत।
ठौर ठौर रचना करी प्रगट कियो सँकेत॥
बर्धमान श्रीभट्ट अरु मंगल ब्रज बृन्दावन गायौ।
करि प्रतीति सर्बांगरि जान्यौ तातें चित्त लगायौ॥
भट्ट गजाधरनाथ भट्ट बिद्याभजनप्रबीन।
सरस कथा बाणी मधुर सुनि रुचि होत नवीन॥
गोविन्द स्वामी गंग अरु बिष्णु बिचित्र बनाइ।
पिय प्यारी को जस कह्यो राग रंग सों गाइ॥
मनमोहन सेवा अधिक कीनी है रघुनाथ।
न्यारी रस के भजन की बात परी तिहि हाथ॥
गिरिधरस्वामी पर कृपा बहुत भई दइ कुंज।
रसिक रसिकनी को सुजस गायो तिहि रसपुंज॥
बीठलबिपुल बिनोद रस गाई अद्भुत केलि।
बिलसत लाड़िलि लाल सुख अंसनि पर भुज मेलि॥
बिहारीदास निज एक रस जो स्वामी की रीति।
निरबाही पाछे भली तोरि सबन सों प्रीति॥
मत्त भयो रसरंग में करी न दूजी बात।
बिनबिहार निज एक रस और न कछू सुहात॥
बर किशोर दोउ लाड़िले नवल प्रिया नव पीय।
प्रगट देखियत जगत में रसिक ब्यास के हीय॥
कहनी करनी करि गयो एक ब्यास इहि काल।
लोक बेद तजि के भजें राधावल्लभ लाल॥
प्रेम मगन नहिं गन्यो कछु बरनाबरन बिचार।
सबनि मध्य पायो प्रगट लै प्रसाद रससार॥
सेवक की सर को करै भजनसरोवरहंस।
मन बच कै धरि एक ब्रत गाये श्रीहरिबंस॥

बंस बिना हरिनाम हूं लियो न ताके टेक ।
पावै कोई वस्तु को जाके है व्रत एक ॥
कहा करौं नहिं कहि सकौं नरवाहन को भाग ।
मुख जाको नामै धरयो निज बानी अनुराग ॥
अति अनन्य निज धर्म में नायक रसिक मुकुन्द ।
बसे बिपिन रस भजन के छांड़ि जगत दुखद्वंद ॥
परम भागवत अति भये भजन माँहि दृढ़ धीर ।
चतुर्भुज वैष्णवदास की बानी अति गम्भीर ॥
सकल देस पावन कियो भगवतजसहि बढ़ाय ।
जहाँ तहाँ निज एक रस गाई भक्त लड़ाय ॥
परमानन्द किशोर दोउ सन्त मनोहर खेम ।
निर्बाह्यो नीके सबन सुन्दर भजन को नेम ॥
छांड़ि मोह अभिमान सब भक्तन सों अति दीन ।
वृन्दाबन बसि कै तिनहिं फिरि मन अनत न कीन ॥
लालदास स्वामी सरस जाके भजन अनूप ।
बरन्यो अति दृढ़ अक्षरनि लाल लाड़िली रूप ॥
अधिक प्यार है भजन सो और न कछू सुहात ।
कहत सुनत भगवदजसहि निसि दिन आहि बिहात ॥
बालकृष्णगति कह कहैं कैसेहुं कहत बनै न ।
रूप लाड़िली लाल को झलमलात तिहि नैन ॥
अति प्रवीन पंडित अधिक लै सवर्ग को नाँहि ।
कीनी सेवा मानसी निसि दिन मन तिहिं माँहि ॥
स्यानू नाहरमल्ल की देखी अद्भुत रीति ।
हरीबंसपदकमल सों बाढ़ी दिन दिन प्रीति ॥
कहा कहौ मोहन सदा ताकी गति भइ आन ।
व्यासनन्द अन्तर सुनत तजे तिनहिं छिन प्रान ।
बिट्ठलदास मुरलीधरनचरन सखे सब काल ।
तैसे दास गोपाल हूँ गाये ललना लाल ॥

सुन्दर मन्दिर की टहल कीन्ही अति रुचि मान
सफल करी सम्पति सकल लगी ठिकाने आन ॥
अंगीकृत ताको कियो परम रसिकसिरमौर ।
करुनानिधि बहु कृपा करि दीन्हो सन्मुख ठौर ॥
बड़ो उपासक गौरिया नाम गुसाईंदास ।
एक चरण व्रजचन्द बिन जाके और न आस ॥
नेह नागरीदास अति जानत नीकी रीति ।
दिन दुलराई लाड़िली लाल रंगीली प्रीति ॥
ब्यासनन्द पद सो अधिक जाके दृढ़ बिस्वास ॥
जिहि प्रताप यह रस लह्यो अरु वृन्दाबनबास।
भली भांति सेयो बिपिन तजि बन्धुन सों हेत ।
सूर भजन में एक रस छाँड्यो नाहि न खेत ॥
बिहारिदास दम्पति जुगुल माधो परमानन्द ।
वृन्दाबन नीके रहै काट जगत को फन्द ॥
नीकी भांति मुकुन्द की कैसे कहत बनैन ।
बात लाड़िली लाल की सुनि भरि आवत नैन ॥
मन बच करि बिस्वास धरि मानिहि एकै काम ।
मात पिता तिय छांड़ि कै बस्यो बृंदाबनधाम ॥
अन्तकालगति का कहहु कैसहु कही न जाति ।
चतुरदास बृन्दाबिपिन पायो अच्छी भांति ॥
चिन्तामनि बातन सरस सेवा मांहि प्रवीन ।
कहत बिबिध भगवत जसै छिन छिन उपजत बीन ॥
नागर अरु हरिदास मिलि सेयो नित हरिदास ।
वृन्दाबन पायो दुहुन पूजी मन की आस ॥
नवल कलानी सखिन के मनहीं अति अनुराग ।
लाल लड़ैतीकुवंरि को गायो भाग सुहाग ॥
भली भांति वृन्दा अली अति कोमल सुसुभाव ।
कृपा लड़ैतीकुवंरि की उपज्यो अदभुत भाव ॥

कीनी रास बिलास बहु सुख बरषत संकेत ।
रचना रचि कलपानि रचि मंडनिदास समेत ॥
सेवा राधारमन की भक्तनि के सनमान ।
साते बसि जमुना कियो तिहि सम नहिं कोउ आन ॥
बरसाने गिरिधर सुहृद जाके ऐसो हेत ।
भोजन हूँ भक्तनि बिना धरघो रहै नहिं लेत ॥
नन्ददास जो कछु कह्यो राग रंग में पागि ।
अक्षर सरस सनेह में सुनत श्रवन उठि जागि ॥
रमन सदा अद्भुत हुते करन न किस सुठार ।
बात प्रेम की सुनत ही छुटत नैन जलधार ॥
बावर सो रस में फिरै खोजत नेह की बात ।
अच्छे रस के बचन सुनि बेगि बिबस ह्वै जात ॥
कहा कहौं मृदु भाव अति सरस नागरीदास ।
बिहरि बिहारी को सुजस गायौ हरषि हुलास ॥
परमानन्द माधो मुदित नव किशोरकलकेलि ।
कही रसीली भांति सों तिहि रस में रहि मेलि ॥
सेयो नीकी भांति सों श्री संकेतस्थान ।
रह्यो बड़ाई छांड़ि के सूरज द्विज कल्यान ॥
खड़गसेन के प्रेम की बात कही नहिं जात ।
लिखत ललित लीला करत गये प्रान तजि गात ॥
ऐसहि राघौदास की सुनी बात यह कान ।
गावत करत धमारि हरि गये छूटि तब प्रान ॥
बरन भक्त अद्भुत भयौ और न कछू सुहात ।
अंगनि की छवि माधुरी चिन्तत जाहि बिहात ॥
रोमांचित तनपुलक ह्वै नैन रहै जल पूरि ।
जाके आसा एक हैं वृन्दावन की धूरि ॥
कहा कहौ महिमा सुभग भई कृपा सब अंग ।
वृन्दावनदासी गह्यो जाइ सखिन कौ संग ॥

लाज छांड़ि गिरिधर भजी करी न कछु कुलकानि ।
सोई मीरा जगबिदित प्रगट भक्ति की खानि ॥
ललिता हूँ लइ बोलि के तासों ही अति हेत ।
आनँद सों निरखत फिरै बृन्दाबनरसखेत ॥
नृत्यत नूपुर बाँधि के गावत लै करतार ।
बिमल हीय भक्तन मिल्यो तृन सम गन्यो सँसार ॥
बन्धु नि बिष ताकौं दियौ करि बिचार चित आन ।
सो बिष फिर अमृत भयो तब लागे पछितान ॥
गंगा जमुना तियनि में परम भागवत जानि ।
तिनकी बानी सुनतही बढ़ै भक्ति उर आनि ॥
कृष्णदास गिरिधरन सो कीनी साँची प्रीति ।
कर्म धर्म प्रति छांड़ि के गाई निज रस रीति ॥
पूरनमल जसवन्तजी भोपति गोबिन्ददास ।
हरीदास इन सबनि मिलि सेयौ नित हरिदास ॥
परमानन्द अरु सूर मिलि गाई सब ब्रजरीति ।
भूलि जात बिधि भजन की सुनि गोपिन की प्रीति ॥
माधोदास बरसानियौं ब्रजबिहार कै खेल ।
सदा पगे चित सों रहे हरि भक्तन सौ मेल ॥
गाई नीकी भांति सों कवित रीति भल कीन ।
मनमोहन अपनाइ के अंगीकृत कर लीन ॥
जिन जिन भक्तनि प्रीति की ताके बस भइ आनि ।
सेन होइ नृपटहल की नामदेव छइ छानि ॥
जगत विदित पीपा धरनि अरु रैदास कबीर ।
महाधीर दृढ़ एक रस भरे भक्ति गँभीर ॥
जगन्नाथ वत्सल भगत कीन्हो जग बिस्तार ।
माधौ भूख्यो जानि कै ल्याये भोजनथार ॥
एक समै निसि सीत सों काँपन लाग्यो गात ।
आनि उढ़ाई तिहिं समै अपने कर सकलात ॥

बिल्वमंगल जब अँध भयो आपुन कर गह्यो आइ।
भक्तनि पाछे फिरत यों ज्यों बछरू सँग गाइ॥
रामानँद अंगद सोई हरि बियास अरु छीत।
एक एक के नाम तें सब जग होय पुनीत॥
राका बांका भक्त है महाभजनरसलीन।
इन्द्रासन के सुखनि को मानत तृन ते हीन॥
नरसी ही अति सरस हिय महादेष सम तूल।
कह्यो सरस सिंगाररस जानि सुखन को मूल॥
दीनी ताकों रीझि कै माला नन्दकुमार।
राखि लियो अपनी सरन बिमुखनिमुख दै छार॥
जहाँ जहाँ भक्तन कछू परत है संकट आनि।
तहाँ तहाँ सब आपनै धरत अभय को पानि॥
भगत नरायन भक्त सब धरे होय दृढ़ प्रीति।
बरनै अच्छी भाँति सों जैसी जाकी रीति।
हरि को निज जस ते अधिक भक्तन जस पै प्यार।
याते यह माला रची करि ध्रुव कंठसिंगार॥
भक्तन की नामावली जो सुनिहै चित लाइ।
ताके भक्ति बढ़ै घनी अरु हरि होहिं सहाइ॥

॥ इति ॥

Printed by MANGAL RAM, at the RAJPALI PRESS, Allahabad,